अनुक्रमणिका

समाज-नक्षत्रों का संक्षिप्त परिचय :— पृष्ठ ५३३ से ६३४

समाजोपयोगी स्मरणीय संकेतः— पृष्ठ ६४५ से ६५९

चित्र-सूची

भूमिका

किसी भी जाति की समृद्धि और उसके प्रभावशाली अस्तित्व का परिज्ञान करने के लिये यह आवश्यक है कि इसकी स्थिति का एक प्रामाणिक इतिवृत्त हमारे सामने है ! हमारे देश में अनेक धर्म हैं और एक धर्म को मानने वाली अनेक जातियाँ हैं। जैन धर्म जो भारत का अत्यन्त प्राचीन धर्म है किसी समय भारत का प्रमुख धर्म था और वर्णाश्रम नाम से पुकारी जाने वाली ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि जातियाँ सभी इस धर्म का पालन करती थी। लेकिन समय जैसे-जैसे बदला यहाँ अनेक राजवंशों का अभ्युदय हुआ पुराने साम्राज्य विलीन हो गये और उनके साथ कुछ धर्म भी काल के गर्त में समा गये ! जैन धर्म पर भी उसका प्रभाव हुआ परन्तु अपने नैतिक आचरण और वैज्ञानिक सिद्धान्तो के सहारे इसके अस्तित्व को कोई ठेस नही पहुँची। इसके अनुयायियों की संख्या सीमित रह गई। इतनी सीमित कि करोड़ों की जन-संख्या में जैन लगभग आज बीस लाख हैं।

कहा जाता है कि जैनों की ८४ जातियाँ हैं। इनके नाम भी उपलब्ध है पर हमारा अनुमान है कि इनकी संख्या और भी अधिक रही होगी। और नहीं तो कम से कम दक्षिण भारत की सभी जैन जातियों का इनमें उल्लेख नहीं है।

इन जातियों में एक पद्मावती पुरवाल जाति का भी उल्लेख है। यह जाति उत्तर प्रदेश के आगरा, एटा, मैनपुरी, अलीगढ आदि जिलों में बहुतायत से पाई जाती है। भोपाल क्षेत्र तथा नागपुर आदि प्रदेशों में भी यह निवास करती है। लेकिन सुना है कि अब नागपुर की तरफ इस जाति का अस्तित्व समाप्त प्राय. है।

पद्मावती पुरवाल एक छोटी सी जाति है—लेकिन अपनी धार्मिकता, विद्वत्ता और सज्जातित्व के लिये जैनों में उच्च स्थान रखती है। उसमें उच्चकोटि का पांडित्य है अनेक परमतपस्वी साधु हैं व्यवसायी और अच्छे कलाकार तथा राजनीतिज्ञ हैं। जैनों की सभी जातियों में प्रायः अजैन पद्धति से ही पिछले समयो में विवाह-विधि सम्पन्न होती रही है। लेकिन पद्मावती पुरवालों मे प्राचीन काल से ही अपनी जाति के गृहस्थाचार्यों द्वारा विवाह सम्पन्न होते रहे हैं। इस तरह अपना सब कुछ होते हुए भी अभी तक न तो इसकी जन-संख्या का पता था और न यही मालूम था कि पद्मावती पुरवाल कुटुम्ब कहाँ-कहाँ बसे हुए हैं, किस कुटुम्ब में कितने स्त्री पुरुष, बालक हैं, विधवायें कितनी हैं, विधुर कितने हैं, अविवाहित स्त्री-पुरुष कितने हैं, साक्षर और निरक्षरों की संख्या क्या है, प्रवासियों का उद्गम स्थान कहाँ है, उनके अपने मंदिर और धर्मशालाओ की स्थिति कैसी है। इस सब सामग्री को एकत्र करने की इसलिये आवश्यकता होती है कि कोई जाति अपनी जन संपत्ति और उसके स्तर का लेखा-जोखा कर सकें, व्यक्तिगत एवं सामाजिक सूचनाएँ उन तक पहुँचाई जा सकें, परस्पर सुख दु.ख में सहायता की दी जा सके। लेकिन पद्मावती पुरवाल समाज में अब तक इसकी कोई व्यवस्था नहीं थी। समाज एक लम्बे अर्से से इसकी आवश्यकता महसूस कर रही थी। प० पु० परिषद्, प० पु० महासभा एवं प० पु० पंचायत आदि अनेक जातीय संस्थाओं ने इस जाति को अपनी सेवा का क्षेत्र बनाया और सबने अपने-अपने ढंग से काम किया, सभाओं के अधिवेशन किये, परन्तु उक्त आवश्यकता को कोई पूरा नहीं कर सका।

इससे जो हानि हुई वह यह है कि समाज कभी संगठित नहीं हो सकी। यदि बिरादरी का क्षेत्र इसके हाथ में न होता तो अन्य जैन जातियों द्वारा इसका पहचाना जाना भी मुश्किल था। असंगठित रहने का परिणाम यह हुआ कि उत्तर प्रदेश के पद्मावती पुरवाल मध्य प्रान्तीय (भोपाल उज्जैन लाईन) पुरवालों से कभी एकाकार नहीं हो सके। कुछ जातीय नेताओं को छोड़कर दोनों ही एक दूसरे से शंकित रहे अतः दोनों में एक दूसरे के साथ रोटी बेटी का व्यवहार नहीं हो सका।

असंगठित रहने का दूसरा परिणाम यह हुआ कि गाँवों में बसी हुई यह जाति अपने व्यापार व्यवसाय के लिये स्थानीय क्षेत्रों से बाहर नहीं जा सकी। सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य के लिये यह आवश्यक है कि वह अपने वर्ग के साथ रहे अथवा जहाँ रहे वहाँ अपना वर्ग बनाकर रहे। प्रायः यह देखा गया है कि किसी जाति या समाज के बन्धु बाहर जाकर समृद्धि प्राप्त करते हैं तो अपने अन्य जातीय बन्धुओं को भी वहाँ बुला लेते हैं और सब प्रकार की सामाजिक एवं वैयक्तिक सुविधाएँ पहुँचाकर उसे अपनी समाज का प्रतिष्ठित अंग बना लेते हैं। मारवाड़ी, गुजराती, पारसी आदि जातियाँ इसी तरह समृद्ध हुई हैं। पद्मावती पुरवालों के लिये संगठन के अभाव से बाहर इस प्रकार का कोई आकर्षण नहीं था अतः वे गाँवों के बाहर सुदूर भारतीय प्रदेशों में जा ही नहीं सके। बाहर न जाने के लिये इस जाति के सामने कुछ धार्मिक आचार विचारों के निर्वाह का भी प्रश्न था। संगठन में प्रेम होता है और प्रेम एक दूसरे को आकर्षित करता है अन्यथा जो जहाँ है वह वहाँ उसी रूप में रहने के लिये बाध्य है। पद्मावती पुरवाल जाति भी इसकी अपवाद नहीं रही। पारस्परिक आकर्षण उद्भूत न होने के कारण यह अपने स्थानों से आगे नहीं बढ़ सकी। परिणामतः आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध जातियों के साथ यह अपना हाथ नहीं बँटा सकी। फिर भी धार्मिक नैतिक आचरणों में यह किसी से पीछे नहीं है, स्वाभिमान इसे आनुवंशिक रूप में विरासत में मिला है, यहाँ तक कि कभी कभी इसका अतिरेक भी होते देखा गया है। शुद्ध खान पान की मर्यादा इन घरों में अब भी सुरक्षित है। विशेष रूप से गाँवों में कोई भी त्यागी व्रती कभी भी बिना सूचना दिये जाये तो उसे तत्काल अनुकूल आहार मिलने में कोई बाधा उपस्थित नहीं होगी।

सज्जातित्व के संरक्षण में यह सबसे आगे है। थोड़े घर होते हुए भी जातीय मर्यादा को बनाये रखने में इसने सदा गौरव का अनुभव किया है। इस जाति का अतीत निःसन्देह गौरवमय रहा है लेकिन इसके प्रामाणिक अतीत इतिहास की आवश्यकता अभी बनी ही हुई है।

जहाँ तक प्रस्तुत डायरेक्टरी के निर्माण की बात है, यह एक सुन्दर और अभूतपूर्व प्रयत्न है। मुझे स्मरण नहीं आता कि किन्हीं अन्य जैन जातियों ने भी अपनी अपनी इस प्रकार की डायरेक्टरियाँ बनाई हों। आज से संभवतः पचास-साठ वर्ष पहले एक जैन डायरेक्टरी अवश्य प्रकाशित हुई थी जो उस जमाने की अपेक्षा नया प्रयत्न था पर उसमें जातिवार गणना के लिये कोई स्थान न था। तब से अब तक परिस्थितियों में बहुत परिवर्तन हुये हैं अत. उसके आधार पर इस समय नये प्रयत्न नहीं किये जा सकते थे। इस डायरेक्टरी के निर्माण में जो श्रम और शक्ति का उपयोग हुआ है वह बिल्कुल नया है। जाति से संबंधित कोई परिचयात्मक विवरण इसमें छोड़ा नहीं गया है। व्यक्तिगत परिचयों में अधिक-से-अधिक जानकारी देने का प्रयत्न किया गया है। उन सभी प्रवासी बन्धुओं का इसमें विवरण है जो भारत के विभिन्न प्रान्तों में जाकर बस गये हैं। मूलतः वे कहाँ के निवासी हैं यह भी जहाँ तक उपलब्ध हो सका है दिया गया है। विशिष्ट व्यक्तियों के संक्षिप्त परिचय भी दिये गये हैं।

उक्त परिचय विवरण से निम्न तथ्य सामने आया है। पद्मावती पुरवालों की जन-संख्या जिसमें स्त्री, पुरुष, बालक. बालिकायें सभी सम्मिलित है। लगभग ३५१७५ है।

इसके संपादन में श्रीमान् सेठ जुगमन्दिरदास जी कलकत्तावालों ने पर्याप्त श्रम किया है। वस्तुतः यह कार्य जितना आवश्यक था उतना ही उपेक्षित था और यह आशा भी नहीं की गई थी इस प्रकार की किसी डायरेक्टरी का निर्माण भी हो सकेगा। अकस्मात् बिना किसी घोषणा और प्रदर्शन के आपने इस काम को अपने हाथ में लिया और मूक सेवक बनकर काम में जुट गये। इसके साथ ही आपने "पद्मावती पुरवाल" मासिक पत्र का भी अपनी ओर से प्रकाशन किया जो समय पर लगभग सभी पद्मावती पुरवालों के पास पहुँच जाता है। इसका सुयोग्य संपादन भी आपके हाथो मे है और सम्पूर्ण व्यय-भार आप ही उठाते है। आप अत्यन्त उदार और सहृदय हैं। आपका व्यक्तित्व पद्मावती पुरवाल समाज के लिये गौरव की वस्तु है।

यह डायरेक्टरी उक्त समाज का एक सांस्कृतिक कोष है और उसी प्रकार संग्रहणीय है जिस प्रकार हम अपने घर के बुजुर्गों से संबंधित एतिहासिक दस्तावेजों को सुरक्षित रखते है। इस समाज में जहाँ तक हमे याद है रचनात्मक काम नहीं जैसा हुआ इस दृष्टि से इस डायरेक्टरी का निर्माण-कार्य समाज-सेवा की तरफ एक अत्यन्त ही प्रगतिशील और ठोस कदम।

मैं श्री जुगमन्दिरदास जी का आभारी हूँ जिन्होने मुझे इसकी भूमिका लिखने का अवसर प्रदान किया।

इन्दौर
३०–९–६५

—लालबहादुर शास्त्री
एम० ए०, पी-एच० डी०

क्षमा-याचना

साहित्य समाज का दर्पण होता है। प्रत्येक समाज का रूपचित्र तत्कालीन साहित्य में अंकित और मुखरित रहता है। महान् पुरुषो एवं समाज की वन्दनीय प्रतिभाओ के अनुपम आदर्श तथा गौरवपूर्ण क्रिया कलाप साहित्य कोश में ही सुरक्षित रहते हैं। आनेवाली पीढियें अतीत की अवस्था एव व्यवस्था को समझकर ही नव निर्माण की ओर अग्रसर होती हैं। अतः किसी भी समाज के लिए साहित्य-सृजन उपयोगी ही नही, अनिवार्य भी है।

विशाल जैन समाज का उज्ज्वल इतिहास सहस्त्रो वर्षों से अनेक शीर्षस्थ इतिहासकार तथा साहित्य मनीषी अबाध गति से लिखते आरहे हैं, किन्तु ऐसा लगता है मानो अभी इस महान् और वीर समाज के इतिहास की भूमिका का शीर्षक मात्र ही बंधा है। जैन-समाज पर मूर्धन्य विद्वानो की लेखनी को भी . आदि-आदि शब्दो के साथ उपराम पाने को बाध्य होना पड़ा है। अत. साधारण सी अबोध लेखनी उस दुरूह पथ पर चलने का साहस कैसे बटोर पाती! इस पूरे समाज में अनेक सिद्ध विभूतियें, महान् तपस्वी, परम त्यागी, उदारमना, सर्वस्वदानी और आदर्श समाज-साधको के प्रचुर मात्रा में दर्शन मिलते हैं। इन सभी पवित्र आत्माओ का अर्चन मेरी छोटी सी लेखनी की अल्प मसि से कैसे सम्भव था?

श्री पद्मावती पुरवाल समाज विस्तृत जैन-सागर की ही एक प्रमुख पावन धारा है। संख्या एवं साधनो की दृष्टि से अल्प तथा सीमित होते हुए भी इसका अतीत महान् और अपने आंचल में एक गौरव गाथा बांधे है। इस समाज के जन्म की कहानी ही स्वाभिमान की हुंकार से आरम्भ होती है और आज तक यह उसकी रक्षा तथा मान-मर्यादा के लिए हर सम्भव बलिदान देता हुआ—अपने अस्तित्व को बनाए है।

श्री पद्मावती पुरवाल समाज की जनसंख्या तथा अवस्था को जानने के लिए डायरेक्टरी के निर्माण का विचार मन में आया। इस सम्बन्ध में समाज के प्रमुख महानुभावो से जब परामर्श किया, तो उनके सद्-परामर्शों ने इस विचार की पुष्टि ही नही की वरन् इसकी आवश्यकता बताते हुए इसे शीघ्र ही सम्पूर्ण करने की प्रेरणा भी की। अतः डायरेक्टरी का कार्य आरम्भ किया गया। इसकी प्रारम्भिक रूप-रेखा तैयार ही की जारही थी कि इस कार्य के सहयोगी तथा कलकत्ता के जानेमाने साहित्यकार श्री रघुनाथप्रसाद जी सिंहानिया का कैन्सर की बीमारी के कारण अचानक स्वर्गवास हो गया। श्री सिंहानिया जी के इस असामयिक वियोग से "पद्मावती पुरवाल" मासिक पत्रिका तथा श्री पद्मावती पुरवाल जैन डायरेक्टरी के सम्मुख एक कठिन समस्या उत्पन्न हो गयी। उनके साथ बनाया गया भ्रमण का विस्तृत कार्यक्रम तथा डायरेक्टरी का निश्चित स्वरूप, सभी धूमिल-सा हो गया। किन्तु, इस घटना को विधि का विधान मान येनकेन प्रकारेण हम अपने प्रयत्न में जुटे रहे और डायरेक्टरी की समग्री का संग्रह यथावत् चलता रहा।

किसी एक व्यक्ति या एक परिवार का वृतान्त संग्रह कर लेना अथवा लिख देना सरल होता है अपेक्षा कृत हजारों परिवारो के। डायरेक्टरी के लिए सामग्री प्राप्त करने मे हमने अपनी ओर से कोई कोर-कसर न उठा रखी। "पद्मावती पुरवाल" पत्रिका द्वारा बराबर प्रचार करते रहे। समाज के प्रमुख जनो के पास पर्याप्त संख्या में फार्म भेजे गए। कुछ व्यक्तियो को विशेषरूप से इस कार्य के लिए नियुक्त किया, जिन्होने यथा साध्य नगर-नगर और ग्राम-ग्राम घूम कर जनसंख्या का विवरण प्राप्त किया। जहां वह न पहुंच पाये वहां

पत्रो द्वारा सूचना तथा फार्म भेजे गए और विवरण प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास किया गया। मध्य प्रदेश के अनेक बन्धुओ से मै स्वयं भी इस निमित्त मिला और उनके इस सम्बन्ध में सुझाव जानने की चेष्टा की, किन्तु इतना सब कुछ करने पर भी हम लगभग तीन हजार परिवारो के फार्म ही जुटा पाये। इन फार्मों में समस्त समाज नही आ जाता है। हाँ, यह उसका एक बड़ा भाग अवश्य कहा जा सकता है। हमें जो फार्म प्राप्त हुए हैं उनमें भी बडी मात्रा मे अपूर्ण तथा अस्पष्ट हैं। कुछ फार्म तो ऐसे मिले हैं, जिनका कुछ भी अता-पता नही है।

हम चाहते थे कि डायरेक्टरी में अधिक से अधिक सचित्र जीवनचरित्र छापे जायें, किन्तु हमारी यह इच्छा अधूरी ही रही। अनेक ऐसे दिव्यतत्व सम्पन्न महापुरुषो को हम छोड़ गये हैं जिनके जीवनचरित्र एवं परम दुर्लभ जाति-हितैषी क्रिया-कलापो से आनेवाली पीढियो में नव स्फूर्ति, आशा और उत्साह का संचार होता। जब बार-बार अपील करने पर भी हमें उनके सम्बन्ध मे कुछ संकेत न मिल पाये, तो हम इस विवशता के लिए उन समाज-नायको को मौन श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हुए - जितने जीवन चरित्र प्राप्त हुए उन पर ही सन्तोष कर आगे बढे। इसी प्रसंग में एक और भी दुविधा हमारे सामने आई, वह यह कि कुछ महानुभावो के केवल मात्र चित्र ही प्राप्त हुए और कुछ के केवल जीवनचरित्र, कुछ महानुभावो ने चित्र की पीठ पर ही जीवनचरित्र लिख भेजा। अत. ऐसी परिस्थितियो में यही निर्णय किया कि जितनी भी सामग्री अपने पास है उसमे किसी प्रकार की कटौती न करते हुए, पूरी की पूरी प्रकाशित कर दी जाए।

आरम्भ में डायरेक्टरी को एक ही जिल्द में प्रकाशित करने का विचार था। किन्तु, इसका फैलाव और आकार-प्रकार इतना बढ गया कि इसको दो खण्डो मे विभक्त करना ही सुविधा पूर्ण जान पड़ा। संकलन की दृष्टि से इसे वर्णमालानुक्रमणिका (अकार) विधि से तैयार किया गया है। सर्वप्रथम "अ" क्रम से प्रान्त फिर जिले तथा गाव और गांव में नाम इसी रूप मे संकलित किये गए हैं।

डायरेक्टरी को चाहे उतने सुन्दर रूप मे न सही फिर भी जिस रूप में हम बना पाये हैं, आपके हाथो तक पहुँचा रहे हैं। इस कार्य को हम जितना शीघ्र पूरा कर लेना चाहते थे, उसमे भी कुछ विलम्ब हो गया है और इसका जो सुरुचिपूर्ण शृङ्गार करना चाहते थे, उसमें भी पूर्ण सफल नही हो पाये। अत इस कार्य का शुभारम्भ तथा सम्पूर्ति आपके ही आशीर्वाद एवं शुभ कामनाओ का सफल परिणाम है। आज आपकी वस्तु, आपको ही समर्पण करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है। अत· इस प्रयास से समाज का लेशमात्र भी हित हुआ, तो मैं अपने आपको धन्य समझूगा।

सर्वप्रथम हम अपने उन उदार बन्धुओ से क्षमा-याचना करते हैं, जिनके फार्म हमें प्राप्त न हो सके अथवा हमारे कार्यालय में किसी प्रकार भूल से गुम हो गये या अशुद्ध छप गए हैं। इन भाइयो से हमारा साग्रह नम्र निवेदन है कि वह हमारी त्रुटियो की ओर अवश्य संकेत करें, जिससे हम "पद्मावती पुरवाल" पत्रिका में उनकी शुद्ध आवृत्ति कर सकें।

सर्व श्री लालबहादुर जी शास्त्री इन्दौर निवासी का तो मैं चिर ऋणि हूँ, जिन्हो ने डायरेक्टरी के सम्बन्ध में समय-समय पर अपने बहुमूल्य सुझाओ द्वारा तथा "भूमिका" लिख कर इस ग्रन्थ को महत्त्व प्रदान किया है। श्री पाण्डेय कंचनलाल जी जैन ने एक सुयोग्य परामर्शदाता की भांति इस कार्य को सर्वतोभावेन सम्पन्न कराया है। श्री कान्तिचन्द्र जी जैन इन्दौर ने भी इस कार्य में जो रुचि एव उत्साह दिखाया है, वह भी चिरस्मरणीय तथा प्रशंसनीय है। मान्य श्री श्रीधर जी शास्त्री इन्दौर तथा श्री रामस्वरूप जी "भारतीय" जारकी और श्री पन्नालाल जी जैन "सरल" फिरोजाबाद आदि सज्जनो ने स्वसमाज के इस कार्य में जो

सहयोग प्रदान किया है उसके लिए मैं इन सभी महानुभावो के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। साथ ही वह सभी सज्जन धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में डायरेक्टरी के लिए श्रम किया है।

अन्त में श्री आचार्य हरीश जी का हृदय से आभारी हू जिन्होंने इस ग्रन्थ के लेखन, संकलन आदि कार्य में मुझे अपनी साहित्यिक प्रतिभा का योगदान दिया है।

२०२४ वीर जयन्ती
११३, महात्मा गान्धी रोड,
कलकत्ता

—जुगमन्दिरदास जैन

अतीत की गौरव-गाथा ... ...

जैनधर्म के आदि प्रवर्तक भगवान आदिनाथ। (ऋषभदेवजी) से लेकर चौबीसवें तीर्थंकर भगवान् श्री महावीरजी तक श्रद्धेय समस्त तीर्थंकरों ने जन-कल्याणार्थ ही धर्म का उपदेश जन-मानस तक पहुँचाया है। इनके सत्य कल्याणकारी उपदेशों को धारणकर असंख्य दीन-दुखी और अशान्त मानवों ने सुख की सांस ली और मोक्ष का मार्ग अपनाया। इसी मार्ग के विवेकी पथिकों में एक है--पद्मावती पुरवाल समाज।

वृक्ष और बीज के रहस्य की भाँति पद्मावती पुरवाल समाज के उद्भव का इतिहास भी एक रहस्य बना हुआ है। हाँ, कुछ ग्रन्थों में तथा कुछ दन्त कथाओं में इसके इतिहास के सम्बन्ध में कुछ कथाएँ अवश्य मिलती है। अतः इनपर ही सन्तोष करना पड़ता है। किन्तु, इस सन्तोष में एक गौरव छिपा है। इन कथाओं में संघर्ष रत इस समाज की स्वाभिमानता तथा वीरता बोलती है। समाज के पूर्व-पुरुषों ने अपनी आन और मर्यादाओं को अक्षुण्ण रखने के लिए जलती हुई ज्वालाओं में अपनी आहुती देकर अपने समाज को सदैव के लिए उज्ज्वल एवं निष्कलंक बनाया है।

श्री बनवारीलालजी स्याद्वादी द्वारा सम्पादित "श्री ब्रह्मगुलाल चरित्र" नामक पुस्तिका में समाज के इतिहास को स्पष्ट करते हुए, इसकी चार प्रमुख कथाओं का संक्षिप्त उल्लेख किया है।

प्रथम कथा :

राजस्थानान्तर्गत वर्तमान अजमेर नगर में जिस स्थान पर इस समय सुविशाल पुष्कर सरोवर है, उस स्थान पर प्राचीन काल में पद्मावती नगरी थी। यह नगरी अपने समय में अत्यन्त वैभवशाली और सुख-समृद्धि का केन्द्र थी।

एक तपस्वी इस नगरी के समीप बन में विद्या सिद्ध करने लगा। तपस्वी का एक शिष्य उनकी सेवा-सुश्रुषा में लगा रहता था। यह शिष्य नित्य नगरी में जाता और भिक्षा मांगकर अपनी तथा अपने गुरू की उदर पूर्ति करता था। शिष्य का स्वास्थ्य अच्छा था। इसीलिए नगर निवासियों ने उसे भिक्षा देना बन्द कर दिया था। अतः शिष्य ने जंगल से लकड़ी काट कर लाना आरम्भ कर दिया और उनकी बिक्री से वह अपनी तथा अपने तपस्वी गुरू की क्षुधा को शान्त करता था। किन्तु, लकड़ियों की इस कठिन ढुवाई से शिष्य के सिर में एक घाव बन गया था। जब गुरू ने समाधि खोली, तो शिष्य से सिर के घाव के सम्बन्ध में जानना चाहा। शिष्य ने जब अपनी करूण-कथा गुरू को सुनाई, तो नगर निवासियो की इस निष्ठुरता पर तपस्वी को बड़ा क्रोध आया। अपने शिष्य के अपमान का तथा अपनी उपेक्षा का दण्ड देने के लिए सिद्ध तपस्वी ने अपनी शक्तिशाली सिद्धि का प्रथम प्रयोग उस नगरी पर ही किया। उसके प्रभाव से नगर में अनेकों प्रकार के उपद्रव होने लगे। इन असह्य कष्ट

एवं उपद्रवों से दुःखी होकर नगर निवासियों ने यहाँ से पलायन करना आरम्भ कर दिया। देखते ही देखते श्रृंगार युक्त नगरी सुनसान एवं भयावह बन गई। इस नगरी के अधिकतर नागरिक उत्तर भारत की ओर आये तथा बहुत से लोग दक्षिण भारत की ओर चले गये। यह व्यक्ति जहाँ भी गए अपने आपको "पद्ममावती" नाम से ही विख्यात करते रहे।

द्वितीय कथा :

एक राज-मन्त्री की कन्या अति स्वरूपा एवं लावण्यवती थी। उसका नाम था पद्मावती। यह कन्या ज्यों ज्यों युवती होती जाती थी त्यों-त्यों इसका सौन्दर्य और रूप निखरता जाता था। रति के समान इस युवती के अपूर्व सौन्दर्य की तथा अनूठे यौवन की चर्चा उस राजा के कानों तक भी पहुँच गई, जिसके मन्त्री थे पद्मावती के पिता। राजा ने मन्त्री के सम्मुख उनकी पुत्री पद्मावती का विवाह अपने साथ करने का प्रस्ताव रखा। मन्त्री ने जवाब दिया कि इस सम्बन्ध में कोई वचन देने से पूर्व मै अपनी जात-बिरादरी के बन्धुओं से निर्णय ले लूँ।

मन्त्री महोदय ने राजा की इस धृष्टता का उल्लेख अपनी जातीय-सभा में किया। सारे ही समाज ने राजा की इस कुत्सित भावना का कडा विरोध किया। किन्तु, अब इस समाज के सामने पद्मावती का राजा के साथ विवाह या युद्ध अथवा राज्य-सीमा का त्याग। यह तीन मार्ग ही थे। अतः सभी ने अन्तिम मार्ग का अनुसरण उचित समझा। उस राज्य के समस्त जाति-बन्धु पद्मावती को साथ लेकर राज्य की सीमाओं से दूर निकल जाना चाहते थे। जब यह समाचार कामान्ध राजा के पास पहुँचा, तो वह पद्मावती को प्राप्त करने के लिए बल प्रयोग पर उतारू हो गया। राजा की विशाल सेना ने इन जातीय-जनों पर निर्मम आक्रमण कर दिया। दोनों ओर से भयानक युद्ध हुआ, किन्तु विजय सत्यता की ही हुई। राजा की सेना मैदान छोड़कर भाग गई। अपनी सेना की इस पराजय से राजा तिलमिला उठा और वह स्वयं विशाल सेना के साथ युद्ध क्षेत्र में आडटा।

युद्ध के भयानक परिणाम का अनुमान देवीस्वरूप श्री पद्मावती ने जब लगाया और इस सारे झगड़े का कारण अपने आपको जाना, तो उन्होंने स्वयं को ही समाप्त करना श्रेयस्कर समझा और वह अग्नि की ज्वाला में कूद गई। युद्ध रुक गया। राजा को भी वीरांगना के इस वलिदान से सुबुद्धि आगई और वह अपनी इस भूलपर भारी पश्चाताप करने लगा। राजा ने इन सभी प्रजाजनों को अपने राज्य मे पुनः बसाने का बड़ा प्रयत्न किया। किन्तु, इन लोगों ने वापस जाना उचित न समझा और श्री पद्मावतीजी के नाम पर अलग नगरी बसाई।

इस पद्मावती नगरी के वासिन्दे अपने आप को "पद्मावती पुरवाल" कहने लगे। नगरी के प्रबन्ध एवं व्यवस्था के लिए एक पंचायत का गठन किया गया और उसका नाम रखा गया "पद्मावती परिषद"। इस पंचायत के प्रधान को "सिरमौर" के नाम से सम्बोधित किया जाता था। एक दूसरे प्रतिष्ठित व्यक्ति को "सिंघई" बनाया और साथ वाले ब्राह्मण बन्धुओं को "पाण्डेय" नाम से प्रतिष्ठित किया गया।

इन "सिरमौर", "मिथई" और "पाण्डेय" बन्धुओं की व्यवस्था और आज्ञा पद्मावती पुरवाल समाज में आजतक शिरोधार्य है। कुछ कारणवश पद्मावती नगरी से जो लोग अन्य स्थानों में चले गये, वह भी अपना परिचय पद्मावती पुरवाल नाम से ही देते आ रहे हैं।

तृतीय कथा :

उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ बरेली रेलवे लाइन पर "करेंगी" स्टेशन से लगभग साढ़े तीन मील की दूरी पर एक प्राचीन जैन अतिशय क्षेत्र—अहिच्छत्र है। अहि—सर्प ने छत्र रूप होकर भगवान पार्श्वनाथजी की रक्षा कमठ के उपसर्ग से करने पर की थी। इसी से इस क्षेत्र का नाम अहिच्छेत्र पड़ा।

भगवान पार्श्वनाथ और कमठ के जीव का विरोध कुछ पुराने भवों से चला आ रहा था। जब भगवान् पार्श्वनाथ केवलज्ञान प्राप्ति के लिए घोर तप तपने में तल्लीन थे, उस समय कमठ के जीव ने पाषाण फेंककर, बिजली डालकर घनघोर मूसलाधार वर्षा की, तो पाताल के स्वामी पद्मावती धरणेन्द्र का आसन कम्पित हुआ. उन्होंने तीर्थंकर भगवान पर उपसर्ग आया हुआ जान वे वहाँ पहुँचे। पद्मावती ने नीचे से आसन बनकर और धरणेन्द्र ने ऊपर से छत्र बनकर भगवान के उपसर्ग को निवारा। इसी समय भगवान पार्श्वनाथ को केवलज्ञान प्राप्त हो गया। उसी समय देव, मनुष्य और तिर्यंक भगवान की वन्दनार्थ आये। जिस स्थान पर यह उपसर्ग हुआ था उसी को अहिच्छेत्र कहते हैं। उस समय कुछ जिन-भक्तों ने पद्मावती के नाम से यहाँ पर एक विशाल नगरी बसाई। उपसर्ग के स्थान को परम पावन और जगत निवारण रूप समझकर इस नगरी के निवासी उसकी पूजा-भक्ति करने लगे। किसी कारणवश पद्मावती पुरी तो नष्ट हो गई, किन्तु उस क्षेत्र की भक्ति उपासना और मान्यता पद्मावती वासियों में कम न हुई। आज तक भी उत्तर भारत के विशेषकर—एटा, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़ और फिरोजाबाद आदि के पद्मावती पुरवाल यहाँ प्रतिवर्ष एक बार अवश्य जाते हैं। अपने बच्चों का मुण्डन भी अधिकतर यहीं पर कराते हैं। प्रतिवर्ष चैत्र में होने वाले यहाँ के धार्मिक मेले में इनकी संख्या अधिक रहती है। पद्मावती पुरवाल बन्धु पद्मावती को अपनी कुलदेवी मानते हैं। मूलतः उस पद्मावती पुरी में वास करने से तथा पद्मावती के अनन्य भक्त होने के कारण इनका नाम "पद्मावती पुरवाल" पड़ गया।

चतुर्थ कथा :

पद्मावती पुरवाल समाज के भाटों की विरुदावली में 'पोमनापुर' का दूसरा नाम 'पद्मावती पुरी' बतलाया गया है। ब्राह्मणों ने इस नगर के निवास किया, इसी से इस नगर के रहने वाले ब्राह्मणों में पद्मावती का नाम 'पद्मावती पुरवाल' पड़ गया। यह कथन केवल इन भाटों की विरुदावली में ही मिलता है, अन्य स्थान पर इसका उल्लेख नहीं मिलता है।

मध्यभारत के इतिहास में पद्मावती नगरी :

इतिहास में अन्य वैभवपूर्ण नगरियों में पद्मावती नगरी का स्थान दिखाते हुए लिखा है कि—

पुराण के एक प्रसंग से ज्ञात होता है कि—मध्य देश में पद्मावती नाम का भी एक जनपद था। इसका केन्द्र इतिहास प्रख्यात पद्मावती नगर वर्तमान पावाया होगा और उसमें आज के ग्वालियर, मुरैना जिलों के कुछ भाग तथा शिवपुरी जिले का अधिकांश भाग सम्मिलित रहा होगा।

विष्णु-पुराण में पद्मावती नगरी :

इस नगरी को नाग राजाओं की राजधानी बनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ था और पद्मावती कान्तिपुरी तथा मथुरा में ९ नाग राजाओं के राज्य करने का उल्लेख भी मिलता है।

इससे स्पष्ट है कि इन सब नागाओं ने पद्मावती, कान्तिपुरी तथा मथुरा में राजधानियाँ बनाकर राज्य किया होगा। इस उल्लेख में नव नागों के राज्य का विकास क्रम भी प्राप्त होता है। पद्मावती में उनके द्वारा सबसे पहले इस राज्य की स्थापना हुई। इसके पश्चात् वे उत्तर में कान्तिपुरी की ओर बढ़े और उसे अपनी राजधानी बनाकर उन्होंने मथुरा के कुषाणों से संघर्ष किया। इसमें सफल होने के पश्चात् ही वे मथुरा में राजधानी बना सके होंगे।

पद्मावती नगरी के नाग राजाओं के सिक्के भी कितने ही स्थानों में मिले हैं। ये सिक्के स्पष्टतया दो वर्ग के थे। एक तो उन नागों के जो ज्येष्ठ नागवंश में थे और दूसरे वह थे, जो नवनाग अर्थात् नये नागों के रूप में आये थे। यह मथुरा और कान्तिपुरी (कुतवार) पद्मावती और विदिशा उस महापथ पर अवस्थित थे, जो उस काल में देशी और विदेशी व्यापार का प्रधान मार्ग था।

वर्तमान पद्मावती नगरी :

"सरस्वती कण्ठा भरण" जिसका रचना काल ग्यारहवीं शताब्दी माना जाता है। इसमे पद्मावती नगरी का कथन पाया जाता है। परन्तु खेद है कि आज वह नगरी अपने उस रूप में नहीं है। ग्वालियर राज्य में उसके स्थान पर "पवाया" नामक एक छोटा-सा गाँव बसा हुआ है। यह गाँव देहली से बम्बई जाने वाली रेलवे लाइन पर "देवरा" नामक स्टेशन से कुछ ही दूर पर स्थित है। इसे ही प्राचीन पद्मावती नगरी माना जाता है। चाहे इस स्थान में आज पद्मावती पुरवालों का उतनी बड़ी संख्या में निवास नहीं है, किन्तु पवाया ग्राम पद्मावती पुरवालों के लिए विशेष महत्व का स्थान अवश्य है।

—सम्पादक

पूज्यपाद आचार्य श्री महावीरकीर्तिजी महाराज

समाज-परिवारों का

संक्षिप्त विवरण

असम प्रान्त

●

जिला इम्फाल

नगर-इम्फाल

प्रेमचन्द जैन सुपुत्र मुन्नीलाल जैन, डी० एम० कालेज, इम्फाल (इम्फाल)

इस परिवार में यह सज्जन और इनकी श्रीमती जी केवल दो सदस्य ही हैं। परिवार प्रमुख एम० कॉम एवं विशारद तक शिक्षित हैं तथा कालेज में शिक्षक हैं। मूल निवासी फिरोजाबाद के है।

सुदर्शनलाल जैन सुपुत्र सुमतिचन्द जैन, पोना बाजार इम्फाल (इम्फाल)

इस परिवार में पॉच पुरुष तथा दो स्त्री वर्ग मे, कुल सात सदस्य है। चार लड़के एक लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं मे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

जिला कामरूप

गांव-नलबाड़ी

रघुवंशीलाल जैन सुपुत्र मथुराप्रसाद जैन, नलबाड़ी (कामरूप)

इस परिवार में चार पुरुष तथा चार स्त्री वर्ग में, कुल आठ सदस्य है। दो लड़के तीन लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं मे शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है तथा सर्राफे का कार्य करते है। मूल निवासी पिलुआ (एटा) के हैं।

जिला गोवाल पाड़ा

गांव-धुवड़ी

चन्दनमल जैन सुपुत्र लक्ष्मीचन्द जैन, तुनियां पट्टी धुवड़ी (गोवाल पाड़ा)

इस परिवार में पॉच पुरुष वर्ग में तथा छ स्त्री वर्ग में, कुल ग्यारह सदस्य हैं। तीन लड़के चार लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख व्यापार व्यवसाय करते है। मूल निवासी धुवड़ी के ही है।

रतनचन्द जैन सुपुत्र ब्रह्मचारी वासुदेव जैन, भंवरीलाल वाकलीवाल एण्ड कम्पनी इम्फाल (मनीपुर)

इस परिवार में यह सज्जन और इनकी श्रीमती जी केवल दो सदस्य ही हैं। परिवार प्रमुख विशारद तक शिक्षा प्राप्त हैं और मुनीमी करते है। मूल निवासी पिलुआ (एटा) के है।

उड़ीसा प्रान्त

जिला पुरी

गांव-खंडगिरी

जसोधरलाल जैन सुपुत्र श्रीलाल जैन, श्री दि० जैन कार्यालय खंडगिरी (पुरी)

इस परिवार में चार पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में, कुल सात सदस्य हैं। तीन लड़के दो लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित हैं तथा सर्विस करते हैं। मूल निवासी सरनऊ (एटा) के हैं।

उत्तर प्रदेश

●

पूज्यवर आचार्य श्री विमलसागरजी महाराज

उत्तर प्रदेश

●

जिला-अलीगढ़
नगर-अलीगढ़

अमोलकचन्द जैन सुपुत्र श्रीलाल जैन, अलीगढ (अलीगढ़)

इस परिवार में कुल छ पुरुष तथा पाँच स्त्री वर्ग में, कुल ग्यारह सदस्य है। तीन लड़के दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और व्यापार व्यवसाय करते हैं। मूल निवासी वसुन्दरा (एटा) के है।

गुनमालादेवी धर्मपत्नी रघुनाथदास जैन, अलीगढ (अलीगढ)

इस परिवार में यह महिला स्वयं ही हैं। गवर्नमेण्ट से सहायता प्राप्त है। मूल निवासी उलाऊ (आगरा) की हैं।

चन्दालाल जैन सुपुत्र श्रीपाल जैन छपेटी, अलीगढ (अलीगढ)

इस परिवार में तीन पुरुष तथा सात स्त्री वर्ग में, कुल दस सदस्य हैं। एक लड़का चार लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षाप्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित हैं और व्यापार व्यवसाय करते है।

नन्दलाल जैन सुपुत्र गुलजारीलाल जैन, श्यामनगर अलीगढ (अलीगढ)

इस परिवार में चार पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में, कुल छ सदस्य हैं। दो लड़के अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित हैं तथा व्यापार व्यवसाय करते हैं मूल निवासी मोमदाबाद (आगरा) के हैं।

परमेश्वरीप्रसाद जैन सुपुत्र जगदीशप्रसाद जैन, अलीगढ (अलीगढ़)

इस परिवार में पाँच पुरुष वर्ग में तथा पाँच स्त्री वर्ग मे, कुल दस सदस्य हैं। चार लड़के दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओ मे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख हाई स्कूल तक शिक्षित हैं और रेलवे मे सर्विस करते हैं मूल निवासी अहारन (आगरा) के है।

फूलचन्द जैन सुपुत्र होतीलाल जैन, मधुपुरा अलीगढ (अलीगढ)

इस परिवार मे तीन पुरुष तथा छ स्त्री वर्ग मे, कुल नौ सदस्य है। दो लड़के चार लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओ मे शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और किराने का व्यापार करते है। मूल निवासी पौडुरी (एटा) के हैं।

बुद्धसैन जैन सुपुत्र बाबूलाल जैन, १०७ सी रेलवे कार्टर्स, अलीगढ़ (अलीगढ़)

इस परिवार मे चार पुरुष तथा दो स्त्री वर्ग में, कुल छ सदस्य है। दो लड़के

शिशु अवस्था में हैं। परिवार प्रमुख सर्विस करते हैं। मूल निवासी सिकरा (मथुरा) के हैं।

बुद्धसैन जैन सुपुत्र पन्नालाल जैन, अलीगढ़ (अलीगढ़)
इस परिवार में यह सज्जन स्वयं ही हैं, साधारण शिक्षित है और व्यापार व्यवसाय करते है। मूल निवासी हिम्मतपुर (आगरा) के हैं।

बृजमोहनलाल जैन सुपुत्र जौहरीलाल जैन, छपेटी अलीगढ (अलीगढ)
इस परिवार में दो पुरुष तथा चार स्त्री वर्ग में, कुल छ सदस्य है। दो लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रही है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और व्यापार व्यवसाय करते है। मूल निवासी बड़ागांव (मैनपुरी) के हैं।

भीमसैन जैन सुपुत्र बद्रीप्रसाद जैन, अलीगढ (अलीगढ़)
इस परिवार में दो पुरुष तथा एक स्त्री वर्ग में, कुल तीन सदस्य है। एक लड़का अविवाहित है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और व्यापार व्यवसाय करते है। मूल निवासी हिम्मतपुर (आगरा) के है।

सदरूमल जैन सुपुत्र छोटेलाल जैन, अलीगढ़ (अलीगढ़)
इस परिवार में यह सज्जन स्वयं ही है। प्रज्ञाचक्षु होने के कारण कुछ करने में असमर्थ है। मूल निवासी अहारन (आगरा) के हैं।

मोतीचन्द जैन सुपुत्र चन्द्रसैन जैन, अलीगढ (अलीगढ)
इस परिवार में दो पुरुष तथा पाँच स्त्री वर्ग में, कुल सात सदस्य हैं। एक लड़का दो लड़की प्राथमिक कक्षाओं मे शिक्षा प्राप्त कर रहे है, अविवाहित हैं। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित हैं और व्यापार व्यवसाय करते है। मूल निवासी उढेसर (मैनपुरी) के हैं।

रघुवंशीलाल जैन सुपुत्र पन्नालाल जैन, रामघाट मार्ग अलीगढ़ (अलीगढ़)
इस परिवार मे चार पुरुष तथा दो स्त्री वर्ग मे, कुल छ सदस्य है। दो लड़के अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख पान की दुकान करते हैं। मूल निवासी हिम्मतपुर (आगरा) के हैं।

रोशनलाल जैन सुपुत्र श्रीपाल जैन, जैन लॉक फैक्टरी जैन स्ट्रीट अलीगढ (अलीगढ)
इस परिवार में आठ पुरुष तथा सात स्त्री वर्ग में, कुल पन्द्रह सदस्य हैं। चार लड़के दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख तालोंका व्यापार करते है।

सुरेपकुमार सुपुत्र मूलचन्द जैन, खिरनी की सराय, अलीगढ़
इस परिवार में दो पुरुष तथा तीन स्त्री वर्ग में, कुल पाँच सदस्य हैं। एक लड़का दो लड़की प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार

प्रमुख बी. कॉम. तक शिक्षित हैं और सर्विस करते हैं। मूल निवासी सिरवरा (मथुरा) के हैं।

शान्तीस्वरूप जैन सुपुत्र सेतीलाल जैन, श्याम नगर, मकान नं० ७२ अलीगढ
इस परिवार मे दो पुरुष तथा तीन स्त्री वर्ग में, कुल पॉच सदस्य हैं। एक लड़का दो लड़की प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख इन्टर तक शिक्षित हैं और पी० डब्ल्यू० डी० में सर्विस करते है। मूल निवासी एटा के है।

गाँव-मैदामई (अलीगढ़)

अँग्रेजीलाल जैन सुपुत्र बद्रीप्रसाद जैन, मैदामई (अलीगढ़)
इस परिवार में चार पुरुष तथा चार स्त्री वर्ग मे, कुल आठ सदस्य है। दो लड़के दो लड़की अविवाहित है और विभिन्न कक्षा में शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। परिवार प्रमुख कृपिकार्य करते है।

कश्मीरलाल जैन सुपुत्र अयोध्याप्रसाद जैन, मैदामई (अलीगढ)
इस परिवार में सात पुरुप वर्ग में तथा चार स्त्री वर्ग में, कुल ग्यारह सदस्य है। पॉच लड़के दो लड़की अविवाहित हैं और विभिन्न कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख कृषिकार्य करते है।

चिरंजीलाल जैन सुपुत्र चोखेलाल जैन, मैदामई (अलीगढ)
इस परिवार में तीन पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में, कुल सात सदस्य हैं। चार लड़के तथा एक लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख शिक्षित है और अध्यापन का कार्य करते हैं।

द्रोपाकुमारी जैन धर्मपत्नी झुमकलाल जैन, मैदामई (अलीगढ)
इस परिवार में यह महिला अकेली ही है, वृद्ध है, कृषिकार्य करती है।

फुलवारीलाल जैन सुपुत्र काशीराम जैन, मैदामई (अलीगढ)
इस परिवार मे दो पुरुष तथा चार स्त्री वर्ग मे, कुल छ सदस्य है। एक लड़का दो लड़की अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है तथा व्यापार व्यवसाय करते है।

भीमसैन जैन सुपुत्र तोताराम जैन, मैदामई (अलीगढ़)
इस परिवार में पॉच पुरुष वर्ग में तथा चार स्त्री वर्ग में कुल नौ सदस्य हैं। दो लड़के दो लड़की अविवाहित है और विभिन्न कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और व्यापार करते हैं।

मक्खनलाल जैन सुपुत्र गिरवरलाल जैन, मैदामई (अलीगढ़)
इस परिवार में चार पुरुष तथा दो स्त्री वर्ग में, कुल छ सदस्य हैं। एक लड़का शिशु अवस्था में है। परिवार प्रमुख कृपिकार्य करते है।

जिला-आगरा
गाँव-अहारन

अमोलकचन्द जैन सुपुत्र प्यारेलाल जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे दो व्यक्ति है, एक पुरुष वर्ग मेंऔर एक स्त्री वर्ग में। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी-शिक्षित हैं और व्यापार व्यवसाय करते हैं।

कशमीरीलाल जैन सुपुत्र हुण्डीलाल जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे आठ व्यक्ति है, पॉच पुरुष वर्ग में और तीन स्त्री वर्ग में। तीन लड़के और एक लड़की अविवाहित है तथा प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे है। यह परिवार कृषिकार्य करता है।

गजेन्द्रकुमार जैन सुपुत्र प्यारेलाल जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार में पाँच व्यक्ति हैं, दो पुरुष वर्ग मे तथा तीन स्त्री वर्ग मे। दो पुत्र तथा एक पुत्री प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। परिवार प्रमुख शास्त्री तक शिक्षित हैं और गौदिआ में सर्विस करते है।

ठाकुरदास जैन सुपुत्र हरदेवदास जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे छ व्यक्ति है चार पुरुष वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। एक लड़का प्राथमिक कक्षा में पढ़ रहा है। परिवार प्रमुख मिठाई की दुकान करते है।

नन्नूमल जैन सुपुत्र द्वारकाप्रसाद जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे यह सज्जन स्वयं ही हैं और अविवाहित है तथा व्यापार व्यवसाय करते हैं।

पातीराम जैन सुपुत्र बद्रीप्रसाद जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार में दो सज्जन पुरुष वर्ग में से हैं। परिवार प्रमुख शास्त्री तथा न्याय तीर्थ तक शिक्षा प्राप्त है, और दोनों ही सज्जन सर्विस करते हैं।

मूलचन्द जैन सुपुत्र भजनलाल जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे छ सदस्य है, दो पुरुष वर्ग मे तथा चार स्त्री वर्ग में। दो लड़की प्राथमिक कक्षाओं मे शिक्षा प्राप्त कर रही है। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी—शिक्षित हैं और व्यापार व्यवसाय करते हैं।

रतनलाल जैन सुपुत्र भगवानदास जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे दो सज्जन पुरुष वर्ग मे है। साधारण हिन्दी—शिक्षित है तथा व्यापार व्यवसाय करते हैं।

राजकुमार जैन सुपुत्र बुद्धमल जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार में पॉच सदस्य है, दो पुरुष वर्ग मे तथा तीन स्त्री वर्ग में। एक लड़का और एक लड़की प्राथमिक कक्षा में पढ़ रहे हैं। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी—शिक्षित हैं और घी का व्यवसाय करते है।

राजनलाल जैन सुपुत्र बुद्धसैन जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे बारह सदस्य हैं, पॉच पुरुष वर्ग में तथा सात स्त्री वर्ग में। तीन लड़के और चार लड़की अविवाहित हैं जो प्राथमिक कक्षाओं में पढ रहे है। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार हैं और व्यापार व्यवसाय करते है।

बंगालीमल जैन सुपुत्र लालाराम जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे तीन सदस्य हैं, एक पुरुष वर्ग मे और दो स्त्री वर्ग मे। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार है।

श्रीलाल जैन सुपुत्र झण्डूलाल जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे बारह सदस्य है, छ पुरुष वर्ग में और छ स्त्री वर्ग में। तीन लड़के तथा तीन लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में पढते हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी ज्ञान के साथ व्यापार व्यवसाय करते हैं।

श्रीलाल जैन सुपुत्र बद्रीप्रसाद जैन, अहारन (आगरा)

इस परिवार मे पचीस व्यक्ति हैं, तेरह पुरुष वर्ग में और बारह स्त्री वर्ग में। पॉच लड़के तथा छ लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं में पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी की शिक्षा से शिक्षित है तथा व्यापार व्यवसाय करते है।

नगर—आगरा (जिला आगरा)

अजितकुमार जैन सुपुत्र छोटेलाल जैन, धूलिया गंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में तीन सदस्य है, एक पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़की प्राथमिक कक्षा में पढ रही है। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार हैं और सर्विस करते हैं। मूल निवासी कोटकी (जिला आगरा) के हैं।

अनन्तस्वरूप जैन सुपुत्र बाबूराम जैन, मोतीलाल नेहरू रोड आगरा (आगरा)

इस परिवार में पॉच सदस्य-दो पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में से हैं। दो लड़के तथा एक लड़की प्राथमिक कक्षा मे पढते है तथा अविवाहित हैं। परिवार प्रमुख बी. ए. आई. जी. डी. आर. डी. एस. तक शिक्षित है और अध्यापन का कार्य करते हैं। मूल निवासी आलमपुर (आगरा) के हैं।

अमीरचन्द जैन सुपुत्र छेदालाल जैन, जीवनी मण्डी आगरा (आगरा)

इस परिवार में चार सदस्य हैं, तीन पुरुष वर्ग में तथा एक स्त्री वर्ग में। दो लड़के प्राथमिक कक्षा में हैं। परिवार प्रमुख की शिक्षा सामान्य हिन्दी है और चीनी के व्यवसायी हैं। मूल निवासी सिकरा (आगरा) के हैं।

अशरफीलाल जैन सुपुत्र पातीराम जैन, नजदीक अमरजैन्सी आगरा (आगरा)

इस परिवार मे सात व्यक्ति हैं, तीन पुरुष वर्ग में और चार स्त्री वर्ग में। दो लड़के तथा दो लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा में पढते हैं। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार है तथा दूधकी दूकान करते हैं। मूल निवासी तखामन (जिला एटा) के हैं।

इन्द्र प्रकाश जैन सुपुत्र गुरुदयाल जैन, धूलिया गंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में यह सज्जन अकेले ही है और साधारण हिन्दी के जानकार है तथा सर्विस करते हैं। मूल निवासी चमकरी (जिला एटा) के है।

उदयभान जैन सुपुत्र ओंकारप्रसाद जैन, ५५ जौहरी बाजार आगरा (आगरा)

इस परिवार में पाँच सदस्य इस प्रकार है तीन पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। दो लड़के तथा एक लड़की बाल्यावस्था में प्राथमिक कक्षा में पढ रहे है। परिवार प्रमुख एम० ए० एल० एल० बी० तक शिक्षा प्राप्त कर वकालत करते है। मूल निवासी फिरोजाबाद के है।

कामताप्रसाद जैन सुपुत्र नाथूराम जैन, धूलिया गंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में चार सदस्य है दो पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़का तथा एक लड़की बाल्यावस्था में प्राथमिक कक्षा में पढ़ रहे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी की शिक्षा से शिक्षित है और सर्विस करते है। मूल निवासी विजयगढ़ (जिला अलीगढ़) के हैं।

कुसुमचन्द जैन सुपुत्र महेन्द्रकुमार जैन, शिवनारायण बरतनवालेका मकान आगरा (आगरा)

इस परिवार में पाँच व्यक्ति है, तीन पुरुप वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। दो लड़के बाल्यावस्था में है और प्राथमिक कक्षा में पढ रहे है। परिवार प्रमुख बी० ए० बी० टी० तक शिक्षा प्राप्त है। अध्यापन का कार्य करते है। मूल निवासी मुहम्मदी के हैं।

गणेशचन्द जैन सुपुत्र बैजनाथ जैन, धोबी पाड़ा म० नं० ५००६ आगरा (आगरा)

इस परिवार में पाँच सदस्य है, तीन पुरुष वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। दो लड़के तथा एक लड़की प्राथमिक कक्षा में पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख आगरा रोडवेज में सर्विस करते है। मूल निवासी जारखी (आगरा) के है।

गेन्दालाल जैन सुपुत्र तोताराम जैन, साईंथान धूलियागंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में, चौदह सदस्य हैं, नौ पुरुष वर्ग में और पाँच स्त्री वर्ग में। पाँच लड़के और दो लड़की अविवाहित हैं तथा प्राथमिक कक्षाओं में पढ रहे हैं। एक लड़की विशारद में पढ़ रही है। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार हैं और मुहर्ररी का कार्य करते है। मूल निवासी नगला छबिलीका (आगरा) के रहने वाले है।

गौरीशङ्कर जैन सुपुत्र किरोड़ीमल जैन, सुभाप कालोनी नाई की मण्डी आगरा (आगरा)

इस परिवार में यह सज्जन स्वयं ही हैं। साधारण हिन्दी शिक्षा प्राप्तकर वर्तमान में मुहर्ररी का कार्य करते है। मूल निवासी पंवारी के है।

घमण्डीलाल जैन सुपुत्र रघुवीरप्रसाद जैन, मैनागेट पथवारी आगरा (आगरा)

इस परिवार में तीन सदस्य दो पुरुष वर्ग में तथा एक स्त्री वर्ग में हैं। एक लड़का अविवाहित है और प्राथमिक कक्षा में शिक्षा प्राप्त कर रहा है। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी-शिक्षित हैं और अपना निजी व्यापार व्यवसाय करते हैं।

जगदीशचन्द्र जैन सुपुत्र हजारीलाल जैन, वेलनगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में तीन सदस्य हैं एक पुरुष वर्ग मे तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षा में पढ रही है। परिवार प्रमुख बी० ए० तक शिक्षित हैं। सर्विस करते हैं। मूल निवासी वासरिसाल के है।

जगभूषण राव जैन सुपुत्र जिनेश्वरदास जैन, शीतला गली आगरा (आगरा)
इस परिवार में ग्यारह सदस्य है, सात पुरुष वर्ग मे तथा चार स्त्री वर्ग में। पाँच लड़के तथा दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं मे पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख आटा चक्की का अपना व्यवसाय करते है। मूल निवासी जिरसमी (एटा) के हैं।

जगदीशचन्द्र जैन सुपुत्र राजकुमार जैन, जैन बगीची मोतीलाल नेहरू रोड आगरा (आगरा)
इस परिवार में छ सदस्य हैं तीन पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में। दो लड़के और एक लड़की अविवाहित हैं तथा प्राथमिक कक्षाओं में पढ रहे हैं। शिक्षा-साधारण हिन्दी। पेशा-दुकानदारी।

जयचन्द जैन सुपुत्र रणछोड़दास जैन, पन्नी गली आगरा (आगरा)
इस परिवार में तीन सदस्य है, दो पुरुष वर्ग में और एक स्त्री वर्ग मे। एक पुत्र अविवाहित है तथा प्राथमिक कक्षा में पढ़ रहा है। परिवार प्रमुख हिन्दी के साधारण ज्ञाता हैं और सर्विस करते है। मूल निवासी चावली के है।

जयकुमार जैन सुपुत्र वकिलाल जैन, कचौरा बाजार आगरा (आगरा)
इस परिवार में चार सदस्य हैं, तीन पुरुष वर्ग में और एक स्त्री वर्ग में। एक लड़का अविवाहित है तथा शिक्षा प्राप्त कर रहा है। परिवार प्रमुख हिन्दी के साधारण जानकार हैं और परचूनी की दुकान करते है। मूल निवासी मुहम्मदी (आगरा) के हैं।

जयकुमार जैन सुपुत्र हुक्मल जैन, आगरा (आगरा)
इस परिवार में एक पुरुष तथा एक स्त्री वर्ग में, कुल दो सदस्य हैं। शिक्षा साधारण हिन्दी। पेशा कपड़े की दुकान। मूल निवासी दोपपुर (एटा) के हैं।

जयन्ती प्रसाद जैन सुपुत्र रघुवंशी लाल जैन, हजारी लाल भगवानदास आगरा (आगरा)
इस परिवार मे छ सदस्य है तीन पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में। दो लड़के अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा में पढ रहे है। परिवार प्रमुख अध्यापन का कार्य करते है। मूल निवासी शिकोहाबाद के हैं।

तुलाराम जैन सुपुत्र बलदेवप्रसाद जैन, नमक मण्डी आगरा (आगरा)
इस परिवार में तेरह व्यक्ति हैं, आठ पुरुष वर्ग मे और पाँच स्त्री वर्ग मे। चार लड़के एवं दो लड़की बाल्यावस्था मे हैं और प्राथमिक कक्षाओं मे पढ़ रहे

है। परिवार प्रमुख हिन्दी के साधारण ज्ञाता है और घी का व्यवसाय करते है। मूल निवासी सिकावतपुर (आगरा) के है।

देवकुमार जैन सुपुत्र मथुराप्रसाद जैन, जीवनी मण्डी आगरा (आगरा)

इस परिवार में पॉच व्यक्ति है। तीन पुरुष वर्ग मे और दो स्त्री वर्ग में। दो लड़के एक लड़की प्राथमिक कक्षाओं मे पढ रहे हैं और अविवाहित हैं। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार हैं तथा चीनी का व्यवसाय करते हैं। मूल निवासी देहू (आगरा) के है।

दौलतराम जैन सुपुत्र उमरावलाल जैन, फिलिपगंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में दस सदस्य है छ पुरुष वर्ग में और चार स्त्री वर्ग में। तीन लड़के दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं में पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख गल्ले का व्यवसाय करते है।

धनपतलाल जैन सुपुत्र जमुनादास जैन, नाई की मण्डी आगरा (आगरा)

इस परिवार में उन्नीस व्यक्ति हैं, आठ पुरुष वर्ग और मे ग्यारह स्त्री वर्ग में। पॉच लड़के चार लड़की अविवाहित है तथा शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी की साधारण जानकारी रखते हैं और परचूनी की दुकान करते हैं। मूल निवासी कोटला के हैं।

नेमीचन्द जैन सुपुत्र मुन्नालाल जैन श्यामलाल चिम्मनलाल फ्रीगंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में यह स्वयं ही हैं हिन्दी का साधारण ज्ञान रखते हैं और सर्विस करते है। मूल निवासी अहारन (आगरा) के है।

नेमीचन्द जैन सुपुत्र फूलचन्द जैन, जैन वगीची आगरा (आगरा)

इस परिवार मे चार सदस्य दो पुरुष वर्ग मे और दो स्त्री वर्ग में से हैं। एक लड़की बाल्यावस्था में है। परिवार प्रमुख हिन्दी की साधारण जानकारी रखते हैं और व्यापार करते है। मूल निवासी पल्टीगढ (मैनपुरी) के हैं।

नेमीचन्द जैन सुपुत्र वनवारीलाल जैन, वल्केश्वर कालोनी आगरा (आगरा)

इस परिवार में सात सदस्य इस प्रकार है—चार पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में। एक लड़का दो लड़की शिशु अवस्था मे हैं और प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार हैं और दुकानदारी करते है। मूल निवासी जलेसर (एटा) के है।

नरेन्द्रकुमार जैन सुपुत्र श्रीचन्द जैन, ३।२३ चटघाट आगरा (आगरा)

इस परिवार में दस व्यक्ति हैं। चार पुरुष वर्ग में तथा छ स्त्री वर्ग मे। दो लड़के चार लड़की अविवाहित है और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख स्वयं वी० कॉम० एल० एल० वी० तक शिक्षित हैं और सर्विस में हैं। मूल निवासी वाँदा के हैं।

नरेशचन्द्र जैन सुपुत्र फूलचन्द्र जैन, ११७० दालवाला गोदाम बेलनगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में छ सदस्य है, तीन पुरुष वर्ग में और तीन स्त्री वर्ग में। दो लड़के दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षा में पढ रहे है। परिवार प्रमुख वी० ए० एल० एल० बी० तक शिक्षित है तथा वकालत करते है। मूल निवासी अवागढ (एटा) के हैं।

पद्मचन्द्र जैन सुपुत्र मोतीलाल जैन, छिलीईंट घटिआ आगरा (आगरा)
इस परिवार मे पन्द्रह सदस्य इस प्रकार है—आठ पुरुप वर्ग में तथा सात स्त्री वर्ग मे। पॉच लड़के तथा चार लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओ में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख वी० ए० एल० एल० बी० तक शिक्षित है और वकालत करते है। मूल निवासी फिरोजावाद के है।

पारसदास जैन सुपुत्र वनारसीदास जैन, वेलनगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में नौ व्यक्ति हैं—छ पुरुप वर्ग मे तथा तीन स्त्री वर्ग में। पॉच लड़के तथा एक लड़की अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार है। मूल निवासी (एटा) के हैं।

प्यारेलाल जैन सुपुत्र छेदालाल जैन, घटिआ आजमखां अनाजमण्डी आगरा (आगरा)
इस परिवार में वारह व्यक्ति हैं, आठ पुरुप वर्ग में तथा चार स्त्री वर्ग में। पाँच लड़के तथा दो लड़की अविवाहित और प्राथमिक कक्षाओं में है। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित है और गल्ले का व्यापार करते हैं। मूल निवासी सराय जयराम (आगरा) के है।

पूर्णचन्द्र जैन सुपुत्र दौलतराम जैन, ११६६, फाटक सूरज भान वेलनगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में आठ व्यक्ति हैं, चार पुरुष वर्ग में और चार स्त्री वर्ग में। तीन लड़के और तीन लड़की अविवाहित है तथा प्राथमिक कक्षा में पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख इण्टर मीडिएट तक शिक्षित है। व्यापार व्यवसाय करते है। मूल निवासी लतीकपुर के है।

प्रेमचन्द्र जैन सुपुत्र केदारनाथ जैन, जमुनाब्रज आगरा (आगरा)
इस परिवार मे एक पुरुप तथा एक स्त्री वर्ग में है। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार है और सर्विस करते हैं। मूल निवासी सराय जयराम (आगरा) के हैं।

प्रेमचन्द जैन सुपुत्र वासुदेव जैन, जीवनी मण्डी आगरा (आगरा)
इस परिवार में आठ सदस्य है, तीन पुरुष वर्ग मे तथा पाँच स्त्री वर्ग में। दो लड़के तोन लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं मे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार है और सर्विस करते है। मूल निवासी राजपुर (एटा) के हैं।

फूलचन्द् जैन सुपुत्र बनारसीदास जैन, नाई की मण्डी आगरा (आगरा)
इस परिवार में पाँच सदस्य हैं, तीन पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़का और एक लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षा में पढ रहे है। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार है और सर्विस में हैं। मूल निवासी मरसैना (आगरा) के हैं।

भगवानस्वरुप जैन सुपुत्र हरप्रसाद जैन, ६२०८।ए० कोटिया भवन छीपीटोला आगरा (आगरा)
इस परिवार में दो पुरुप तथा दो स्त्री वर्ग में है। एक लड़का तथा एक लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षाओं में पढ रहे है। परिवार प्रमुख बी०ए० एल० टी० तक शिक्षित है और अध्यापन का कार्य करते है। मूल निवासी उसाइनी के है।

भागचन्द् जैन सुपुत्र कन्हैयालाल जैन, जीवनी मण्डी आगरा (आगरा)
इस परिवार में पाँच सदस्य हैं, तीन पुरुप वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित है और दुकानदारी करते हैं। मूल निवासी सिखरा (मथुरा) के है।

मटरूमल जैन सुपुत्र मानिकचन्द् जैन, सेठगली आगरा (आगरा)
इस परिवार में चार व्यक्ति है एक पुरुप वर्ग में और तीन स्त्री वर्ग में। दो लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में पढ रही हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित है और घी का व्यवसाय करते है। मूल निवासी आलमपुर (आगरा के है।

मानिकचन्द् जैन सुपुत्र श्रीलाल जैन, धोवी पाड़ा धूलिआगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में पाँच सदस्य है, तीन पुरुष वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। दो लड़के एक लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे है। परिवार प्रमुख बी० एस० सी०, एल० टी० तक शिक्षित है तथा अध्यापन का कार्य करते है। मूल निवासी भैंसा (एटा) के हैं।

मानिकचन्द् जैन सुपुत्र राजकुमार जैन, जैन बगीची आगरा (आगरा)
इस परिवार में छ सदस्य है। तीन पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में। तीन लड़के तथा एक लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षा मे पढ़ रहे है। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार हैं और दुकानदार हैं। मूल निवासी टेहू (आगरा) के है।

मुन्नीलाल जैन सुपुत्र छुब्बलाल जैन, घटिआ आजमखां आगरा (आगरा)
इस परिवार में पाँच व्यक्ति है, तीन पुरुष वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। दो लड़के एक लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा में पढ़ रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और गल्ले के व्यापारी है। मूल निवासी दोषपुर (एटा) के है।

मूलचन्द जैन सुपुत्र रणछोड़दास जैन, कचौरा बाजार बेलनगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में आठ सदस्य हैं तीन पुरुष वर्ग में तथा पाँच स्त्री वर्ग में। एक लड़का तथा तीन लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा में पढ़ रहे है। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित हैं और नौकरी करते हैं। मूल निवासी चावली के हैं।

मोतीचन्द जैन सुपुत्र तुलाराम जैन, चित्तीखाना नमक मण्डी आगरा (आगरा)
इस परिवार में तीन व्यक्ति है एक पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़की अविवाहित है तथा हाई स्कूल में पढ रही है। परिवार प्रमुख एम० ए० एल० एल० बी० तक शिक्षित हैं और वकालत करते हैं। मूल निवासी सखावतपुर व जोंधरी (आगरा) के है।

रतनलाल जैन सुपुत्र जयदेवलाल जैन, एम० डी० जैन इन्टर कालेज हरिपर्वत आगरा (आगरा)
इस परिवार में आठ सदस्य हैं। तीन पुरुष वर्ग में और पाँच स्त्री वर्ग में। दो पुत्र और चार पुत्रियाँ अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। परिवार प्रमुख शास्त्री, इन्टर तक शिक्षित है और अध्यापन का कार्य करते हैं। मूल निवासी चिरहौली (आगरा) के हैं।

रतनलाल जैन सुपुत्र रेवतीराम जैन, लँगड़ा की चौकी आगरा (आगरा)
इस परिवार में चार सदस्य हैं, तीन पुरुष वर्ग में और एक स्त्री वर्ग में। दो लड़के अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी के जानकार है और सर्विस करते है। मूल निवासी तखावन (एटा) के हैं।

रामबाबू जैन सुपुत्र केदारनाथ जैन, जमुना ब्रज आगरा (आगरा)
इस परिवार में पाँच व्यक्ति है दो. पुरुष वर्ग में और तीन स्त्री वर्ग में। एक लड़का तथा दो लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा में पढ़ते हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी के साधारण ज्ञाता है और सर्विस करते हैं। मूल निवासी इसी स्थान के हैं।

रामस्वरूप जैन सुपुत्र खेतीराम जैन, मोतिआ गली कचहरी घाट आगरा (आगरा)
इस परिवार में यह सज्जन अकेले ही हैं और कचहरी में टाइपिस्ट हैं। मूल निवासी चिरहौली (आगरा) के हैं।

रामप्रसाद जैन सुपुत्र श्रीपाल जैन, बेलनगंज आगरा (आगरा)
इस परिवार में सात सदस्य है, पाँच पुरुष वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। तीन लड़के अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षा मे पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख संस्कृत के ज्ञाता हैं और वैद्यक करते हैं। मूल निवासी बासरिसाल (आगरा) के है।

रूपकिशोर जैन सुपुत्र ब्रजमोहनलाल जैन, बेलनगंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में सात सदस्य हैं तीन पुरुप वर्ग में तथा चार स्त्री वर्ग में। दो लड़के तथा दो लड़की अविवाहित हैं और प्राथमिक कक्षाओं मे पढ़ रहे हैं। परिवार प्रमुख साधारण शिक्षित है और सर्विस करते हैं।

लक्ष्मीनारायण जैन सुपुत्र बनवारीलाल जैन, बल्केश्वर कालोनी आगरा (आगरा)

इस परिवार में दो सदस्य पुरुप वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में हैं। एक लड़का तथा एक लड़की अविवाहित है और प्राथमिक कक्षा में पढ़ते हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित है और दुकानदार है। मूल निवासी जलेसर (एटा) के है।

वंशीधर जैन सुपुत्र झुन्नीलाल जैन, ऊँटगली वास दरवाजा आगरा (आगरा)

इस परिवार में पाँच सदस्य हैं तीन पुरुप वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। एक लड़का और एक लड़की अविवाहित हैं तथा प्राथमिक शिक्षा ले रहे हैं। परिवार प्रमुख साधारण हिन्दी के जानकार हैं और व्यापार व्यवसाय करते हैं। मूल निवासी नारखी (आगरा) के हैं।

विजयचन्द जैन सुपुत्र श्रीलाल जैन, छिलीईंट घटिआ आगरा (आगरा)

इस परिवार में तीन व्यक्ति है एक पुरुप वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़की अविवाहित है और शिक्षा प्राप्त कर रही है। परिवार प्रमुख हाईस्कूल तक शिक्षित हैं और ठेकेदारी का कार्य करते है। मूल निवासी अहारन (आगरा) के है।

विमलस्वरूप जैन सुपुत्र बाबूराम जैन, मोतीलाल नेहरूरोड चाँदीवाली कोठी आगरा (आगरा)

इस परिवार मे पाँच व्यक्ति हैं दो पुरुप वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में। एक लड़का तथा दो लड़की अविवाहित है और प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख इण्टर तक शिक्षित हैं और अध्यापन का कार्य करते हैं। मूल निवासी आलमपुर के है।

वीरचन्द जैन सुपुत्र लालहंस जैन, जमुनाब्रिज आगरा (आगरा)

इस परिवार में तीन सदस्य है। एक पुरुप वर्ग में दो स्त्री वर्ग में। एक लड़की अविवाहित है और शिक्षा प्राप्त कर रही है। परिवार प्रमुख हिन्दी अंग्रेजी के जानकार हैं और सर्विस करते हैं। मूल निवासी जलेसर (एटा) के हैं।

सन्तकुमार जैन सुपुत्र फूलचन्द जैन, बेलनगंज आगरा (आगरा)

इस परिवार मे तेरह सदस्य है। सात पुरुष वर्ग मे छ स्त्री वर्ग में। चार लड़के तीन लड़की अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख मिडिल तक शिक्षित है और सर्विस करते हैं। मूल निवासी वरहन (आगरा) के हैं।

सन्तलाल जैन सुपुत्र जीवाराम जैन, धूलियागंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में नौ सदस्य है, चार पुरुष वर्ग में और पाँच स्त्री वर्ग में। एक लड़का दो लड़की अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

सुकुमालकुमार जैन सुपुत्र रामप्रसाद जैन, फाटक सूरजभान आगरा (आगरा)

इस परिवार में सात व्यक्ति है, पाँच पुरुष वर्ग में और दो स्त्री वर्ग में। चार लड़के और एक लड़की अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख हिन्दी और अंग्रेजी के जानकार है तथा सर्विस करते है। मूल निवासी वासरिसाल के हैं।

सुखनन्दनलाल जैन सुपुत्र दौलतराम जैन, धूलियागंज म० नं० ५२४६ आगरा (आगरा)

इस परिवार में सात व्यक्ति हैं, तीन पुरुष वर्ग में और चार स्त्री वर्ग में। दो लड़के और तीन लड़की अविवाहित हैं तथा शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित है और व्यापार व्यवसाय करते हैं। मूल निवासी लतीपुर (आगरा) के है।

सुनहरीलाल जैन सुपुत्र हुब्बलाल जैन, घटिआ आजमखां आगरा (आगरा)

इस परिवार में चार व्यक्ति हैं, तीन पुरुष वर्ग मे और एक स्त्री वर्ग में। दो लड़के अविवाहित है और शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख व्यापार व्यवसाय करते हैं। मूल निवासी दोशपुर (एटा) के है।

सुनहरीलाल जैन सुपुत्र दौलतराम जैन, वेलनगंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में ग्यारह व्यक्ति हैं, छ पुरुष तथा पाँच स्त्री वर्ग में हैं। चार लड़के तथा तीन लड़की अविवाहित हैं तथा शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित तथा व्यापार करते हैं। मूल निवासी लतीपुर के हैं।

सुनहरीलाल जैन सुपुत्र मिट्ठीलाल जैन, जैन बगीची आगरा (आगरा)

इस परिवार में पाँच व्यक्ति है, तीन पुरुष तथा दो स्त्री वर्ग में। एक पुत्री अविवाहित है। परिवार प्रमुख हिन्दी में शिक्षित है और व्यापार करते हैं। मूल निवासी खेरी (आगरा) के हैं।

सुभापचन्द्र जैन सुपुत्र उल्फतराम जैन, मोती कटरा आगरा (आगरा)

इस परिवार में चार सदस्य हैं दो पुरुष वर्ग में तथा दो स्त्री वर्ग में। एक लड़का तथा एक लड़की अविवाहित हैं। प्राथमिक कक्षा में पढ रहे हैं। परिवार प्रमुख बी० कॉम, एल० एल० बी० तक शिक्षित है और सर्विस करते है। मूल निवासी वरहन (आगरा) के हैं।

सुमतप्रसाद जैन सुपुत्र भीपमचन्द जैन, वेलनगंज आगरा (आगरा)

इस परिवार में नौ सदस्य हैं, पाँच पुरुष वर्ग में तथा तीन स्त्री वर्ग में। दो लड़के तथा दो लड़की अविवाहित हैं और शिक्षा प्राप्त करते हैं। परिवार

प्रमुख हिन्दी जानते हैं और सर्विस करते हैं। मूल निवासी वासरिसाल (आगरा) के हैं।

सूरजभान जैन सुपुत्र जयकुमार जैन, इन्द्रमिल लाइन नं० १ कमरा नं० २० आगरा (आगरा)
इस परिवार में पाँच सदस्य हैं, चार पुरुष वर्ग में एक स्त्री वर्ग में। एक लड़का अविवाहित है और शिक्षा प्राप्त कर रहा है। परिवार प्रमुख हिन्दी के साधारण जानकार है, और सर्विस करते है। मूल निवासी भौमदी (आगरा) के है।

सुरेशचन्द जैन सुपुत्र बुद्धसैन जैन, पुराना पोस्ट आफिस राजा मण्डी आगरा (आगरा)
श्री अशोककुमार जैन	पाढ़म	सर्विस
,, आनन्दकुमार जैन	शिकोहाबाद	,,
,, इन्द्रचन्द्र जैन	पाढ़म	,,

श्री कमलेशचन्द्र जैन	पाढ़म	सर्विस
,, चन्द्रवीर जैन	घिरोर	,,
,, चन्द्रसेन जैन	शिकोहाबाद	,,
,, जयन्तीप्रसाद जैन	जैन ट्रस्ट शिकोहाबाद	,,
,, जिनवरदास जैन	मुहल्ला मिसरान शिकोहाबाद	,,
,, देवेन्द्रकुमार जैन	शिकोहाबाद	,,
,, नत्थीलाल जैन	मिश्राना	,,
,, नम्बरदास जैन	बड़ा बाजार शिकोहाबाद	,,
,, बुद्धसेना जैन	कौरारा बुजुर्ग	,,
,, पुष्पेन्द्रकुमार जैन	जैन ट्रस्ट शिकोहाबाद	,,
,, प्रद्युम्नकुमार जैन	घिरोर	,,
,, भवनस्वरूप जैन	सुनाव	,,
,, भागचन्द जैन	पाढ़म	अध्ययन-सर्विस
,, राजकुमार जैन	जसराना	सर्विस
,, रामस्वरूप जैन	फरिहा	,,
,, विजयचन्द जैन	शिकोहाबाद	,,
,, विमलकुमार जैन	पाढ़म	एस-ए-एल० टी०
,, श्यामलाल जैन	जैन ट्रस्ट शिकोहाबाद	सर्विस
,, शारदकुमार जैन	वल्टीगढ़	,,
,, सुखमाल जैन	कौरारा बुजुर्ग	पोस्टमास्टर सर्विस
,, सुनहरीलाल जैन	सुनहरीलाल खेड़ा शिकोहाबाद	सर्विस
,, सुभाषचन्द जैन	घिरोर	,,
,, सुरेन्द्रकुमार जैन	घिरोर	,,
,, सुरेशचन्द्र जैन	जसराना	,,
,, श्रीचन्द जैन	सरसागंज	,,
,, ज्ञानचन्द्र जैन	बड़ा बाजार शिकोहाबाद	,,

जिला-रतलाम

श्री जगदीशचन्द्र जैन	चाँदनी चौक रतलाम	सर्विस

जिला-राजगढ़

श्री कमलकुमार जैन	मिडिल स्कूल सारंगपुर	सर्विस
,, केशरीमल जैन	वाक कूआँ सारंगपुर	,,

श्री जम्बूकुमार जैन	सदर बाजार सारंगपुर	सर्विस
,, नेमीचन्द जैन	पाडल्या	,,
,, बागमल जैन	सदर बाजार सारंगपुर	,,
,, बाबूलाल जैन	धर्मशाला के सामने सारंगपुर	,,
,, महेन्द्रकुमार जैन	सदरबाजार सारंगपुर	,,
,, सूरजमल जैन	सदरबाजार दि० मन्दिर सारंगपुर	,,

जिला-रायचूर

●

श्री यशोधर जैन	सालारगंज शुगरमिल्स मुनीराबाद	सर्विस

जिला-वर्धमान

●

श्री धन्यकुमार जैन	एल ३।११२ पी० ओ० दुर्गापुर	सर्विस
,, मथुराप्रसाद जैन	वैना चट्टी दुर्गापुर ४	,,

जिला-शाजापुर

●

श्री गेंदमल जैन	मखावद	सर्विस
,, धोलीराम जैन	बेरछादातार	,,
,, मदनलाल जैन	मखावद	,,
,, राजमल जैन	शुजालपुर	,,
,, श्रीधरलाल जैन	नलखेड़ा	,,

जिला-सीहोर

●

श्री अजितकुमार जैन	मोतीलाल नेहरू मार्ग सीहोर	सर्विस
,, अनोखीलाल जैन	जावर	,,
,, अमृतलाल जैन	गाँधीचौक आष्टा	,,
,, अमृतलाल जैन	चरखालाइन सीहोर	,,
,, कन्हैयालाल जैन	अल्लीपुर आष्टा	,,
,, खुशीलाल जैन	भोपालरोड सीहोर	,,
,, घेवरमल जैन	किला आष्टा	,,
,, चाँदमल जैन	आष्टा रोड सीहोर	,,
,, जीतमल जैन	मेहतवाड़ा	,,
,, जैनपाल जैन	चरखालाइन सीहोर	,,

श्री जैनपाल जैन	मोतीलालनेहरू रोड सीहोर	सर्विस
„ डालचन्द जैन	मोतीलाल नेहरू मार्ग सीहोर	„
„ ताराचन्द जैन	बड़ाबाजार आष्टा	„
„ देवेन्द्रकुमार जैन	क्वार्टर नं० २१८ सी. पी० सीहोर	„
„ धनपाल जैन	मोतीलाल नेहरू रोड सीहोर	„
„ नथमल जैन	मोतीलाल नेहरू मार्ग सीहोर	„
„ निर्मलकुमार जैन	भोपाल रोड सीहोर	„
„ फूलचन्द जैन	बड़ाबाजार आष्टा	„
„ फूलवती जैन	मेहतवाड़ा	„
„ बसन्तीलाल जैन	चरखा लाइन सीहोर	„
„ बागमल जैन	भोपाल रोड सीहोर	„
„ बाबूलाल जैन	मोटरस्टैण्डके पास इच्छावर	„
„ बाबूलाल जैन	मेहतवाड़ा	„
„ बाबूलाल जैन	नमक चौराहा सीहोर	„
„ बालचन्द जैन	आष्टा	„
„ मन्नूलाल जैन	आष्टा	„
„ महेन्द्रकुमार जैन	भोपाल रोड सीहोर	„
„ मानकचन्द जैन	मोतीलालनेहरू मार्ग सीहोर	„
„ मिट्ठूलाल जैन	आष्टा	„
„ माखनलाल जैन	बुधवारा आष्टा	„
„ मिश्रीलाल जैन	बड़ाबाजार आष्टा	„
„ मिश्रीलाल जैन	मोटरस्टैण्ड के पास इच्छावर	„
„ मिश्रीलाल जैन	मेहतवाड़ा	„
„ मांगेलाल जैन	जावर	„
„ मेघराम जैन	जावर	„
„ रतनलाल जैन	मोसादर का बापुल आष्टा	„
„ राजमल जैन	अलीपुर आष्टा	„
„ रेशमबाई जैन	कन्या माध्यमिक पा० इच्छावर	„
„ लाभमल जैन	मोटर स्टैण्ड के पास इच्छावर	„
„ ज्ञानमल जैन	काजीपुर इच्छावर	„
„ सुन्दरलाल जैन	किला आष्टा	„
„ सुन्दरलाल जैन	बड़ाबाजार आष्टा	„
„ सुमतलाल जैन	बुधवारा बड़ाबजार आष्टा	„
„ सुमतलाल जैन	बड़ाबाजार सीहोर	„
„ सुहागमल जैन	भोपाल रोड सीहोर	„

श्री सूरजमल जैन	मोतीलाल नेहरू मार्ग सीहोर	सर्विस
,, सेजमल जैन	मंगलवारिया सीहोर	,,
,, शिखरचन्द जैन	मंगलवारिया कस्बा सीहोर	,,
,, श्रीपाल जैन	गंज गाँधीचौक आष्टा	,,
,, श्रीपाल जैन	कस्बा सीहोर	,,
,, हरीलाल जैन	मोटर स्टैन्ड के पास इच्छावर	,,
,, हीरालाल जैन	आष्टा	,,

जिला-हजारीबाग

श्री अतिवीरचन्द्र जैन	ईसरी बाजार	सर्विस
,, अनिलकुमार जैन	ईसरी बाजार	,,
,, जिनेन्द्रकुमार जैन	ईसरी बाजार	,,
,, देवेन्द्रकुमार जैन	ईसरी बाजार	,,
,, महावीरप्रसाद जैन	ईसरी बाजार	,,
,, महेन्द्रकुमार जैन	ईसरी बाजार	,,
,, सेतीलाल जैन	ईसरी बाजार	,,
,, सोमप्रकाश जैन	ईसरी बाजार	,,

जिला-हुगली

श्री कैलाशचन्द्र जैन	हि० इन्जिनियरिंग प्रोडक्सन लि० रिसड़ा	सर्विस

श्री पाण्डे ज्योतिप्रसादजी जैन, नगलास्वरूप

श्री बाबूलालजी जैन, अवागढ़

श्री रामप्रसादजी जैन, अवागढ

श्री गुलजारीलालजी जैन, अवागढ

श्री उलफतरायजी जैन, सरनऊ

श्री अँगरेजीलालजी जैन, मैदामई

श्री अमरचन्दजी जैन, सरनऊ

श्री दयाचन्दजी जैन, सरनऊ

समाज-नक्षत्रों का

संक्षिप्त परिचय

मुनि श्री ब्रह्मगुलालजी महाराज

मुनि श्री ब्रह्मगुलाल के पूर्वज प्राचीन पद्मावती नगरी (वर्तमान पवाया) के अधिवासी थे। वह किसी समय वहाँ से स्थानान्तरण करके गंगा-यमुना के मध्य टापू अथवा टापो नामक स्थान में आ बसे थे। यह वैश्य परिवार बड़ा ही विवेकशील और मर्यादापालक था। श्री ब्रह्मगुलालजी की जन्म तिथि का तो कोई निश्चित उल्लेख नहीं पाया जाता किन्तु इनके पिता श्री 'हल्ल' के शताब्दी काल का संकेत अवश्य ही मिलता है, जो कि इस प्रकार से है :—

सोलह सै के ऊपरे सत्रह सै के माय।
पांडिन ही में ऊपजे दिरग, हल्ल द्वौ भाय॥

अर्थात् १६ और १७ संवत् के बीच "दिरग और हल्ल" दोनों भाई पांडो नामक स्थान में उत्पन्न हुए थे। श्री हल्ल विशेष प्रभावशाली व्यक्ति हुए। अथच इन्हें सम्मानित राजाश्रय प्राप्त हुआ। कविवर 'छत्रपति' की रचनाओं से पता चलता है कि श्री हल्ल का भरा-पूरा परिवार था। किन्तु जिस समय वह घर से बाहर अपने खेत-बाग मे थे, उसी समय घर में आग लगी और सारा परिवार भस्मसात् हो गया। इस आकस्मिक वज्रपात को इन्होंने बड़े ही धैर्य और साहस के साथ सहन किया। तत्कालीन राजा, जिनके यह दरबारी थे— ने बड़ी चेष्टा करके इनका पुनर्विवाह कराया।

इसी दूसरी पत्नी से श्री 'ब्रह्मगुलाल' का जन्म हुआ। शोधाचार्यों का ऐसा अभिमत है कि इनका जन्म संवत् १६४० के लगभग हुआ होगा। कविवर छत्रपति ने इनकी प्रशस्ति में जो ग्रन्थ प्रणयन किया है, उसकी परिसमाप्ति विक्रमीय संवत् १९०९ पूर्वाषाढ नक्षत्र, माघ वदी १२ शनिवार को सायंकाल हुई। श्री ब्रह्मगुलालजी के स्वर्गारोहण के प्रायः दो सौ वर्ष बाद इस ग्रन्थ की रचना हुई। इस ग्रन्थ के अनुसार श्री ब्रह्मगुलाल जी का जन्म 'टापे' नामक ग्राम में हुआ था, जो कि चन्द्रवार के समीप है। यह स्थान आगरा जिला के फिरोजाबाद नामक कस्बे के निकट है और यहाँ तत्कालीन भव्य भवनों के भग्नावशेष खण्डहर के रूप मे अपनी विशालता का परिचय दे रहे है। श्री ब्रह्मगुलाल की माता प्रसिद्ध और सम्पन्न वैश्य श्री शाहन्शाह की सुन्दरी कन्या थी।

श्री ब्रह्मगुलाल का स्वास्थ्य बड़ा ही सुन्दर और चित्ताकर्षक था। इनमें महापुरुषों के से लक्षण परिलक्षित होते थे। इनका लालन-पालन बड़े ही उत्तम ढंग से हुआ और शिक्षा एक अच्छे विद्वान् द्वारा दी गई। धर्मशास्त्र, गणित, व्याकरण, काव्य, साहित्य, छन्द, अलंकार, शिल्प, शकुन और वैद्यक आदि की शिक्षा इन्होंने अल्पकाल ही मे प्राप्त कर ली थी।

ब्रह्मगुलाल कुमारणे पूर्व उपायो पुन्य।
याते बहुविद्या फुरीं कह्यो जगत ने धन्य॥

इन्हें लावनी आदि गाने और स्वांग भरने का शौक लग गया था। वादकों के साथ गाने भी गाने लगे थे। माता-पिता और परिजनों के बहुत समझाने पर इन्होंने इस कार्य को

सीमित किया, किन्तु त्यौहार आदि विशेष अवसरों पर यह स्वांग भरते और सर्वसाधारण का मनोरंजन किया करते थे। उनकी इस कला की दूर-दूर तक ख्याति हुई और राजसभा में उनका समादर भी अधिक बढ़ने लगा। उनके सम्मान को बढते देखकर राजमंत्री को ईर्ष्या होने लगी और वह इनकी कीर्ति कम करने के लिए तरह-तरह के षड़यंत्र भी रचने लगा। मंत्री ने राजकुमार को उकसाया कि तुम श्री ब्रह्मगुलालजी से सिंह का स्वांग भरकर लाने को कहो।

राजकुमार ने राजा के सामने उनसे सिंह का स्वांग भरकर लाने के लिए कहा। श्री ब्रह्मगुलाल ने स्वीकार तो किया किन्तु राजा से त्रुटि-मार्जनार्थ वचन ले लिया कि यदि कोई चूक हो जाय तो अपराध क्षमा किया जाय। राजा ने अभयदान दे दिया। मंत्री की चाल यह थी कि सिंह रूपधारी ब्रह्मगुलाल से हिंसा कराकर इनके बढते हुए प्रभाव को कम किया जाय। यदि जीव वध करते हैं तो जैनी श्रावक पद से च्युत होते है और नहीं करने से सभा में सिंह के स्वांग की हँसी होती है। ब्रह्मगुलाल जी सिंह का स्वांग बना कर सभा में पहुँचे। सिंह की दहाड़, स्वभाव, आचरण और आकृति आदि से रूपक अच्छा बन पड़ा था।

जब सिंह राजसभा में पहुँचा तो उसकी परीक्षा के लिए एक मृग-शावक उसके सामने खड़ा कर दिया गया। क्योंकि मन्त्री का यह पूर्व नियोजित षड़यंत्र तो था ही। सभा में खड़ा सिंह दहाड़ता है और पूंछ हिलाता है किन्तु हिरन के बच्चे पर वह झपटता नहीं है। यदि सिंह मृगशावक का वध करता है तो हिंसा होती है और नहीं करता है तो सिंह के स्वभाव में बाधा आती है। सिंह रूपी ब्रह्मगुलाल के सामने विषम परिस्थिति थी। भइ गति सांप छछूंदरि केरी। कदाचित् पहले से इस षडयंत्र का पता होता तो बहुत ही सुन्दर और सामयिक उत्तर मंत्री और राजकुमार को यह दिया जा सकता था कि—सिंह क्षुधित होने पर ही हिंसा करता है; निरर्थक जीव वध नहीं करता है। क्योंकि वह मृगराज कहलाता है। दूसरी बात यह भी तो है कि—वनराजा और नरराजा का यह समागम है, यहाँ सभ्य मानवों की सभा भी है। अथच यहाँ इस प्रकार के अशोभन कार्य नहीं होने चाहिये। जिस प्रकार नरराजा उचितानुचित का विचार करके कदम उठाते हैं; अपनी प्रजा को व्यर्थ ही उत्पीड़ित नहीं करते, इसी प्रकार वनराजा भी स्थान और काल के अनुरूप ही कार्य करते हैं। नोचेत् सिंह को इतनी देर कब लगती।

यह एक ऐसी दलील थी कि राजा भी प्रसन्न हो जाता और मंत्री तथा राजकुमार भी निरुत्तर हो जाते। यह बात अवश्य थी कि सिंह नहीं बोल सकता था किन्तु सिंह के साथ जो लोग आये थे, वह ऐसा उत्तर सिंह की ओर से दे सकते थे।

अभी ब्रह्मगुलाल कुछ स्थिर भी न कर पाये थे कि मंत्री की प्रेरणा से राजकुमार ने सिंह से कहा —

सिंह नहीं तू स्यार है, मारत नाहिं शिकार।
वृथा जन्म जननी दियो, जीवन को धिक्कार॥

इतना सुनते ही सिंह के बदन में आग जैसी लग गई। ब्रह्मगुलाल की आत्मा विक्षुब्ध हो उठी। हिरण शिशु पर से दृष्टि हटी और क्रोधावेश में उछल कर राजकुमार के शीश पर

जाकर थाप मारी। इससे राजकुमार घायल होकर बेसुध जमीन पर गिर पड़ा। सभा में आतंक और भय व्याप्त हो गया। सिंह सभा से चला गया। इस आकस्मिक और घातक आक्रमण से राजकुमार के प्राण पखेरू शरीर रूपी पिंजड़े को छोड़ कर उड़ गए। राजा को अपार दुःख हुआ। किन्तु वचनबद्ध होने के कारण ब्रह्मगुलाल से कुछ कह नहीं सके थे। वनराजा ने अपने स्वाभाविक कर्तव्य का पालन किया तो नरराजा ने अपने वचन का पालन किया। राजा की सहिष्णुता कुछ अधिक वजनदार और प्रशंसनीय है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि श्रवणकुमार के माता पिता ने, कोशलाधीश दशरथ ने और कुरु-पांडव गुरु द्रोणाचार्य प्रभृति व्यक्तियों ने पुत्र शोक में अपने-अपने प्राण विसर्जित किये थे। किन्तु राजा ने बड़े धैर्य के साथ इस आघात को सहा।

इस अहिंसा कार्य से ब्रह्मगुलाल को बहुत दुःख हुआ, वह बड़े ही व्याकुल थे। पश्चात्ताप की प्रचण्डाग्नि से उसकी अन्तरात्मा झुलस रही थी। भूख, प्यास और नींद समाप्त सी हो गई थी। मंत्री ने जब देखा कि हम पर कोई कलंक नहीं आया है, तो उसने पुनः राजा के कान फूँकने आरम्भ किए। मंत्री ने राजा से कहा कि जिसके कारण आपको इतना कष्ट हुआ, उस ब्रह्मगुलाल से कहिए कि वह दिगम्बर जैन मुनि का स्वांग भर कर सभा में आयें। यदि वह ऐसा नहीं करते तो उनकी अपकीर्ति होती है और राज्य छोड़ कर अन्यत्र चले जायेंगे और दिगम्बर मुनि का भेष धारण करके फिर उसे छोड़ दिया या गृहस्थ हो गये तो समाज में प्रतिष्ठा नहीं रहेगी। राजा की ओर से उन्हें दिगम्बर मुनि का भेष बना कर सभा में आने का आदेश मिला। ब्रह्मगुलाल ने अपने परम मित्र मथुरा मल्ल और पत्नी आदि से परामर्श किया। इसके बाद वह जैन मुनि का दिगम्बर भेष धारण कर राजसभा में जा पहुँचे। अचानक ब्रह्मगुलाल को मुनि भेष में देख कर समस्त सभासद आश्चर्य चकित रह गये। मंत्री ने कहा—'आप अपने सदुपदेश से राजा के शोक का शमन कीजिये। उन्होंने उस समय राजा को जो उपदेश किया, उससे उनके शोक का शमन हो गया और राजा ने ब्रह्मगुलाल की बड़ी प्रशंसा की।

श्री ब्रह्मगुलाल जी राजसभा से निकल कर घर नहीं गये अपितु सीधे वन की ओर चले गये। इससे नगर के नर-नारियों में हाहाकार मच गया। उनकी पत्नी पर तो वज्राघात ही हो गया। नगर की स्त्रियाँ उनकी पत्नी को लेकर उनके पास वन में पहुँची और पुनः घर आने के लिए विविध प्रार्थनाएँ कीं। किन्तु जो असल वस्तु का स्वाद पा गया था, उसे कृत्रिम कैसे तुष्टि प्रदान कर सकती थी। अब उन्हें आत्मानन्द की अनुभूति हो चुकी थी और चारों ओर से घेरे हुए पूर्वजन्मार्जित पाप भस्मसात् हो गये थे। अब तत्त्वज्ञान का समुज्ज्वल प्रकाश उनके सामने था। मथुरा मल्ल ने उन्हें समझा कर पुनः घर लाने की बड़ी चेष्टा की, किन्तु उल्टे मल्ल जी पर ही उनका रंग चढ़ गया और वह भी अपने परम मित्र ब्रह्मगुलाल जी के अनुयायी हो गए।

जैन साहित्य का सृजन

श्री ब्रह्मगुलाल जी अच्छे कवि थे और काव्य शास्त्र का अनुशीलन भी किया था। अब काव्य सृजन का समय आ गया था और वन में कठोरतम साधनारत रहने पर भी परोपकारार्थ साहित्य का सृजन आरम्भ किया।

उस समय आज जैसा गद्य-प्रधान हिन्दी साहित्य नहीं था। उस समय गद्य-पद्यमय साहित्य की रचना होती थी। अधिकांश लोग पद्य में ही लिखते थे, कोई कोई गद्य में लिखते थे, सो भी उसी पुरानी भाषा में। वह अकबर और जहाँगीर का युग था। उर्दू, फारसी के साथ हिन्दी कविता का प्रचलन अधिक था। अवधी, शौरसेनी, कैथी और डिंगल आदि बोलियाँ अपने अपने क्षेत्र में लिखी और बोली जाती थीं। आपने भी छप्पय, गीत, दोहा, कवित्त, सवैया, चौपाई और सोरठा छन्दों में रचना की।

श्री ब्रह्मगुलाल रचित कविता ग्रन्थ

कविवर ब्रह्मगुलाल रचित ग्रन्थों में ८ कविता ग्रन्थ पाये जाते हैं। इनमें एक 'त्रेपन क्रिया' नामक ग्रन्थ आमेर के प्राचीन जैन ग्रन्थों के भण्डार में पाया गया था। उन ग्रन्थों के नाम इस प्रकार हैं—

१—त्रेपन क्रिया
२—कृपण जगावन चरित्र
३—शमोशरण
४—जलगालन विधि
५—मथुरावाद पचीसी
६—विवेक चोपाई
७—नित्य नियम पूजा के अनूठे छंद
८—हिन्दी अष्टक

इनमें त्रेपन क्रिया नामक ग्रन्थ विक्रमीय संवत् १६६५ में श्री ब्रह्मगुलाल द्वारा रचा गया था। इस ग्रन्थ का मंगलाचरण इस प्रकार से है।

राग सारंग—प्रथम परम मंगुल जिन चवंनु दुरित तरित तजि भाजे हो।
कोटि विघन नाशन अभिनन्दन लोक शिखरि सुखराजे हो॥
सुमिरि सरस्वति श्री जिन उद्भव सिद्ध कवित्त सुभवानी हो।
गत गंधर्व जक्ष मुनि द्वंद्वनि तीनि भुवन जन मानी हो॥
गुरुपद सेंह परम निरंगयनि जिन मारग उपदेशी हो।
दरशन ज्ञान चरण आभूषित मुक्ति भुवन परवेशी हो॥
देवशास्त्र गुरु में आधारित करउं कवित कछु आगे हो।
श्रावनव्रत त्रेपनविधि वरनों पंच सुरनु अनुरागे हो।

अन्तिम भाग—वसुगुन मूल कहे जिनस्वामी को कोऊ जिय जाने हो॥
द्वादशव्रत अनसान न को गनि कहत सुनत पहिचाने हो॥
बारह तप छह अभ्यन्तर बाहिन जतन जुगति परिपाले हो।
समजलगालन ग्यारह प्रतिमा जीव को नित्य सुखाले हो॥
दानस चहुँविधि रयनि अभोजी रत्नत्रय व्रत पूरे हो।
ये त्रेपन विधि करह कृपाभवि पाप समूहनि चूरें हो॥

ग्रन्थ की अन्तिम प्रशस्ति में लिखा है:—

सोरह सौ पैंसठि संवच्छर कार्तिक तीज अंधियारी हो।
भट्टारक जगभूषण चेला ब्रह्मगुलाल विचारी हो॥

ब्रह्मगुलाल विचार बनाई गढ़ गोपाचल थाने।
छत्रपती चहुँछत्र विराजे साहि सलेम मुगलाने॥

इससे यह स्पष्ट होता है कि कविवर ब्रह्मगुलाल ने इस ग्रन्थ की रचना ग्वालियर में विक्रमीय संवत् १६६५ कार्तिक वदी ३ को पूरी की। आपने आपने को ग्वालियर के भट्टारक श्री जगभूषण का चेला बताया है। तत्कालीन शासन का परिचय देते हुए आपने बताया है कि अकबर के पुत्र सलीम अर्थात् जहाँगीर का राजत्वकाल था।

कृपण जगावन

यह ग्रन्थ संवत् १६७१ में रचा गया। यह भी पद्यमय है और इसमें तीन सौ कविताएँ है। दोहा, चौपाई आदि छन्दों मे है। यथा

सुनि राजा सुमति की वात। नाम लेत पापहि परभात॥

स्त्रियों को सर्वगुणसम्पन्ना बतलाते हुए आपने लिखा है कि :—

कार्येषु मन्त्री, करणेषु दासी, स्नेहेषु मित्र· शयनेषु रम्भा।
धर्मानुकूलस्य क्षमया धरित्री षड्गुणा पुण्यवधूरिहे च॥

शमोशरण और जलगालन विधि आदि अन्य ग्रन्थ भी इसी सरल शिष्ट भाषा में पद्यमय हैं।

राजा कीर्तिसिन्धु

राजा कीर्तिसिन्धु उत्तर प्रदेश के रपडी चन्द्रवार नामक स्थान के राजा थे। टापे गाँव में भी इनका राजत्व था और श्री ब्रह्मगुलाल के पिता श्री हल्ल इन्हीं राजा के सभासद थे। इन्होंने कौसम के किले को विजय किया था। इन्होंने अपने समस्त राज्य मण्डल में गौरक्षा का महान् व्रत चलाया था। उस समय मुगलिया शासन काल था और राजा कीर्तिसिन्धु का राज्य भी उसी शासन के अन्तर्गत था, जिसका गो वध करना प्रधान धर्म था। तथापि राजा कीर्तिसिन्धु ने गो रक्षा का महान् व्रत चलाया।

प्रधान सचिव

राजा कीर्तिसिन्धु का दूसरा नाम चन्द्रकीर्ति था। ग्रन्थकार ने राजा के इस मंत्री का कोई नाम ग्राम नहीं बताया है।

मथुरा मल्ल

यह श्री ब्रह्मगुलाल के बालापन के मित्र थे। मल्ल जी जारकी ग्राम के महिमंडल सिरमौर के पुत्र थे। जारकी और टापे गाँव में बहुत थोड़ी सी दूरी थी। गुलाल जी प्रत्येक कार्य में इनसे सलाह लिया करते थे।

आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी महाराज

आप का जन्मस्थान काँच की चूड़ियों का प्रमुख व्यवसायी केन्द्र फिरोजाबाद है। आपका जन्म पद्मावती पुरवाल जाति के प्रसिद्ध व्यक्ति लाला रतनलालजी के घर श्रीमती बूँदादेवी की कोख से वैसाख वदी ९ को विक्रमीय संवत् १९६७ में हुआ। रतनलाल जी बिनौले का व्यापार करते थे। यह पति पत्नी सात्विक प्रकृति के साधु; अतिथि सेवी प्राणी थे। इनके ५ पुत्र १. कन्हैयालाल २. धर्मेंद्रनाथ ३. महेन्द्रकुमार ४. सनतकुमार और ५. राजकुमार हुए। कन्हैयालाल फतेहपुर में कपड़े के अच्छे व्यवसायी हैं और इनके पुत्र श्री जगदीशप्रसाद एम. कॉम. एल. एल. बी. इलाहाबाद में हैं। धर्मेन्द्रनाथ जी शास्त्री भिषगाचार्य सुखदा फार्मेसी के प्रस्थापक मेरठ हैं। सनतकुमार जी कानपुर में सीमेंट और टाइल का काम करते हैं। राजकुमार जी बम्बई में डाक्टरी करते हैं। तीसरे पुत्र महेन्द्रकुमार जी ही वर्तमान आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी महाराज हैं। ८ वर्ष की आयु तक आपने अपने नगर में ही शिक्षा प्राप्त की। माता के स्वर्गवास के बाद आप बाहर निकले। अनेक प्रख्यात विद्यागारों में संस्कृत व्याकरण, साहित्य, न्याय, सिद्धान्त, आयुर्वेद आदि विषयों में विद्वत्ता प्राप्त की।

१६ वर्ष की ही आयु से आप का विचार मुनि दीक्षा का हो गया। अनेक व्रतों का पालन करते हुए आप अपने तन और मन को कसते रहे। २९ वर्ष की आयु में आपने श्री चन्द्रसागर जी महाराज से सप्तम प्रतिमा ग्रहण की। ७ वर्ष बाद क्षुल्लक और ३२ वर्ष की आयु में आचार्य आदिसागर जी से जैनेन्द्री दिगम्बर दीक्षा ली। आप का दीक्षित नाम महावीर जी रखा गया। आप में साधु-मुनि के समस्त लक्षण पाये जाते हैं। कीर्ति जी महाराज ने दक्षिण कन्नड़, महाराष्ट्र, गुजरात, मारवाड़, मालवा, मध्यभारत, मध्यप्रदेश, बिहार, बंगाल, उड़ीसा तथा उत्तरप्रदेश में पैदल विहार किया है। मार्गस्थ तीर्थों की वन्दना और नगरों में धर्म प्रचार आप के द्वारा यथार्थ रूप से हुआ।

विहार के समय आप के ऊपर अनेक उपसर्ग हुए। किन्तु आपने समस्त उपसर्गों का बड़ी शान्ति और आत्म संयम के साथ सामना किया। मारवाड़ में भ्रमण करते समय एक यवन ने आप पर बड़े जोर से लाठी का प्रहार किया। प्रहार बड़ा ही सांघातिक था। साधारण व्यक्ति इस आघात से यदि मरता नहीं, तो बेहोश तो अवश्य ही हो जाता, किन्तु आप किंचित् भी व्यग्र नहीं हुए। पुलिस ने उस मुसलमान को पकड़ लिया। जांच पड़ताल के लिए जब वह महाराज के सामने लाया गया तो आपने उसे क्षमा कर दिया। किन्तु कानून ने उसे छः मास के कारावास का दण्ड दिया।

अरि, मित्र, महल, मसान, कंचन, कांच, निन्दन, थुतिकरन।
अर्घावतारण, असिप्रहारण में सदा समता धरण॥

अर्थात् मुनि महाराज शत्रु-मित्र, भवन-श्मशान, कांच-कंचन, निन्दा-स्तुति, पूजा और प्रहार में सदा ही समता धारण करते हैं।

मुनि चर्या की क्षमता और सहिष्णुता का एक चमत्कारपूर्ण उदाहरण आपके द्वारा इस प्रकार देखने को मिला—

एक बार बड़वानी क्षेत्र में जब आप ध्यानस्थ थे तो उसी पर्वत के ऊपरी भाग में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता था। एक दुष्ट मनुष्य आपके ध्यान की परीक्षा लेने के लिए मक्खियों के छत्ते में एक ढेला मार कर भाग गया। पत्थर लगने से क्रुद्ध मक्खियों का समूह महाराज के शरीर में चारों ओर से चिपट गया। उन मक्खियों ने कब तक काटा, किसी को पता नहीं चला। मुनिश्री ध्यान में तद्वत् ही बैठे रहे। न तो हिलेडुले और न किसी प्रकार का प्रतिकार ही किया। तीन दिन तक निश्चल रूप से उसी आसन और मुद्रा में ध्यानस्थ बने रहे। चौथे दिन जब भक्त श्रावकों को इस का पता चला तो इन्होंने उपचार किया।

तीसरा कठोर उपसर्ग आपके ऊपर पुरलिया (बिहार) के निकट उस समय हुआ, जबकि आप खण्डगिरि, उदयगिरि की यात्रा के लिए विहार कर रहे थे।

भारत सरकार की ओर से सीमा निर्धारणार्थ एक आयोग (कमीशन) नियुक्त किया गया था। उस कमीशन में ३ सदस्य थे और वह इस क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए आने वाले थे, क्योंकि यह क्षेत्र बिहार में पड़ता था और बंगाल इसकी मांग अपने क्षेत्र में मिलाने के लिए करता था। यह विवादग्रस्त योजना निर्णयार्थ विचाराधीन थी। अतः बिहार के ५०, ६० हजार आदमी इसका विरोध करने के लिए सड़क के दोनों ओर छः-सात मील तक एकत्र हो गए थे। उसी अवसर पर आचार्यश्री विहार करते हुए खण्डगिरि की ओर जा रहे थे। संघ के अन्य स्त्री, पुरुष लारी द्वारा आगे चले आए थे। आपके साथ केवल श्री सेठ चांदमल जी बड़जात्या नागौर निवासी ही थे। आचार्य श्री चलते हुए सड़क के दोनों ओर खड़े हुए मनुष्यों को उपदेश देते जा रहे थे कि मांस खाना मनुष्य के लिए अच्छा नहीं है, शराब पीना बुरा है, जुआ खेलने मे बरबादी होती है आदि आदि। जनता द्वारा स्वागत समादर और जय जयकार भी होता जा रहा था। पुरलिया के २, ३ मील बाकी थे कि कुछ शराबियों ने शोर मचाया। इस नंगे फकीर को पकड़ लो, मार डालो, यह यहाँ कहाँ से आगया। आचार्य तथा सेठ चांदमल ने उन्हें बहुत समझाने की कोशिश की किन्तु उन्होंने कुछ नहीं सुना। चांदमल की पगड़ी उतार ली और आचार्यश्री पर लाठियाँ बरसने लगीं। तब आचार्य ने अपने ऊपर उपसर्ग आया देखकर अचल आसन लगा दिया और ध्यानारूढ हो गए। ऊपर से लाठियाँ पड़ रह थीं। आचार्यश्री को बचाने के लिए चादमल जी अपने हाथों पर, पीठ पर, सिर पर डंडों के प्रहार सह रहे थे।

सौभाग्य से उसी समय पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट की कार वहां आगई। उसने दुष्टों को ललकारा। पुलिस अधिकारी को देखते ही आततायी वहां से पलायित हो गये। सुपरिन्टेन्डेन्ट ने आचार्य श्री के चरणों में नत होकर क्षमा मांगी। थोड़ी देर बाद आपने अपना ध्यान भंग किया। पुलिस की संरक्षता मे सुपरिन्टेन्डेन्ट ने आचार्य श्री को पुरुलिया भेजवाने की बड़ी प्रार्थना की, पर वह जिस प्रकार जारहे थे, उसी तरह जाने की इच्छा प्रकट की और पैदल ही चलकर पुरुलिया जा पहुँचे।

चौथा उपसर्ग आप पर सन् १९५६ में हुआ, जबकि आप सम्मेदशिखर की टोंकों की वंदना करने गए थे। उस समय सर्दी बड़े कड़ाके की पड़ रही थी। आप वहां के जल-

मंदिर में ठहर गये। किन्तु रात को आपको वहां से निकाल बाहर कर दिया गया। एक तो ऐसे ही खून जमा देने वाली सर्दी, पुनः पर्वत की चोटी और खुला आकाश। शीत के कारण आपका शरीर अकड़ गया। किन्तु आपका ध्यान शिथिल न हुआ।

आप ज्योतिष से अनेक बार ऐसी भविष्य वाणी कर देते हैं, जो कि अक्षरशः सत्य होती हैं। मंत्रों की व्याकरण आपको कंठस्थ है। ब्रह्मचर्य का तेज आपके मुखमण्डल पर झलकता है। आप समाज की दर्शनीय विभूति हैं।

आचार्य श्री विमलसागरजी महाराज

आचार्य श्री का जन्म संवत् १९७३ में आश्विन के कृष्ण पक्ष में उत्तर प्रदेशीय जिला एटा के कोसमा नामक ग्राम में हुआ। आपका जन्मजात नाम नेमीचन्द्र था और गृहस्थावस्था तक वही नाम रहा। आपके बाबा श्री ठाकुरदास जी जैन लखावन निवासी थे, बाद को कोसमा आये। आपके पिता श्री का नाम श्री बिहारीलालजी और मातु-श्री कटोरी बाई के नाम से प्रसिद्ध साध्वी महिला थीं। लाला चोखेलाल जी आपके नाना थे। आपका लालन-पालन आपकी बुआ श्रीमती दुर्गाबाई द्वारा बड़े स्नेह के साथ हुआ।

आपकी प्रारम्भिक शिक्षा स्थानीय पाठशाला में ही हुई तदुपरान्त उच्च शिक्षा श्री गोपाल दिगम्बर जैन सिद्धान्त विद्यालय मोरेना में हुई। शिक्षा प्राप्त करने के बाद आपने अपनी जीवन यात्रा अध्यापक के रूप में आरम्भ की। जयपुर में कुछ काल तक अध्यापन कार्य किया और तत्पश्चात् नेमिनाथ विद्यालय कुचामन रोड अजमेर में प्रधानाध्यापक पद पर आसीन हुए।

आपकी प्रवृत्ति त्यागपथानुगामिनी थी और तीर्थ यात्रा की भावना उत्तरोत्तर दृढ़तर होती गई। परिणाम यह हुआ कि आपने साइकिल द्वारा सिद्धक्षेत्र सोनागिर की कई बार साहसिक यात्रा की। एक बार सम्मेद शिखर जी तीर्थराज भी साइकिल द्वारा ही गये। ब्रह्मचर्यावस्था में भी आपका नाम नेमीचन्द ही रहा। इसके बाद आषाढ कृष्ण ५ विक्रमीय संवत् २००७ में आपने परमपूज्य आचार्य श्री १०८ महावीरकीर्ति जी महाराज द्वारा शुभस्थान बड़वानी सिद्धक्षेत्र में क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की।

आपकी क्षुल्लकावस्था का नाम पूज्य श्री विषमसागर जी हुआ। माघ शुक्ल त्रयोदशी संवत् २००७ को धर्मपुरा में ऐलक दीक्षा प्राप्त की। इस ऐलकावस्था का आपका नाम सुधर्मसागर जी हुआ। मुनिदीक्षा आपने फाल्गुन शुक्ला १३ विक्रमीय २००९ परमपूज्य आचार्य श्री १०८ महावीरकीर्ति जी महाराज द्वारा सिद्धक्षेत्र सोनागिर में ग्रहण की और २०१७ संवत् मार्गशीर्ष कृष्ण २ को टूण्डला में आचार्य दीक्षा लेकर प्रभावक साधु आगम के दृढ़पोषक एवं अनुयायी बने।

आपकी धर्म प्रभावना इतनी सुदृढ़ एवं प्रभावशालिनी हो गई कि हजारों व्यक्तियों को शूद्र जल का परित्याग कराया और दो-ढाई सौ त्यागी भी बनाये। आप पर कई बार बड़े-बड़े घातक उपसर्ग आये, किन्तु तपश्चर्या के प्रभाव से आपने सबका उपशमन किया।

आचार्य श्री धर्मसागरजी महाराज

गृहस्थावस्था में आपका नाम श्री नन्दनलाल जी जैन शास्त्री था। आप पद्मावती पुरवाल जैन थे। आपके दो भाई थे (१) श्री लालारामजी जैन शास्त्री और (२) श्री मक्खनलालजी शास्त्री मुरैना निवासी। आप संस्कृत के विशिष्ट ज्ञाता थे और क्षेत्रीय भाषाओं में हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगला और इंगलिश आदि अन्य भाषाओं का भी व्यावहारिक ज्ञान कम न था। अथच ज्यौतिष व वैद्यक ग्रन्थों का गंभीर अध्ययन था।

आपने संस्कृत ग्रन्थों का भी नवनिर्माण किया था, जिनमे प्रमुख ग्रन्थ सुधर्म ध्यान प्रदीप, चतुर्विंशति तीर्थंकर स्तवन, सुधर्म श्रावकाचार आदि उच्चकोटि के ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ श्रावक एवं मुनिवर्ग उभय पक्ष के हेतु परमोपयोगी हैं। इन ग्रन्थों की हिन्दी टीकाएं पाण्डे श्री लालाराम जी कृत प्रकाशित है। आप द्वारा प्रणीत अन्य रचनायें भी हिन्दी, संस्कृत तथा गुजराती आदि भाषाओं में प्रकाशित है जो अत्यन्त भावपूर्ण एवं रोचक है।

संस्कृत के अच्छे मर्मज्ञ और शास्त्रवेत्ता होने के कारण आपने अनेक साधुओं को भी संस्कृत का अच्छा ज्ञान करवाया था, जिनमे श्री कुंथुसागर जी, मुनि श्री चन्द्रसागर जी, मुनि श्री नेमिसागर जी, आचार्य श्री वीरसागर जी आदि विद्वत्प्रवर हुए। आपका स्वर्गारोहण समाधिमरणपूर्वक पवित्र स्थान कुशलगढ (राजस्थान) नदी तट पर सुरम्य वाटिका मे हुआ, जिसमें छतरी है और आपकी चरणपादुकाएं विराजमान है।

आचार्य श्री माघचन्दजी महाराज

आप १३ वर्ष तक गृहस्थ रहे, २० वर्ष तक दीक्षाकाल में, ३२ वर्ष २४ दिन तक आचार्य पद पर और आपकी पूर्ण आयु ६५ वर्ष २४ दिन की हुई। आप विक्रमीय संवत् ९९० मे माघ शुक्ल १४ को हुए थे। आप महान् तपस्वी, व्याख्यानदाता, ग्रन्थकार और दिग्गज विद्वान् थे। आपकी ज्ञान गरिमा अपरिसीम थी।

आचार्य श्री प्रभाचन्दजी महाराज

आपकी गृहस्थावस्था १२ वर्ष, दीक्षाकाल १२ वर्ष ११ महीना, आचार्य पद ७४ वर्ष १५ दिन और ९८ वर्ष ११ महीना १५ दिन की पूर्ण आयु थी। विक्रमीय सं० १३१० की पौष सुदी १४ को आपका जन्म हुआ था। इतने दिन की पूर्ण आयु पाकर आपने लोक का परम कल्याण साधन किया था। १२ वर्ष की आयु में आप दिगम्बर साधु बन गये थे।

आचार्य श्री पद्मनन्दीजी महाराज

आप १० वर्ष ७ महीना गृहस्थ रहे, २३ वर्ष ५ महीना दीक्षाकाल में, ६५ वर्ष ८ दिन आचार्य पद पर और ९९ वर्ष ८ दिन की पूर्ण आयु में स्वर्गस्थ हुए थे। वि० सं० १३८५ में पौष सुदी ७ को आपका जन्म हुआ था। घोर संयम का पालन करने के बाद आप संघपति बने। आपकी विद्वत्ता प्रखर थी।

स्व० श्री १०८ दिगम्बराचार्य जी महाराज

श्री १०८ आचार्य पूज्यपाद जी नाम, गृहस्थावस्था १५ वर्ष, दीक्षाकाल ११ वर्ष सात महीना, आचार्य पद ४५ वर्ष और आपकी पूर्ण आयु ७१ वर्ष सात महीना थी। आप विक्रम संवत् ३०८ में हुए थे। आपके द्वारा अनेक ग्रन्थों की रचना हुई थी। दिग्गज विद्वान् और तपस्वी और आप महान् आचार्य हुए।

आचार्य श्री लक्ष्मीचन्दजी महाराज

आप ११ वर्ष तक गृहस्थ रहे, २५ वर्ष तक दीक्षाकाल में, १४ वर्ष ४ महीना ६ दिन तक आचार्य पद पर और ५० वर्ष चार महीना ३ दिन की पूर्ण आयु में स्वर्गस्थ हुए। वि० सं० १०३३ की जेठ वदी १२ को आपका जन्म हुआ था। आप निर्भीक वक्ता और महान् तपस्वी थे। आपने अपने परम तत्त्वोपदेश से जगत का बड़ा उपकार किया। उपरोक्त पांचों आचार्य पद्मावती पुरवाल जाति के सर्वमान्य धर्माचार्य एवं सुगुरु थे। यह सब त्रयोगत वन्दनीय हुए।

मुनि श्री सन्मतिसागरजी महाराज

उत्तर प्रदेशीय एटा जिला के फफोतू नामक ग्राम में आपका जन्म हुआ था। आपके पिता श्री का नाम लाला प्यारेलालजी जैन था। आप दो भाई थे। एटा में आप अपने बहनोई के पास कपड़े का काम करते थे। २० वर्ष की ही अवस्था में आप एटा से सीधे मेरठ पहुँचे। यहाँ परम पूज्य श्री आचार्य विमलसागरजी महाराज संघ सहित विराजमान

थे। उन्हीं से प्रथम ब्रह्मचारी और बाद को क्षुल्लक पद धारण कर गुरुचरणों में ही लीन रहने लगे। १ वर्ष बाद सम्मेदशिखर पर पूज्य आचार्य जी से आपने मुनि दीक्षा ली। तीन वर्ष तक आप अपने सुगुरु संघ में रहे। गत वर्ष बड़बानी में पूज्यपाद श्री आचार्य महावीरकीर्तिजी महाराज तथा परम पूज्य श्री विमलसागरजी महाराज दोनों गुरु-चेला का चतुर्मास हुआ, बाद को आप बड़े आचार्य के संघ में विहार कर गये। अब आप उन्हीं के संघ में है। आपकी तपश्चर्या तथा अध्ययनशीलता सराहनीय है। उभय गुरु और आप तीनों ही बालब्रह्मचारी हैं। अतः त्रयोगत वन्दनीय हैं।

●

श्री बाबा जानकीदासजी [ऐलक]

आप उत्तर प्रदेशीय मैनपुरी जिले के पाढम नामक ग्राम में उत्पन्न हुए थे। पाढ़म एक बहुत प्राचीन बस्ती है। यहाँ पर दो जिनालय हैं। आज से ४० वर्ष पूर्व आप हमारे समक्ष थे। उस समय दि० जैन साधु इधर कम थे आप ठिगने कद के साधु थे। आपने अपने सदुपदेश से अनेक धार्मिक पाठशालायें स्थापित कराईं थीं। समाज के अनेक ग्रामों, नगरों और कस्बों में विहार कर अनेकों को सुचरित्र के पथ पर चलाया। आप एक उच्चकोटि के तपस्वी थे। आपका समाधिमरण टूण्डला में हुआ था। टूण्डला के समाज ने आपके समाधि-स्थल पर एक छतरी का निर्माण कराया।

●

श्री बाहुबली जी महाराज (क्षुल्लक)

आगरा जिलान्तर्गत कोटला नामक ग्राम में आपका जन्म हुआ था। आपके पिता श्री का नाम श्री रामस्वरूपजी जैन था और आपका जन्म नाम राजेन्द्रकुमार जी था। बाल्यकाल में ही आपके समस्त लक्षण तपस्वियों के से थे। पद्मावती पुरवाल समाज के आप एक होनहार बालक जान पड़ते थे। आपकी माता का नाम श्रीमती जानकीदेवी जैन था। पढ़ लिखकर आप जब कार्य क्षेत्र में उतरे तो सांसारिक कार्यों की अपेक्षा धार्मिक कार्यों की ओर अभिरुचि उत्तरोत्तर बढती ही गई।

गृहस्थाश्रम के पश्चात् आपने ब्रह्मचर्य की दीक्षा ली और श्रीपार्श्वकीर्ति जी महाराज के नाम से सुशोभित हुए। यह दीक्षा आपकी पन्ना में हुई। तत्पश्चात् आपने क्षुल्लक दीक्षा सोनागिरि में ली। इसके उपरान्त आपको मुनि पद प्राप्त हुआ और मुनि श्री पार्श्व-सागर जी महाराज के नाम से प्रसिद्ध हुए।

●

ब्रह्मचारी श्री शान्तिकुमार जी महाराज

गृहस्थावस्था में आप का नाम श्री लालू जी जैन था। ग्राम रेमजा जिला आगरा के आप निवासी थे और पद्मावती पुरवाल जाति के थे। आपके पिता श्री का नाम श्री पन्नालाल जी जैन था और माता का नाम श्रीमती दुर्गाबाई।

आपने ब्रह्मचर्य की दीक्षा मिर्जापुर में ली और ब्रह्मचर्यावस्था का नाम श्री शान्तिकुमार हुआ। तत्पश्चात् आपने मुनिपद प्राप्त किया और मुनि श्री सम्भवसागर जी महाराज के नाम से सुशोभित हुए।

स्व० ब्रह्मचारी श्री वासुदेव जी जैन, पिलुआ

आपका जन्म सन् १८९५ में पिलुआ ग्राम में हुआ था। आपके पिता स्व० श्री लखमीचन्द जी जैन अपने समय के प्रतिष्ठित व्यापारी तथा सुप्रसिद्ध ठेकेदार थे। इन्हें आयुर्वेद का भी अच्छा ज्ञान था।

श्री ब्रह्मचारी जी बाल्यकाल से ही सेवा-भावी तथा सुकोमल स्वभाव के होनहार बालक थे। आपका विवाह १० वर्ष की अवस्था में ही श्री चम्पालाल जी की गुणवती सुपुत्री श्रीमती गुणमाला जैन के साथ हो गया था। ३२ वर्ष की अवस्था में आपकी सहधर्मिणी एक विवाहित पुत्री तथा एक दो वर्षीय पुत्री और एक सात वर्षीय बालक को छोड़ कर सदा के लिए आपसे बिछुड़ गई। इस असामयिक वियोग से आपके हृदय में सोया वैराग्य जाग उठा और आपने समाज के पुनर्विवाह के आग्रह को स्वीकार न किया। कलकत्ता निवासी श्री पं० लीलाधर जी शास्त्री के सांनिध्य में कलकत्ता में आपने आयुर्वेद शास्त्र का विधिवत् अध्ययन किया। कलकत्ता की मारवाड़ी समिति ने आपको बाढग्रस्त क्षेत्रों में अन्न वस्त्र, तथा औषधि वितरण के कार्यों का नेतृत्व सौंपा। सेवा के इस सुयोग का आपने बड़ी निपुणता से संवरण किया।

इस प्रकार आप कई वर्षों तक बुगड़ा (बंगाल) तथा मदारीपुर (बंगाल) में औषधि-दान देकर जन-साधारण की सेवा करते रहे। औषधि दान तथा व्रती सेवा आपका ध्येय बन गया था। मदारीपुर निवास काल में आपको साधु सत्संग का बहुत चाव बढ गया था। इसीलिये प्रतिवर्ष कहीं न कहीं साधु वन्दनार्थ चले जाया करते थे। श्री सम्मेदशिखरराज की वन्दनीय यात्रा के समय आप ३-४ मास के लिये योगियों की सेवार्थ वहाँ जाते ही रहते थे। इस प्रकार आपको साधु-समागम, औषध-दान एवं गिरिराज की वन्दना का लाभ एक साथ ही मिल जाया करता था।

४५ वर्ष की अवस्था में आपने मुनि श्री चन्द्रसागर जी महाराज के सांनिध्य में ब्रह्मचर्य व्रत (सप्तम प्रतिमा) ग्रहण किया। आचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज,

ब्रह्मचारी श्री पाण्डे श्रीनिवास जी जैन, फिरोजाबाद

आप समाज की आदर्श आत्माओं में से हैं। आपका सारा ही जीवन समाज-सेवा तथा स्वजाति-हित के लिये अर्पण है। आपके पावन जीवन से समाज की महती सेवा हुई है। आपकी मुँह-बोलती सेवाओं से समाज की दिशाएँ चिरकाल तक गूंजती रहेंगी।

आप न्यायदिवाकर श्री पण्डित पन्नालाल जी के शिष्य हैं। आपने सातवीं प्रतिमा-श्री गणेशप्रसाद जी वर्णी द्वारा ईसरी में ग्रहण की थी। आप एक संस्कारी प्राणी हैं। आठ वर्ष की बाल्यावस्था से ही आपका खान-पान शुद्ध तथा व्यवहार निर्मल रहा है। १०८ आचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज के आशीर्वाद का पूर्ण रीत्यानुसार आपने पालन किया है। आपकी प्रवचन शैली एवं धर्मका सम्यक्ज्ञान आपकी अद्भुत प्रतिभा में चमक उठा है। रतलाम एवं उज्जैन आदि अनेक प्रमुख नगरों में आपके धर्मोपदेशों से जैन-अजैन कितने ही मानवों ने अपने जीवन को सात्विक बना, परम शान्ति प्राप्त की है। आपके जीवन का अधिक भाग स्वाध्याय एवं धर्म-ज्ञान प्राप्त करने में लगा है। धर्म के सम्बन्ध में आपका दृष्टिकोण उदार होते हुए भी स्व परम्पराओं में दृढ़ आस्थावान हैं।

आपने अपने जीवन में समाज-हित के अनेकों रचनात्मक कार्य किये हैं। वर्तमान में भी आप श्री पी० डी० जैन कालेज फिरोजाबाद के अधिष्ठाता पद पर हैं। आपके इस सेवा-काल में कालेज ने प्रशंसनीय उन्नति की है तथा कठिन समस्याओं का समाधान आसानी से निकाला है। आप उदार मन के महान् विचारक तथा सुबुद्धि शील महापुरुष हैं। फिरोजाबाद में नसियाजी व कालेज तथा मन्दिर जी आदि आपके परिश्रम तथा शुभसंकल्पों का सफल परिणाम है। आपके सहयोग से अनेकों संस्थायें लाभान्वित एवं अग्रेसर हुई हैं। मृत संस्थाओं में प्राण डाल देना, यह आपकी दूरदर्शिता एवं सुयोग्यता का ज्वलन्त प्रमाण है। आप सेवा-व्रती धर्मनिष्ठ, साधु-सेवी समाज के गौरवशील पुरुष हैं।

ब्र० श्री सुरेन्द्रनाथ जी जैन कलकत्ता

आप स्वर्गीय श्री बनारसीदास जी जैन के सुपुत्र हैं। बाल्यकाल से ही आप चिन्तनशील प्रकृति के रहे हैं। साधारण शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् आपने व्यवसायिक क्षेत्र में प्रवेश किया। आपका कर्मक्षेत्र कलकत्ता रहा है। लगभग १९२५ में आप कलकत्ता आए और वस्त्र आदि का व्यवसाय आरम्भ किया। आपने अपनी बुद्धि तथा सचाई के बल से आशातीत सफलता प्राप्त की, किन्तु आपका लक्ष्य जीवन में केवल अर्थोपार्जन मात्र ही नहीं था। आप जीवन की वास्तविकता को समझते हुए गृहस्थी की पूर्ति मात्र के लिए व्यवसाय करते थे। आपकी वैराग्यपूर्ण भावना आरम्भकाल से ही आपके साथ रही है। आपका धर्मशास्त्रों के प्रति सदैव आकर्षण रहा है। जैन शास्त्र के आप प्रकाण्ड पंडितों में माने जाते हैं। आपकी सरल एवं सफल लेखनी द्वारा धर्म विवेचन बराबर होता रहा है।

आपका विवाह टूण्डला निवासी श्री शिखरचन्दजी जैन श्री सुपुत्री स्व० विजयादेवी के साथ हुआ था। यह महिला भी धार्मिक वृत्ति की अतिथि सेविका और पूर्ण पतिपरायण थी। इनका स्वर्गवास १९४५ में हो गया।

आपके दो लड़के विमलकुमार जैन तथा निर्मलकुमार जैन हैं। दोनों ही गवर्नमेंट सप्लायर हैं। अपने पिता तुल्य शुद्ध चरित्र के उत्तम स्वभावी कर्मठ युवक हैं।

वर्तमान में श्री ब्रह्मचारी जी उदासीन आश्रम शान्ति निकेतन ईसरी बाजार में सेवा कार्य कर रहे है। आपने सन् १९५१ में ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर लिया था। आश्रम में शिक्षा दान तथा स्वाध्याय में ही आपका समय लगता है। आपका जीवन अत्यन्त शान्त तथा उत्तम भावनाओं से पूर्ण और स्वधर्मका दृढ़ अनुयायी है।

स्व० श्री खूबचन्दजी जैन, वेरनी

एटा जिले के वेरनी नामक ग्राम में सन् १८८९ के आसपास आपका जन्म हुआ था। आपके पिताश्री का नाम पं० उदयराज जी था। खूबचन्दजी के बाल्यकाल में ही बड़े भाई पं० प्यारेलाल का देहावसान हो गया था। पिता ने कपड़े का बहुत बड़ा व्यवसाय बन्द कर दिया और छ महीने बाद स्वयं भी स्वर्ग सिधार गये। व्यापार की सारी रकम डूब गई। पिताजी के तीन महीने बाद बहन सुशीला का जन्म हुआ। एक बहन, चार भाई माताजी और दो विधवा स्त्रियाँ। इतना बड़ा परिवार विधवा माता पर ही निर्भर था। इनके पिता की तेरहीं के दिन अन्य व्यक्तियों के साथ लाला वंशीधर जी भी शिकोहाबाद से आये थे। उन्हें बालक खूबचन्द बड़ा प्रिय लगा। उनके कोई पुत्र नहीं था। अतः उन्होंने इस बालक को गोद लेने की अभिलाषा व्यक्त की। माता ने किसी भी बालक को किसी को देने से स्पष्ट मना कर दिया किन्तु शिक्षित बनाने के लिए किसी भी लड़के को ले जा सकते है। ला० वंशीधरजी खूबचन्द को शिकोहाबाद ले गये। पांच वर्ष में इन्होंने वहाँ की शिक्षा समाप्त करली। खूबचन्द ने खुर्जा में पढ़ने के बाद बनारस विश्वविद्यालय की प्रथमा परीक्षा सन् १९०४ में पास की।

उन्हीं दिनों पं० धन्नालालजी और पं० गोपालदासजी वरैया के सतत प्रयत्न से सेठ माणिकचन्दजी जे० पी० ने एक संस्कृत पाठशाला खोली और बोर्डिंग हाल में मेधावी छात्रों के लिए कुछ कमरे सुरक्षित कर दिए। मेधावी छात्रों में खूबचन्दजी की ख्याति थी। अतः इन्हें बम्बई पढने को बुलाया गया, जहाँ इन्होंने सिद्धान्त कौमुदी, सपरिष्कार पूरी की। वहाँ इन्होंने दो परिक्षायें एक साथ दी और दोनों में सर्व प्रथम आये। सन् १९०८ में कुण्डलपुर में दि० जैन महासभा का अधिवेशन हुआ, जिमें पं० धन्नालालजी के साथ पं० खूबचन्दजी भी गये। वही खूबचन्द बालक कालान्तर में पं० खूबचन्द बन गये। पं० गोपालदासजी इनके व्यक्तित्व, वाग्चातुर्य और तर्कशैली से अत्यन्त प्रभावित हुए। खूबचन्दजी को वह अपने साथ मोरैना पढ़ने के लिए ले गये। खूबचन्दजी को स्कालर शिप बम्बई बोर्डिंग से मिलती थी।

जैन विद्वन्मण्डल खूबचन्दजी की विद्वत्ता से प्रभावित था। पं० गोपालदासजी इन्हें अपने साथ ही रखते थे। पं० गोपालदासजी को ऐसा दृढ़ विश्वास हो गया कि यदि यह छात्र ब्रह्मचारी रहकर विद्या और धर्मका प्रसार करे तो समाज का बड़ा कल्याण हो। पं० गोपालदासजी भिण्ड से वेरनी ग्राम जा पहुँचे और खूबचन्दजी की माता से बोले—"मैं आपसे एक वस्तु मांगने आया हूँ?" माता ने कहा—"मेरे यहाँ ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जो आपको अदेय हो।" पं० गोपालदास ने कहा—"मुझे खूबचन्द चाहिये। मैं चाहता हूँ कि वह विवाह न करे और मेरे पास रहकर पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके साधु बन जाये।" माता कांपगई, बाद को संयत होकर बोली—"समाज कल्याण के लिए मेरे तीनों बेटे आपके हैं, आपको देने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है।" पं० गोपालदासजी का मनोरथ पूर्ण हुआ। प्रसन्न मुद्रा में अपनी भिण्ड की दूकान पर चले गये। खूबचन्द जब दूकान पर आये, तो पं० गोपालदास कुछ गुन-

गुना रहे थे। इन्हें रसिया बनाने और गाने का बड़ा शौक था। पं० जी प्रसन्न मुद्रा में गा रहे थे :—

खूबा तू हैजा बैरागी, तेरे घर के सब राजी।
मैया राजी, मैया राजी, अब तो तू हैजा राजी॥
खूबा तू हैजा बैरागी····

खूबचन्द ने पं० जी को एक पत्नीव्रत का आश्वासन दिया। उन्हीं दिनों छतरपुर महाराज ने गुरु गोपालदासजी को प्रवचन सुनने के लिए अपने यहाँ बुलाया। साथ में खूबचन्द जी भी गये। प्रवचन से महाराज बड़े प्रसन्न हुए और भेंट स्वरूप चांदी के एक बड़े थाल में एक सहस्र रुपया, एक दुशाला और एक पगड़ी रखकर गुरुजी को समर्पित की। इतनी बड़ी भेंट और समादर पूर्वक, इसके प्रलोभन से विरला ही व्यक्ति विरत हो सकता है। यह लोभ संवरण आसाधारण त्याग कहलाता है। दूसरी ओर राज-अपमान का भी दोष हो जाता है, जिससे राजा का कोप भाजन भी बनने का भय रहता है। तथापि पं० गोपालदास ने चातुर्य पूर्ण विनम्र शब्दों में कहा—"महाराज! भेंट स्वीकार करने का अधिकारी ब्राह्मण ही होता है, मैं तो वैश्य हूँ। यदि मैं भेंट ले लेता हूँ तो यह मेरा कार्य शास्त्र मर्यादा के विपरीत होगा और मैं पाप का भागी हो जाऊंगा। राजा प्रसन्न हो गये। घर आने पर जब खर्च का हिसाब लगाया गया, तो कुछ रुपया बढा मिला। पता लगाने पर ज्ञात हुआ कि एक लड़के का आधा टिकेट नहीं खरीदा गया है, उसी से यह रुपया बचा है। उस लड़के की उम्र आधे टिकेट से दो-तीन महीने अधिक हो चुकी थी और उसका टिकट लेना उचित था। इस पर गुरुजी बड़े अप्रसन्न हुए और मनीआर्डर द्वारा आधी टिकेट का रुपया रेलवे बोर्ड को बम्बई भेजवा दिया।

उपरोक्त दोनों घटनाओं का प्रभाव पं० खूबचन्द के जीवन पर आजीवन परिलक्षित होता रहा। सन् १९०९ व १० के मध्य खूबचन्दजी ने गुरु गोपालदास के आदेश से न्यायदीपिका का अनुवाद किया। यह उनका सर्व प्रथम अनुवाद था। सन् १९१० के समय पं० खूबचन्द का विवाह जाविची देवी के साथ हो गया। तत्पश्चात् वह कुछ दिन मोरेना और बनारस में रहकर बम्बई चले गये। शिक्षा प्राप्ति के बाद उन्होंने यह प्रतिज्ञा की कि किसी भी सार्वजनिक संस्था मे नौकरी नहीं करेंगे। इस प्रतिज्ञा को उन्होंने आजीवन सजीव रखा। बम्बई में उन्होंने रुई और चांदी की दलाली पं० धन्नालालजी की सम्मति से आरम्भ की जिसमें उन्हें आशातीत सफलता मिली। उन्हीं दिनों उन्होंने गोम्मटसार जीवकाण्ड की बड़ी सरल हिन्दी में व्याख्या की। यह अनुवाद आज भी छात्रों के उपयोग में आ रहा है।

"सत्यवादी" नामका उन्होंने एक मासिक पत्र भी निकाला, जिसकी सुस्पष्टता और सर्व-साधारण के बोधगम्य हिन्दी की पं० नाथूरामजी प्रेमी मुक्त कंठ से प्रशंसा किया करते थे।

सन् १९१८ में गुरु गोपालदास का स्वर्गारोहण हो गया। इस समय तक मोरेना में विद्यालय स्थापित हो अच्छी ख्याति अर्जित कर चुका था। जैन समाज में इसकी शिक्षा का प्रमाण पत्र सर्वोपरि मान्य समझा जाता था। इस विद्यालय को शोलापुर के दानवीर सेठ हरी भाई देवकरण ने ३८ हजार और सर सेठ हुकुमचन्दजी ने दस हजार रुपये प्रदान किए थे, जो उन्हीं के यहाँ जमा रहा करते थे और उस पूंजी का ब्याज विद्यालय को मिला करता था। गुरु गोपालदास के मरने के उपरान्त उभय स्रोतों का ब्याज बन्द हो गया। मोरेना विद्यालय का अधिवेशन इन्दौर में हुआ और उसमें पं० खूबचन्दजी भी गए। अधिवेशन में उक्त रकम का प्रश्न उठा तो दातारों ने कहा कि गुरुजी के जीवन पर्यन्त ही ब्याज देने की बात थी। दूसरे दाता ने कहा—जब एक ने बन्द कर दिया तो हम ही क्यों दें। बहुत तर्क वितर्क के पश्चात् सेठ हरी भाई ने एक आड़ (शर्त) कि विद्यालय को हाईस्कूल बना दिया जाय—देना स्वीकार किया। किन्तु यह बात स्वीकार न की गई। पुनः उन्होंने आड़ यह लगाई कि—यदि गोपालदासजी के प्रिय शिष्य श्री खूबचन्दजी विद्यालय को संभालें तो पुनः ब्याज दिया जा सकता है। खूबचन्दजी प्रतिज्ञा बद्ध थे कि सार्वजनिक संस्था में रहकर वेतन नहीं लेंगे। अनेक व्यक्तियों के साग्रह अनुरोध को पं० खूबचन्द अवहेलित न कर सके और अन्ततः अवैतनिक मंत्रित्व स्वीकार करना ही पड़ा।

आप पांच वर्ष तक मोरेना रहे। उभय सेठों की सहायता चालू कराई, विद्यालय के व्यवस्थाकारों के लिए मकान बनवाया, छात्रों को कृषि सिखाने के हेतु [illegible] बीघा जमीन ग्वालियर शासन से प्राप्त की, कुआँ बनवाया, एक लाख से अधिक ध्रुव फंड एकत्र किया, विद्यालय का आन्तरिक मनोमालिन्य दूर किया, विद्यालय के साथ गुरु गोपालदास का नाम जोड़ा गया, विद्यालय में उच्चकक्षाओं के लिये १०० से अधिक बाहर के छात्रों का प्रबन्ध कराया। सन् १९२३ या २४ में आप पुनः बम्बई चले गए। वहाँ भी, शक्कर और कपड़े की दुकान की। कई वर्ष बाद दुकान बन्द करके इन्दौर चले गये और सन् १९३० में सर सेठ हुकुमचन्द के यहाँ नौकरी कर ली। यहाँ पर आपने महान् सिद्धान्त ग्रन्थ धवलादि का संशोधन किया और नागरी लिपि में ताम्रपत्रों पर अंकित कराया। सन् १९५[illegible] के करीब आप पुनः इन्दौर गये। और वहीं स्थाई रूप से बस गये तथा अन्त तक वहीं रहे।

आपको अनेक उपाधियां मिली थीं, जिनमें कुछ इस प्रकार हैं—(१) विद्यावारिधि की उपाधि जयपुर से (२) स्याद्वाद वाचस्पति की उपाधि, महासभा इन्दौर से, धर्म दिवाकर

की उपाधि निवाई राजस्थान से प्राप्त हुई। इस देश का समस्त जैन समाज आपको बड़ी ऊंची दृष्टि से देखता था। बम्बई-छात्रावस्था में वहाँ के चैत्यालय में आपने अष्टमूलक गुण और यज्ञोपवीत धारण किया था (१) पर्यूषणपर्व के अवसर पर आपने एक पत्नीव्रत लिया (२) महासभा कोसी के अधिवेशन में आपने त्रिकाल-सामायिक करने का नियम लिया (३) सन् १९५७ में आपने सप्तम प्रतिमा और आपकी पत्नी ने पंचम प्रतिमा का व्रत लिया।

स्वर्गवास के दिन आपने प्रातः काल ही सामायिक की और हाथ कुर्सी पर वैठकर मंदिरजी गये, दोपहर को आपने अपने पास से सबको हटा दिया। शाम की सामायिक की। उनकी परिचर्या में केवल देहली निवासी पं० सुखानन्द जी ही रहे। एकबार लघुशंका के लिये उन्हीं के सहारे मोरी तक गये। शुद्धि की और धोती बदली, गद्दे इत्यादि सब हटवा दिए। एक बार वेहोशी आई, होश में आनेपर वक्ष पर पड़ी हुई माला टटोल कर उठाई और फेरने लगे। एक बार तो "अरहंत सिद्ध" शब्द सुनाई दिया और तत्काल ही "अरहम" के मकार के साथ ही ऐहिक पर्याय समाप्त हो गई। आपको अपने स्वर्गारोहण की बात पहले ही ज्ञात हो गई थी।

खूबचन्द्र जी की कुछ कृतियाँ इस प्रकार हैं:—(१) न्याय दीपिका—यह ग्रंथ सन् सन् १९१३ में प्रकाशित हुआ था। (२) गोम्मटसार जीव काण्ड—सन् १९१६ में प्रकाशित हो चुका है और छात्रों के काम में आ रहा है। (३) अशग कविकृत-महावीर पुराण—हिन्दी अनुवाद कथा रूप में सूरत से प्रकाशित हुआ है। (४) रत्नत्रय चन्द्रिका—प्रथम भाग खूबचन्द जी की यह महान कृति है। प्रवेशिका में पढाये जानेवाले श्रावकाचार के प्रथम ४० श्लोकों का यह महान् भाष्य है। ४१४ पृष्ठों में यह महावीर जी से प्रकाशित हुआ है। (५) सम्यग्दर्शन स्तोत्रम्—इसमें सम्यग्दर्शन स्तुति हैं और संस्कृत के छन्दों में हैं। रत्नत्रय चन्द्रिका के आदि भाग मे ही इसे जोड़ दिया गया है। (६) रत्नत्रय चन्द्रिका द्वितीय भाग—यह अधूरा ग्रन्थ हस्त लिखित है। प्रेस कापी पं० खूबचन्द्र जी की लायब्रेरी में सुरक्षित है। (७) आदि पुराण समीक्षा—इसमे आदि पुराण की सैद्धान्तिक समीक्षा की गई है। यह अप्रकाशित है। (८) आध्यात्मिक भजनों का संग्रह—यह चन्द्रनाम से लिखे गये हैं और अप्रकाशित हैं। (९) अनगार धर्मामृत आदि ग्रन्थों के हिन्दी अनुवाद। इनके अतिरिक्त दो मासिक पत्रिकाएँ भी निकाली जो इस प्रकार से हैं। (१) सत्यवादी और (२) श्रेयोमार्ग।

यदि इनकी विशेषताएँ विस्तृत रूप से लिखी जातीं तो एक अनुकरणीय उपादेय ग्रन्थ हो जाता।

स्व० श्री पं० गौरीलालजी जैन सिद्धान्तशास्त्री, वेरनी

एटा जिले की जलेसर तहसील में "वेरनी" नामक एक छोटा सा ग्राम है। उन्नीसवीं शताब्दी में वहाँ शिवलाल नामक एक सदाचारी गृहस्थ रहा करते थे। उनके घर से सटा हुआ ही जैन मंदिर था। देव-दर्शन, पूजन-प्रक्षालन और स्वाध्याय करना उनके प्रतिदिन के कर्तव्य थे। प्रत्येक अष्टमी, चतुर्दशी, अष्टान्हिका व दशलक्षण पर्व पर बाहर से आये हुए और स्थानीय जैनियों को शास्त्र सुनाया करते थे। इसलिए उन्हें पंडित कहा जाता था। उनके घर में कण्डे व उपले नहीं जलाये जाते थे। लकड़ियाँ धोकर और सुखाकर जलाई जाती थीं। जमीकंद या बैंगन नहीं खाया करते थे। चौके में धार बांध कर पानी नहीं दिया जाता था। जो स्त्री चौके में भोजन बनाने जाती थी, उसी दिन की धुली हुई धोती पहन कर चौके में जाती थी और जब तक पं० गौरीलाल भोजन नहीं कर जाते थे, चौके के बाहर नहीं आ पाती थी। कदाचित किसी कारणवश उसे बाहर आना भी होता था तो दुबारा धोती धोकर गीली ही पहन कर चौके में जाना होता था।

आजकल का युवक इन बातों को डिम्भ और पाखण्ड बतलायेगा, किन्तु उस युग में ब्राह्मण-वैश्य समाज में बड़ी ही पवित्रता बरती जाती थी। घर में इतना शुद्ध भोजन बनता था कि कोई व्रती-मुनि तक अकस्मात् आजाने पर जाति के हर घर में भोजन कर सकता था। उसके लिये चौकी की विशेष व्यवस्था नहीं करनी पड़ती थी।

ऐसे धर्मात्मा सद्‌गृहस्थ पं० शिवलाल के दो पुत्र हुए। बड़े पुत्र का नाम रामलाल जी और छोटे पुत्र का नाम उदयराज जी। इन दोनों भाइयों के समय में भी इस घर में पूरी धार्मिक मर्यादा अक्षुण्ण बनी रही। दोनों ही भाई धार्मिक क्रियाओं को करते हुए कपड़े का व्यवसाय करते रहे। श्री रामलाल जी के दो पुत्र और तीन पुत्रियाँ उत्पन्न हुईं। बड़े का मनीराम और छोटे का गौरीलाल नाम था। श्री उदयराज जी के पाँच प्यारेलाल, सोनपाल, वंशीधर, खूबचन्द और नेमचन्द नामक के पुत्र हुए। पहले प्यारेलाल और उनके शोक में कुछ ही समय बाद उदयराज जी स्वर्गस्थ हुए। श्री गौरीलाल जी का जन्म सात ही महीने में हुआ था। रुई के गालों पर पाले जाते थे। इन्हें हाथ से कोई नहीं उठा सकता था, इतने कमजोर थे। परन्तु आयुर्बल बहुत बड़ा था।

जब कुछ वयस्क हुए तो यह वेरनी के शासकीय स्कूल में शिक्षा के लिए भेजे गये। उसके बाद अलीगढ़ में पढ़े। परन्तु यहाँ न्याय, व्याकरण और साहित्य आदि विषयों की उच्च शिक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं था। गौरीलाल जी समस्त वाङ्मय हृदयंगम करना चाहते थे। अतः इन्हें बनारस अध्ययनार्थ भेजा गया। यहाँ इन्होंने सभी विषयों-खासकर व्याकरण का गंभीर अध्ययन किया। उसके बाद आपने दिल्ली में रहना आरम्भ किया और यहीं कपड़े का व्यवसाय किया। कुछ दिन तक जवाहरात का भी कार्य किया। स्टेशनरी की भी दूकान की, वह अपने भतीजे को दे दी। उसके बाद जलेसर में आकर एक सूत की दूकान खोली और खादी का भी काम किया। आपको दो तीन बच्चे हुए, पर जिये नहीं।

पत्नी भी आपके जीवनकाल में ही स्वर्गस्थ हो गई थीं। बाद को दिल्ली में एक प्रिंटिंग प्रेस भी खोला गया था।

आप अपनी दूकान पर ही अनेक गृहस्थों को धर्मशास्त्र पढ़ाया करते थे। उन्होंने भा० द० दि० जैन परीक्षालय का मंत्रिपद २४ वर्ष तक संभाला और भा० द० दि० जैन महाविद्यालय के मंत्री भी रहे। संवत् १९७२ में आपने पद्मावती पुरवाल जाति की जनगणना भी कराई और स्त्री, पुरुष, बालक, वृद्ध, पढ़े, अपढ़, विधवा, सधवा, विवाहित, अविवाहित आदि सबका पूरा विवरण तैयार किया। इस जनगणना को पुस्तकाकार में भी प्रकाशित कराया गया।

आप खण्डेलवाल और अग्रवालों के सम्पर्क में अधिक रहा करते थे। इन जातियों मे गोत्र व्यवस्था है। यह बात गोरीलाल जी को बहुत खटकी कि हमारी जाति में गोत्र व्यवस्था नहीं है। यह कार्य बड़ा श्रम और और व्यय साध्य था तथापि आपने उसे पूरा किया। पहले इस जाति में भी गोत्र व्यवस्था थी और वर्धा, नागपुर, भोपाल आदि के पुरवालों में अभी भी है। उत्तर प्रदेशीय पुरवालों में यह व्यवस्था विशृंखलित हो गई थी, जिसे गोरीलाल जी ने पुनः प्रचलित किया। नहीं तो यह जाति अपने गोत्र ही भूल जाती। तथापि उत्तर और दक्षिण वाले पुरवालों में वैवाहिक सम्बन्ध गोत्रादि बाधा के कारण नहीं हो पाते।

आप मुनि संघ में अधिक रहा करते थे। आपने देहली में एक ला विभाग भी खोला था, जिसके द्वारा इंगलिश में जैन ला लिखवा कर प्रकाशित कराया। उससे जैनियों के उत्तराधिकार के मुकदमों में काफी मदद मिलती है। आपको "जाति भूषण" 'सिद्धान्त शास्त्री" और धर्म दिवाकर आदि की पदवियां भी मिली थीं। आचार्य शान्तिसागर जी महाराज से आपने सप्तम प्रतिमा का व्रत लिया था। आपने रत्नकरण्डश्रावकाचार का हिन्दी अनुवाद किया। उसके साथ आचार्य प्रभाचन्द्र जी महाराज की संस्कृत टीका भी जोड़ी गई और श्लोक के सभी शब्दों की संस्कृत भाषा में आपने स्वयं निरुक्ति लिखी। आप एक अच्छे लेखक भी थे। "जैन सिद्धान्त" नामक एक पत्र भी आपके सम्पादकत्व में प्रकाशित हुआ था। आप बड़े विनोदी प्रकृति के व्यक्ति थे। बच्चों में बच्चे और विद्वानों में विद्वान् थे। आपका जीवन बड़ा परोपकारी था।

न्यायदिवाकर स्व० श्री पन्नालाल जी जैन, जारखी

आपका जन्म ग्राम जारखी तहसील एत्मादपुर जिला आगरा में हुआ था। आपके पिता श्री का नाम झरंगदलाल जैन था। मध्यमवर्ग का पवित्र परिवार था। आपके पिता अपने व्यवसाय के साथ साथ पंडिताई भी करते थे। जन साधारण को लग्न, मुहूर्त, तिथि. वार आदि शुभाशुभ बता दिया करते थे। यह बात उस समय की है, जब कि ग्रामों में शिक्षा के साधन बहुत अल्प थे। यातायात के परिवहन बहुत सीमित और व्यवसायिक क्रम विकास का आरम्भकाल था। पंडित जी को भाषा का ज्ञान था और उसी के साथ धार्मिक श्रद्धान भी। अल्पायु में ही श्री पन्नालाल जी का ब्याह हो गया था। वयस्क होने पर पिता को गृहकार्य में सहायता की आशा स्वाभाविक ही थी। किन्तु पन्नालाल जी इस ओर से उदासीन थे।

एक दिन आपके पिता जी आप पर क्रोधित हो गये। इस पर आप रुष्ट होकर घर से भाग गये। उन दिनों वाराणसी में ऐसे अनेक विद्यापीठ थे, जहाँ निःशुल्क शिक्षा दी जाती थी और धर्म परायण लोग विद्यार्थियों को भोजन भी दिया करते थे। यह संस्थायें अजैन, अर्थात् शैव किंवा वैष्णव हुआ करती थीं। जैन सिद्धांत और दर्शन यहाँ नहीं पढाये जाते थे। ऐसे ही एक गुरुकुल में आप प्रवेश पा गये। कुशाग्र बुद्धि तो थे ही, मनोयोग पूर्वक आपने खूब अध्ययन किया। अल्प समय में ही साहित्य व्याकरण, न्याय और ज्योतिष में प्रवीण हो गये। इनकी प्रतिभा से गुरुजी बड़े प्रसन्न रहते थे। यदा कदा इनसे सम्मति भी लिया करते थे।

एक बार इनके गुरुजी का जैनियों के साथ शास्त्रार्थ होना था। इसके लिए गुरुजी ने एक प्रवचन तैयार किया था। प्रवचन पन्नालाल जी को देकर उन्होंने इनकी सम्मति मांगी। इस समय तक यह धारा प्रवाह संस्कृत बोलने लगे थे। जैनधर्म का आपको प्रगाढ़ ज्ञान था ही। उस लेख को पढकर इन्होंने गुरुजी से कहा कि इन तर्कों में कोई आधारभूत तथ्य नहीं है। किये गये प्रश्नों के उत्तर बहुत सरल और साधारण है, जिनके प्रत्युत्तर नहीं हैं। गुरुजी के पूछने पर इन्होंने जब तर्क बतलये, तो गुरुजी आश्चर्य चकित होकर बोले— "पन्ना, तू जैनी जान पड़ता है?" इन्होंने बड़ी नम्रता पूर्वक गुरुजी के चरण छूकर जैनी होना स्वीकार कर लिया।

गुरुजी कुपित होकर बोले—"तूने मेरे साथ कपट किया है। यहाँ से इसी क्षण चला जा।" अगले दिन आपने गुरुजी से विदा ली। गुरुजी को अपने प्रिय शिष्य से विलग होने का महान् दुःख था। किन्तु उस वातावरण में न गुरुजी रख सकते थे और न यह रह ही सकते थे। गुरुजी ने गद्गद हृदय से विदाई दी और आशीर्वाद दिया। विदा देते हुए आदेश दिया कि—किसी ब्राह्मण से कभी भी तर्क या शास्त्रार्थ मत करना।" गुरुजी के इस आदेश को पं० पन्नालालजी ने आजन्म निभाया। वहाँ से विदा लेकर पं० पन्नालालजी घर लौटे। दीर्घकालीन विछोह के बाद परिवार से सम्मिलन हुआ, तो परिवार प्रसन्न हो उठा।

कुछ दिन-बाद किसी ने आकर इनसे मुहूर्त पूछा, तो आपने मौखिक ही बतला दिया। पिताजी ने कहा कि पंचांग बिना देखे ही मुहूर्त बता दिया, अशुद्ध हो तो ? इन्होंने उत्तर दिया कि—किंचित् मात्र अन्तर नहीं आ सकता।" पिता ने जब पंचाङ्ग देखा, तो मुहूर्त बिल्कुल ठीक था।

इन्हीं दिनों हाथरस का मेला हुआ। उसमें चारोंओर के जैन परिवार सम्मिलित हुए। इनका भी परिवार गया था। योजनानुसार एक दिन आर्य समाज के विद्वानों से शास्त्रार्थ का भी कार्यक्रम था। एक विशाल मंच पर कुछ आर्यसमाजी विद्वान् उपस्थित थे। उनसे वाग्ययुद्ध के लिए कुछ जैन गृहस्थ भी एकत्र हुए थे। जैन गृहस्थों को धर्म का ज्ञान तो था किन्तु संस्कृत के ज्ञान का अभाव था। शास्त्रार्थ आरम्भ हुआ। दर्शकों की आपार भीड़ को पार करके पं० पन्नालालजी भी मंच पर पहुँच गये। दिव्य शरीर, प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व देखकर सब लोग चकित थे कि यह कौन है ? जैन विद्वान् बहुत सोच समझ कर समाजियों के उत्तर दे पाते थे। किन्तु पंडितजी ने पहुँचकर धारा प्रवाह संस्कृत में तर्कों का उत्तर देना आरम्भ किया। जहां प्रश्न हुआ कि पंडितजी ने उसका तत्काल सप्रमाण उत्तर दिया और अपना प्रश्न उनके सामने रख दिया।

पढ़े अनपढ़े यह सभी लोग भांप लेते थे कि किसका प्रश्न और उत्तर ठीक है। अन्त में समाजी लोग निरुत्तर होकर चले गये। अब भीड़ ने पंडितजी को घेर लिया। परिवार और ग्राम वालों को अपार हर्ष हुआ। पिता के आनन्द का तो कहना ही क्या था। अब सेठों में होड़ लग गई कि पंडितजी को कौन अपने यहाँ ले जाय। इस समस्या का समाधान पंडित जी ने तत्काल ही कर दिया। उन्होंने कहा कि जो सेठ मुझे पालकी में बैठा कर स्वयं अपना कन्धा लगाकर ले जा सके, ले जाय। इस कठिन परीक्षा में सेठ जम्बूप्रसाद सहारनपुर ही सफल हो सके।

अब पंडितजी का निवास स्थान सहारनपुर हो गया और यहीं से उनकी प्रतिभा का प्रकाश फैला। आज दिन सहारनपुर मे जो धर्म की प्रभावना है, उसके मूल मे पंडित पन्नालाल न्यायदिवाकर की बहुत बड़ी देन है। अन्तिम दिनों में पंडितजी फिरोजाबाद आकर बस गये जहाँ उनकी विशाल हवेली आज भी खड़ी है। इनके तीन पुत्र और एक पुत्री हुई। केवल बड़े पुत्र के ही सन्तान है।

पंडितजी को एक बार किसी मुकदमे मे जैनधर्म के प्रमाण के निमित्त अदालत में जाना पड़ा। न्यायाधीश ने प्रमाण के ग्रन्थों को न्यायालय में मंगाया तो पंडितजी ने कहा

कि जब सम्माननीय व्यक्ति का बयान कमीशन से होता है तो जैनधर्म के ग्रन्थ तो महान् पूजनीय हैं, उनको न्यायालय में कैसे लाया जा सकता है।

एक बार अन्य किसी विद्वान् ने पंडितजी से शास्त्रार्थ करने की इच्छा व्यक्त थी। उन्होंने एक श्लोक पढ़ा, जिसका अर्थ यह था कि—साहित्य, व्याकरण, न्याय और ज्यौतिष इनमें से किस विषय पर आप शास्त्रार्थ करना चाहते है ? उनकी बात सुनकर उस विद्वान् ने कहा—बस महाराज ! जैसा आपको सुनते थे, आप उससे भी अधिक विद्वान् हैं। बादको आपको "न्याय दिवाकर" की उपाधि से विभूषित किया गया। एक बार एक अन्य व्यक्ति ने उनसे प्रश्न किया कि महाराज ! सिद्ध शिला तो परिमेय, परिमाणित है, उसमें अपरिमेय अनन्तानन्त सिद्ध कैसे रह रहे है ? पंडितजी ने कहा—"लगातार बातें सुनते रहे हो और सुनते भी रहोगे तथापि तुम्हारे कान खाली के खाली ही बने रहते है। इस युक्ति से विद्वान् बड़ा प्रसन्न हुआ।

फिरोजाबाद के जैन मेले में फिर एक बार आर्य समाजियों ने पंडितजी से शास्त्रार्थ करने की सूचना दी। विषय मूर्ति पूजा का रखा था। समाजी लोग मूर्ति पूजा के विरोधी थे। उन दिनों मथुरा से दयानन्दजी सरस्वती की तस्वीर के छपे हुए दुपट्टे बहुत बिका करते थे और आर्य समाजी लोग सन्ध्या वन्दन के समय उन दुपट्टों को ओढ़ लिया करते थे। यह बात पंडितजी को मालूम थी कि—

ओढ़ दुपट्टा पूजा करते विद्वद्वर आर्यसमाजी।
देवी देव मूर्ति पूजा पर नित करते है एतराजी॥

पंडिजी को ज्ञात हुआ कि फिरोजाबाद में श्री बाबूरामजी पल्लीवाल बजाज के यहाँ ऐसे दुपट्टों की एक गांठ आई हुई है। पंडितजी ने बहुत से दुपट्टे मंगाये और कुछ तो मंच पर बिछवा दिये, जहाँ कि विद्वान् लोग शास्त्रार्थ के लिए बैठेंगे और कुछ बीच के रास्ते में जहाँ से होकर लोग मञ्च पर जायंगे, वहाँ कपड़ों की तरह बिछवा दिये। दोनों ओर पंक्ति बद्ध लोगों को खड़ाकर दिया स्वागत के लिए। जैसे ही आर्यसमाजी विद्वान् लोग पधारे कि लोगों ने बड़ी विनम्र अगवानी करते हुए वही दुपट्टों वाला मार्ग बता दिया। उनका ध्यान दुपट्टों पर पड़ा तो विचारे बड़े असमञ्जस में पड़ गये। शास्त्रार्थ के प्रश्न का मूर्तिमान उत्तर पाकर तत्काल पश्चात्पद लौट गये। पंडितजी वस्तुत :—

विद्वान थे, गुरुज्ञान थे, सम्मान, ध्यान, महान थे।
कल्यान प्रान सुजान थे, शुभ धर्म के अवदान थे॥

श्री बाबू नेमीचन्दजी गुप्ता, मोरेना

समाज के वयोवृद्ध नेता माननीय श्री बा० नेमीचन्दजी गुप्तका जन्म आज से ७२ वर्ष पूर्व श्री उदयराजजी जैन बेरनी के घर हुआ। स्व० श्री उदयराजजी जैन अपने समय के आदर्श जन सेवक हो चुके है। श्री नेमीचन्दजी जैसे मेधावी बालक को पुत्र रूप में प्राप्त कर आपने अपार हर्ष मनाया और इनकी शिक्षाका समुचित प्रबन्ध किया। श्री नेमीचन्दजी ने भी अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और अनुपम स्मरण-शक्ति के कारण शिक्षा-क्षेत्र में आश्चर्य जनक सफलता प्राप्त की और शीघ्र ही बी० ए० एल० एल० बी० की उच्च शिक्षा से विभूषित हो गए।

आपकी सारी शिक्षा अँग्रेजी के माध्यम से होने पर भी आपका अपनी संस्कृति के प्रति अनुराग यथावत् बना हुआ है। वकालत को आपने जीविका के रूप में स्वीकार किया, किन्तु अपने निजी जीवन में आप शुद्ध और सात्विक तथा सत्यप्रिय बने रहे। आपका सेवाभावी जीवन व्यस्त रहने पर भी समाज-सेवा के लिए सदैव तत्पर रहा है। बाल्यावस्था से ही आपमें स्व समाज को उन्नत तथा समृद्ध देखने की लालसा है। समाज से निरक्षरता को मिटाने का प्रयास आपके जीवन में बराबर बना रहा। समाज के होनहार बालकों को छात्रवृत्ति बांटने का क्रम आप बराबर अपनाए हुए हैं तथा उसके लिए प्रतिक्षण प्रयास करते रहते हैं। आपने दुःख भरे क्षणों में भी समाज-सेवा के व्रत को अक्षुण्ण रखा है।

समाज-सेवा में दत्तचित्त अनेकों संस्थाओं के आप प्रधान तथा मन्त्री और सदस्य रहे हैं। पद्मावती पुरवाल महासभा के आप प्रधान मन्त्री भी रह चुके हैं। आपने अनेकों संस्थाओं का पोषण कर उनको दीर्घ जीवी बनाया है।

आप दहेज प्रथा के पूर्ण विरोधी है। दहेज की दावानल को शान्त करने के लिए आपने अनेकों बार उत्तम सुझाव दिए तथा सारगर्भित और सामयिक लेख भी लिखे हैं।

आपकी धर्मपत्नी सुश्री प्रभावी गुप्ता, धार्मिक विचार युक्त आदर्श गृहणी है। आप भी अपने पतिदेव की भांति शान्त और गम्भीर तथा कष्ट सहिष्णु साहसी महिला है। आपके दो सुपुत्र चिरंजीवी जगदीशचन्द्र गुप्ता तथा चिरंजीवी शरतचन्द्र गुप्ता क्रमशः इन्टर और मैट्रिक तक शिक्षित हैं तथा "गुप्तास्टोर" और "गुप्ता ब्रदर्स" फर्मों का संचालन कर रहे है।

श्री लालबहादुरजी जैन शास्त्री एम. ए., पी. एच. डी., इन्दौर

श्री लालबहादुरजी शास्त्री जैन समाज के शीर्षस्थ विद्वानों में से हैं। आप एक सफ
लेखक, कुशल कवि एवं प्रभावशाली वक्ता है।

आपके पितामह श्री लाला शिखरचन्दजी पमारी (आगरा) निवासी थे। श्री शिख
चन्दजी के पुत्र हुये-श्री रामचरणलाल एवं हरचरणलाल। शास्त्रीजी श्री रामचरणलाल
के सुयोग्य सुपुत्र हैं। श्री शास्त्रीजी का जन्म "लालरू" (कालका के पास पंजा
में हुआ। उन दिनों आपके पिता लालरू में स्टेशन मास्टर थे। अतः लालरू में जन
होने से ही आपके पितामह ने आपका नाम 'लालबहादुर' रक्खा और तब से आप इसी ना
से विख्यात हैं। लगभग पाँच वर्ष की आयु में आपको अपनी माता का वियोग सहना पड़
था। अभी माता की यादें मिटी भी न थीं कि तीन वर्ष बाद ही आपके पिताश्री भी च
बसे। निराश्रित बालक केवल हिन्दी पढ़ लिख सकता था। आपकी बड़ी बहिन श्री विद्याव
जी पिताजी के देहान्त से पूर्व ही विधवा हो चुकी थी। अब केवल भाई-बहिन ही एक दूस
के अवलम्ब थे। आपकी बहिन ने जो वर्तमान में अजमेर में सर सेठ भागचन्दजी सा
की सौभाग्या मातेश्वरी की स्मृति स्वरूप चलने वाले कन्यापाठशाला की प्राधानाध्यापिका हैं,
पं० श्रीलालजी काव्यतीर्थ की मदद से आपको महासभा के महाविद्यालय में पढ़ने भेजा।
वहाँ आप छः वर्ष पढ़े। उसके बाद आप मोरेना आगये। आपकी गणना प्रतिभाशाली छात्रो
में की जाती थी। आप वर्षों वहाँ जैन सिद्धान्त प्रचारिणी-सभा के मन्त्री तथा जैन सिद्धान
पत्रिका के सम्पादक रहे। कविता करने की प्रतिभा आपमें वहीं से प्रस्फुटित हुई। उन दिनो
मोरेना के तत्कालीन तहसीलदार श्री भालेराव भास्कर आपकी प्रतिभा से प्रभावित होकर
आपको एक बार ग्वालियर कवि सम्मेलन में ले गये। वहाँ आपने तालियों की गड़गड़ाहट
में समस्या पूर्तियाँ पढ़ीं और अपनी कवित्त-प्रतिभा की अनूठी छाप छोड़ी।

मोरेना विद्यालय से सिद्धान्तशास्त्री और न्यायतीर्थ परीक्षा पास करने के बाद आप
कार्यक्षेत्र में आ गये। सन् १९३७ में आपने शास्त्रार्थ संघ के माध्यम से समाज-सेवा का कार्य
प्रारम्भ किया। वहाँ आप "जैन सन्देश" के सम्पादक भी रहे। तत्कालीन 'पद्मावती पुरवाल'
पाक्षिक पत्र एवं 'वीर भारत' का सम्पादन भी किया। फिरोजाबाद में वार्षिक अधिवेशन के
समय आपको पद्मावती पुरवाल महासभा का उप सभापति चुना गया।

सन् १९२४ में आपने मैट्रिक एवं १९४६ में इन्टर मीडियेट की परिक्षायें पास कीं।
इसके बाद आप क्षयरोग से पीड़ित हो गये। अतः सन् १९४८ में इन्दौर में आपने उपचार
कराया और वर्ष भर उपचार के बाद आप स्वस्थ्य हो गये।

सर सेठ हुकुमचन्दजी की निजी शास्त्र सभा में आप यदाकदा जाने लगे। आपके शास्त्रीय ज्ञान से प्रभावित होकर १९४९ में आपको सर सेठ हुकुमचन्दजी ने अपने यहाँ रख लिया। उन दिनों समाज के प्रसिद्ध विद्वान् पं० खूबचन्दजी सिद्धान्तशास्त्री, पं० देवकीनन्दनजी सिद्धान्तशास्त्री, पं० जीवनधर जी न्यायतीर्थ, पं० बन्शीधरजी न्यायालंकार के साथ आप भी सेठ सा० की सभा में शास्त्र चर्चा करते थे। आप लगभग दस वर्ष सेठ सा० के पास रहे। यहीं आपने अतिरिक्त समय में इंगलिश लिटरेचर लेकर बी० ए० तथा संस्कृत में एम० ए० किया। बनारस से सम्पूर्ण शास्त्री तथा आचार्य के दो खण्ड किये। सन् १९५८ में आप समन्तभद्र संस्कृत विद्यालय के प्रिंसिपल होकर चले गये। सर सेठ सा० नहीं चाहते थे कि आप उन्हें छोड़कर अन्यत्र जावे, लेकिन आपके बहुत आग्रह करने पर सेठ सा० ने आपको विदा दी। देहली में आपका बहुत सम्मान रहा। प्रसिद्ध उद्योगपति लाला राजेन्द्रकुमारजी को उनकी प्रार्थना पर आप उन्हें नियमित स्वाध्याय कराने लगे। वहीं आपने पी०एच०डी० के लिये उपक्रम किया तथा अत्यन्त व्यस्त रहते हुये भी आचार्य का अन्तिम खण्ड दिया। सन् १९६३ में आप सेठ राजकुमारसिंह जी एम० ए० एल० एल० बी०, के आग्रह से उनकी पारमार्थिक संस्थाओं के संयुक्त मन्त्री नियुक्त हुये।

इन दिनों आप भा० व० सि० सभा के मुख पत्र 'जैन दर्शन' के प्रधान सम्पादक हैं। एवं भारतवर्षीय दि० जैन महासभा के मुख पत्र 'जैन गजट' के सहायक सम्पादक हैं। उक्त दोनों सभाओं के साथ शास्त्री परिषद, विद्वत् परिषद, भा० व० दि० जैन परिषद एवं अखिल भारतीय पद्मावती पुरवाल पंचायत की प्रबन्ध कारिणी के सदस्य हैं।

इन्दौर में रहकर आपने "आचार्य कुन्द कुन्द और उनके समयसार" पर शोध कार्य किया, फलस्वरूप आगरा विश्वविद्यालय ने आपको "डाक्टर आफ फिलासफी" की उपाधि से सम्मानित किया है। वर्तमान में आप इन्दौर में अपने मुद्रणालय (Printing Press) का संचालन कर रहे हैं।

आपके दो सुपुत्र क्रमशः चि० दिनेशकुमार, राजेशबहादुर सर्विस कर रहे हैं। तथा तृतीय अध्ययन कर रहे हैं।

स्व० श्री मुन्शी हरदेवप्रसादजी जैन, जलेसर

जलेसर के विख्यात हुण्डीवालों के प्रभावशाली परिवार में श्री हुलासीरायजी जैन के यहाँ "जाति भूषण" श्री मुन्शी हरदेवप्रसादजी ने जन्म लिया। आपके पिता श्री हुलासीरायजी जैन लेन-देन और हुण्डी आदि का कार्य बड़े स्तर पर करते थे। आपको बाल्यावस्था से ही तीव्र ज्ञान-पिपासा थी। आपके पिताजी आपको बलवान(पहलवान)देखना चाहते थे, इसलिए वह आपको ढ़ाई सेर दूध नित्य पिलाते थे। आपका झुकाव शिक्षा-संग्रह की ओर बराबर रहा। फलस्वरूप एक मौलवी से शिक्षा प्राप्त की और एक सुप्रसिद्ध कायस्थ वकील से कानूनीज्ञान प्राप्त कर मुन्शी बने।

आपका गृहस्थ जीवन सुखी था। आपके एक सुपुत्र श्री बनारसीदासजी जैन एवं दो कन्याएं श्रीमती ज्ञानमाला एवं श्रीमती रतनमाला थी। आपके नाती रायसाहेब श्री बा० नेमीचन्द्रजी जैन भू० पू० अध्यक्ष नगरपालिका जलेसर वर्तमान में समाज नायक हैं।

श्री मुन्शी हरदेवप्रसादजी बड़े ही अध्यवसायी, परिश्रमशील, परोपकारी एवं धर्मनिष्ठ महापुरुष थे। जमीदारी के कार्य में आपने अहिंसा, परोपकार, दया एवं ईमानदारी को व्यवहारिकता का जामा पहनाया था। अपने जीवन काल में आपने प्रायः सभी जैन तीर्थों की वन्दना की थी। मरसलगंज के १६वे अधिवेशन में आपको "जाति-भूषण" की उपाधि से विभूषित किया गया था।

आप उर्दू और फारसी के विद्वान् थे, पर "श्री भक्तामर" का अध्ययन करने के लिए आपने सत्तर वर्ष की आयु में संस्कृत का अध्ययन प्रारम्भ किया। आपका स्वर्गवास २५ अक्तूबर सन् १९३३ को हुआ।

श्री पाण्डेय कंचनलालजी जैन, टूण्डला

पद्मावती पुरवाल समाज में पाण्डेय वर्ग का स्थान अत्यन्त सम्माननीय एवं श्रद्धापूर्ण रहा है। पाण्डेय वर्ग हमारी जातीय-मर्यादाओं का संरक्षक एवं निर्देशक है। अतः प्रत्येक पाण्डेय-पुत्र समाज का श्रद्धास्पद और पूज्य है।

श्री पाण्डेय कंचनलालजी से समाज का प्रत्येक सदस्य भलीभांति परिचित है। पाण्डेय जी का सारा ही जीवन समाज की सेवा एवं निर्माण में लगा है। आपके पूर्वज श्रद्धेय श्री हीरालालजी जैन पाण्डेय अपने मूल निवास स्थान फिरोजाबाद में विराजते थे। नगला-स्वरूप ग्राम का श्रद्धालु समाज उन्हें अपने यहाँ ले आया। तब से यह वंश यहीं निवास करता है। इसी वंश के स्वर्गीय श्री विहारीलालजी जैन पाण्डेय को श्री कंचनलालजी के पिता श्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रतिभाशाली बालक "कंचन" की शिक्षा का समुचित प्रबन्ध किया गया। किन्तु, विधि का विधान कुछ और ही था। अभी बालक "कंचन" ने किशोरावस्था में प्रवेश पाया ही था कि इन पर से पिता का स्नेह भरा हाथ सदैव के लिए उठ गया। बालक ने साहस और धैर्य से काम लिया, किन्तु शिक्षा-क्रम संस्कृत की प्रथमा के पश्चात् रुक गया। तभी से आप समाज-सेवा के पुनीत संकल्प को बड़ी दृढ़ता के साथ निभाते आ रहे हैं।

आपने अपने कुल परम्परागत कार्य को बड़ी निपुणता से पुगाया है। स्वधर्म के उत्त-मोत्तम ग्रन्थों को आपने पढ़ा एवं मनन किया है। आपकी विवाह-पठन पद्धति तो अपनी निराली ही विशेषता रखती है। आपके आचार्यत्व में सम्पन्न होनेवाला विवाह-संस्कार केवल एक संस्कार-समारोह ही नहीं होता है, अपितु स्वजातीय नियम एवं शास्त्रों के गूढ़-ज्ञान को समझने का बहुमूल्य अवसर भी होता है। आपका अपने शास्त्रों के प्रति दृढ़ निश्चय एवं अटूट विश्वास है। सामाजिक नियम और मर्यादाओं में आप कभी उपेक्षा नहीं बरतते। विवाह आदि संस्कारों की प्राचीन-विशुद्ध प्रणाली ही आपको प्रिय है तथा समाज को उसी पर चलने की प्रेरणा देते रहते हैं।

आपके द्वारा समाज-सेवा भी पर्याप्त मात्रा में हुई है। "पाण्डेय संगठन कमेटी" का गठन आपकी दूरदर्शिता एवं सुव्यवस्था का ज्वलित प्रमाण है। अ० भा० जीवदया प्रचारिणी सभा में भी वर्षों सेवा-कार्य किया है। समाज के अनाथ बालक एवं निराश्रित विधवा और असमर्थ वृद्धों की जानकारी रखना तथा समाज के समर्थ और सम्पन्न महानुभावों को उनको सहायता के लिए प्रेरित करते रहना—आपकी मौन सेवाओं में से एक है। आपने अनेकों अभावग्रस्त विद्यार्थियों को शिक्षित बनाने में अपना सराहनीय योग दिया है।

राजनीति के क्षेत्र में भी आपका अपना स्थान है। ग्राम पंचायत के प्रधान पद को आप १२ वर्ष तक सुशोभित कर चुके हैं। आपने अपने प्रधानत्व में प्राइमरी पाठशाला, धर्मशाला तथा कुंआ आदि का निर्माण करवा ग्राम की बहुमुखी उन्नति की है। पशुपालन, वृक्षारोपण तथा ग्राम की सीमाओं में शिकार पर प्रतिबन्ध लगाने जैसे महत्व पूर्ण कार्य कर समाज में अपना

सम्मान का स्थान वनाया है। आप अपनी तहसील के आदर्श प्रधानों में माने जाते रहे हैं। शासन में भी आपका सम्माननीय स्थान हैं। ब्रिटिश काल में आप ३८ गाँवों की अत्याचार निरोध समिति के प्रधान मन्त्री थे। उस समय आपने अत्याचार के विरोध में जनता मे एक नवीन भावना और साहस का संचार किया था।

समाज-सेवा की वृहद् भावना को लेकर आजकल आप टूण्डला मे निवास कर रहे हैं। श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज के संस्थापकों में आपका नाम वड़े आदर के साथ लिया जाता है। इस संस्था के प्रचार मन्त्री भी आप रहे हैं। वर्तमान समय मे आपकी दिन चर्या का विशेष भाग पूजन एवं शास्त्र प्रवचन में लग रहा है।

आप विनम्र स्वभावी एवं शान्त प्रकृति के सदैव प्रसन्न रहनेवाले धर्म निष्ठ महानुभाव हैं। आदर्श-समाज सेवी और सन्तोषपूर्ण वृत्ति के परोपकारी सज्जनों में आपकी गणना की जाती है। आप कर्मठ और सत्य प्रिय सफल राजनीतिज्ञ हैं।

अतः उपरोक्त सभी गुणों का संगम श्री पाण्डेयजी को सर्वप्रिय और श्रद्धास्पद वनाए हुए है। श्री पाण्डेयजी जैसी विभूति से समाज भारी आशा रखता हुआ, गौरव अनुभव करता है।

श्री पांडेय उग्रसैन जी जैन शास्त्री, टूंडला

आप श्रद्धेय मुनि श्री ब्रह्मगुलाल जी के वंशज हैं। आपके इस पवित्र कुल में श्री पाण्डेय रूपचन्द जी जैन, पाण्डेय केशरी श्री शिवलालजी जैन आदि उच्च कोटि के विद्वान् तथा समाज-निर्माता हो चुके हैं। आपके पूज्य पिता श्री सुखनन्दनलाल जी भी ऐसी ही एक विभूति थे।

श्री शास्त्री जी का जन्म ६ नवम्वर १९२१ में नगला स्वरूप जिला में हुआ। जव आप अपनी माताजी के गर्भ में थे, उसी समय आपके पिताजी का स्वर्गवास हो गया। यहीं से आपकी अपने भाग्य के साथ प्रतिस्पर्धा आरम्भ होती है। दुर्भाग्य ने अपनी प्रवल शक्ति का परिचय देते हुए आपको जन्म से नौ माह पश्चात् माता की दुलार भरी गोंद से खेंच लिया। अव आप माता-पिता के असह्य वियोग को सहन करते हुए शनैः-शनैः स्नेही चाचा और दयालु ताऊ की छाया में पलने लगे। वाल्यावस्था से किशोरावस्था तक आपकी शिक्षा-मर्थरा, अहारन, टेहू तथा सहारनपुर में ही होती रही, तत्पश्चात् आपका ध्यान अपने पारिवारिक कर्म की ओर गया—और आपने धर्म, ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड का अध्ययन आरम्भ कर दिया। आप तीक्ष्ण वुद्धि तो थे ही पुनः जीवन-निर्माण और धर्म तथा समाज-सेवा की अभिरुचि ने आपको कर्मठ और लगनशील भी वना दिया, फलस्वरूप थोड़े ही समय में आपने अनेकों गुण एवं चमत्कारिक विद्याओं का संग्रह कर लिया। प्रतिष्ठा. हवन, मुहूर्त तथा ज्यौतिष सम्वन्धी कार्य और विवाह-कर्म में निपुणता प्राप्त करते हुए समाज-सेवा का पावन व्रत लेकर वड़ी तत्परता से कार्य करना आरम्भ कर दिया।

आप प्रौढ़ शिक्षा के प्रबल हिमायती ही नहीं है, बल्कि इस दिशा मे आप रचनात्मक कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते है। आप कुछ समय से नियमित रूप से रात्रि को एक घण्टा प्रौढ़ पाठशाला चलाते हैं। आपके द्वारा धर्म प्रचार तथा धर्म-शिक्षण का कार्य भी बराबर चलाया जा रहा है। श्री ब्रह्मचारी सुरेन्द्रनाथ जी द्वारा संस्थापित मुमुक्षु-समिति के सदस्यों को धर्म-शिक्षा का कार्य एवं श्री दि० जैन महावीर विद्यालय की सम्पूर्ण व्यवस्था आपकी देख-रेख में है। श्री दि० जैन म० वि० टूण्डला के मैनेजर एवं पा० स० कमेटी के कोषाध्यक्ष पद को सम्भाले आप समाज की सच्ची सेवा में लगे हुए है।

अनाथ, विधवा तथा लाचार व्यक्तियों को आप सदैव सहारा देते रहे है। श्री दि० जैन पद्मावती पुरवाल समाज के आप महान् शुभचिन्तक एवं समाजकी उन्नति के लिये दत्तचित्त कर्मशील महानुभाव हैं। आपमें मानव-मात्र की सेवा-भावना निवास करती है। विनम्रता और सरलता आपके अपने जन्म जात गुण हैं। इन्हीं अमूल्य गुणों के आधार पर समाज आपको आदर की दृष्टि से देखता है। आपके द्वारा कितने ही ऐसे विवाद आसानी से सुलझाए जा चुके हैं, जिनका हल अदालतें भी नहीं निकाल पाई थीं। आपके निर्णयों की प्रशंसा उदाहरण के रूप में समय-समय पर स्मरण को जाती रहती हैं।

आपके अनुरूप ही आपकी गुणवती धर्मपत्नी श्री विमलादेवी हैं। आप भी धर्मानुरूप जीवन की तथा अपने धर्म के प्रति पूर्ण निष्ठावान उत्तम कुल एवं शुद्ध विचार धारा की आदर्श महिला हैं। आपको चार सुयोग्य सन्तानें शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।

●

कैप्टिन श्री माणिकचन्द्र जी जैन, फिरोजाबाद

श्री कैप्टिन साहेब समाज के वीर पुरुषों में से एक हैं। ६० वर्ष की आयु के पश्चात् भी आप में युवकों जैसा साहस तथा उत्साह विद्यमान है। जिला आगरान्तर्गत "कोटला ग्राम" आपकी जन्म भूमि है। यहीं आप अपने पिता स्वर्गीय श्री चंगालीलाल जी जैन की मोदभरी गोद में पले। आपके इस वंश में श्री सुखनन्दनलाल जी, श्री बाबूराम जी रईस आदि विभूतियाँ हुईं जो समाज-सेवा तथा जाति-हितैषी कार्यो मे अपना मौलिक स्थान रखती हैं।

कैप्टिन साहेब बाल्यकाल से ही तीक्ष्ण बुद्धि रहे हैं। थोड़े ही समय में आपने आगरा विश्व विद्यालय से बी०ए० की शिक्षा समाप्त कर ली थी। विद्यार्थी जीवन मे आप खेल-कूद के भी शौकीन रहे हैं। प्रायः सभी खेलो मे आप उमंग के साथ भाग लिया करते थे। आपकी जोश भरी युवावस्था ने सैनिक जीवन अपनाया—फलस्वरूप आप अपनी योग्यता, चातुर्य एवं पराक्रम के कारण कैप्टिन जैसे उच्च पद पर आसीन हुए। जैनी जब जुल्म के

खिलाफ संग्राम में उतरता है, तब वह विजयश्री वरण करके ही लौटता है। आपका विजयी-जीवन इसका ज्वलन्त प्रमाण है। आपने कई युद्धों में भाग लिया और हर मोर्चे पर विजय प्राप्त की। आप अपने सैनिकों एवं उच्चधिकारियों में अत्यन्त प्रिय रहे हैं। आपने सैनिक क्षेत्र में जितनी सफलता एवं लोक प्रियता प्राप्त की है, उतनी ही समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा है। आप स्वजाति जनों की आजीविका तथा सुख समृद्धि का प्रयास बराबर करते रहते हैं। पूर्वाचार्यों के अनुसार धर्म पर चलना तथा प्रत्येक स्थिति में धर्म का पालन एवं अनुसरण करना,इसका आप निरन्तर ध्यान रखते हैं। आपके विचारानुसार धर्म आत्मा है। अतः आत्मा द्वारा प्रत्येक समय एवं स्थान पर धर्म साधा जा सकता है। आप वीरता, दया तथा निर्मलता की प्रतिमूर्ति है। आप प्रत्येक व्यक्ति से अपने स्वजनों जैसा व्यवहार करते है। आपकी भाषा अत्यन्त मधुर तथा विनोदपूर्ण है। आप उच्च विचार युक्त आत्म-विश्वासी पुरुष हैं।

आप समय समय पर खुले दिल से दान-धर्म करते है। कोटला श्री मन्दिर जी को आपने अपनी जमीन देकर मन्दिर जी में सौ रुपया मासिक की स्थाई आमद का प्रबन्ध कर दिया। अब वहाँ धर्मशाला भी बन गई है।

आपका स्नेह एवं प्रेमपूर्ण व्यवहार अकस्मात् मानव को अपनी और आकर्षित कर लेता है। अभिमान आपको छू तक नहीं सका है। आप स्पष्टवादी तथा उदारमना सुसंस्कृतज्ञ पुरुष हैं। समय निकाल कर स्वधर्म-ग्रन्थों का बराबर अध्ययन करते रहते हैं। आपका जीवन राष्ट्र का गौरव तथा स्वसमाज का आभूषण है। समाज के सर्वप्रिय विवेकी व्यक्तियों में आपकी गणना होती है।

आपकी श्रीमति पुत्तोरानी जी भी आपके अनुरुप ही वीराङ्गना और समाज की आदर्श महिला है। कौटुम्ब-कुशलता, व्यवहार निपुणता एवं स्नेह शीलता आपके स्वाभाविक गुण है। समाज-सेवा, धर्मनिष्ठा आपके अपने मौलिक व्रत हैं।

आपके दो सुपुत्र श्री सुरेशचन्द्र जी जैन तथा श्री कृष्णचन्द्र जी जैन हैं। श्री कृष्णचन्द्र जी डी० सी० एम० के वस्त्रों के व्यवसायी है तथा दूसरे श्री सुरेशचन्द्र जी पैट्रोल पम्प का कार्य सम्भालते है। दोनों युवक अपने पिता तुल्य सज्जन तथा नम्र और वंश परम्परागत शुद्ध आचार-विचार के स्वधर्म पालक हैं।

स्व० श्री बनारसीदासजी जैन वकील, जलेसर

स्व० श्री बनारसीदासजी जैन समाज के महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक थे। आपके पूज्य पिता श्री मुन्शी हरदेवप्रसादजी अपने समय के ख्यातनामा महापुरुष थे। इन्हीं के घर में आपका जन्म ६ जून १८७८ को जलेसर में हुआ था। श्री बनारसीदासजी बाल्यावस्था से ही प्रतिभापूर्ण व्यक्तित्व के भाग्यशाली पुरुष थे। आपने सन् १९०० में श्रेष्ठ श्रेणी में इलाहाबाद से बी० ए० किया। १९०८ मे वकालत पास की और १९१७ में सरकारी वकील नियुक्त हुए।

आप जीवन पर्यन्त अवागढ़ राज्य के कानूनी सलाहकार रहे और राज्य के प्रतिनिधि के रूप मे महाराजा दरभंगा, महाराजा कूंच, महाराजा ग्वालियर, महाराजा करौली, बीकानेर आदि भारतीय राजाओं एवं अनेक राजकीय पदाधिकारियों आदि से आपका निरंतर सम्पर्क रहा, एक रूप मे वे सब आप के मित्र रहे। आप अपने समय के अत्यन्त प्रसिद्ध वकील थे।

ज्ञान एवं प्रतिष्ठा के सर्वोच्च शिखर पर पहुँच जाने पर भी आपकी अपने धर्म मे अटूट श्रद्धा थी। सन् १९१९ में आप श्री पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन परिषद् के महामन्त्री के पद पर आसीन हुए थे। आप जैन गजट के सम्पादक भी रह चुके हैं इन पदों पर रहते हुए आपने जैन जाति की अनिर्वचनीय सेवायें की हैं।

कार्य में अत्यन्त व्यस्त रहने पर भी आप प्रातःकाल चार बजे उठकर स्वाध्याय एवं सामायिक करते थे। राजसी-सम्पर्क में रहने पर भी आप में निशि भोजन त्याग, शाकाहार एवं शुद्धाहार जैसे सात्विक गुण बने रहे। आपने कभी किसी व्यक्ति को मांस और मदिरा का भोजन नहीं दिया। एक बार अपनी शादी के अवसर पर अवागढ़ के राजा ने शेर का शिकार किया तब इस खुशी में दरबार लगा—सभी दरबारियों ने विभिन्न प्रकार की भेटें समर्पण की, किन्तु प्रमुख दरबारी होने पर भी आप उस समारोह में सम्मिलित नहीं हुए और कहला भेजा कि हिंसा में हम किसी प्रकार की खुशी नहीं मनाते।

जब आपने अपनी एकमात्र सन्तान रायसाहेब श्री नेमीचन्द्रजी को उच्च शिक्षा हेतु बाहर भेजना पड़ा, तो उनके साथ एक जैन रसोइया और एक नौकर भेजा तथा एक छात्र के निवास वाला कमरा दिलाया। इन सब कार्यों की मूलभूत भावना यही थी कि पुत्र पर जैन संस्कारों को यथाविधि बनाये रखा जा सके।

अपकी धर्मपत्नी श्रीमती जयदेवी बड़ी ही सीधी-साधी और सरल स्वभाव की महिला थीं। ये पाक शास्त्र में बड़ी निपुण थीं। इनकी धर्म-भावना परिपुष्ट एवं हृदय निर्मल था।

श्री बनारसीदासजी का निधन अप्रैल सन् १९२० मे अल्प आयु मे ही हो गया। आपका शोक सारे ही समाज को शोकातुर एवं दुखी बना गया।

स्व० श्री लाला वासुदेवप्रसादजी जैन रईस, टूण्डला

आप स्व० श्री ला० भाऊमलजी जैन नौसेरा (मैनपुरी) के वंशधरों में से थे। आपके पिता श्री ला० शिखरप्रसाद जी जैन समाज के जाने-माने सज्जन थे। आप अपने भ्राताओं श्री भगवानस्वरूपजी जैन भू० पू० चेयरमैन टाउन ऐरिया कमेटी श्री श्रीरामजी जैन और श्री सुनहरीलालजी में सब से ज्येष्ठ थे।

आपका सार्वजनिक जीवन अत्यन्त सम्मानित और आदर्श रहा है। आप अनेक वर्षों तक विद्या संवर्धिनी समिति टूण्डला के प्रधान रहे। इस संस्था के अन्तर्गत धर्मशाला, पुस्तकालय एवं पाठशालाएं स्थापित हुईं। आपकी सतत् लगन एवं श्रम के कारण पाठशाला-ठा० बीरीसिंह हाईस्कूल के रूप में तथा कन्या पाठशाला राजकीय कन्या विद्यालय के रूप में परिणत हो गईं। इन दोनों ही संस्थाओं का शिक्षा-क्षेत्र में प्रशंसनीय योग रहा है आप द्वारा लगाए गए यह छोटे छोटे पौधे आज विस्तृत-वृक्ष के रूप में प्रफुल्लित हैं। महावीर दिगम्बर जैन विद्यालय, जिनेन्द्रकला केन्द्र एवं अन्य अनेकों जैन मन्दिरों आदि के आप संस्थापक तथा संचालक थे। आपके सहयोग से अनेकों सामाजिक संस्थाएँ उन्नति के शिखर पर पहुँची। श्री दि० जैन अतिशय क्षेत्र ऋषभनगर (मरसलगंज) कमेटी के आप सभापति रहे। इस क्षेत्र पर आपने अपने कार्यकाल में दो बार पञ्चकल्याणक बिम्ब प्रतिष्ठाएं कराईं। धर्म रक्षक एवं समाज-सुधार सम्बधी अनेक संस्थाएं जैसे अ० भा० दि० जैन धर्म संरक्षिणी महासभा एवं अ० विश्व जैन मिशन आदि को धर्मप्रचार में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। आप सार्वजनिक जीवन में अत्यन्त लोक प्रिय प्रतिभा के श्रेष्ठ पुरुप सिद्ध हुए। आपका व्यक्तित्व आकर्षक और मोहक था। आपका सरल स्वभाव और मधुर-व्यवहार आपकी अपनी विशेषता थी।

आप अ० भा० पद्मावती पुरवाल महासभा के अनेक वर्षों तक सम्माननीय सभापति रहे। आपके इस सेवाकाल में सभा ने सुधार-दिशा में अच्छी प्रगति की और संगठन की दृष्टि से भी सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया। आपका सफल एवं महत्वपूर्ण निर्णय समाज के लिए परमोपयोगी होता था। समाज को सर्वतोभावेन उन्नत करने की कामनाएँ आपने अपने हृदय में संजो रखी थीं। समाज-सेवा के लिए आप प्रतिक्षण तथा प्रत्येक परिस्थिति में उद्यत रहते थे। समाज के महान् तथा अग्रसर पुरुषों में आपकी गणना की जाती है।

आपके क्रमशः दो विवाह हुए प्रथम जामवती देवी के साथ एटा में तथा दूसरा महादेवी के साथ हिम्मतपुर में। यह दोनों महिलाएं धर्म में पूर्ण आस्थावान तथा आदर्श महिला रत्न थी।

राय साहेब श्री बा० नेमीचन्दजी जैन, जलेसर

श्री बा० नेमीचन्द्रजी जैन पद्मावती पुरवाल समाज के सुदृढ स्तम्भ, पथ-प्रदर्शक, समाज-सुधारक एवं धर्म-धुरन्धर कर्णधार हैं।

आप स्वर्गीय श्री वनारसीदास जी जैन की एक मात्र सुयोग्य सन्तान हैं। आपका जन्म सितम्बर १९०६ में जलेसर मे हुआ। आपके जन्म के साथ ही परिवार में सम्पत्ति एवं ऐश्वर्य की अजस्र धारा प्रवाहित होने लगी। पिता की असामयिक मृत्यु एवं बाबा के प्यार ने आपको शिक्षा-क्षेत्र में इन्टरमीडिएट तक ही सीमित रखा।

आप अपनी सर्व प्रियता के कारण युवावस्था में ही नगरपालिका के सदस्य बन गये थे। सार्वजनिक पुस्तकालय, सुभाप पार्क, गान्धी शिक्षा-सदन, जलेसर कुटीर उद्योग प्रदर्शनी आदि कुछ ऐसे कीर्ति-स्तम्भ हैं जिन्हें समय की आंधी कभी पराजित न कर सकेगी। सन् १९४३ में आपको राय साहेब की मान्य उपाधि से विभूपित किया गया था। सम्प्रदायिक दंगों के अवसर पर आपके द्वारा किये गये शान्ति प्रयासों के फलस्वरूप तत्कालीन शासन द्वारा आपको मजिस्ट्रेट की सम्मानित शक्ति प्रदान की गई और आपने नगर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व से शान्ति स्थापित की।

आपकी अभिरुचि पत्रकारिता एवं हिन्दी साहित्य में विशेप है। इसीलिये जैन-विचार धारा से अनुप्राणित सप्ताहिक 'वीरभारत' का स्थापन, संचालन, सम्पादन तथा प्रबन्ध किये हुये हैं।

धार्मिक संस्कार आपको उत्तराधिकार में मिले है। यही कारण है कि आपके जीवन का अधिकांश भाग धर्म-ध्यान में व्यतीत हुआ है। आज तक आपने किसी होटल में भोजन नहीं किया है और शुद्ध, सात्विक एवं मर्यादित खान-पान पर विशेप वल देते हैं।

धार्मिक क्रिया-काण्ड के सुचारूरूपसे सम्पादन हेतु आपने अपने विशाल भवन के एक कक्ष में श्री शान्तिनाथ जिनालय की स्थापना कराई है। आचार्य श्री शान्तिसागरजी महाराज, आचार्य श्री महावीरकीर्तिजी महाराज तथा आचार्य श्री विमलसागरजी महाराज के चरणों में आप महीनों रहे हैं।

परोपकार आपको प्राणों के समान प्रिय है इसका साक्षी है—महात्मागांधी मेमोरियल इन्टर कालेज, जलेसर। आपने अनेकों इच्छुक छात्रों को शिक्षा दिलाने मे सहायता की है। सन् १९५० में श्री पद्मावती दिगम्बर जैन धर्मार्थ ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) की स्थापना अपने द्रव्य से की है। ट्रस्ट के कार्य-संचालन में आप स्वयं समय भी देते हैं। गरीबों में औपधि

वितरण करना तथा विधवाओं को आर्थिक सहायता देना आपके पवित्र दैनिक कार्यों का अंग है। आप अखिल भारतीय दि० जैन पद्मावती पुरवाल महासभा व अखिल भारतीय दिगम्बर जैन पद्मावती पुरवाल पंचायत के यशस्वी सभापति भी रहे हैं।

आपके दो विवाह हुए। प्रथम श्रीमती राजकुमारी देवी सुपुत्री श्री बाबूलाल जी जैन रईस वीरपुर से और द्वितीय श्रीमती सुशीला देवी जैन सुपुत्री श्री बनारसीदास जी जैन देहली से। यह दोनों ही महिलाएं धार्मिक प्रकृति-पूर्ण और मधुर स्वभाव के लिए प्रसिद्ध रहीं। आपकी विशाल हृदयता "वसुधैव कुटुम्बकम्" भावपूर्ण रही है।

राय साहेब समाज के कीर्तिपुञ्ज तथा प्रकाशमान रत्न और सुयोग्य नेता हैं। आप समाज की गौरवशाली विभूति हैं। समाज को आपसे भारी आशाएँ बनी हुई हैं। समाज का प्रत्येक बालक आपकी चिरायु की कामना करता है।

श्री रामस्वरूप जी जैन 'भारतीय' जारकी

श्री भारतीयजी का जीवन बाल्यकाल से ही प्रतिभाशाली एवं समाज-सेवी रहा है। वैसे आपके सामाजिक जीवन का प्रारम्भ जैन-महासभा के लखनऊ अधिवेशन से माना जाता है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन के सभापति थे माननीय सेठ चम्पतराय जी जैन। देहली पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के अवसर पर महासभा का एक बृहद् सम्मेलन हुआ, किन्तु कुछ मतभेदों के कारण बैरिस्टर साहेब श्री चम्पतरायजी के साथ कुछ लोग महासभा के कार्यक्रम से अलग हो गये और उन्होंने झालरापाटन के रायसाहेब श्री ला० लालचन्दजी सेठी के कैम्प में दि० जैन परिषद की स्थापना की। इस कार्य में श्री भारतीयजी का प्रमुख हाथ था। इसी समारोह में "पद्मावती परिषद्" का जलसा ला० वासुदेवप्रसादजी जैन की अध्यक्षता मे हुआ। इस परिषद् के मन्त्री पद पर श्री भारतीयजी को निर्विरोध चुना गया। तत्पश्चात् इस परिषद् का एक बृहद् अधिवेशन जारकी में हुआ था। इस अधिवेशन में लगभग ८४ गाँवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य जातीय संगठन करना था। इस दिशा में आशातीत सफलता भी प्राप्त हुई। जारकी के सुप्रसिद्ध जागीरदार ठा० भगवानसिंहजी ने भी इस अधिवेशन में विशेष रूप से भाग लिया था।

तत्कालीन जीवदया प्रचारिणी सभा के मन्त्री ने अन्तर्जातीय विवाह कर लिया था। अतः इसी प्रश्न को लेकर समाज में एक आन्दोलन चल पड़ा। समाज का एक बड़ा वर्ग

इनको जाति से बहिष्कृत करने पर तुला हुआ था। इस विकट समस्या के समाधान के लिए श्री हजारीलालजी जैन आगरा के निवास स्थान पर एक सभा बुलायी गई। सभा ने निश्चय किया कि—अगर श्री बाबूरामजी जैन समाज के लिए उपयोगी हैं, तो उनकी रक्षा की जाए, उनके पक्षका समर्थन किया जाए और "पद्मावती-महासभा" की स्थापना कर दी गई। इस सभा के सभापति चुने गए श्री भूधरदासजी एटा। साथ ही "पद्मावती-संदेश" नामक पत्र भी निकाला गया, जिसके सम्पादन का भार श्री भारतीय जी को सौपा गया। पत्र जारकी तथा नेसवां से काफी समय तक प्रकाशित हुआ। श्री भारतीयजी की संगठन शक्ति एवं सुलझे हुए विचारों के सद् प्रयास से फिरोजाबाद में जैन-मेले के अवसर पर परिषद् एवं महासभा का सौहार्द पूर्ण एकीकरण हो गया।

समाज-सेवक, राष्ट्र-भक्त, तथा प्रभावशाली वक्ता होते हुए भी आप मौलिक रूप से साहित्यिक श्रेणी के महानुभाव हैं। जिस समय आप चतुर्थ श्रेणी के विद्यार्थी थे, उस समय श्री रघुवरदयालजी भट्ट जो कानपुर जा रहे थे, उनके साथ टूण्डला स्टेशन पर एक निन्दनीय घटना घटी, उसकी जानकारी आपने प्रकाशनार्थ "प्रताप" मे भेजी थी। जिसे स्व० श्री गणेशशंकरजी विद्यार्थी ने अपनी टिप्पणी के साथ प्रकाशित किया था। तत्कालीन प्रान्तीय सरकार ने इसका प्रतिकार भी किया, किन्तु जन-भावना सत्यता की ओर ही बनी रही। आप सर्व प्रथम लखनऊ से प्रकाशित "लखनऊ महासभा-समाचार" पत्र में सहयोगी के रूप में रहे। पुनः "देवेन्द्र" साप्ताहिक में एक वर्ष कार्य किया। तत्पश्चात् आपका जीवन पत्रकारितामय ही बन गया। सन् १९३८ से "वीर भारत" साप्ताहिक रूप में नेसवां से प्रकाशित होता रहा है और सन् ४२ तक पद्मावती सभा तथा "वीर भारत" के प्रकाशन में रा० सा० श्री नेमीचन्द जी जलेसर एवं श्री पन्नालालजी "सरल" के सम्पर्क में—सामाजिक प्रगति में भारी योग दिया है। देहरादून से प्रकाशित होनेवाले "नवभारत" साप्ताहिक के आप एक वर्ष तक सम्पादक पद पर रहे। इसके पश्चात् तो "जैन मार्तण्ड" हाथरस, "महावीर" विजयगढ तथा "ग्राम्य जीवन" आगरा आदि कई पत्रों का सम्पादन आप द्वारा हुआ है।

सन् ४२ के पश्चात् से आपका समय व्यक्तिगत कार्यों में अधिक लगा, किन्तु "वीरभारत" का सम्पादन तथा अन्य सामाजिक कार्य भी बराबर होते रहे हैं। आपके पास ज्ञान एवं नवीन-योजनाओं का विपुल भण्डार हैं। समाज आपको अपने नेताओं में प्रतिष्ठित स्थान देता है। प्रत्येक पंचायत एवं उलझे और विवादास्पद विषयो मे आपकी राय महत्वपूर्ण मानी जाती है। आप निष्पक्ष दृष्टि के सत्यवादी तथा निर्भीक नेता हैं। समाज को आपसे महान् आशाएँ हैं। यह और भी प्रसन्नता एवं गौरव की बात है कि—आप अपना शेष समय साहित्य-सेवा में लगाना चाहते है। राष्ट्र-भाषा हिन्दी तथा गो माता के प्रति आपकी श्रद्धा अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है।

श्री पन्नालालजी जैन "सरल", नारखी

"यथा नाम तथा गुणः" आपकी गणना समाज के चुने हुए रत्नों में की जाती है। आपका पवित्र जीवन समाज की उपकृति के लिए ही बना है। साधारण परिस्थितियों में रहते हुए, सीमित साधनों के सहारे आप जितनी समाज-सेवा कर पाये हैं वह वास्तव में स्तुत्य है—सराहनीय है। "सादा जीवन उच्च विचार" तथा "संघर्ष ही जीवन है" इस सिद्धान्त को आदर्श मानकर आप जन-सेवा के व्रत में संलग्न हैं।

आज से ४५ वर्ष पूर्व सन् १९२० में आपका जन्म "गढी हंसराम" नामक ग्राम में श्री बाबूलालजी जैन के घर हुआ था। आपके पिता श्री बाबूलालजी जैन उस समय वस्त्र-व्यवसाय करते थे और समाज में प्रतिष्ठा पूर्ण स्थान बनाए हुए थे। आप अपने सुपुत्र "पन्ना" को साधारण व्यवसायिक ज्ञान कराकर व्यापार में लगा देना चाहते थे। किन्तु उन्हें इस कार्य में सफसलता न मिल सकी। इसका प्रधान कारण था श्री पन्नालालजी की सेवा-पूर्ण भावना। आपकी भावना समाज-सेवा तथा राष्ट्र-सेवा की ओर झुकती थी जब कि आपके पिता आपको बड़े व्यवसायी के रूप में देखना चाहते थे। इसी दुविधा में आपका बाल्यकाल शिक्षा-संग्रह न कर पाया। अतः आगे चलकर तो आपने हिन्दी की सर्वोत्कृष्ट परीक्षा "साहित्य रत्न" पास कर ली।

राजनीतिक क्षेत्र में जब आपने दृढ़ पुरुष की भांति प्रवेश किया, तो सन् ४२ के आन्दोलन में सक्रिय भाग लेने पर तत्कालीन सरकार ने आपको बन्दी बना लिया। सजा समाप्त हो जाने पर जब आप कारावास से बाहर आए, तो और भी कर्मठता तथा लगन के साथ एक सच्चे कांग्रेस कर्मी की भांति स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लेने लगे। सन् ४५ में कपड़े पर ब्लेक आरम्भ हो जाने के कारण आपने अपने पैतृक वस्त्र-व्यवसाय एवं लाइसेन्स को ठुकरा कर, देश-भक्ति का परिचय दिया। आप लम्बे समय तक मण्डल-कांग्रेस के मन्त्री, प्रधान तथा जिला कमेटी के सदस्य के रूप में देश-सेवा करते रहे हैं।

आपने अपने जीवन में साहित्य-सेवा का पावन-व्रत भी अक्षुण्ण बनाए रखा है और आज तक उसकी साधना में एक सच्चे साधक की भाँति जुटे हुए हैं। सन् १९४७ में "ग्राम्य जीवन" साप्ताहिक पत्र का सम्पादन तथा प्रकाशन किया। "वीर भारत" का कार्यालय जब नारखी आगया, तब उसके सम्पादन का कार्य भी आपकी ही सफल लेखनी को सौंपा गया। आप कई पत्रों के स्थाई लेखक एवं संवाददाता भी हैं।

सामाजिक संस्थाओं को भी आपका योग बराबर मिलता है। लगभग १० वर्ष से श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मरसलगंज ट्रस्ट कमेटी के प्रधान मन्त्री के रूप में कार्य-भार सम्भाले क्षेत्र की उन्नति में दत्तचित हैं।

सन् ५२ से अपने क्षेत्र के गाँवों के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। ग्राम पंचायत नारखी के पाँच वर्ष तक कार्य वाहक प्रधान तथा सात वर्ष तक प्रधान पद पर रह स्थानीय जनता के

भौतिक विकास के लिए भरपूर प्रयत्न किया है। फिरोजाबाद तहसील में आनेवाली बाढ़ों को रोकने एवं उससे प्रभावित जनता की सहायता के लिए "बाढ पीड़ित-सहायक समिति" की स्थापना करके भारी जन-सेवा की है। आप फिरोजाबाद तहसील के उत्तरी क्षेत्र कोटला-विकास क्षेत्र के वरिष्ठ उप प्रमुख तथा क्रय-विक्रय सहकारी समिति फिरोजाबाद के डायरेक्टर और उपमण्डल कांग्रेस कमेटी ओखरा के अध्यक्ष तथा तहसील बाढ पीड़ित सहायक समिति के मन्त्री के रूप में सेवा रत है।

आप गाँवों के उत्थान एवं सम्पन्नता के लिए प्रयत्नशील हैं। नगर और गाँवों की भारी असमानता को समाप्त कर सभी को उन्नति का अवसर मिले एवं ग्रामीण जनता में से अशिक्षा तथा अभाव दूर हो और सभी सुखी-सम्पन्न बनें, इसी भावना को मूर्त रूप देने के लिए आप अहर्निष प्रयत्नशील है।

●

स्व० श्री रामस्वरूपजी जैन, इन्दौर

आप स्व० श्री बाबूरामजी जैन के सुपुत्र थे। आपका जन्म वि० सं० १९६५ पौष सुदी १० को हुआ था। आपके श्री पूज्य पिताजी भी समाज के श्रेष्ठ कार्य कर्ताओं में से थे। उनका समाज में अपरिमित प्रभाव था। एक रूप में समाज उन्हें अपना प्रतिनिधि मानता था।

आप शिशु अवस्था से ही तीक्ष्ण बुद्धि थे। अतः आपने आश्चर्य पूर्ण गति से शिक्षा का संग्रह किया और शीघ्र ही बी० ए०, एल० एल० बी०, तक उच्च शिक्षा प्राप्त कर वकील बन गये। समाज आपको अपने गौरव शाली पुरुषों में देखता था। आपका प्रेम साहित्य के प्रति बराबर रहा आपने कई एक पुस्तकों का प्रकाशन तथा मुद्रण भी किया है। हिन्दी साहित्य के प्रति आपका अनुराग प्रशंसनीय था। हिन्दी-साहित्य के भण्डार को आपकी स्तुत्य देन है। आपकी गणना उत्तम शिक्षों में की जाती थी।

भारत प्रसिद्ध सर सेठ हुकुमचन्दजी जैन पारमार्थिक संस्था इन्दौर के मन्त्री पद को भी आपने सुशोभित किया था। आपके इस सेवा काल में संस्था की शाखाओं ने बड़ी वृद्धि प्राप्त की। आपके मूल्यवान सुझाव तथा सुनिश्चित योजनायें एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रमों के कारण संस्था में नवीन जागृति आगई थी। आप श्री दि० जैन पद्मावती पुरवाल संघ इन्दौर के संस्थापक तथा सभापति थे। इस दिशा में भी आप द्वारा प्रशंसनीय जाति-सेवा हुई है।

आपकी श्रीमती विश्वेश्वरी देवी जैन को भी आदर्श नारियों में गिना जाता रहा है। विनयकान्त जैन, कमलकान्त जैन बी० ए०, कलाकान्त जैन M. Com रविकान्त जैन बी० ए० तथा रमाकान्त जैन आदि सुपुत्र एवं उर्मिलादेवी तथा शोभादेवी जैन सुपुत्रियाँ आपके कुल परम्परागत धर्मों का भलि भाँति पालन करते हुए आपके सुयश को बढ़ा रहे हैं।

आपका स्वर्गवास सन् १९६२ मे मोटर दुर्घटना से हो गया। आपकी मृत्यु से समाज शोक सन्तप्त हो उठा। अतः आप द्वारा की गई समाज-सेवाएँ चिरकाल तक स्मरणीय रहेंगी।

●

श्री पं० बनवारीलालजी जैन स्याद्वादी, मर्थरा

स्वर्गीय श्री सेवतीलालजी जैन मर्थरा श्री पं० बनवारीलालजी स्याद्वादी के पूज्य पिता थे। श्रीबनवारीलालजी का जन्म मर्थरा ग्राम में सन् १९०४ में हुआ था। आप बाल्य-काल से ही विलक्षण प्रतिभा और शिक्षा संग्रह के लग्नशील विद्यार्थी रहे हैं। आप प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् मोरेना चले गये, यहाँ पर आपने संस्कृत, धर्म साहित्य और न्याय में शास्त्री तक शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात् आपने देहली विश्व विद्यालय से अंग्रेजी में बी० ए० पास किया। शिक्षा समाप्ति के पश्चात् आपने देहली में "जैन-गजट" नामक पत्र के मैनेजर पद का भार सँभाला। समाज सेवा की डगर में यह आपका पदार्पण था। पत्र के माध्यम से आपने एक वर्ष तक बड़ी योग्यता पूर्वक समाज सेवा की। इसके पश्चात् आपने "भागीरथ" नामक पत्र का प्रकाशन भी किया, किन्तु आपका अधिक रूझान शिक्षा-क्षेत्र की ओर ही रहा। फलस्वरूप लगभग २० वर्ष तक आप जैन संस्कृत कमर्शियल हायर सैकेण्डरी स्कूल देहली में अध्यापन करते रहे। इतने समय के पश्चात् आप एक बार पुनः साहित्य की ओर मुड़े और हिन्दी के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र—"नवभारत टाइम्स" में १५ वर्ष तक "व्यापार-सम्पादक (Commercial Editor) के पद पर कार्य किया। सन् १९४४ से 'वीर' पत्र का सम्पादन करते हुये आ रहे हैं।

आप आरम्भ काल से ही साहित्य प्रेमी रहे हैं। विद्यार्थी जीवन में ही आपको "जैन काव्यों की महत्ता" पर श्री दिगम्बर जैन सभा के लखनऊ अधिवेशन के समय सर्वोत्तम पारितोषिक से विभूषित किया गया था। साहित्य सृजन में भी आपने प्रशंसनीय सफलता प्राप्त की है। आपकी सफल लेखनी द्वारा अभी तक "मोक्षशास्त्र की टीका" "गुड़िया का घर" "ब्रह्मगुलाल चरित्र" आदि उपयोगी ग्रन्थों की रचना हो चुकी है।

आप जहाँ कुशल लेखक हैं, वहाँ आपकी गणना ओजस्वी और प्रभाव शाली वक्ताओं में भी की जाती है। जैनधर्म और जैन-दर्शन पर आपका धारावाही विद्वत्तापूर्ण भाषण होता है। आपकी प्रतिभा केवल लेखन और भाषण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आपकी धर्म-श्रद्धा भी दर्शनीय और अनुकरणीय है।

स्वर्गीय श्री पं० गोरीलाल जी जैन द्वारा संस्थापित श्री पद्मावती-पुरवाल जैन पंचायत देहली के मन्त्री पद का भार भी आपको ही सौंपा गया था। इस प्रतिष्ठित पद पर आप लगभग ३२ वर्ष तक बने रहे। आपके इस मन्त्रित्व काल में श्री पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन मन्दिर तथा श्री पद्मावती पुरवाल जैन धर्मशाला का निर्माण हुआ है।

आपके तीन सुपुत्र है। ज्येष्ठ पुत्र चि० देवेन्द्र कुमार जैन देहली में मिनिस्ट्री आफ डिफेन्स में Electrical Engineer के पद पर कार्य करते हैं। श्री पण्डित जी वर्तमान समय में शान्तिपूर्ण जीवन के साथ आत्मचिन्तन एवं साहित्य-सेवा में संलग्न रहते हैं।

स्व० श्री हजारीलाल जी जैन, फिरोजाबाद

रचनात्मक कार्यकर्ताओं में स्व. श्री हजारीलालजी जैन का नाम बड़े ही आदर के साथ लिया जाता है। आपका सारा ही जीवन जनसेवा के पुनीत कार्य में लगा रहा। आपने अपनी विलक्षण प्रतिभा के बल पर बी. ए., एल. एल. बी. की उच्च शिक्षा शीघ्र ही प्राप्त कर ली थी। आप अपने समय के कुशल एवं सफल वकील माने जाते थे। जहाँ आप समाज के श्रद्धा-पात्र थे वहाँ आप अपने पिता स्व० श्री बा. ज्योतिप्रसादजी जैन में श्रवणकुमार-सी श्रद्धा रखते थे। आपने अपने पिता जी की साधारण इच्छा पर अपनी भारी आय की वकालत को ठोकर मार दी थी। आप अपने पिता जी के अनुरूप ही शुद्ध और सची कमाई पर विश्वास करने वाले सहृदयी व्यक्ति थे। आपकी निःस्वार्थ-सेवा की छाप केवल समाज पर ही नहीं थी, बल्कि शासन भी आपकी ईमानदारी और सचाई से प्रभावित था। फलस्वरूप शासन की ओर से आप को कईवार बैंच-मजिस्ट्रेट व स्पेशल मजिस्ट्रेट आदि के सम्मानित पद पेश किये गये, किन्तु आपने इनको कभी स्वीकार नहीं किया।

फिरोजाबाद की प्रशंसनीय जन-स्वास्थ्य सेवा संस्था 'श्रीमती सरोजनी नायडू अस्पताल' आपके द्वारा की गई समाज-सेवा की मुखर-स्मृति बनी हुई है। इस संस्था पर लगभग २ लाख रुपया व्यय हुआ है। इस विपुल धनराशि को चन्दा-रूप से जुटाने में श्री हजारीलालजी ने अकथनीय एवं प्रशंसनीय योग्यता तथा श्रम का परिचय दिया था।

सन् १९३९ से १९४४ तक फिरोजाबाद नगरपालिका के आप सम्मानित सदस्य रहे। लगभग ८ साल तक शिक्षा-चेयरमैन का पद भार भी आपने कुशलतापूर्वक सम्भाला था। गांधी-सेवा संघ के आप संयुक्त मन्त्री भी रह चुके थे। जिला नियोजन समिति एवं भ्रष्टाचार निरोध समिति के सदस्य रह कर आपने इस क्षेत्र की चिर स्मरणीय सेवायें की हैं। शिक्षा प्रधान संस्था "पी. डी. जैन इण्टर कालेज" के संस्थापकों में आपका महत्वपूर्ण स्थान है। इस कालेज के भी आप प्रबन्धक व अध्यक्ष रहे थे। इस कालेज का मुख्य द्वार आपने अपने पिता जी की पुण्य स्मृति में निर्माण करवाया है। आपने अपना पुस्तकालय भी इस संस्था को दान में दिया है।

जीवन में 'व्यक्तिगत उत्थान' के महत्व एवं उसकी उपयोगिता को दृष्टि में रखते हुए आपने 'पारख-मण्डल' की स्थापना की। यह संस्था भी बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुई। इसके माध्यम से अनेकों व्यक्तियों ने आत्मचिन्तन की दिशा में अच्छी प्रगति की है। आप दलगत राजनीति से सदैव दूर रहते थे। आपके जीवन से समाज की महती सेवा तथा प्रशंसनीय कार्य हुए हैं। आपमें जितनी उच्च शिक्षा थी उतनी ही नम्रता भी थी। आप जिस कार्य को आरम्भ कर देते थे उसकी सम्पूर्ति तक पूरी लगन के साथ उसमें जुटे रहते थे। अभिमान शून्य और समाज के अग्रगण्य महानुभावों में आपका स्मरण किया जाता है।

श्री पं० अमोलकचन्दजी जैन उड़ेसरीय, इन्दौर

आपका जन्म सन् १८९३ में हुआ। आपकी जन्मभूमि उड़ेसर है। आपके पिता श्री का नाम श्री गुलाबचन्दजी जैन है। स्व० श्री गुलाबचन्दजी अपने समय के सुप्रसिद्ध समाज सेवी एवं त्यागी वृत्तिके पुरुष थे।

श्री अमोलकचन्दजी ने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् कार्य क्षेत्र में पदार्पण किया। आपकी जन्मजात सर्वतोमुखी प्रतिभा ने प्रत्येक दिशा में सफलता प्राप्त की। पुनः प्रवन्ध कार्य के तो आप कुशल आचार्य माने जाते हैं।

आपने अपना जीवन श्री दि० जैन पाठशाला फिरोजपुर छावनी से आरम्भ किया। पाठशाला में कार्य करते हुए आपने वहाँ जीवदया प्रचारक सभा की स्थापना की। इस सभा के माध्यम से आपने अनेकों स्थानों पर बलि-प्रथायें बन्द करने का सफल प्रयत्न किया। मांसाहार न करने एवं जीव दया करने का प्रचार किया। उपरोक्त सिद्धान्तों की परिपुष्टि में कई भाषाओं में साहित्य का प्रकाशन भी करवाया गया।

आप १९१४ में जैन-जाति भूषण श्री भगवानदासजी की प्रेरणा से इन्दौर आगये। आपकी सुयोग्यता एवं प्रबन्ध-पटुता की ख्याति के फलस्वरूप सर सेठ श्री हुकुमचन्दजी द्वारा संस्थापित "सर सेठ हुकुमचन्द दि० जैन बोर्डिंग हाऊस तेवरीबाग" का कार्यभार सम्भला दिया। इस विशाल संस्था के इस कठिन पद को आपने बड़ी ही योग्यता पूर्वक दीर्घकाल तक निभाया ही नहीं अपितु ख्याति भी अर्जित की। बोर्डिंग में रहनेवाला प्रत्येक छात्र आपसे पिता तुल्य स्नेह पाकर सश्रद्धा नतमस्तक हो जाता था। यहाँ से जो भी छात्र शिक्षा सम्पूर्ण कर विदा होता—वह जीवन पर्यन्त आपके प्रति श्रद्धावान रहता। कुछ समय पूर्व इस बोर्डिंग के पूर्व-स्नातकों ने आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए आपको एक महती सभा में अभिनन्दन पत्र भेंट किया है। अतः आपकी उदार और ममत्व पूर्ण भावना सभी को आकर्षित करने-वाली विशेषता है। आप सदैव समाज का शुभचिन्तन करनेवाले आदर्श नररत्न हैं।

श्री दि० जैन मालवा प्रांतिक सभा के सरस्वती भंडार और परीक्षालय के मन्त्रित्व के कार्य का सफलता पूर्वक संचालन करते हुए उसकी प्रबन्ध कारिणी की सदस्यता द्वारा सभा के कार्य में सराहनीय योग देते रहे हैं।

आप मध्य भारत हिन्दी-साहित्य समिति के सदस्य रहे और भारतीय दिगम्बर जैन पद्मावती परिषद के मन्त्री रहते हुए 'पद्मावती पुरवाल' पत्र के सम्पादक मण्डल में भी रहे। श्री पन्नालाल दि० जैन विद्यालय फिरोजाबाद की व्यवस्थापक समिति के सदस्य रहे। श्री भारतवर्षीय दि० जैन महासभा के सभा विभाग के मन्त्रित्व का भार भी आपके ही सबल बाहुओं में सौंपा गया था।

आप शान्त प्रकृति के प्रसन्नमन एवं दूरदर्शी दृष्टि के अनुभवी विद्वान् हैं। समाज की उन्नति और निर्माण में आपका भारी योग रहा है। आपमें अतिथि-सत्कार की महान् भावना निवास करती है। आपकी ममत्व प्रकृति सारे ही समाज की पावन श्रद्धा का केन्द्र बनी हुई है। आपका स्थान समाज के वयोवृद्ध पूज्य महापुरुषों में है।

श्री कान्तिस्वरूपजी जैन, इन्दौर

समाज के मौन और लगनशील कार्यकर्ताओं में श्री कान्तिस्वरूपजी का नाम आदर के साथ लिया जाता है। आप के हृदय में समाज-सेवा की अखण्ड ज्योति प्रतिक्षण प्रज्ज्वलित रहती है।

आपका शुभ अवतरण १९१६ ई० में हुआ। आप के श्री पूज्य पिताजी का नाम श्री बाबूरामजी जैन है। आप का लालन-पालन एवं प्रारम्भिक शिक्षा आपकी जन्म भूमि एटा (उ० प्र०) में बड़े हर्ष पूर्ण वातावरण मे हुई। मैट्रिक, मोक्ष-शास्त्र, जैन-सिद्धान्त प्रवेशिका आदि तक शिक्षा प्राप्त कर आपने कर्म-क्षेत्र में पदार्पण किया और आशातीत सफलता प्राप्त की।

साहित्य में रुचि होने के कारण आपने पुस्तक लेखन, प्रकाशन एवं मुद्रण का व्यवसाय अपनाया। इस दिशा में आपने साहित्य-सेवा के साथ-साथ यश भी प्राप्त किया है। मध्य प्रदेश के प्रमुख नगर इन्दौर में 'स्वरूप ब्रदर्स' एवं 'जैन मुद्रण तथा प्रकाशन' शीर्षक से स्टेशनरी का भारी कारोबार होता है। भोपाल मे आपका 'कान्ति कुंज' बहुत ही आकर्षक भवन है। इस भवन में आपने पुस्तकों की बहुत बड़ी दूकान भी खोली है। आपके यहाँ से कई पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है तथा कई महत्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन होने जा रहा है।

आप राष्ट्रभाषा हिन्दी के अनन्य सेवक तथा वरद पुत्र हैं। आपके द्वारा हिन्दी की प्रशंसनीय सेवायें हुई हैं तथा आप आज भी उसकी साधना में अहर्निश प्रयत्न शील हैं। आप द्वारा रचित उपदेशात्मक पद्य तथा लेख प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उपयोग की सामग्री है। आप द्वारा अर्जित धार्मिक-ज्ञान तथा उदार-भावना आपकी अपनी अमूल्य निधि है।

आप द्वारा संस्थाओं के माध्यम से समाज की बहुत बड़ी अर्चना हो रही है। इन्दौर दि० जैन पद्मावती पुरवाल-संघ के आप कोषाध्यक्ष हैं। इन्दौर पुस्तक-विक्रेता एवं प्रकाशन-संघ के संस्थापक और सभापति हैं। और अनेकों संस्थाओं ने आपको अपने सदस्य पद पर प्रतिष्ठित कर रखा है। कई एक संस्थाओं के टूटते संगठन को आपने अपनी बुद्धि-चतुरता एवं सौम्य-स्वभाव से पुनः दृढ किया है।

आप अपनी धुन के धनी हैं। 'सीमित शब्द और महान् कार्य' की आप प्रत्यक्ष मूर्ति हैं। आप शान्त प्रकृति के गम्भीर विचारक तथा भावना पूर्ण स्वच्छ हृदय के प्रेमी-जन हैं।

समाज-कल्याण की भावना आपके प्रत्येक श्वास में समाई है। समाज के प्रत्येक बन्धु मे आप स्व-आत्मा के दर्शन करते हैं। समाज की उन्नति और समृद्धि के लिये समय-समय पर आपके प्रभावशाली सुझाव अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं अभिनन्दनीय होते हैं। समाज द्वारा स्वीकृत मर्यादाओं का आप बड़ी आस्था के साथ पालन करते हैं। आपका जीवन सीधा-सादा शुद्ध-सात्विक एवं प्रत्येक पहलू में भारतीय है। बनावट एवं दिखावट आपसे कोसों दूर है। आप जैसे समाज-साधना में लीन तपस्वी से समाज को भारी आशायें है। आपकी सर्वप्रियता आपके प्रति मंगल कामना की शुभ-वृष्टि करती रहेगी।

आपके समान ही सर्वगुणसम्पन्ना आपकी श्रीमती सुश्री जयमाला देवी हैं। आप आदर्श विचार धारा की सौभाग्य शालिनी महिला हैं। आप अतिथि-सत्कार में दक्ष है। आप विनम्र स्वभाव की धर्म वृत्ति की विचारशील भारतीय नारी हैं। मधुरवाणी और उदार भावना—यह गुण आपको श्रद्धा का पात्र बनाये हुए हैं। आपके श्रीकान्त जैन, शशिकान्त जैन एम० ए०,एल०एल०बी०, चन्द्रकान्त जैन तथा अनेकान्त जैन और कमला, सरला, तथा मृदुला आदि पुत्र पुत्रियाँ सरल स्वभाव के सुशिक्षित बालक हैं।

●

श्री हकीम प्रेमचन्दजी जैन, फिरोजाबाद

आप स्वर्गीय हकीम श्री बाबूरामजी जैन के सुपुत्र है। श्री प्रेमचन्दजी हकीम-परिवार के उज्ज्वल रत्न हैं। आपने अपने स्वाभाविक गुणों से समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त की है। फिरोजाबाद के नागरिक जीवन में आपका अपना विशेष स्थान है। आप सम्पन्न परिवार के उदारवृत्तियुक्त पुरुष है। आप सदैव अपनी हानि उठाकर दूसरों के कार्य सम्पन्न करते है। विशेषकर फिरोजाबाद का कोई भी सामाजिक कार्य आपके सहयोग के विना पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं कर पाता।

आप श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज फिरोजाबाद के सुयोग्य प्रबन्धक हैं। इससे पूर्व इसके अध्यक्ष भी रह चुके हैं। श्री मुन्शी बन्शीधर धर्मशाला के ट्रस्टी तथा वर्षों तक इसके प्रबन्धक भी रहे हैं। श्री पद्मावती पुरवाल-फण्ड तथा दि० जैन पद्मावती पुरवाल पंचायत के अध्यक्ष हैं। फिरोजाबाद के ऐतिहासिक मेले के भी आप अध्यक्ष रहे है।

राजनैतिक क्षेत्र में भी आपका प्रशंसनीय कार्य है। नगर एवं तहसील के प्रजा समाजवादी दल के मन्त्री एवं कोषाध्यक्ष आप रह चुके है। फिरोजाबाद नगर पालिका के वर्षों सदस्य रहे हैं। आपके समय में हुई नगर की प्रगति को फिरोजाबाद का नागरिक सदैव स्मरण करता है। आप रचनात्मक कार्यकर्ता हैं। आलोचना-प्रत्यालोचनाओं से आप को घृणा है। आपका ध्यान सदैव प्रगति की ओर रहता है।

वर्तमान में आप समाज-सेवा के साथ-साथ अपनी व्यावसायिक उन्नति में संलग्न है। आप में संगठन-शक्ति भी अपूर्व है। आप की सफल कल्पना शक्ति ही आपकी सफलताओं का रहस्य है। सार्वजनिक कार्यों में आप बड़े उत्साह एवं लगन के साथ योग देते है।

आपके तीन पुत्र एवं पाँच पुत्रियाँ हैं। इनमें एक पुत्र तथा दो पुत्रियों का विवाह-संस्कार हो चुका है। आपका पूरा परिवार आस्तिक विचारधारा युक्त स्वधर्म के प्रति पूर्ण आस्थावान है।

●

स्व० श्री श्योप्रसादजी जैन रईस, टूण्डला

स्व० श्री श्योप्रसादजी जैन स्व० श्री ला० तोतारामजी जैन के सुपुत्र थे। आपका परिवार जिला मैनपुरी के अन्तर्गत कुट्टी कटैना का मूल निवासी है। स्व० श्री ला० तोताराम जी जैन बहुत काल से टूण्डला आगए थे। अतः आपकी जन्मभूमि टूण्डला ही है। आपने अपनी सभी जुम्मेवारियों को १६ वर्ष की सुकुमार अवस्था में ही सम्भाल लिया था। आपको आरम्भ काल से ही जमीन-जायदाद का बड़ा शौक रहा है, फलस्वरूप आपने इस दिशा में अच्छी प्रगति की है। आप इस क्षेत्र के प्रधान जमींदार माने जाते थे। धार्मिक मामलों में जहाँ आप उदार थे वहाँ पारस्परिक व्यवहार में भी निपुण थे।

टूण्डला का 'दिगम्बर जैन महावीर विद्यालय' आपकी ही उदार वृत्ति का ज्वलन्त उदाहरण है। इस विद्यालय की विस्तृत भूमि आपकी ही दी हुई है। विद्यालय का वर्तमान भव्य स्वरूप आपकी ही कर्मठता का प्रतीक है। आप शिक्षा-संस्थाओं को समाज के लिए अत्यन्त उपयोगी मानते थे तथा आपने अपने जीवन में शिक्षा संस्थाओं को विशेष महत्व दिया है। श्री दिगम्बर जैन पी. डी. जैन कालेज फिरोजाबाद के उपसभापति तथा ठा० वीरसिंह हायर सैकेन्डरी कालेज के आजीवन सदस्य एवं श्री दिगम्बर जैन एस. डी. कालेज आगरा के सदस्य, इस प्रकार कई एक संस्थाओं के आप सम्माननीय सदस्य तथा पदाधिकारी रह चुके थे।

आप अपने ग्रामीण स्वजाति वन्धुओं को नगरों तक ले जाना चाहते थे। अपनी इस भावना में स्वजाति जनों को उन्नत करने का विचार छिपा था। आप सदैव कहा करते थे कि स्वजातिवन्धुओं को अपनी 'अथवार' नगरों में भी वना लेनी चाहिए।"

आप अदालती कार्यों में भी निपुण थे। अदालत सम्बन्धी कार्यों में आपकी राय बड़े बड़े कानूनवेत्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती थी। जिन विवादों का निपटारा बड़ी बड़ी अदालतें न कर पाती थीं उनका निपटारा आप बात की बात मे कर देते थे। अतः अनेकों मामलों में आपको पंच वनाया जाता था। आपकी सूझ-बूझ भी बड़ी ही अनूठी होती थी। एक रूप में आप सच्चे भविष्य द्रष्टा थे।

आपमें गुरु श्रद्धा भी अनुकरणीय एवं प्रेरणा प्रद थी। जिस समय १०८ आचार्य श्री शान्तिसागरजी महाराज का चातुर्मास टूण्डलासे होने जारहा था, उस कार्य की जिम्मेवारी लेने के लिए जब कोई आगे नहीं आया, तो श्री श्योप्रसादजी ने ही इस कार्य को सम्भाला था। किन्तु काल की गति निराली है। श्री आचार्य चरण के विहार से पांच दिन पूर्व श्री श्योप्रसादजी का एक सप्ताह की बीमारी के पश्चात् स्वर्गवास हो गया।

आपके आकस्मिक निधन से समाज का एक बहुमूल्य रत्न विलुप्त हो गया। आपका अभाव समाज के लिए चिर समय तक शोक पूर्ण बना रहेगा।

●

श्री राजकुमार जी जैन, फिरोजाबाद

आपका जन्म सन् १९१० में हुआ है। आप अपने छ भाइयों में सबसे बड़े है। आपके पिताश्री कलकत्ता में वस्त्र-व्यवसाय करते थे। आप भी व्यापार का प्राथमिक ज्ञान प्राप्त करके उनके पास कलकत्ता ही आगए। वस्त्र-व्यवसाय में आप दक्षता प्राप्त कर ही रहे थे कि १९४२ में आपके पिताजी का देहान्त हो गया। अब घर-बार की जिम्मेवारी एवं लघु भ्राताओं की शिक्षा आदि का सभी भार आपके कन्धों पर आगया। आपने अपने कर्तव्य-पालन का दृढ संकल्प किया। १९४४ में आप कुछ दिन दिल्ली भी रहे, किन्तु वहाँ व्यापारिक सुविधा न मिलने के कारण १९४८ में फिरोजाबाद चले आए और यहाँ व्यवसाय आरम्भ किया।

आप त्याग पूर्ण, संयमी जीवन के ब्रह्मचर्य व्रत के अनुयायी आदर्श पुरुष हैं। आप में भ्रातृ प्रेम का सागर हिलोरें लेता रहा है। पिताजी की मृत्यु के पश्चात् जब आपने अपने छोटे छोटे भ्राताओं की ओर देखा, तो आपकी ममता जागृत हो उठी और उनको पितृ-स्नेह प्रदान करने के लिए आजन्म अविवाहित रहकर उनके पोषण की प्रतिज्ञा की। उस प्रतिज्ञा को आजतक निभाते हुए आ रहे हैं। माताजी के निधन के पश्चात् तो आपने अपने छोटे भाइयों को और भी अधिक दुलार से अपनाया। आज ५५ वर्ष की अवस्था में भी आप अपने कर्तव्य में यथावत् जुटे है। आपका सभी कार्य अपने भाइयों की सुख-सुविधा के अनुकूल होता है। घृत एवं तेल आदि का व्यवसाय करते हुए अपने जीवन को धर्मानुरूप बनाये हुए है।

आपके निःश्छल प्रेम में पले आपके छोटे भ्राता भी आपके प्रति महान् सम्मान रखते है। आपकी आज्ञा ही उनके लिए सर्वोपरि है। आपका परिवार भ्रातृ-प्रेम का आनन्द-पूर्ण संगठन है। इस संगठन की नींव आपकी उदारता एवं त्याग के जल से सिंचित है एवं पोषित है।

आप धर्म एवं सामाजिक कार्यों में बराबर हिस्सा लेते रहते है। महाराजपुर स्थित जिन-मन्दिरजी के निर्माण-कार्य में आपका सहयोग एवं द्रव्य-दान आदरणीय है। आपको स्थानीय समाज बड़ी श्रद्धा की दृष्टि से देखता है। आपका निर्मल एवं सात्विक जीवन अनुकरणीय और आदर्श है।

स्व० श्री गुलजारीलालजी जैन रईस, अवागढ़

आपका जन्म श्री सेतीलालजी जैन के यहाँ सन् १८४७ में हुआ था। आपके यहाँ सराफा, साहूकारी तथा जमींदारी थी। आपका परिवार धन एवं मान सम्पन्न रहा है। तत्कालीन राजा साहब की आपके परिवार पर अनन्य कृपा थी। आपके परिवार को राजदरबार में आदर का स्थान दिया जाता था। आपको राजदरबार की ओर से 'नगर सेठ' की पदवी से सम्मानित किया गया था।

आपकी शिक्षा साधारण रूप में हुई थी, किन्तु आपकी ज्ञानगरिमा आश्चर्य पूर्ण थी। उस समयके स्वधर्मी विद्वान् आपका समादर करते थे। धर्म-विषय पर आपका मत महत्वपूर्ण माना जाता था। शास्त्र चर्चा तथा शास्त्र स्वाध्याय में आपको विशेष आनन्द मिलता था। आप विद्वानों का हृदय से सत्कार करते थे। आपने अपने जीवन में पर्याप्त मात्रा में दान दिया है। अवागढ़ के पंचायती बड़े मन्दिरजी के जीर्णोद्धार में सहयोगी बने। श्री जैन-पाठशाला अवागढ़ की स्थापना मे भी अपने योग दिया है। अवागढ़ में पंचकल्याणक तथा पाँच दिन का मेला करवाया। विधवाओं एवं असहायों की सहायता करना आपका प्रमुख संकल्प था।

आपको श्रीमती श्री ठकुरोदेवी भी धर्मशीला तथा समाजसेवी आदर्श महिला थीं। जैन महिला-समाज में आपको श्रद्धा की दृष्टि से देखा जाता था। आप भी अपने पतिदेव का अनुसरण करती हुई समाज की सेवा तथा अन्न-धन का दान देती रहती थीं। आपके सुपुत्र श्री लक्ष्मीधर जैन उर्फ देवकीनन्दनजी जैन भी अपने समाज के सम्मानित पुरुषों में रहे हैं।

●

स्व० श्री मुन्शीलालजी जैन, कोटकी

आप श्री रामप्रसादजी जैन के सुपुत्र थे। आपका जन्म सन् १८८७ ई० में हुआ था। आपके ज्येष्ठ भ्राता श्री बाबूलालजी जैन एवं श्री गुलजारीलालजी जैन थे। आपका परिवार समाज-सेवा के लिये प्रसिद्ध है।

आपने साधारण शिक्षा ही प्राप्त की, किन्तु आपका धर्मज्ञान विशेष था। आप धर्म-ग्रन्थों का अध्ययन एक श्रद्धालु जिज्ञासु की भाँति करते थे। अनेकों ग्रन्थों का आपने भली प्रकार मनन किया है। धर्म के विषय में आपका दृष्टिकोण स्पष्ट तथा सन्देह रहित था।

आपका ईमानदारी तथा सचाई के कारण व्यापारी जगत में भी बहुत सम्मान था। आप अपने समय के बड़े व्यापारियों में से एक थे। आपके यहाँ सर्राफा तथा जमींदारी का विशेष कार्य था। आप बैंकर्स भी थे।

आप स्थानीय सेवा-समिति के उपाध्यक्ष तथा टाउनएरिया के भी उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष रह चुके थे। अवागढ़ राज्य के चेरिटी विभाग के भी आप अध्यक्ष थे। इस

पद पर रहते हुए आपने इस क्षेत्र की प्रशंसनीय सेवायें की हैं। डिस्ट्रिक्टबोर्ड एटा के सदस्य भी आप चुने गए थे। अवागढ़ राज दरबार में नगर-सेठ के स्वरूप में आपका सम्मान किया जाता था। स्थानीय जैन पाठशाला के कई वर्ष तक अध्यक्ष रहे। आपकी अध्यक्षता में पाठशाला ने आशातीत उन्नति की। एक रूप में आपको ही इस पाठशाला का जीवन-दाता माना जाता है।

आप दूरदर्शी तथा पुनीत संकल्प के उत्तम विचारधारा के महानुभाव थे। आपका स्वर्गवास २४-१-५८ को अवागढ़ में हो गया। आपका अभाव समाज को चिरकाल तक खटकता रहेगा।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती भगवतीदेवी जैन भी जैनधर्म के प्रति पूर्ण आस्थावान और आस्तिक महिलारत्न थीं आपके सुपुत्र श्री लक्ष्मीचरजी जैन, श्री देवकुमारजी जैन, श्री सोमकुमारजी जैन, श्री मूलचन्दजी जैन और श्री महेन्द्रकुमारजी जैन आदि समस्त परिजन स्वधर्मानुयायी तथा वंश परम्परागत आचारनिष्ठ महानुभाव हैं।

श्री महावीरप्रसादजी जैन सर्राफ, देहली

श्री महावीरप्रसादजी समाज के गौरवशाली पुरुष हैं। आप बाल्यकाल से ही राज-नीति एवं समाज-सेवा में रुचि लेते रहे हैं। आपके पिता श्री लाला नैनसुखदासजी जैन सर्राफ देहली के ख्याति प्राप्त व्यवसायी रहे। सर्राफाबाजार में आपकी ईमानदारी और सत्यता की धाक रही है।

श्री महावीरप्रसादजी ने जहाँ व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छी प्रगति की, वहाँ राजनैतिक क्षेत्र में भी ऊंची मान-प्रतिष्ठा प्राप्त की है। मानव-मात्र की निःस्वार्थ सेवा करते हुए स्वराष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा तथा भक्ति रखना, यह आपके मौलिक गुण हैं। देहली खारी-बावली मण्डल कांग्रेस के आप वर्षों अध्यक्ष रहे। आप महात्मा गान्धी में पूर्ण श्रद्धा रखने वाले, कांग्रेस सिद्धान्तों के प्रति आस्थावान और देशभक्ति से ओत-प्रोत सराहनीय महानुभाव हैं। श्री पद्मावती पुरवाल पंचायत देहली के भू. पू. कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान सभापति हैं। देहली मे पद्मावती पुरवाल धर्मशाला एवं मन्दिर तथा विधवा सहायक फण्ड आदि का सुचारु-संचालन आपकी सुयोग्यता एवं सर्वप्रियता का प्रमाण है। श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज फिरोजाबाद के आप उपसभापति तथा मरसलगंज क्षेत्र के प्रचार मन्त्री हैं। इनसे इतर अन्य कई एक संस्थाओं को आप विभिन्न रूप में सहयोग देते रहते हैं।

आप सौम्य प्रकृति और गम्भीर विचार-धारा के चिन्तनशील पुरुष हैं। जन-सेवा के लिए प्रतिक्षण तैयार रहते हैं। आप प्रत्येक व्यक्ति का हृदय से हितचिन्तन करने-वाले, नम्र स्वभावी, मधुरभाषी और मौन कार्यकर्ता हैं। समाज आपको अपने दूरदर्शी एवं बुद्धिमान नेता के रूप में देखता है।

श्री बाबूरामजी बजाज, नगलास्वरूप

उत्तर प्रदेशस्थ ग्राम-नगलास्वरूप जिला आगरा निवासी लाला रघुनाथदासजी जैन के यहाँ श्रावण शुक्ला ५ सं० १९४७ को प्रथम पुत्र का जन्म हुआ। कुलरीत्यानुसार समारोह पूर्वक नामकरण हुआ और बालक का नाम 'बाबूराम' रखा गया। कुछ वर्ष तक विधिवत् लालन-पालन के बाद बालक को शिक्षा प्राप्ति की ओर अग्रसर किया गया। अहारन, फिरोजाबाद और स्या० वि० काशी आदि स्थानों में बाबूराम ने शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद आपने अपने पैत्रिक व्यवसाय बजाजी का कार्य संभाला और साथ ही जयपुर में जवाहरात का भी काम सीखा। इस कार्य मे दक्षता प्राप्त करने के बाद जवाहरात का भी व्यवसाय बड़ी योग्यता के साथ किया और काफी अर्थोर्जन किया। आपका विवाह अवागढ मे एक संभ्रान्त परिवार में हुआ।

इसके बाद युवक बाबूराम की प्रवृत्ति धर्म और समाज सेवा की ओर बढ़ी। आपके क्षेत्र अहारन और नगलास्वरूप मे चामुण्डा देवी के स्थान में पशु-बलि की बड़ी क्रूर प्रथा बढ़ रही थी। इस जीव हिंसा को बन्द कराने की बात आपने सोची और कृतसंकल्प होकर आपने इसके विरुद्ध आवाज उठायी और कुछ समय तक श्रम करने के बाद जीव हिंसा को बन्द करा के ही दम लिया। तदुपरान्त आपने भारत के विभिन्न स्थानों में होनेवाली हिंसा के विषय में सोचा। यह कार्य बहुत बड़ा और व्यापक था। इसलिए आप महात्मा गाधी के पास इस प्रश्न को लेकर गये। गांधी जी ने आपका उत्साह बढाया एतदर्थ ही "जीव दया, प्रचार सभा" नामक संस्था की प्रस्थापना की। इस संस्था के संरक्षक स्वयं महात्माजी बने और जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य को बनाया। सभापति श्रीआनन्दजी और मन्त्री श्री बाबूरामजी को चुना गया।

श्री बाबूरामजी के सतत उद्योग से अनेक स्थानों में जीव हिंसा बन्द हुई और अहारन में पशुशाला, गोशाला की भी नींव पड़ी। इसके भी मन्त्री आप ही चुने गये। जीव दया का भारत व्यापी कार्य बढ जाने से आगरे में सेठ अचलसिंहजी के सभापतित्व मे बहुत बड़ा जीव दया का अधिवेशन हुआ। इसका प्रधान कार्यालय भी आगरे में ही स्थाई रूप से रहा। कानपुर कांग्रेस के अवसर पर कांग्रेस पंडाल में ही गांधीजी के नेतृत्व में जीवदया सभा का अधिवेशन होने से इस संस्था का व्यापक रूप बन गया। इन सब कार्यों से प्रसन्न होकर हिन्दूमहासभा ने आपको 'दयासागर' की पदवी प्रदान की।

कितने ही राज्यों में आपने हिंसा बन्दी के कानून भी बनवाये। देवास, दिवली, पेंडल, पाकबीर, शिमला, नैनीताल, कांगड़ा, कोलुआ आदि भारत के बड़े-बड़े स्थानों के कसाईखानों में होनेवाली २११ जगहों की घोर हिंसा बन्द कराई। अमेरिका, इंगलैण्ड तक से हजारों रुपयों की सहायता मंगवाई। प्रतिवर्ष छपनेवाली जीवदया सभा में ४५ वर्षों की रिपोर्ट देखने से इसकी विशालता का पता चलता है। इस अवधि मे प्रायः एक लाख रुपया व्यय किया गया। दयासागरजी ने तीस वर्ष पहले ही अपनी वसीयत मे आवश्यक व्यय

के लिए कुछ रकम निर्धारित की है। १९६५ की ११-१२ मई को जीवदया सभा का ४५ वां अधिवेशन श्री महावीरजी में हुआ था। उसमें दयासागरजी को संस्थापक, श्री महावीर-प्रसाद एडवोकेट-हिसार को सभापति. श्री भागचन्दजी को मन्त्री तथा श्री सेठ हजारीलालजी आगरा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कैलादेवी करौली की हिंसा बंदी और आय का ट्रस्ट बनाने तथा हजरतपुर (आगरा) में कसाईखाना बनने से रोकने आदि हिंसा बन्दी के अनेक प्रस्ताव पास हुए। आपने प० पुरवाल जाति, श्री पद्मावती परिषद, प० पुरवाल महासभा के प्रमुख पदों पर रहकर अनेक कार्य किए। दयासागरजी ने २५१ रु० का प्रथम दान देकर जारकी में प० पुरवाल जैन विद्यालय खुलवाया और उसका उद्घाटन वा० वि० वैरिस्टर चम्पतरायजी और श्री सेठ प्रद्युम्नकुमार जी के करकमलों से करवाया। वह आज फिरोजाबाद में प० पुरवाल जैन कालेज के रूप में चल रहा है। पद्मावती पुरवाल तथा पद्मावती संदेश, दोनों जैन अखबार भी आपके ही सहयोग से चले। जीवन की वृद्धावस्था में भी पद्मावती पुरवाल भाइयों की सेवा में आपका पूर्ण सहयोग है।

स्व० श्री नरेन्द्रनाथजी जैन, कलकत्ता

आप स्व० श्री ला० बनारसीदास जी के सुपुत्र थे। आपकी शिक्षा साधारण रूप से हुई थी, किन्तु आपका व्यापारिक ज्ञान अत्यन्त आश्चर्य पूर्ण था। आप अपनी प्रतिभाओं के लिए विस्तृत क्षेत्र खोजते थे और सन् १९२६ में फर्रुखाबाद से कलकत्ता चले आए। यहाँ आपने व्यापारी जगत में सफलताओं के साथ-साथ सम्मान तथा नाम भी प्राप्त किया। कपड़ा, मेटल और तम्बाकू के आप ऊँचे व्यापारी थे। आपके व्यापार में ईमानदारी और सचाई विशेष रूप से होती थी। आप अपनी जन्मभूमि फर्रुखाबाद से विशेष प्रेम करते थे। समाज-सेवा और धर्म प्रभावना की ओर आपका सदैव ध्यान रहता था। आप अपने समय का एक पूरा भाग धर्मिक क्रिया में व्यतीत करते थे। आप सरल स्वभाव, निर्भिमानी और उदार बुद्धि के विशाल हृदयी सज्जन थे। ३ सितम्बर १९४९ को आपका स्वर्गवास हो गया।

आपका विवाह अवागढ़ निवासी श्री रघुवरदयाल जी की सुपुत्री श्री इन्दुमति जैन के साथ हुआ। आपकी श्रीमतीजी आपके सदृश ही उदार बुद्धि की धर्म भावना युक्त आदर्श महिला है। आपकी अपने धर्म-कर्म में पूर्ण निष्ठा है। आपके दो सुपुत्र क्रमशः श्री विनयकुमार और श्री सन्तोषकुमार है। दोनों ही युवक विनय युक्त तथा मिलनसार प्रकृति के हँसमुख और उत्साही है। "सुरेन्द्रनाथ नरेन्द्रनाथ" नाम से तम्बाकू आदिका व्यवसाय कर रहे है।

श्री भगवतस्वरूपजी जैन 'भगवत्', फरिहा

आपका जन्म सम्वत् १९६७ में श्री चौवेलालजी जैन के घर हुआ। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा साधारण रूप में हुई है, किन्तु आपकी विलक्षण प्रतिभा एक निपुण साहित्यकार के रूप में प्रकट हुई। जहाँ आपकी बुद्धि संस्थाओं के उत्थान में अपनी निराली कल्पना लेकर चलती है—वहाँ वह साहित्य-निर्माण में भी मौलिक विचार-धारा को जन्म देती है। आपका मस्तिष्क न्यायप्रिय एवं हृदय शुद्ध-सरल और निष्पक्ष है। समाज की उन्नति एवं उसके शुद्ध-स्वरूपको बनाये रखने में आप प्रयत्नशील हैं। आपको "धर्माचारी" की संज्ञा दी जाये तो कोई अत्युक्ति न होगी। स्वधर्म की उपादेय मर्यादाओं को अक्षुण्ण बनाये रखना-आपका पवित्र संकल्प एवं व्रत है। धर्म विरूद्ध कार्य से आपको पीड़ा होती है।

स्व० श्री पं० रत्नेन्दुजी आपके निकटस्थ साथियों में से थे। आप दोनों ने मरसलगंज के ऐतिहासिक जैन-मन्दिरकी बिखरी हुई ईंटों को पुनः संग्रह कर-मन्दिर को नव-जीवन प्रदान किया है। बाढ आदि विपत्तियों के कारण जब मन्दिर का अस्तित्व मिटता हुआ जा रहा था, तब आपने बड़ी वीरता से इसके स्वरूप को बचाया ही नहीं, अपितु इसका जीर्णोद्धार करवा धर्म की रचनात्मक सेवा की है। आपके निःस्वार्थ सद् प्रयत्नों के कारण इस सुविशाल जैन-क्षेत्र ने आज पुनः गौरवशाली बन अपने प्राचीन स्वरूप को प्राप्त किया है। यहाँ संस्थापित आदि प्रभु १००८ श्री भगवान् ऋषभदेवजी की सुविशाल भव्य प्रतिमा भारत वर्ष की अद्वितीय एवं दर्शनीय प्रतिमा है। आप अहर्निष क्षेत्र की उन्नति एवं निर्माण के चिन्तन में संलग्न रहते हैं। क्षेत्र मे दर्शनार्थ पहुँचने वाले यात्रियों को जितनी शान्ति क्षेत्र के दर्शन कर होती है उतनी ही प्रसन्नता एवं आनन्द श्री भगवत-स्वरूपजी द्वारा किये गये सत्कार से होता है। आप प्रत्येक यात्रीको वह भ्रातृत्व स्नेह देते हैं, जिसे वह जीवन पर्यन्त भूल नहीं पाता। आपका अतिथि सत्कार सतयुग की स्मृति है।

आपकी सेवाओं के उपलक्ष्य मे भारतवर्ष दि० जैन सिद्धान्त रक्षिणी सभा ने मरसलगंज अधिवेशन में आपको "धर्मभूषण" की उपाधि से समलंकृत किया है। आप समाज के चन्द रत्नों में से एक है। धर्म एवं समाज सेवा की दर्शनीय भावना आपमें निवास करती है।

आप साहित्य क्षेत्र में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। अभी तक आपकी फुटकर रचनाओं के अतिरिक्त "सुकुमाल महामुनी चरित्र" (तीन भागों में) "सुखानन्द मनोरमा चरित्र" (दो भागों में) तथा "भगवत् लावनी शतक संग्रह" और "भगवान पार्श्वनाथ जी का पूजन" आदि पठनीय ग्रन्थ भी प्रकाशित हो चुके है। आपकी लेखन शैली सरल तथा शब्द-संग्रह अनूठा और मधुर भावों से ओत-प्रोत होता है।

आपका संपूर्ण जीवन ही राष्ट्र एवं समाज-सेवा के लिये है। राष्ट्र-नायक एवं धर्म-भक्त के रूप में समाज आपको आदर एवं गौरव की दृष्टि से देखता है।

स्व० श्री पं० श्रीनिवास जी शास्त्री, कलकत्ता

श्री शास्त्री जी का मूल निवास स्थान चिरहोली था। किन्तु, श्री शास्त्री जी का कार्यक्षेत्र था कलकत्ता नगर। समाज सदैव आपको गौरव की दृष्टि से देखता रहा है। जहाँ आप चोटी के विद्वान् थे, वहाँ आप बड़े ही सरल-स्वभावी, निर्मिमानी तथा मिलनसार थे। आपने अपने गुणों के कारण विशेष कर कलकत्ता समाज में सर्वप्रियता प्राप्त कर, यहाँ के सम्मानित अग्रणी समाज में अपना स्थान बना लिया था।

आपको बड़ी-बड़ी सभाओं में व्याख्यान के लिए आमन्त्रित किया जाता था। सन् १९६२ की भाद्रपद कृष्णा एकादशी के दिन श्री पर्युषण-पर्व पर व्याख्यान माला-सभा में आपको भाषण देने के लिए जाना था, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आप भाषण देने चलने पड़े, उसी समय आपको हृद-पीड़ा हुई और कुछ ही समय-पश्चात् आपने शरीर त्याग कर दिया।

आपके सम्मान में कलकत्ता समाज ने आपके परिवार को दस हजार रुपये की अर्थ-राशि भेंट करने का निश्चय किया, किन्तु आपके सुयोग्य सुपुत्रों ने इस राशि को कृतज्ञता पूर्वक अस्वीकार कर दिया।

वर्तमान में आपकी पत्नी एवं दो पुत्र हैं। एक पुत्र का सम्बन्ध फिरोजाबाद निवासी श्री लाला राधामोहनजी के यहाँ तथा दूसरे का सम्बन्ध देहली निवासी श्री लाला कालीचरण जी के यहाँ हुआ है।

आपके सभी पुत्र सुशिक्षित और मिलनसार हैं। सबसे छोटे पुत्र कलकत्ता विश्व-विद्यालय में एम० ए० तथा कानून के विद्यार्थी हैं। अतः कलकत्ता का धार्मिक समाज श्री श्रीनिवासजी शास्त्री का चिरऋणी है। उनकी सेवाएँ अक्षुण्ण हैं। आपकी उच्च भावनाओं तथा सरल और शुद्ध विचारधारा के कारण आपको सारा ही समाज सम्मान से स्मरण करता है।

श्री महिपालजी जैन, चित्रीगंज (बज़बंज़)

आप श्री बनारसीदासजी जैन के सुपुत्र हैं। श्री बनारसीदासजी नंगलासोंठ (आगरा) के निवासी है। यह सन् १९३० के लगभग बंगाल पधारे और अपना जीवन साधारण व्यापारी के रूप में आरम्भ किया तथा आगे चलकर आशातीत उन्नति प्राप्त की। आपको अपनी जन्मभूमि नगलासोंठ से विशेष प्रेम रहा है, तथा वहाँ के मन्दिर का जीर्णोद्धार भी आप द्वारा करवाया जा चुका है। आप धार्मिक वृत्ति के कर्मशील पुरुष है। धार्मिक कार्यों में आपकी अभिरुचि और सामाजिक कार्यों में सदैव लगन बनी रहती है। आप परोपकारी वृत्ति के साधु स्वभावी तथा स्पष्टवादी एवं समाज के श्रद्धेय पुरुषों में से एक है।

श्री महिपालजी जैन ने साधारण शिक्षा प्राप्त कर व्यवसायिक क्षेत्र में पदार्पण किया और अपनी लगन तथा ईमानदारी के कारण उच्च व्यापारियों में अपना स्थान बनाया। स्थानीय कपड़े के व्यापारियों में आपका पूर्ण सम्मान तथा विशिष्ट स्थान है। आपके यहाँ बैंकर का कार्य भी बड़ी उत्तम रीति से होता है। आप विनम्र स्वभाव के स्वाभिमानी पुरुष हैं। आपके इस स्वाभिमान में गरीब एवं प्राणी मात्र के लिए दया भी छिपी है। अभावग्रस्त एवं आवश्यकता युक्त मानवों की सेवा के लिए आप सदैव तत्पर रहते हैं। आपके द्वार पर सभी आगन्तुक यथास्वरूप सम्मान पाते है।

आप केवल व्यापारी जगत में ही सफल नहीं हुए, अपितु धार्मिक समाज में भी आदरणीय हैं। आप धर्म का जीवन में प्रमुख स्थान स्वीकार करते हैं। आपने अपने यहाँ चित्रीगंज में चैत्यालय की स्थापना भी की है और आपका धार्मिक नित्यकर्म सुचारु रूप से चलता है। शिक्षा के प्रति आप सदैव निष्ठावान तथा आस्थावान रहे हैं। अतः इसी भावनानुसार आपने अपने समस्त परिवार को शिक्षा की ओर आकर्षित किया है। आपका एक सुपुत्र चि० सुमतचन्द्र एवं तीन कन्यायें शिक्षा प्राप्त कर रही है—दो कन्याये शिशु अवस्था में हैं।

आपका शुभ विवाह श्री होतीलालजी जैन की सुपुत्री सुश्री चरनदेवी के साथ सन् १९४२ मे हुआ। यह महिला भी धार्मिक प्रकृति की तथा उदार स्वभाव युक्त शिक्षा-प्रिय हैं। आप गृहलक्ष्मी के रूप में केवल सद्‌गृहणी ही नही हैं, अपितु एक श्रेष्ठ सलाहकार भी हैं। धार्मिक, सामाजिक एवं व्यवसायिक कार्यों के सम्बन्ध में आप समय-समय पर अपनी उपयोगी राय देती रहती हैं। आप शुभ लक्षण-युक्त, गृह-कार्य मे पटु और शान्त स्वभाव की प्रसन्नचित्त साहसी महिला हैं।

स्व० पाण्डेय श्री ज्योतिप्रसादजी जैन, नगलास्वरूप

आप स्व० श्री शिवलालजी जैन पाण्डेय के सुपुत्र थे। आप आरम्भ कालसे ही धार्मिक वृत्ति के तथा दीनों पर दया करने वाले थे। जब आप किसी गरीब को दुःखी एवं लाचार देखते थे, तो तत्काल उसकी सहायता को तैयार हो जाते थे। आपने अनेकों बार अपने घरेलू वस्त्रों को गरीबों में बाँट दिया था।

आपकी धार्मिक वृत्ति भी अनुकरणीय थी। प्रतिवर्ष तथा तीसरे वर्ष पाठ कराके आहारदान करते थे। आप नित्य प्रति मन्दिरजी में पधारते थे, पूजन, प्रक्षालन करके ही दुकान जाते थे।

आप शिक्षा प्रिय भी थे। आपने अपने जीवन में टेहू तथा नगलास्वरूप में धार्मिक जैन पाठशालाओं की स्थापना की थी। इन पाठशालाओं में निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की गई थी। आपकी ज्योतिष शास्त्र में भी रुचि थी। पर्व के समय समीपवर्ती स्थानों में आप पूजन करने भी जाते थे। आप सिद्धान्तवादी एवं दृढ़ संकल्पी थे। आप अपनी दुकान पर बीड़ी सिगरेट तथा तम्बाकू नहीं बेचते थे। और इसकी बिक्री करने वाले जैन बन्धुओं को इस व्यवसाय को छोड़ देने की प्रेरणा देते रहते थे।

संयम-नियम से रहने के कारण आपका स्वास्थ्य अच्छा रहा और ७२ वर्ष की आयु तक आप निरोग और शक्तिपूर्ण रहे। आपका स्वर्गवास गत १९५२ में हो गया।

•

श्री कमलकुमार जी जैन, कोटकी

आपका जन्म सन् १९१३ का है। आप श्री बाबूलाल जी जैन के दत्तक पुत्र हैं। आपने मिडिल तक शिक्षा प्राप्त कर व्यापार में प्रवेश किया। आपके यहाँ सर्राफा तथा बैंकर्स का कारोबार है। आप केवल व्यापारी ही नहीं हैं, अपितु एक धर्मज्ञ भी हैं। धर्मशास्त्रों में आपकी अत्यधिक रुचि है। शास्त्र प्रवचन तथा शास्त्र श्रवण और शास्त्र-अध्ययन मे आप सदैव भारी उत्साह दिखाते हैं।

श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मन्दिर अटारी में दो प्रतिमाजी की स्थापना की। सुविख्यात सोनागिरि, सिद्धक्षेत्र स्थित धर्मशाला में कक्ष निर्माणार्थ दान दिया। पार्श्वनाथ मन्दिर अटारी के जीर्णोद्धार एवं फर्श के लिये भी दान दिया है।

आप राष्ट्र-भावनाओं से ओत-प्रोत हैं। भारत-सेवक दल में बड़ी लगन के साथ कार्य किया एवं दान दिया। स्थानीय श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष, राइफल संस्था के अध्यक्ष, नगरपालिका के उपाध्यक्ष एवं सदस्य रहे। कांग्रेस मण्डल के अध्यक्ष तथा डी० सी० सी० के सदस्य रहे। नगर संयोजक तथा जिला अपराध-निरोध समिति के सदस्य और जनता इन्टर कॉलेज के आजीवन सदस्य हैं। एम० जी० एम० ई० का० जलेसर के सदस्य है। इस

प्रकार आप अनेकों संस्थाओं के मान्य पदाधिकारी तथा सदस्य रह विविध प्रकार से समाज-सेवा का लाभ अर्जित करते हैं। आप विनम्रस्वभाव के तथा लगनशील मानव-सेवक है। आप की मधुर वाणी अत्यन्त आकर्षक तथा सत्यनिष्ठ है।

आपने सन् १९५४ई० एटा नगर में बारहबोरकी गन शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आप उत्साही मन के सज्जन प्रकृति के महानुभाव है।

आपकी श्रीमती भी दानशील महिला हैं। आपके सुपुत्र जीयालाल, कल्याणचन्द्र, यतेन्द्रकुमार तथा सुपुत्री निर्मलकुमारी, हीरामणी और प्रवीणकुमारी सभी आस्तिक भावना के स्वधर्म सेवी और कुल-परम्परागत मानमर्यादाओं के अनुकूल चलने वाले परिजन हैं।

श्री धन्यकुमार जी जैन, अवागढ़

आपका जन्म सन् १९२३ कोटको जि० आगरा में हुआ। आप श्री गुलराज जी जैन के सुपुत्र हैं। आपने हाई स्कूल तक की शिक्षा प्राप्त कर कार्यक्षेत्र में पदार्पण किया। विशेष कर आपका कार्यक्षेत्र अवागढ ही रहा है। आपके यहाँ सर्राफा, बैंकर्स एवं जैन काटेज इण्ड-स्ट्रीज के नाम से कारोबार होता है। आप अध्ययनशील वृत्ति के विवेकी पुरुष हैं। जैन धर्म एवं वैष्णव धर्म के आप श्रद्धालु पाठक रहे हैं। गीता-रामायण का अध्ययन आपने विशेष रूप से किया है। आपने उदाता पूर्वक दान देते हुए जैन एवं वैष्णव मन्दिरों के जीर्णोद्धार में प्रशंसनीय योग दिया है।

राजनीति में भी आप कुशल है। अपने ज्ञान एवं मधुर व्यवहार के कारण ही आपने अल्प समय में आशातीत सर्वप्रियता एवं उन्नति प्राप्त की है। आप "भारत-सेवक समाज" तथा कांग्रेस के आस्थावान सदस्य हैं। टाऊन एरिया कमेटी अवागढ़ के सम्माननीय अध्यक्ष पद पर आप सुशोभित हैं। "भूमि प्रबन्ध कमेटी" तथा "मण्डल कांग्रेस" के अध्यक्ष पदों पर रहते हुए जनता की सेवा में दत्तचित्त हैं। जनता इण्टर कालेज के उपाध्यक्ष और श्री पार्श्वनाथ मन्दिर अटारी के प्रबन्धक तथा भारत-सेवक समाज के ब्लाक संयोजक और भ्रष्टाचार निरोध समिति के सदस्य, साथ ही एम० जी० एम० इण्टर कालेज जलेसर के सदस्य हैं। जनता विद्यालय अवागढ की नींव को चिरस्थायी बनाने के लिये आपने अपने प्रभाव से लगभग ६० हजार रुपया एकत्रित करवाया है।

आपमें कार्य करने की अद्भुत क्षमता है। आप उदार और विचारवान् तथा निर्मल हृदय के वीर पुरुष हैं। युवक समाज आपको अपने निपुण नेता के रूप में देखता है। आपके संरक्षण में टाऊन एरिया अन्तर्गत अभूत पूर्व उन्नति हुई है। आप निस्वार्थ-सेवक, गम्भीर विचारधारा के कुशल वक्ता तथा कार्यपटु जन-सेवक हैं।

आपके ही अनुरूप आपकी श्रीमती कान्तादेवी उर्फ कुन्थादेवी हैं। यह धर्मशीला एवं आस्तिक विचार युक्त आदर्श देवी है। आपके विपिनेशकुमार, राजीवकुमार तथा चैतन्य-कुमार तीन पुत्र एवं गुड्डोदेवी एक पुत्री है।

स्व० श्री रघुवरदयाल जी जैन, एटा

आपका जन्म सन् १९०१ में स्वर्गीय श्री ला० ठाकुरदास जी जैन के घर हुआ था। आपके पिता श्री ठाकुरदास जी का स्वर्गवास सन् १९१६ में हो गया था। अतः आपकी शिक्षा साधारण रूप में ही हो सकी। किन्तु, व्यापारिक क्षेत्र में आप पूर्ण सफल रहे। आपके यहाँ घी, गल्ला के व्यवसाय के साथ साथ दाल मिल भी है। आपके दो विवाह क्रमशः [illegible] एवं पृथ्वीपुर में हुए।

आप उदार प्रकृति के दानी पुरुष थे। आपकी सेवा-भावना तथा संस्था-संचालन योग्यता से प्रभावित होकर समाज आपको सदैव उच्च पदों पर प्रतिष्ठित करता रहा। स्थानीय गान्धी स्मारक कालेज के सभापति पद पर आप चिरकाल तक प्रतिष्ठित रहे। श्री दिगम्बर जैन कन्या पाठशाला पर आपका वरदहस्त सदैव बना रहा और इस संस्था को सभी प्रकार से धन द्वारा सहायता की जाती रही। अविनाश विद्यालय के विचार शील सदस्यों में आपका अपना विशेष स्थान रहा है। समाज एवं राष्ट्र-हितैषी कार्यों में आप प्रमुख रूप से भाग लेते रहे। समाज-निर्माण की ओर जहाँ आपका ध्यान रहता था वहाँ आप धर्म चिन्तन एवं शास्त्र-श्रवण में भी समय देते रहते थे। आपकी धर्म भक्ति और महानता का विशेष दर्शन उस समय हुआ जब आपने एक सप्ताह पूर्व अपनी मृत्यु की सूचना दी। मृत्यु से दो दिन पूर्व आपने परिग्रह की मात्रा बिल्कुल अल्प करदी थी। व्याधि रूप में आपको डाइविटीज की बीमारी थी। बीमार अवस्था में भी आप तीर्थ यात्रा का लाभ उठाकर लेते रहते थे। स्वर्गवास से कुछ दिन पूर्व ही आप श्री महावीर जी की यात्रा पर गए थे और उसके पश्चात आपका स्वास्थ्य गिरता ही चला गया। गत् २० अप्रैल १९६६ को प्रातः सवा छः बजे आपने अपनी ऐहिक लीला समाप्त कर महाप्रयाण किया।

आप अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी एवं दो सुपुत्र, तीन सुपुत्रियें तथा नाती, नातिन आदियों से भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

आपके प्रथम सुपुत्र श्री महिपाल जी जैन का विवाह जसवन्त नगर निवासी श्री प्यारे लाल जी जैन की सुपुत्री के साथ हुआ है। दूसरे सुपुत्र श्री लालचन्द जी जैन का विवाह मैनपुरी निवासी श्री मक्खनलाल जी जैन की सुपुत्री के साथ हुआ है।

आपकी तीन सुपुत्रियें सुश्री विमलादेवी जसवन्त नगर, सुश्री कमलादेवी आगरा और सुश्री सरलादेवी देहली विवाही हैं।

श्री जिनेन्द्रप्रसादजी जैन, टूण्डला

आपका जन्म सन् १९३१ में हुआ। आप श्री श्योप्रसादजी जैन के सुपुत्र हैं। आप बाल्यकाल से ही तीक्ष्ण बुद्धि एवं सजग मस्तिष्क हैं। शिक्षा-संग्रह की ओर आपकी बाल्यकाल से ही अभिरुचि रही है। फलस्वरूप आपने एम० एस० सी० तक उच्च शिक्षा अल्पकाल में ही प्राप्त कर ली। आपने यह शिक्षा भौतिक-विज्ञान में ग्रहण की है।

आप सफल लेखक एवं उत्तम नाटककार हैं। "शान्तिदूत" "भगवान महावीर" "अग्नि परीक्षा" तथा "विराग की ओर" आदि उत्तम कोटि के नाटक आप द्वारा लिखे गये हैं। आप सुयोग्य निर्देशक भी हैं। सुप्रसिद्ध संस्था जिनेन्द्र कला-केन्द्र टूण्डला की प्रगति में आपका भारी योग रहा है। आप "ऋषभ छाया सदन टूण्डला" के संस्थापक और कुशलवक्ता तथा प्रभावशाली कवि भी हैं।

आप जीवन में कांग्रेस विचार-धारा को धारण करके चलते हैं। कांग्रेसदल के विचारशील सदस्य एवं कर्मठ कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस के रचनात्मक कार्यों में आपका विश्वास एवं आस्था है।

समाज के कार्यों में आप पूरी रुचि लेते हैं। जैन मात्र का एकीकरण तथा जैन-जाति का सर्वांगीण विकास आपके जीवन के परम-पावन आदर्श संकल्प है। आप जैनधर्म का आधुनिक लोकप्रिय ढंग से प्रचार एवं प्रसार करना चाहते हैं। सुरुचिपूर्ण कला के माध्यम से देश एवं विदेश में जैनत्व की प्रभावना करने में आपका विश्वास है।

समाज के नवयुवकों में आपका विशेष स्थान है। आपकी नम्रभावना एवं मधुर भाषा में एक विशेष आकर्षण छुपा है। अतः साहित्य-कला एवं उच्च भावनाओं का संगम आपमें प्रत्यक्ष हिलोरें ले रहा है।

आपकी श्रीमती त्रिसलादेवी जैन धर्म के प्रति अनन्य भक्तिपूर्ण महिला हैं। आप इन्हें अपनी कला-प्रेरणा मानते हैं। आपके तीन पुत्र एवं दो पुत्रियाँ हैं।

●

श्री पं० शिवमुखरायजी जैन शास्त्री, जारखी

आप आगरा मंडलान्तर्गत तहसील एत्मादपुर-कुतुकपुर, जारखी के निवासी हैं। आपके बाबा श्री हीरालालजी मूलतः जारखी निवासी थे उन्होंने कुतुकपुर आकर जमींदारी खरीदी और घर-बाग-बगीचे कुएँ आदि बनवाये। आप बड़े प्रतापी, धर्मात्मा और सज्जन पुरुष थे।

आपके पिता श्री लाला कंचनलालजी जैन गाँव के लब्ध प्रतिष्ठ नम्बरदार थे, जिनका अभी आठ वर्ष पूर्व ही स्वर्गवास हुआ है। वे क्षत्रियोचित शूर-वीर, उदार, कुशलशासक, धर्मनिष्ठ व कर्तव्यपरायण पुरुष थे एवं चतुर्दिक दूर-दूर तक यशोगरिमा मंडित थे। एक बार आपके घर पर बड़ा भारी डाका पड़ा। आपने एकाकी डाकुओं का जो सामना किया कि डाकुओं को भागते ही बना। अपने बड़े भारी लट्ठ से ललकार कर डाकुओं को हताहत करते हुए अपने पिता, ताऊ और सम्पत्ति की रक्षा की। इससे अपके शौर्य की धाक जम गयी। ग्रामपति के नाते आप दीन दुखियों के स्वामी एवं सहायक थे। रोगियों को निःशुल्क औषधियाँ भी आपके यहाँ से दी जाती थीं। गाँव के पारस्परिक झगड़ों को भी आप निपटाते थे और आपके निर्णय को सब लोग मान लिया करते थे।

पं० शिवमुखरायजी का जन्म आश्विन कृष्ण प्रतिपदा गुरुवार को संवत् १९५९ में कुतुकपुर में हुआ। आप की माता का नाम श्री दुर्गादेवी था, जो कि एक धर्मात्मा और महिलारत्न थीं। मेघमाला नाम की एक सुशीला कन्या भी हुई, जिसका बड़े अच्छे घर में विवाह हुआ। आपके पूर्वजों द्वारा प्रस्थापित एक भव्य जिन मंदिर भी कुतुकपुर में है, जिसके प्रबन्धार्थ कुछ भूभाग समर्पित कर दिया गया है, जिसकी आय तथा इनके परिवार द्वारा प्रदत्त द्रव्य से जिनालय में प्रतिदिन पूजन, आरती आदि धार्मिक कृत्य सम्पन्न होते रहते हैं। छोटे से छटा बच्चा भी प्रतिदिन दर्शन करके ही भोजन करता है पं० शिवमुखराय जी मारोठ समाज के आग्रह से प्रायः २८ वर्ष से यहाँ धार्मिक शिक्षा देकर समाज को सुसंस्कृत बना रहे है। यहाँ के समाज की धार्मिक प्रवृत्ति कुछ मलिन और धूमिल सी हो रही थी, उसमें आपने अपनी विद्वत्ता और अनुभव से एक चमत्कार पूर्ण नवीन तितिक्षा और उत्कण्ठा जागृत कर दी है। आपके प्रयत्न से यहाँ अनेक संस्थायें खोली गई हैं।

यहाँ के श्रीमंत सेठ राज्यभूषण रायबहादुर मगनमल जी हीरालाल पाटनी ने एक पारमार्थिक ट्रस्ट की स्थापना की और आपको उक्त ट्रस्ट का सदस्य एवं मैनेजर नियुक्त किया। ट्रस्ट के अन्तर्गत चलने वाली अनेक संस्थाओं यथा-पाटनी जैन औषधालय, बोर्डिंग हाउस, लायब्रेरी, ग्रन्थालय, मगनबाई कन्या पाठशाला मारोठ, कलावतीबाई कन्या पाठशाला आगरा व कामां, पाटनी जैन औषधालय कामां, और असहाय सहायक फंड, छात्रवृत्ति फण्ड, मगनबाई धर्मादाफंड, जीवदया फण्ड, जीर्णोद्धार फण्ड, धर्मप्रचार फण्ड, औषधिदान फंड, जनरल फण्ड आदि का बड़ा सुन्दर प्रबन्ध करके सम्मान प्राप्त किया। जनगणना के समय

अनेक भाषाओं में लाखों की संख्या में—"अपने को जैन लिखाओ"—पम्फलेट छपवा कर प्रचार किया। आल इण्डिया रेडियो के अनेक स्टेशनों से महावीर जयन्ती तथा अन्य अवसरों पर भी विशेष प्रचार किया। भारत के केन्द्रीय व राज्यों के नेता एवं मन्त्री आदि अनेक राजपुरुषों एवं राजनेताओं के धन्यवादपत्र आपको प्राप्त हुए हैं। अनेक मन्दिरों में चढने वाली वलि वन्द कराई। पशुओं के पीने के लिए अनेक स्थानों पर जल की व्यवस्था कराई।

आपमें तो यह वहुमुखी विशेष विशेषताएँ हैं ही, आपकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलमाला देवी धार्मिक सक्रियता में आपसे भी दो पग आगे ही हैं। प्रकृति पुरुष जब दोनों एकमना हो जाते हैं तो जीवनरूपी संसार स्वर्गोपम हो जाता है। आपके एक सुपुत्र और पाँच सुपुत्रियाँ हैं। तीन नाती भी हैं। "यश, दूध, पूत, परिवार सुखी है, युत धर्म,कर्म, संसार सुखी है"। पुण्यवान पुरुष के लिए यह कोई बहुत बड़ी वात नहीं है। चन्दन स्वयं तो शीतल और सुगन्धित रहता ही है, अपने आसपास के बवूल करीलादि को भी सुगन्धित करते रहता है।

आपके सुपुत्र का नाम वा० मुनीन्द्रकुमार जी जैन है। मुनीन्द्रवावू वी० कॉम, एल० एल० वी०, साहित्यरत्न, धर्मरत्न, प्रभाकर (आनर्स) और जैनधर्म विशारद हैं। "यथा वाप तस सुत किन होई" वाली कहावत चरितार्थ करते हैं। आप केन्द्रीय सरकार की ओर से रेलवे वर्कशाप अजमेर में आडीटर के पद पर हैं और वड़ी योग्यता से कार्य सम्पादन कर रहे हैं। आपकी पुत्रियों में सर्व सुश्री चन्द्रकान्तादेवी, मनोरमादेवी, ज्योतिर्माला जैनधर्म विशारदा, शान्तिदेवी जैनधर्म विशारदा और पुष्पादेवी हैं। इनमें तीन के वैवाहिक कार्य उत्तम घरों में सम्पन्न हो चुके हैं, शेष दो अध्ययनशीला हैं। पुत्र वधू सौ० शारदादेवी सर्वगुणसम्पन्न, धर्मनिरता, पिता, पति दोनों कुलों को प्रकाशित किए हुए हैं।

विवाहादि मांगलिक कार्यों के अवसर पर शास्त्री जी के पास केन्द्रीय तथा राजकीय प्रायः सभी प्रमुख राजनेताओं की शुभकामनाएँ आती हैं। आपके तीन नाती चि० वीरंजयकुमार, भरतेशकुमार और चक्रेशकुमार हैं।

●

श्री महावीरप्रसादजी जैन, अहारन

इनके बाबा श्री लालाराम जी जैन ने अपना ग्राम अहारन छोड़कर सहारनपुर में कारबार शुरू किया था। बाबा के साथ उनके पुत्र, अर्थात् महावीर जी के पिता श्री छुट्टनलाल जी भी बाल्यावस्था में थे। छुट्टनलाल जी ने वहीं शिक्षा प्राप्त की और फिर रेलवे सर्विस में गये। कुछ समय बाद स्टेशन मास्टर के पद पर नियुक्त हुए। जिस समय छुट्टनलाल जी पानीपत में थे, उसी समय छुट्टनलाल जी के यहाँ श्री महावीरप्रसाद का जन्म हुआ। शैशवावस्था के बाद आपकी शिक्षा का प्रबन्ध हुआ और शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त जलेसर वाले आढ़तिया लाला बाबूरामजी की सुपुत्री श्रीमती मोतीमाला के साथ १७-१-२५ को विवाह बड़े समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इन्होंने भी अपना पुराना पुश्तैनी पेशा अपनाया। अर्थात् २० रु० मासिक वेतन पर रेलवे में कानपुर में मालबाबू नियुक्त हुए। आपकी रेलवे सर्विस ३०-३-२५ सन् में प्रारम्भ हुई। कुछ समय तक इसी पद पर काम करने के बाद सन् २९ की १ जून को आपकी नियुक्ति रेल के गार्ड पद पर हुई। उस पद के अनुसार इनके वेतन में भी काफी वृद्धि हुई।

कार्य सन्तोषप्रद होनेके कारण १७-५-३२ को इन्हें ट्रेन कन्ट्रोलर के पद पर नियुक्त किया गया और सन् १९४४ के अप्रैल महीने में आप स्टेशन मास्टर बनाये गये और टूण्डला जंक्शन (स्टेशन) पर नियुक्ति हुई। तत्पश्चात् शीघ्र ही गजटेड आफिसर (राजपत्रित अधिकारी) बनाया गया। चिरकाल तक आप इसी पद पर रहे और बाद में स्टेशन सुपरिण्टेण्डेण्ट नियुक्त हुए और दिल्ली जंकशन पर नियुक्ति हुई। इस प्रकार रेलवे यातायात की बहुमुखी सेवाएँ करने के उपरान्त आप सन् ६१ में अवकाश प्राप्त हुए। किन्तु १ माह पश्चात् पुनः उसी पद पर सुरक्षा विभाग के आर्मी हेड क्वाटर्स में भेज दिये गये।

इतनी महती सेवाएँ करने के बाद को उत्तर प्रदेश सरकार के कलकत्ता कार्यालय में मुख्य सम्पर्क अधिकारी के पद पर आसीन किए गये और तब से अबतक इसी पद के गुरुतर कार्य को बड़ी मुस्तैदी के साथ सँभाले हुए है।

यों तो रेलवे के माध्यम से आप सर्वदा ही जनता की सेवा करते आ रहे थे किन्तु इसके अतिरिक्त कुछ विशेष अवसरों पर जनता की विशेष सेवा का समय भी प्राप्त हुआ है। यथा—१९२६-२७ में बटेश्वर का मेला शिकोहाबाद (१) माघ मेला इलाहाबाद सन् २७-२८ (२) कुम्भ मेला इलाहाबाद सन् ४२ और ५४ (३) कुम्भ मेला सन् १९३८ और १९५० में।

सन् १९६० को श्री जगजीवनराम तत्कालीन रेल मंत्री ने आपके कार्यों से प्रसन्न होकर एक चाँदी का पदक तथा ५००) का राष्ट्रीय बचत पत्र आपको प्रदान किया था। आपके तीन पुत्र श्री ईश्वरप्रसाद टिकट कलेक्टर टूंडला, श्री ओमप्रकाश, सहायक अभियन्ता संचार विभाग उत्तर प्रदेश इलाहाबाद और छोटा पुत्र श्री सुशीलकुमार अभी पढ़ रहा है। बड़े पुत्र का विवाह श्री जग्गीलाल जी बजाज शिकोहाबाद की पुत्री सौ० इन्द्राणी के साथ और

मझले का श्री दामोदरदास जी जैन जलेसर निवासी की सौ० ललिता के साथ हुआ है। आपके तीन पुत्रियाँ भी हैं। बड़ी पुत्री कान्तीदेवी का व्याह मर्थरा निवासी श्री हरसुखराय जी सरपंच के सुपुत्र श्री प्रेमसागर के साथ, दूसरी पुत्री सावित्री का व्याह श्री मानिकचन्द्र बी० कॉम० (लघुभ्राता श्री छक्कूलाल जी ब्रांच मैनेजर, बीमा कम्पनी कानपुर) खचांची रिज़र्व बैंक के साथ हुआ और छोटी पुत्री सुशीला अभी बी० ए० में पढ रही है।

●

श्री पं० राजकुमारजी जैन शास्त्री, निवाई

श्री शास्त्रीजी इस क्षेत्र के जाने-माने सफल वैद्य एवं उत्तम समाज-सेवी हैं। आप स्थानीय नगरपालिका के कई वर्ष तक प्रधान रहे। गत १५ वर्ष से कांग्रेस के विभिन्न सम्माननीय पदों पर रहते हुए आशातीत लोकप्रियता प्राप्त की है। वर्तमान मे आप मण्डल-कॉग्रेस के अध्यक्ष हैं। आप साहित्य में भी पूरी रुचि रखते हैं। आधुनिक शैली में जैन-रामायण की रचना करके आपने समाज में श्रद्धा का स्थान बनाया है। "अहिंसा वाणी" "अहिंसा" आदि पत्रों के संयुक्त सम्पादन के साथ ही साथ आपने दर्जनों पुस्तकों की रचना की है।

आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्य मे पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेते हैं। राजस्थान प्रान्तीय-जैन मिशन के सुयोग्य संचालक एवं उसके माध्यम से आपने समाज की भरपूर सेवा की है। आपकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कितनी ही वार आपका सार्वजनिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया जा चुका है।

समाज में आपको पूर्ण आदर का स्थान प्राप्त है। आपके पॉच सुपुत्र हैं। यह सभी उच्च कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। सभी सुपुत्र होनहार एवं समाज हितैषी हैं।

●

श्री अतिवीरचन्द्रजी जैन बी० ए० बी० टी०, टूण्डला

आपका जन्म १ जून १९४० मे हुआ। आपके पिता श्री लाहोरीलाल जी जैन, एवं भ्राता श्री वीरेन्द्रकुमार जी टूण्डला में ही व्यापार-व्यवसाय करते हैं। आप मूल निवासी नाहरपुर जिला एटा के हैं।

आपने साधारण परिस्थितियों मे रहकर अपने श्रम एवं लगन के सहारे बी० ए० बी० टी० तक उच्च शिक्षा प्राप्त की है। आपकी शिक्षा इण्टरमीडिएट तक टूण्डला मे हुई, तत्पश्चात् फिरोजाबाद से बी० ए० किया और शिकोहाबाद से बी० टी० परीक्षा उत्तीर्ण की। आप शिक्षा-संग्रह में इतने चतुर थे कि जीवन मे किसी भी कक्षा मे असफल नहीं हुए।

आप विद्यार्थी जीवन से ही समाज-सेवा करते आ रहे हैं। लेखन कला की ओर भी आपकी रुचि रहती है। जैन युवक-संघ टूण्डला के आप कप्तान भी रह चुके हैं। आपका विवाह श्री लाला सुखलाल जी जैन दखिनारा की सुपुत्री श्रीमती कस्तूरदेवी जैन के साथ हुआ है। वर्तमान मे आप जैन कालेज ईसरी बाजार में सहायक अध्यापक के पद पर कार्य कर रहे हैं। आशा है आप द्वारा समाज की ओर भी अधिक सेवा होगी।

●

श्री डा० महवीरप्रसादजा जैन, खन्दौली

आपका जन्म सैमरा नामक ग्राम में कार्तिक कृष्ण १३ सं० १९९४ को हुआ। आपके पिता श्री कपूरचन्द जी वैद्य समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में माने जाते है। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा स्थानीय पाठशाला में हुई थी तत्पश्चात् श्री महावीर दिगम्बर जैन इण्टर कालेज आगरा से माध्यमिक शिक्षा समाप्त कर, बुन्देलखण्ड आयुर्वेद कालेज झांसी में शिक्षा पाने लगे। यहाँ का पॉचवर्षीय डिग्री कोर्स समाप्त करके आपने A.B.M.S. (आयुर्वेदाचार्य) की उपाधि लखनऊ से प्राप्त की।

आपने आयुर्वेद का ज्ञान भली प्रकार प्राप्त कर चिकित्सा कार्य आरम्भ किया। आपके सद्व्यवहार और सफलतापूर्ण चिकित्सा की कीर्ति तेजी के साथ फैलने लगी। आपकी रोग-निदान पद्धति सर्वथा नवीन एवं उत्तम है। इतनी कम आयु में इतनी अधिक सफलता आपकी महान् प्रतिभा का द्योतक है। इस समय आप श्री महावीर जैन औषधालय सैमरा एवं स्याद्वाद मेडिकल हाल खन्दौली दोनों स्थानों पर चिकित्सा-सेवा में रत हैं।

केवल चिकित्सा क्षेत्र में ही नही साहित्य क्षेत्र में भी आपकी भारी रुचि है। जैन मूल-ग्रन्थों के अध्ययन एवं जैन सिद्धान्तों के वैज्ञानिक विश्लेषण में भी आप पर्याप्त समय देते हैं। जैन धर्म-ग्रन्थों के अध्ययन के साथ ही साथ आप अन्य धर्मों के ग्रन्थों का भी अवलोकन करते हैं।

धार्मिक कार्यों में आपकी अत्यधिक रुचि होने के कारण अपनी दादी गुनमालादेवी की स्मृति में एक प्याऊ तथा एक धर्मशाला निर्माण कराने का लक्ष्य भी आपने निश्चित किया है।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता जैन भी धार्मिक विचार-धारा की सुशिक्षिता महिला हैं। और यह भी आयुर्वेद के अध्ययन में रुचि रखती है। आपके एक पुत्री एवं चार पुत्र हैं।

आपमें धैर्य, दृढता तथा अध्यवसाय आदि प्रशंसनीय गुण समाये हुए हैं। आप द्वारा प्रारम्भ किया गया कार्य सुन्दर रूप में सम्पूर्ण होता है। स्वाभिमान, मिलनसारिता आदि आपके गुण आपको समाज में भारी प्रतिष्ठा दिलाते आ रहे हैं।

स्व० श्री भगवतस्वरूपजी जैन, एत्मादपुर

श्री भगवतस्वरूप जी का स्थान समाज की गौरवशाली विभूतियों में है। आपका जन्म सं० १९६८ कार्तिक सुदी ६ को एत्मादपुर में हुआ था। आपकी शिक्षा किसी विद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में नही हुई थी, अपितु घरके चौक में ही बैठकर आपने अक्षर-ज्ञान प्राप्त किया था। विद्या की यह लगन और साहित्य-साधना की अटल भावना ने आपको अल्पकाल में ही एक प्रभावशाली लेखक बना दिया। एक छोटे से साधनहीन कस्बे में जन्म लेनेवाला यह बालक इतना प्रतिभाशाली और उत्तम साहित्यकार होगा, इसकी किसी को कल्पना भी न थी। एक रूप में भगवत जी की यह विलक्षण प्रतिभा उनके पूर्व जन्मों की ही देन थी। उनके मस्तिष्क की अनूठी कल्पना और शब्द-भण्डार तथा ज्ञान की सुस्पष्ट धारा, उनमें पुरुषोत्तम-गुण थे।

एक ओर निर्बल शरीर, दूसरी ओर कठिन साहित्य-सेवा का अखण्ड व्रत—एक दूसरे की प्रतिस्पर्धा में जुटे हुए थे। अन्तिम विजय साहित्य-सेवा की हुई और भगवत जी ने आखिरी श्वास तक साहित्य-ज्योतिका सिंचन किया। आप युवावस्था पाते-पाते ही साहित्य-क्षेत्र में बहुत आगे निकल चुके थे। ३० साल की तरुणाई में आपकी लगभग २० पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी थीं और इतनी ही हस्त-लिखित रखी थीं। आपकी प्रत्येक पुस्तक में विषयानुरूप ही भाषा, भाव एवं शब्द देखे जाते है। इन प्रकाशनों के अतिरिक्त आप "झनकार" "जैन मार्तण्ड" "सरस्वती" "अनेकान्त" "विचार" "अभ्युदय" "जैनगजट" और "जैन सन्देश" आदि पत्र-पत्रिकाओं के चुने हुये लेखकों में अपना स्थान बना चुके थे।

निःसन्देह आप ने अपनी कृतियों में जैन-धर्म का स्तवन अधिक किया है। किन्तु आपका विशाल दृष्टिकोण मनुष्य मात्र को मानवता का मार्ग बताना था। आपकी रचनाओं में धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय भावनाओं की त्रिवेणी है। बहती आपकी आत्मा मनुष्य के नैतिक पतन से तिलमिला उठती थी। सम्भवतः इसीलिए आपने परतन्त्रता, पूंजीवाद, शोषण आदि के विरुद्ध अपने हृदय के भाव व्यक्त किये हैं।

आपकी सरस एवं तथ्यपूर्ण रचनाओं को देख कर आपकी योग्यता और कुशलता पर अतीव आश्चर्य होता है। युग का प्रतिनिधित्व करने की पूर्ण क्षमता आपमें विद्यमान थी। चाहे आज आपका पंचभौतिक शरीर विद्यमान नहीं है, किन्तु यशःशरीर आज भी विद्यमान है। प्रत्येक पंक्ति में आपकी निर्मल आत्मा के दर्शन होते हैं। आपका साहित्य सुधारवादी, प्रेरणाप्रद तथा पठनीय है।

श्री माणिकचन्दजी जैन हकीम, फिरोजाबाद

आप श्री मुन्नीलाल जी जैन के सुपुत्र है। आपके पिता जी जब अपने मूल निवास स्थान जटौआ से फिरोजाबाद पधारे थे, तब आप केवल दो माह के शिशु थे। अतः आपका लालन-पालन एवं शिक्षा आदि फिरोजाबाद में ही हुई है। अपनी सरल प्रकृति एवं निरभिमानिता के कारण आज आप इस क्षेत्र के सम्मानित पुरुषों में अपना स्थान बनाए हुये है। आपने २२ वर्ष की आयु में ही अपने पिता जी के संरक्षण में चिकित्सा कार्य प्रारम्भ कर दिया था। चिकित्सा क्षेत्र में आपको आशातीत सफलता मिल रही थी कि—आपकी रुचि व्यापार की ओर मुड़ गई। फलस्वरूप सन् ४८ में आप स्थानीय चूड़ियों के कारखाने में साझी हो गए। तत्पश्चात् तो आपने इस कार्य को पूरे दिल और दिमाग से आरम्भ कर दिया। कुछ समय पश्चात्-एडवान्स ग्लास, ओरियण्ट ग्लास, महावीर ग्लास, एवं गुप्ता कैमिकल आदि उद्योगों में आप साझीदार हो गए। वर्तमान में आपने "उमेश कैमिकल कारपोरेशन" के नाम से अपना निजी उद्योग भी स्थापित किया है।

जहाँ आपने चिकित्सा और व्यापार में अपना विशेष स्थान रखा है—वहाँ आप एक कुशल राजनीतिज्ञ भी हैं। सन् १९४२ में आपने देश के लिए जेल-यात्रा भी की थी।

इस क्षेत्र के प्रत्येक सार्वजनिक कार्य में आपका सक्रिय योगदान रहता है। श्री पी०डी० जैन इण्टर कालेज, कन्यापाठशाला तथा श्री पद्मावती-पुरवाल-फण्ड के आप प्रारम्भ से ही सदस्य रहे है। श्री पद्मावती पुरवाल-छात्रवृत्ति फण्ड के लिए आपने १०० मासिक देने का संकल्प किया है।

आप सज्जन प्रकृति के उत्साही और कुशल पुरुष है। आपमें समाज-सेवा की भारी अभिलाषा है। समाज भी आपका एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में स्वागत करता है।

श्री पं० नन्नूमलजी जैन, कालापीपल

आपका जन्म कार्तिक वदी १ संवत् १९६० में शुजालपुर जिला शाजापुर में हुआ। आपकी शिक्षा अपने नाना श्री आलमचन्द-हरकचन्द के यहाँ हुई। शिक्षा समाप्त कर आपने अपना जीवन सर्विस से आरम्भ किया। सर्विस में आप लगभग १५-२० वर्ष तक रहे, तत्पश्चात् सन् १९४५ में आपने नौकरी छोड़ दी और अपना निजी व्यवसाय कालापीपल (म० प्र०) में प्रारम्भ किया। आपकी दुकान "मोतीलाल नन्नूमल" के नाम से कार्य करती है। इस दुकान पर आढत, कपड़ा तथा घासलेट का व्यापार होता है। आप संस्कृतज्ञ भी है। जैन शास्त्रों का अच्छा ज्ञान रखते हैं। बचपन से ही सामाजिक तथा धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रही है। प्रात.काल पूजन तथा सन्ध्या समय वर्षों से लगातार शास्त्र-प्रवचन करना, आपकी धार्मिक वृत्ति का सजीव उदाहरण है।

६० वर्ष की आयु में भी आप सामाजिक कार्यों में भाग लेते रहते हैं। आपका अधिकांश समय रुग्ण एवं व्याधिग्रस्त मानवों की सेवा सुश्रूषा में व्यतीत होता है। शरीर-पीड़ा से व्याकुल मानवो के साथ आप इन्दौर, उज्जैन आदि नगरों के अस्पतालों में जाकर उनकी सेवा करते रहते हैं। आपके इस प्रशंसनीय सेवा-भाव से कितने ही व्यक्तियों को नव-जीवन प्राप्त हुआ है।

आप साहित्य में भी रुचि रखते हैं। साहित्य गोष्ठियों में अपने निजी कार्यों को छोड़कर भी सम्मिलित होते हैं और नवीन कार्यकर्ताओं को सदैव प्रोत्साहन देते रहते हैं। आपकी उपस्थिति से सभा में एक नवीन वातावरण उत्पन्न हो जाता है। आप विनोदप्रिय और जीवन को एक कलाकार की भाँति चलाते हुए यदाकदा बड़े जोश में यह शेर दोहराते हैं।

"जिन्दगी के हर चरण में एक उलझन ही मिली है।
ईसलिए अय दोस्तो यह जिन्दगी जिन्दादिली है॥"

स्व० श्री श्रीमन्दिरदासजी जैन, कलकत्ता

आपका जन्म सम्वत् १९७१ में जन्माष्टमी के दिन हुआ था। आप स्वर्गीय श्री मुन्नी-ालजी जैन के द्वितीय सुपुत्र थे। आप बाल्यावस्था से ही उत्साही तथा सत्यप्रिय व्यक्ति ।। आपका कर्म-क्षेत्र यद्यपि कलकत्ता था, किन्तु आपको अपनी जन्म भूमि एटा से सदैव ोह बना रहा।

आपकी शिक्षा साधारण होते हुए भी आपमे योग्यता और बुद्धिमत्ता का अभाव नहीं था। व्यवसाय में आपकी बुद्धि निरन्तर सफल रहती थी। समाज आपको जहाँ सफल व्यवसायी के रूप में देखता था वहाँ आपकी ईमानदारी की धाक भी उसपर निरन्तर बनी रही। मेटल, बरतन आदि व्यवसायों में आपने आशातीत उन्नति प्राप्त की है।

आपकी धर्म भावना भी बड़ी पुष्ट थी। अपने धर्म के प्रति आप पूर्ण निष्ठावान तथा आस्थावान थे। धर्म-कर्म में आप समय भी लगाते रहते थे। सामाजिक कार्यों में तथा स्वजातीय सेवाओं में आप निरन्तर भाग लेते रहते थे।

युवावस्था में ही आपका स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण हार्ट कमजोर हो गय और सम्वत् २०२१ में इसी रोग के आक्रमण ने आपको हमसे सदैव के लिए विलग क दिया। आपकी असामयिक मृत्यु से सारे समाज में शोक की लहर-सी दौड़ गई और अनेक स्थानों पर आपकी आत्मशान्ति के लिए शोक सभाएँ कर आपको श्रद्धाञ्जलि अर्पि की गई।

आप अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कनकलतादेवी एवं पाँच लड़की और ए लड़का छोड़ गए हैं। आपकी श्रीमती आपके अनुरूप ही धर्म परायणा और शान्त प्रकृति महिला हैं। आपका सुपुत्र चि० तरुणकुमार होनहार युवक है।

स्व० श्री जयकुमारजी जैन, जसरथपुर

आपका जन्म ३० अगस्त १९१० में हुआ था। आपके पिता श्री प्यारेलालजी जैन रईस थे। आपका लालन-पालन बड़े लाड़चाव एवं अमीरी ठाठ-बाठ से हुआ था। आप जैन शास्त्रों में रुचि एवं श्रद्धा रखते थे। आपका विवाह कुतकपुर निवासी श्री कंचनलालजी जैन जमींदार की सुपुत्री श्रीमती मेघमाला देवी के साथ हुआ था। आपके उदार हृदय में दान देने की भावना हिलोरें लेती रहती थी। आपने अपने जीवन में प्रचुर मात्रा में दान दिया है। आपका धार्मिक नित्यकर्म भी सुचारू रूप से चलता था। आप प्रतिदिन मन्दिर में पूजन एवं शास्त्र स्वाध्याय करने पधारते थे। आप गरीब एवं अनाथों की सेवा के लिए प्रतिक्षण तत्पर रहा करते थे। समाज में आपको निर्भीक प्रकृति का सम्मानित पुरुष समझा जाता था।

आपका निधन १५ जून १९५१ को हो गया। आपके दुःखद वियोग से सारा ही समाज दुःखी है। आप अपने पीछे अपनी पत्नी तीन पुत्र छोड़कर गए हैं। बड़े सुपुत्र श्री रामबाबू जैन टूण्डला में निवास करते है और रेलवे में वैंच इन्सपैक्टर के सम्मानित पद पर हैं। दूसरे सुपुत्र श्री प्रेमचन्दजी जैन अपने ग्राम में ही निवास करते हैं। आप राजनीति में भी भाग लेते हैं तथा वर्तमान में ग्राम-सभा के प्रधान पद पर हैं। तीसरे सुपुत्र श्री गिरीशचन्द्र जैन शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आपके सभी चिरंजीव सुयोग्य, नम्र एवं आपकी भाँति ही उदार और समाज-सेवी हैं।

श्री मगनलालजी जैन, शुजालपुर

आपका जन्म आश्विन सुदी सप्तमी वि० सं० १९४९ का है। आपके पिता श्री छोगमलजी जैन संस्कृत एवं जैन दर्शन के अच्छे विद्वान् थे। उनके समय के अनेकों हस्त लिखित गोमटसार एवं अमरकोष आदि उपयोगी ग्रन्थ स्थानीय दिगम्बर जैन-मन्दिर के शास्त्र-भण्डार में सुरक्षित हैं।

आपको सात वर्ष की आयु में मातृ वियोग तथा चौदह वर्ष की आयु में पितृ वियोग सहन करना पड़ा। अतः आपकी प्रारम्भिक शिक्षा अपने मामा श्री गुलराज जी के यहाँ हुई। किन्तु आपको अपना शिक्षाक्रम स्थगित कर शीघ्र ही अपने पितामह श्री हरकचन्द जी जैन के संरक्षण में अपना पारिवारिक व्यवसाय सम्भालना पड़ा। शिक्षाकाल में आपको जो छात्रवृति मिलि, आपने वह निर्धन छात्रों में वितरण कर दी। आप लगनशील और बुद्धिमान छात्रों में से एक थे।

आपका विवाह सं० १९६६ में सीहोर निवासी श्री सरदारमल जी जैन की सुपुत्री सुश्री राजुलबाई के साथ सम्पन्न हुआ। आपके सम्पन्न परिवार में तीन पुत्र, आठ पौत्र और नौ पौत्रियाँ हैं।

आपके यहाँ कपड़े का व्यापार होता है। इस व्यवसाय में आपने अच्छी सफलता प्राप्त की है। पुत्रों के योगदान के पश्चात् कारोबार में उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई और आपने वस्त्र व्यवसाय के साथ साथ चादी-सोने का व्यापार भी प्रारम्भ कर दिया।

एक सुयोग्य नागरिक व कर्मठ कार्यकर्ता होने के नाते आप नगर पालिका, पूर्व ग्वालियर राज्य में जिला बोर्ड, परगना बोर्ड, विजीनेन्स कमेटी आदि के महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर चुके हैं। सम्वत् १९७६ में श्री दिगम्बर जैन पद्मावती पुरवाल-सभा की स्थापना हुई, जिसके आप महा मन्त्री नियुक्त किये गये।

आपको बाल्यकाल से ही धर्म में अत्यधिक रूचि रही है। सं० १९९५ में आपने स्थानीय दिगम्बर जैन-मन्दिर में अपने पूज्य पिता जी के स्मरणार्थ वेदी निर्मित कराके प्रतिष्ठा करवाई थी। इस से पूर्व लगभग ७० वर्ष से इस नगर मे जैन-मूर्ति का विहार नहीं हुआ था। यह बात आप को बाल्यकाल से ही खटकती थी। आपके १४ वर्षों के भागीरथ प्रयत्नों के पश्चात् शासन ने मूर्तिविहार का आदेश प्रदान कर दिया। समाज ने आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए आपको "जातिभूषण" की उपाधि से विभूषित किया है।

प्रारम्भ से ही आपका विचार था कि—श्री पद्मावती पुरवाल समाज के बन्धु जो विभिन्न प्रान्तों में स्थाई रूप से बस गए हैं—उनके परस्पर मे पुनः सम्बन्ध होने चाहिए और इसी विचारधारा को मूर्त रूप देते हुए आपने अपनी द्वितीय पौत्री सुश्री तेजकुंवरबाई का विवाह स्वर्गीय श्री रामस्वरूपजी जैन इन्दौर निवासी के सुपुत्र श्री कमलकान्तजी जैन के साथ सम्पन्न किया।

स्थानीय श्री दिगम्बर जैन-मन्दिर अत्यन्त जीर्ण हो गया था। जिसका पुनः निर्माण अनिवार्य था। अतः आप द्वारा यह पुण्यकार्य सम्पन्न हो रहा है। मन्दिर का निर्माण अति भव्य और विशालरूप से किया जा रहा है। इस शुभ कार्य में आप मुक्त हस्त से व्यय कर रहे हैं।

आप समाज के अत्यन्त शुभचिन्तक और चिन्तनशील वयोवृद्ध महानुभाव हैं।

स्व० श्री पंचमलालजी जैन, महाराजपुर

आपका जन्म आलमपुर निवासी श्री सोनपालजी जैन के परिवार में वैशाख शुक्ला प्रतिपदा सम्वत् १९४४ में हुआ था। ६-७ वर्ष की आयु में ही आप पर से पिता जी का स्नेह-हाथ उठ गया। माता जी की देख-रेख में ही आपकी शिक्षा-दीक्षा हुई। आपकी अभिरुचि चिकित्सा शास्त्र की ओर होने से आपने आयुर्वेद शास्त्र का अध्ययन किया और उसमें निपुणता का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। आपकी रोग-परीक्षण विधि अत्यन्त आश्चर्य जनक एवं अद्भुत थी। आपकी नाड़ी-परीक्षा की सर्वत्र प्रशंसा की जाती है।

आपने पीड़ित मानव-समाज की सेवा का व्रत धारण करते हुवे आजन्म अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा की। रुग्ण-मानव समाज की सेवा में आप अहर्निश तल्लीन रहते थे। आप द्वारा यह सेवा निस्वार्थ भाव से होती थी। आप रोगी के घर पर जाकर देखते थे और औषधि के साथ अपने सान्त्वनापूर्ण शब्दों से उसको धैर्य बन्धाते थे। आपका संयम एवं प्रतिभापूर्ण व्यक्तित्व रोगी के लिए भारी आश्रय बनता था। आपके प्रति आभार प्रकट करने वाले समाज ने समय-समय पर आपको घोड़ी, भैंस तथा गौ, बैल आदि देकर आपका सम्मान किया है। आप अपनी सम्पत्ति का अधिक भाग अभावग्रस्त रोगियों पर ही व्यय कर दिया करते थे, वैसे आपका स्नेह अपने भाई के सुपुत्र श्री ज्ञानस्वरूपजी जैन पर भी बहुत अधिक था। श्री वैद्यजी ने अपने भतीजे ज्ञानस्वरूपजी को भी आयुर्वेद का पर्याप्त ज्ञान करा दिया था। आपने अपनी गुप्त विद्या का अधिकतर भाग इन्हींको प्रदान किया है।

आपका जीवन एक सफल वैद्य का जीवन तो कहा ही जाएगा, वैसे धर्म-कार्यों में भी आपको अग्रसर माना जाता है। महाराजपुर में जैन मन्दिर का निर्माण आपके ही सतत् प्रयत्न का प्रमाण है। आपके नित्यकर्म में धर्म-साधना का समय भी निश्चित था। शास्त्र चर्चा, धर्म-विचार यह आपके जीवन में अनवरत बना रहा।

आपका देहावसान ७८ वर्ष की आयु में हुआ। इतनी आयु प्राप्त कर लेने पर भी आपकी वाणी में ओज और दृष्टि में प्रकाश यथावत् बना रहा। आप समाज के निर्माता तथा संरक्षकों में माने जाते हैं।

श्री जैनेन्द्रकुमारजी जैन, फिरोजाबाद

आपका जन्म महाराजपुर निवासी श्री सुन्दरलालजी जैन के परिवार में १९३६ में हुआ। आपके पिता जी का निधन आपकी बाल्यावस्था में ही हो गया था। अतः आपको शिक्षा-संग्रह के लिए मोरेना (म० प्र०) जाना पड़ा। यहाँ विशारद तक शिक्षा प्राप्त कर लेने पर आपने अंग्रेजी का अध्ययन आरम्भ किया। आपकी प्रवृत्ति शिक्षा की ओर आरम्भ काल से ही रही है। ईसरी स्थित विद्यालय में आपने शिक्षक का कार्यभार संभाल एक सुयोग्य शिक्षक होने का प्रमाण दिया है। वर्तमान में आप प्रधानाध्यापक पद पर कार्य कर रहे है।

आप जहाँ उत्तम अध्यापक हैं वहाँ श्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। समाज-सेवी संस्थाओं में आपका योगदान बराबर बना रहता है। आप कई एक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी हैं। आदर्श अध्यापक एवं विनम्री, समाज सेवी और चरित्रवान पुरुष हैं। आप अपने विद्यार्थियों को पुस्तक-ज्ञान के साथ साथ जीवन-ज्ञान, सामाजिक-ज्ञान एव धर्मज्ञान और मानव-ज्ञान आदि अमूल्य प्रतिभाएँ प्रदान करते रहते हैं। समाज और विद्यार्थी वर्ग में आपका पूर्ण सम्मान तथा प्रतिष्ठा है। ●

श्री पं० नरसहदासजी जैन शास्त्री, चावली

श्री शास्त्री जी का स्थान समाज के विद्वत् मण्डल में है। आप बाल्यकाल से ही समाज के उत्थान एवं निर्माण मे लगे हैं। समाज का शुभ चिन्तन करते हुए उसमें धार्मिक शिक्षा का प्रसार एवं प्रचार करना, यह आपके जीवन का लक्ष्य रहा है।

आपका जन्म जिला आगरा अन्तर्गत चावली नामक ग्राम में हुआ। आरम्भ कालसे ही आपकी अभिरुचि धर्मग्रन्थों की ओर बनी रही। फलस्वरूप आपने बड़ी लगन के साथ शास्त्राध्ययन किया और एक रूप में आप जैन-धर्म के तत्ववेत्ता बने। आपने अपने कर कमलों द्वारा अनेकों मन्दिरों में जैन-शास्त्रानुसार जिन प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा करवाई है। सहारनपुर, दुर्ग तथा देवगढ आदि स्थानों की सुप्रसिद्ध प्रतिमाये आप द्वारा ही प्रतिष्ठित हैं। आप की सभी क्रियाये जैन-शास्त्रानुरूप एवं जैनधर्मानुसार ही होती हैं।

आप अपने समय के ईमानदार व्यवसायी माने जाते हैं। गल्ला, कपड़ा तथा सोना और चान्दी का व्यवसाय आप कुशलता पूर्वक करते थे। व्यापार-दिशा में भी आपने अच्छी सफलता प्राप्त की है। आप व्यापार में भी धर्म को स्थान देते थे। धर्मानुरूप-व्यापार तथा उचित मुनाफा ही आपका व्यवसायी-लक्ष्य था।

आपकी सहधर्मिणी श्री फूलमालादेवी जी भी आपके अनुरूप ही धर्ममती की महिला हैं। जैन-धर्म में इनका भी पूर्ण विश्वास और निष्ठा है। आपके सुपुत्र श्री नेमीचन्द जी, श्री ताराचन्द्र जी आयुर्वेदाचार्य, श्री हेमचद्र एम. ए., शास्त्री, तथा श्री सुमतिचन्द जी एम. ए., पी. एच. डी., व्याकरणतीर्थ आदि सभी उच्च शिक्षा से विभूषित, धर्म संस्कारों से संस्कारित-आस्तिक विचारधारा के पूर्ण सम्मानित युवक हैं। समाज-सेवा की भावना भी आप में देखी जाती है। अतः श्री शास्त्री जी के सुसंस्कारित और शिक्षित परिवार पर समाज को गौरव एवं स्वाभिमान है। ●

स्व० श्री कस्तूरचन्दजी जैन, सारंगपुर

आपका जन्म सं० १९३६ में हुआ था। आप अपने समाज में प्रतिष्ठित व्यक्ति माने जाते थे। आपने अपने अर्थ बल से जैनधर्म का बहुत अधिक प्रचार व प्रसार कर पाये हैं। आपकी गणना मध्यप्रदेश के जैन-रत्नों में की जाती थी। आपने अपने व्यवसाय सर्राफा में अच्छी सफलता प्राप्त की थी। आपकी दुकान सत्य-प्रियता के कारण सर्वप्रिय थी। आप साधारण शिक्षित होते हुए भी महान् विचारक तथा सुसंस्कृतज्ञ थे। आपका व्यवसायिक अनुभव एवं धर्म-ज्ञान अनूठा था।

आपका स्वर्गवास सं० २००१ में हुआ। आपकी पावन स्मृति में एक धर्मशाला का स्थापन हुआ है। आपकी श्रीमती श्री कस्तूरीदेवी जी भी आपके समान ही धर्म-भावना की उदार महिला थी। आप के एक मात्र सुपुत्र श्री दुलीचन्दजी जैन है। आप जीवन पर्यन्त अपने समाज को उन्नत और समृद्ध देखने का प्रयास करते रहे।

श्री दुलीचन्दजी जैन, सारंगपुर

मध्यप्रदेश के जाने-माने समाज सेवी एवं स्वधर्मानुरागी श्री दुलीचन्दजी का जन्म सं० १९५९ में हुआ है। आपके पिता श्री सेठ कस्तूरचन्द जी जैन सर्राफ अपने समय के ख्याति प्राप्त व्यापारी तथा ऊँचे समाज सेवी थे।

श्री दुलीचन्द जी सार्वजनिक कार्यों में बड़े उत्साह से भाग लेते हैं। सारंगपुर एवं उसके आस-पास का जैन-समाज आपको अपने सम्माननीय नेता के रूप में देखता है। आप भी अपने निजी कार्यों की अपेक्षा सार्वजनिक कार्यों को अधिक महत्व देते हैं। आपके यहाँ चान्दी-सोना एवं गल्ले का बड़े रूप में व्यापार होता है। सचाई एवं ईमानदारी आपके व्यापार की मूल नीति है। सारंगपुर में आपका अपना भव्य-भवन एवं कई एक दुकानें हैं। आपने अपने स्वर्गीय पिता श्री की स्मृति में एक धर्मशाला का निर्माण करवा प्रशंसनीय जन-सेवा की है। स्थानीय जैन-मन्दिर में दोनों ओर की वेदी की रचना करवा मूर्ति-स्थापन करवाया है। आपकी धर्म-भावना परिपुष्ट एवं अनुकरणीय है।

आप कई एक संस्थाओं के पोषक एवं पदाधिकारी भी हैं। मध्यप्रदेश तीर्थरक्षा कमेटी जिला राजगढ के अध्यक्ष पद पर आपको आसीन किया गया है।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती कुंवरबाई भी धर्मशीला एवं पति-परायण महिला हैं। आपका अतिथि-सत्कार भी प्रशंसनीय हैं। आपके भरे पूरे परिवार में सुपुत्र एव सुपुत्रियें क्रमशः इस प्रकार हैं—श्री लाभमलजी जैन, श्री चान्दमलजी जैन, श्री निर्मलकुमारजी जैन, श्री श्रीपालजी जैन, श्रीगुन्धरकुमारजी जैन श्री सुमतकुमारजी जैन एवं श्री सन्तोषकुमारजी जैन सौ० हीरामनी बाई, चान्दाबाई, पुष्पाबाई और रेखाबाई। यह सभी भाई-बहिन आपकी आज्ञा में रहते हुए स्वधर्म के प्रति पूर्ण आस्था रखते हैं।

आप बहुत ही शान्त प्रकृति के मृदुभाषी और गम्भीर विचारक हैं। आपका जीवन आनन्दित और पूर्ण सम्मानित है।

श्री राजेन्द्रकुमारजी जैन, अवागढ़

आपका जन्म ५ जनवरी १९२० का है। आपके पितामह श्री झण्डूलालजी जैन समाज के लब्धप्रतिष्ठ पुरुष हो चुके हैं। जैन धर्म के विशेष स्तंभो में इनकी गणना होती थी। श्री ला० उलफतरायजी को आपके पिता श्री होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आप द्वारा भी स्वधर्म की सेवा तथा समाज-कल्याण के कार्य हुए हैं।

श्री राजेन्द्रकुमारजी की शिक्षा हिन्दी मिडिल तक ही हुई, किन्तु आपका शब्द-भण्डार और भाषा-ज्ञान किसी भी 'स्नातक से कम नहीं है। आपने अपने समय का अधिक भाग अध्ययन, मनन एवं ज्ञानार्जन में ही लगाया है। अतः स्वधर्म के कई ग्रन्थ आपको भली प्रकार स्मरण हैं। आपकी रुचि ऐतिहासिक ग्रन्थों के अध्ययन की ओर भी बराबर रही है। आपका ध्यान विद्यादान की ओर भी रहा है। अतः पाठशाला-निर्माण भी आपके सफल प्रयत्नों में से एक है। कन्या विद्यालयों एवं राष्ट्रीय स्मारकों की स्थापनाओं में आप तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग देते रहते हैं।

आप शुद्ध राजनीति के उपासक हैं। कांग्रेस विचार धारा के प्रबल समर्थक एवं प्रसारक है। अवागढ मण्डल कांग्रेस के मन्त्री भी रहे हैं। जिला अपराध निरोध-समिति के सदस्य तथा श्री दि० जैन समिति पार्श्वनाथ-मन्दिर अटारी के भी सदस्य है। स्थानीय कन्या पाठशाला के भूतपूर्व मन्त्री भी रह चुके है। अवागढ़ की क्लौथ एसोसियेशन के मन्त्री पद पर भी आप रहे हैं।

आपकी श्रीमती श्री कनकमाला देवी भी आपकी भाँति ही राष्ट्रीय विचारधारा की बहुगुणा महिला हैं। तीन सुपुत्र श्री देवेन्द्रकुमार, श्री नरेन्द्रकुमार तथा श्री रवीन्द्रकुमार प्रतिभाशाली युवक हैं। कमलेशकुमारी, विमलेशकुमारी तथा राकेशकुमारी अति सुशील स्वभाव की धर्म भावना पूर्ण तीन कन्यायें हैं।

आपका परिवार सुशिक्षित तथा सुसंगठित और स्वधर्मानुयायी है। आप अपने क्षेत्र में एक कर्मठ कार्यकर्ता की सम्माननीय दृष्टि से देखे जाते हैं।

स्व० श्री सुरेन्द्रनाथजी "श्रीपाल" जैन, कायथा

आज से ६५ वर्ष पूर्व सन् १९०० में आपका जन्म जि० आगरा के कायथा नामक स्थान में हुआ था। परिवार वित्तीय दृष्टि से मध्यम श्रेणी का था। आपके पिता श्री विशेष शिक्षित नहीं थे। आपके हृदय में बाल्यकाल से ही शिक्षा-संग्रह की भावना जागृत हो चुकी थी केवल भावना ही नहीं आपकी प्रतिभा भी अनूठी थी। जिस समय आप हस्तिनापुर-आश्रम मे पढ रहे थे, तो एक दिन संस्कृत श्लोक याद न होने के कारण आपको अपने अध्यापक महोदय का कोप भाजन तो बनना पड़ा ही साथ ही एक तमाचा भी खाना पड़ा। आत्मसम्मानी बालक का गौरव जाग उठा—और इन्होंने रात भर जाग कर पूरी पुस्तक को कण्ठस्थ कर डाला। प्रातः अध्यापक महोदय बालक की इस अपूर्व प्रतिभा और लगन से बहुत प्रभावित हुवे और बालक सुरेन्द्रनाथ के उज्ज्वल भविष्य की घोषणा की।

निःसन्देह जब आप केवल दो वर्ष की अल्पायु में थे आपके पिता श्री का स्नेह हाथ आप परसे सदैव के लिए उठ चुका था, किन्तु आपकी माता जी आपको पूर्ण शिक्षित तथा सुयोग्य देखना चाहती थीं—और उनके ही सद् प्रयत्नों के कारण तथा अपनी लगनशीलता के सहारे आपने मैट्रिक तक शिक्षा बहुत शीघ्रता से सम्पूर्ण कर ली। आप अपने इस शिक्षा-क्रम को यथावत् बनाये रखना चाहते थे, किन्तु ऊँची कक्षाओं का खर्च भी ऊँचा होता है। अतः इस कठिन समस्या का समाधान करने के ही उद्देश्य से आपने रेलवे में सर्विस कर ली। सर्विस के पश्चात् भी आपका अध्ययन बराबर आरम्भ रहा। सन् १९२४ में आप बम्बई रवाना हो गए और गवर्नमेण्ट प्रेस में काम करने लगे। इस समय के बीच आपने हिन्दी की सर्वोपरी परीक्षा साहित्यरत्न एवं अंग्रेजी की इण्टर तक शिक्षा संग्रह कर ली। अब आपने अपना कुछ समय समाज-सेवा में लगाना भी आरम्भ किया और इसी भावना के कारण बम्बई के श्राविकाश्रम में विधवाओं को निश्शुल्क पढ़ाते रहे।

आप डिग्रियों को कोई महत्त्व नहीं देते थे, क्रियात्मक ज्ञान को ही सच्ची शिक्षा मानते थे। इसी सिद्धान्त के आधार पर आपने इंगलिश, गुजराती, मराठी, हिन्दी, संस्कृत आदि भाषाओं का यथेष्ठ ज्ञान प्राप्त कर लिया था। कुछ समय कलकत्ता में भी आपने सम्पादन कार्य किया था।

आपने अपने जीवन में परमार्थिक भावनाओं को ही अधिक महत्त्व दिया। इसी भावना को मूर्तरूप देने के विचार से स्वयं दक्षिण के श्रवणबेलगोला स्थानों की यात्रा पर गए थे। इन स्थानों के दर्शन करने के पश्चात् आपके मन में कुछ लिखने की भावना जागृत हुई। मैसूर क्षेत्र को सभी प्रकार से अपने अनुकूल पाकर यहाँ आपने तीन पुस्तकों की रचना की और उनका प्रकाशन भी करवाया। आपके कुछ ग्रन्थों के नाम इस प्रकार हैं।

(१) Colossys of Shrvanbelgola and other Jain Shines of Decon.
(२) जैन बद्री के बाहुबली तथा दक्षिण भारत के अन्य जैन तीर्थ।
(३) चित्रमयी जैन बद्री।
(४) बाहुबली की पूजा।
(५) दक्षिण के जैन-वीर।

इस प्रकार आपने अपने संघर्षशील जीवन में बड़े परिश्रम के साथ जैन धर्म-ग्रन्थों को अपनी सेवायें समर्पित की है।

आपने साधारण आय होने पर भी अपने परिवार को शिक्षा की ओर बराबर अग्रसर रखा। आपका पूरा परिवार शिक्षित है।

मैसूर में जहाँ आप साहित्य साधना कर रहे थे सन् १९५८ में अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण आपका स्वर्गवास होगया और समाज का एक कर्मठ कार्यकर्ता तथा साहित्यसेवी सदैव के लिए अपना स्थान रिक्त कर गया।

श्री कपूरचन्दजी जैन, "इन्दु" चिरहोली

आप स्वर्गीय श्री नन्नूमलजी जैन के सुयोग्य सुपुत्र हैं। आपका जन्म सन् १९१५ में आपके अपने ग्राम चिरहोली में हुआ था। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा चिरहोली, एत्मादपुर तथा आगरा में हुई है। आपने हाई स्कूल तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् प्रयाग विश्व विद्यालय से हिन्दी की विशेष योग्यता "हिन्दी कोविद" प्राप्त की। आप अपने समय के मेधावी छात्रों में रहे हैं। आपने सभी परीक्षाएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हैं। आपकी रुचि प्रारम्भ से ही साहित्य की ओर रही है। आप में कवित्व शक्ति भी प्रशंसनीय है। 'इन्दु जैन' नाम से आपकी कविताएँ समय-समय पर प्रकाशित होती रहती हैं।

आपने एत्मादपुर में अपने पिताजी के नाम पर 'नन्नूमल स्कूल' की स्थापना कर उसका सफल संचालन किया है। वर्तमान में आप जिले के नजुल पर्यवेक्षक व सर्वेयर सरकारी पद पर कार्य करते हैं।

धार्मिक एवं सामाजिक कार्य में भी आपका सहयोग रहता है। इस समय आप एत्मादपुर जैन-समाज के उपमन्त्री तथा जैन युवक परिषद तथा जैन सेवा-संघ के भी पदाधिकारी हैं।

आध्यात्मिक स्वाध्याय में आपकी विशेष रुचि है। सार्वजनिक साहित्य के साथ जैन शास्त्रों का अध्ययन भी अच्छा है। समाज के सार्वजनिक कार्यकर्ता एवं साहित्यिकों में आपका नाम आदर के साथ लिया जाता है।

स्व० श्री जगदीशप्रसादजी जैन, सहारन

आपके पिता श्री छुट्टनलालजी जैन भी समाज के जाने-माने व्यक्ति थे। श्री जगदीश-प्रसाद जी का जन्म सन् १८९८ में सहारनपुर नगर में हुआ था। आप बचपन से ही बड़े परिश्रमी तथा लगनशील प्रकृति के महानुभाव थे। सन् १९१४ में आप १० रुपये मासिक पर रेलवे में भर्ती हुए थे और अपनी मेहनत तथा ईमानदारी के कारण स्टेशन मास्टर के पद तक पहुँचे। अधिक श्रम करने के कारण आपको क्षय रोग ने घेर लिया था और ४३ वर्ष की अल्पायु में ही आपका स्वर्गवास हो गया।

आप धार्मिक प्रकृति के व्यक्ति थे। आपने सपरिवार प्रायः सभी तीर्थों की वन्दना की है। आप शिक्षाप्रेमी भी थे। सन् १९२३ में टूण्डला में जैन पाठशाला के निर्माण में आपने पूर्ण सहयोग दिया था। आप समाज सुधारक भी थे। आप अपने पुत्र एवं पुत्रियों तथा भगिनी के विवाह और अपनी धर्मपत्नी के निधन के समय विशेष आडम्बर न कर सुधार पूर्ण कार्य तथा साधारण कार्य-क्रम रखे। आप समाज-सेवा के कार्य में सदैव उत्साह से भाग लेते थे। मृत्यु के समय आपने १००१ रुपया श्री महावीर जी के लिए दान किया

था। आपके प्रेमी एवं विशेष स्नेहियों में श्री पाण्डे लालचन्द जी शिकोहाबाद निवासी का नाम आता है। श्री पाण्डे जी तीर्थ-यात्रा आदि के समय आपके साथ ही जाते थे। सम्मेद-शिखर जी के पंचकल्याण के मेले (सन् १९२७ ई०) के समय आप डाकगाड़ी में गार्ड की जगह पर नियुक्त थे। अतः आपने मेले में आने-जानेवाले तीर्थयात्रियों की प्रशंसनीय एवं चिरस्मरणीय सेवा की थी। आप पहले हिन्दुस्तानी थे, जिनको रेलवे अधिकारियों ने डाकगाड़ी में गार्ड की जगह पर नियुक्त किया था।

आपके तीन सुपुत्र श्री रघुवीरप्रसादजी टी० टी० ई० टूण्डला, श्री परमेश्वरीप्रसाद जी वैलफेयर इन्सपेक्टर अलीगढ़ तथा श्री सोमप्रकाश जी एम० ए० वाईस प्रिन्सिपल जैन कालेज ईसरी में है। यह तीनों सज्जन अपने पिता तुल्य उदार एवं सेवा वृत्ति के हैं।

श्री पं० छोटेलालजी जैन शास्त्री, मन्दसौर जनकपुरा

आप मालवा (मध्य प्रान्त) के अन्तर्गत मंदसौर जनकपुरा ग्राम के निवासी हैं। आप मूल निवासी उढेसर जिला मैनपुरी के हैं, किन्तु मन्दसौर के जनकपुरा में बहुत वर्षों से रह रहे है। इस क्षेत्र में आपको अति सम्मान से देखा जाता है। सत्य शब्दों में यह स्थान आपका सेवा प्रधान स्थान रहा है। इस इलाके की गरीब जनता आपको अपने रक्षक एवं प्रमुख सहयोगी के रूप में देखती है। "श्री ठोस जीवन औषधालय" के आप प्रतिष्ठापक एवं संचालक है।

सामाजिक कार्यों में भी आप बड़े उत्साह के साथ भाग लेते रहते है। वर्तमान मे आप लगभग ६५ वर्ष के वयोवृद्ध होने के पश्चात् भी सामाजिक संगठन एवं समाज सेवा के कार्य में बड़े उत्साह के साथ भाग लेते है। आप जितने सफल चिकित्सक हैं। उतने ही अपने धर्म के प्रति श्रद्धालु भी है। आप निर्लोभ प्रवृत्ति के सेवाभावी महानुभाव हैं। आप शास्त्री, वैद्यभूषण, आयुर्वेदाचार्य, आयुर्वेद वाचस्पति आदि श्रेष्ठ उपाधियों से विभूषित हैं। समाज के प्रमुख व्यक्तियों में आपका नाम ससम्मान लिया जाता है।

श्री देवचन्दजी जैन एम. ए., सा. विशारद, इन्दौर

आपका जन्म उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी के ग्राम रीवॉं में सन् १९२२ की २४ जनवरी को हुआ। आपकी शिक्षा एस० आर० सी० बी० हाईस्कूल फिरोजाबाद, त्रिलोकचन्द जैन हाईस्कूल इन्दौर और क्रिश्चियन कालेज इन्दौर में हुई। उसके बाद एम० ए० समाज शास्त्र विक्रम विश्व विद्यालय से द्वितीय श्रेणी में पास किया। छात्रावस्था में आप बालीबाल, फुटबाल और हाकी के कुशल खेलाड़ियों में रहे है। बोर्डिंग हाउस और कालेज की टीमों के आप कैप्टन भी रहे हैं। सन् १९४४ से ४६ तक लगबहार इन्दौर क्रिश्चियन कालेज में अपनी कक्षा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

आपकी धर्मपत्नी का नाम सुशीला बाई विदुषी है। पिता का नाम बद्रीप्रसादजी जैन है। इन्होंने आठवीं तक शिक्षा प्राप्त की है। आगरा जिला के गोहिला नामक ग्राम में सन् १९३२ को इनका जन्म हुआ। आप इन्दौर नगर कांग्रेस कमेटी की सक्रिय सदस्या हैं तथा महिला कांग्रेस इन्दौर, दि० इन्दौर स्वदेशी कोआपरेटिव स्टोर्स लि० इन्दौर, तीर्थ क्षेत्र कमेटी इन्दौर नगर आदि संस्थाओं की कार्यकारिणी की सदस्या है।

देवचन्दजी सर्व प्रथम जीवन यात्रा क्षेत्र में क्लर्क के रूप में उतरे। अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर दि कल्याणमल मिल्स लि० इन्दौर के श्रम कल्याण अधिकारी के पद पर आज कार्य कर रहे हैं। आपकी तीन पुत्रियॉं क्रमशः १४, १२ और १० वर्ष की हैं। दो कक्षा ८वीं में अध्ययनरत हैं। आप सन् १९४९ से लेकर ६४ तक मंडल कांग्रेस के मन्त्री और अध्यक्ष के पद पर रहे। सन् ६५ में कांग्रेस टिकट से इन्दौर नगरपालिका के पार्षद चुने गये। आप कांग्रेस के सक्रिय सदस्योंमें हैं।

●

स्व० श्री पं० रामप्रसादजी जैन शास्त्री, बम्बई

आपका जन्म आगरा जिला के जटौआ ग्राम में सुगन्ध दशमी को सन् १८८९ ई० में श्री लाला चुन्नीलालजी के यहॉं हुआ था। आप अपने पिता के तृतीय पुत्र थे। आपका प्रारम्भिक अध्ययन अहारन में हुआ और बाद में मथुरा तथा खुर्जा मे। बाद में आप बम्बई गये और अध्ययन के बाद आढ़त एवं दलाली का कार्य आरम्भ किया। इसी समय आपका विवाह चावली निवासी श्री लाला रामलालजी की सर्वगुणसम्पन्ना सुपुत्री सुश्री देवी से सन् १९१२ में हुआ। आपने अपने अनुज श्री गजाधरलाल को बनारस से न्यायतीर्थ परीक्षा पास कराई। बादको वह कलकत्ता आये और मकरध्वज परालय, हरिवंश पुराण का अनुवाद तथा राजवार्तिक का सम्पादन बड़ी योग्यता से किया। दोनों भाइयों में बड़ा स्नेह था। पं० रामप्रसादजी शास्त्री के एक पुत्री और पुत्र ही हुए।

बम्बई के आढ़त के कार्य में सफलता नहीं मिली, तो आपने श्री चन्द्रप्रभ दि० जैन पाठशाला भूलेश्वर (बम्बई) में अध्यापन का कार्य किया। बाद में श्री १०८ ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन में व्यवस्थापक का कार्य अन्त समय तक करते रहे। यहाँ आपने नियमित रूप से अध्ययन किया। कवि गुण आप में पूर्ण रूप से थे। संस्कृत के विदेह क्षेत्रविंशति तीर्थंकर पूजा की रचना आपकी कवित्व श्रेष्ठता का प्रमाण है। चौबीस भगवान की स्तुति ४८ विभिन्न श्लोकों में रचने का आपने संकल्प किया, जिसमें १२, १४ भगवानों की स्तुति दुगुने छन्दों में की, सो भी बम्बई छोड़ते समय कहीं गुम हो गई। धार्मिक विषयों पर निरन्तर लेख भी लिखते रहे।

धवल ग्रन्थ में 'संजद' शब्द भूल से दो बार प्रयुक्त कर गये, इसके लिए आपको बहुत ही क्लेशित होना पड़ा। बड़े-बड़े विद्वानों की गोष्ठियाँ भी कीं पर कोई निर्णय आपको रुचा नहीं। धवल ग्रन्थ का ताम्रपत्र पर छपाई का कार्य चल रहा था। संजद शब्द के निर्णय के लिए आप चरित्र चक्रवर्ती श्री १०८ आचार्य श्री शान्तिसागरजी महाराज के पास गये। किन्तु उन्होंने इसे विद्वानों का विषय कहकर टाल दिया। दुबारा संजद शब्द के व्यवहार से आपको भय था कि इससे समाज का अनिष्ट होगा। अन्त में वह शब्द ताम्रपत्र से निकाला ही गया। बम्बई के दि० जैन समाज की आपने बड़ी सेवा की। आपके अनुज श्री गजाधरलाल जी शास्त्री न्यायतीर्थ कलकत्ता की मृत्यु सन् १९३९ में बम्बई में हो गई। यह आघात आप न सह सके और हृद् रोग से पीड़ित हो गये।

वीर शासन जयन्ती के अवसर पर आप कलकत्ता पधारे थे। श्री सम्मेदशिखर की वन्दना करते हुए वापिसी के समय अचानक ही बनारस में बीमार पड़ गए। चिकित्सा के हेतु फिरोजाबाद अपने भाई श्री मुन्नीलालजी वैद्य के पास गये। रोग का उचित निदान न हो सकने के कारण आप पुनः बम्बई चले गये। वहाँ आपकी पथरी का आपरेशन डाक्टरों द्वारा किया गया। उसमें उन्हें सफलता मिली। किन्तु हृद्रोग की ओर उन्होंने उचित ध्यान नहीं दिया। रोग का भीषण आक्रमण चैत बदी ३० सं १९४८ को हुआ। कई डाक्टरो की उपस्थिति में एक योगी की तरह अन्तिम समय तक सचेष्ट नमस्कार मंत्र का जप करते हुए चैत सुदी २ सं० १९४८ को आपने इस नश्वर शरीर का त्याग किया।

श्री लाला गौरीशंकरजी जैन, फिरोजाबाद

आप अपने क्षेत्र में लाला जी के नाम से प्रसिद्ध हैं। आपका पूरा नाम लाला गौरीशंकरजी जैन है। लाला जी आगरा जिलान्तर्गत कुतकपुर ग्राम के निवासी है और आजकल फिरोजाबाद में प्रवास कर रहे है। वर्तमान समय में आपकी आयु ७५ वर्ष की है। आपका विवाह राजाताल (आगरा) निवासी लाला तिकौड़ीमल जी की बहन से हुआ था जो कि सन् १९६० ई० में स्वर्गवासिनी हो चुकी हैं। यह एक अत्यन्त धर्मशील महिला थीं और अपने धर्म पर अटूट श्रद्धा और भक्ति रखती थीं। वह एक बार परम तीर्थ श्री महावीर जी भी गई थीं। जप करते समय आपको किसी आकस्मिक भय का आघात लगा और वही आपकी ऐहिक लीला संवरण का कारण बना।

लालाजी के आठ बच्चे हुए जिनमें पाँच तो अल्पायु में ही कालकवलित हो गए थे। २० वर्ष पूर्व लाला जी के १६ वर्षीय पुत्र प्रकाशबाबू की मृत्यु हो गयी। इनके विवाह की पूरी तैयारी हो चुकी थी। लगन के ही दिन इनका स्वर्गवास हो गया था। अभी यह घाव भर भी न पाया था कि लाला जी के दूसरे पुत्र श्री अलख जी का भी स्वर्गवास हो गया। इनकी आयु इस समय ३२ वर्ष की थी। अलख जी के ४ अबोध बच्चे है, जिनमे तीन लड़की और एक लड़का है। भगवान को सारा मानव-वर्ग इस बात का उलाहना दे रहा है कि इतना बड़ा परिवार देकर पालन करनेवाले को युवावस्था में उठा लिया। अब वृद्ध पिता, अबोध बालक और युवा स्त्री का अवलम्बन कौन बनेगा?

लाला जी का धैर्य, कर्मशीलता और अनुभव हम सबको सबक सिखा रहा है कि धैर्य से महान् से महान् विपत्ति नितान्त लघु बन जाती है। लाला जी इतनी बड़ी अवस्था मे भी १२ घण्टे परिश्रम करते है। वह अपनी कर्मशीलता के कारण इतने बड़े परिवार का बड़े अच्छे ढंग से पालन कर रहे है। आपकी धर्मनिष्ठा भी स्तुत्य है। धर्म की बहुत-सी पूजायें आपको कंठस्थ है और प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में आप इनका पाठ करते हैं। लाला जी आयुर्वेद शास्त्र के भी ज्ञाता हैं और आपको एतद्विषयक अच्छा अनुभव भी है। विपत्तियाँ मनुष्य को बनाती हैं; यह कहावत लाला जी के जीवन में अक्षरशः घटित होती है।

श्री भगवानस्वरूपजी जैन, टूण्डला

आपका जन्म जनवरी १९०१ में हुआ है। आप बाल्यावस्था से ही सजग मस्तिष्क थे। हिन्दी तथा इंगलिश में अच्छी योग्यता प्राप्त कर जब आपने कार्य क्षेत्र मे पदार्पण किया, तो सफलता ने चारों ओर आपका स्वागत किया। आपमे व्यापारिक निपुणता के साथ-साथ नेतृत्व चतुरता भी प्रचुर मात्रा में थी। फलस्वरूप जनता ने आपकी सुयोग्यता से प्रभावित होकर आपके हाथों में नेतृत्व सौंपा और आपको टाउनएरिया टूण्डला का

चेयरमैन बनाया गया। इस पद पर रहते हुए आपने बड़ी निपुणता का परिचय दिया। आपमें समाज-सेवा एवं नगर-उत्थान की दृढ भावनाएँ भरी हुई हैं। आपकी दूरदर्शिता एवं कल्पना शक्ति अत्यन्त प्रशंसनीय है।

आप स्थानीय श्री महावीर विद्यालय के अध्यक्ष एवं नागरिक जूनियर हाई स्कूल के कोषाध्यक्ष और कई एक संस्थाओं के मान्य पदाधिकारी हैं। मानव-मात्र की निःस्वार्थ सेवा-भावना को लेकर आपने एक धर्मशाला का निर्माण भी करवाया है।

आप स्वजाति जनों की सेवा करने के लिए सदैव प्रस्तुत रहते हैं। आपको सामाजिक कार्यों में बड़ा आनन्द आता है।

आपको प्रत्येक व्यक्ति अपना निजी शुभचिन्तक मानता है। आपके मधुर एवं नम्र स्वभाव ने समाज में अपना विशेष स्थान बनाया है। दीन दुःखी प्राणी आपको अपने सहायक के रूप में देखते हैं। मानव-मात्र की निःस्वार्थ सेवा ही आपके पवित्र जीवन का उद्देश्य बना हुआ है। वर्तमान में भी आप उपरोक्त चेयरमैन पद पर प्रतिष्ठित हैं। आपका स्थान समाज के नायकों में है।

●

श्री केशवदेवजी जैन, कायथा

श्री केशवदेवजी सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री लाहोरीमलजी जैन के सुपुत्र हैं। आप आरम्भकाल से ही राष्ट्रीय विचारधारा के रहे हैं। सन् ३०-३२ के आन्दोलनों में आपने प्रमुख रूप से भाग लिया था। स्वतन्त्रता संग्राम के वीर सैनिकों में आपका नाम श्रद्धा सहित लिया जाता है। आपने अपनी बुद्धिमत्ता से जेल से बाहर रहकर देश की आजादी की लड़ाई में भारी योग दिया है।

आप ग्रामसभा कायथा के प्रधान रह चुके हैं। आपने अपने प्रधानत्व काल में ग्राम की आशातीत उन्नति की है। आपने जनमार्गों पर १४ पुलियों का निर्माण कराया, स्कूल एवं पंचायत-भवन तथा बाग आदि का स्थापन कराया। आपने ग्रामोन्नति के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित किया, फलस्वरूप आपके छोटे से ग्राम कायथा ने अन्य ग्रामों से शीघ्र उन्नति की है।

आपके ग्राम से लगभग दो मिल की दूरी पर सुप्रसिद्ध जैन क्षेत्र श्री दि० जैन अतिशय क्षेत्र मरसलगंज है। इस क्षेत्र की सेवा आप आरम्भ से ही करते आ रहे हैं। क्षेत्र के सम्बन्ध में आपकी योजनायें बड़ी महत्त्वपूर्ण होती हैं और उनपर कार्य भी किया जाता रहा है। आपने संस्कृत-विद्यालय की योजना के लिए एक हजार रुपये देने की घोषणा की है।

सामाजिक कार्यों में आप तन-मन-धन से सहयोग देते रहते हैं। समाज में आपको उत्तम सलाहकार तथा दूरदर्शी विचारक के रूप में देखा जाता है।

●

श्री जगरूपसहायजी जैन, फिरोजाबाद

आपका जन्म अमरगढ़ जिला एटा में हुआ। आप के पिता श्री बोह्रेलाल जी जैन समाज के सुप्रसिद्ध कार्यकर्ता थे। आपके द्वारा समाज की अच्छी सेवा हुई है।

श्री जगरूपसहायजी का स्थायी निवास स्थान फिरोजाबाद है। यहीं सुप्रसिद्ध संस्था पी० डी० जैन इण्टर कालेज मे अंग्रेजी प्रवक्ता के पदपर कार्य करते हैं। आप केवल उत्तम शिक्षक ही नहीं हैं बल्कि सफल लेखक और आदर्श साहित्य-निर्माता भी है। आप कई संस्थाओं के सुयोग्य पदाधिकारी भी रहे हैं। १९४७-४८ में वीरसमिति उज्जैन के मन्त्री तथा वर्धमान जैन मण्डल नसिया इन्दौर के मन्त्री भी रहे है। विद्या-भवन इण्टर कालेज सासनी की कालेज-पत्रिका का सम्पादन भी आप द्वारा हुआ है। पी० डी० जैन इण्टर कालेज फिरोजाबाद की कालेज-पत्रिका का सम्पादन भी आप ने किया है। स्थानीय पद्मावती पुरवाल जैन पंचायत शाखा बड़ा मुहल्ला के मन्त्री के रूप में आप सेवा लाभ ले रहे है। आप बाल्यकाल से ही सेवाभावी रहे हैं। आप समाज के विद्वानों मे अपना स्थान रखते हैं। आपके द्वारा शिक्षा-क्षेत्र में नवीन प्रयोग किये गये है। शिक्षा-प्रसार एवं इसकी उपयोगिता के सम्बन्ध में आपके लेख प्रकाशित होते रहते है। समाज की उन्नति के प्रति भी आप प्रयत्नशील रहते हुए रचनात्मक कार्यों में जुटे रहते है। आपकी मिलनसारिता तथा उदार वृत्ति अत्यन्त प्रशंसनीय तथा अनुकरणीय है। समाज को आपसे भारी आशायें हैं।

●

श्री नरेन्द्रप्रकाशजी जैन, फिरोजाबाद

आप श्रीपण्डित रामस्वरूप जी जैन शास्त्री के सुपुत्र है। आप एम० ए० एल० टी० की उच्च शिक्षा से विभूषित हैं। आप अपने समय के मेधावी छात्रों मे माने जाते थे। आपकी रुचि प्रारम्भ से ही शिक्षा-संग्रह की ओर रही है। शिक्षा-समाप्त कर आपने कार्य क्षेत्र में प्रवेश किया, अपने प्रभाव तथा सुयोग्यता और मिलन सारिता के कारण आपको स्थान पाने में कठिनाई नहीं हुई। वर्तमान मे आप श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज मे हिन्दी-प्रवक्ता के पदपर कार्य कर रहे है। आपका झुकाव हिन्दी साहित्य की समृद्धि की ओर बराबर रहता है। आपने नूतन व्याकरण प्रदीप, रचना-रश्मि. हिन्दी दिग्दर्शन, हिन्दी रचना कल्पद्रुम, आचार्य विमल-सागर परिचय आदि पुस्तकों का सम्पादन तथा प्रकाशन किया है। आप द्वारा प्रकाशित साहित्य उत्तम, उपयोगी और सरल है। लेखनी पर आपका पूर्ण अधिकार है। आपकी गणना अच्छे साहित्यकरों में की जाती है। आपके सामायिक विषयों पर उपयोगी लेख प्रकाशित होते रहते हैं। हिन्दी भाषा के अनन्य सेवकों मे आपका आदरणीय स्थान रहा है।

आप १९५२ में अ० भा० छात्र-परिषद् की स्थानीय शाखा के प्रधान तथा एस० आर० के० कालेज के छात्र-संघ के अध्यक्ष रहे हैं। १९५५ में श्री महावीर जयन्ती सभा के अध्यक्ष बनें। गत दस वर्षों से कालेज पत्रिका का सम्पादन करते हुए आरहे हैं। अ० भा० जैन परिषद परीक्षा-बोर्ड द्वारा प्रकाश्य जैन शिक्षा संस्थाओं की डायरेक्टरी का सम्पादन भी आप द्वारा ही सम्पूर्ण हुआ है। स्थानीय श्री पद्मावती पुरवाल जैन पंचायत के मन्त्री पद पर रहते हुए समाज-सेवा का पुन्यार्जन करते आ रहे है। आप द्वारा की गई समाज-सेवा सदैव स्मरणीय बनी रहेगी।

स्व० श्री श्यामस्वरूपजी जैन, इन्दौर

आप श्री बाबूराम जी जैन के सुपुत्र थे। आपके सुपरिवार द्वारा समाज की महती सेवायें हुई है। श्री शोभाचन्द जी जैन श्री श्रीचन्द जी जैन, श्री चम्पाराम जी जैन आदि प्रसिद्ध विभूतियाँ इसी वंश में उत्पन्न हुई थीं।

आपकी जन्म भूमि एटा नगर है। अपका लालन-पालन बड़े ही रईसाना ढंग से हुआ था। आपकी शिक्षा इण्टरमिडिएट तक थी। आप केवल किताबी शिक्षा के ही विद्यार्थी नहीं थे, अपितु व्यावहारिक ज्ञान के भी पण्डित थे। आपका मधुर स्वभाव एवं दयाभाव सभीको अपनी ओर आकर्षित करनेवाला गुण था। आप स्वधर्म के प्रति पूर्ण आस्थावान तथा उसके कट्टर अनुयायियों में से थे। अनेकों आध्यात्मिक पद आपको कण्ठस्थ थे। अपने धर्म की सभी मर्यादाओं का नियमबद्ध पालन करना आपका पवित्र संकल्प था।

समाज-सेवा के प्रति आप सदैव जागरूक रहते थे। श्री दि० जैन पद्मावती पुरवाल संघ इंदौर के सभापति पद से आप द्वारा स्वजाति की अनुपम सेवायें हो चुकी हैं। आप कई संस्थाओं के पदाधिकारी तथा सदस्य थे। आपके सहयोग से अनेकों संस्थाओं ने आशातीत उन्नति की है। सामाजिक कार्यों में आपका उत्साह सदैव नवीन रहता था। आप अपनी पुस्तकों की दुकान से समय निकाल कर समाज-सेवा में भाग लेते रहते थे। आपका स्व० सन् १९६० में हो गया।

आपकी श्रीमती प्रकाशवती जैन भी आपके अनुरूप ही उदार स्वभाव की महिला है। आप अतिथि-सत्कार अपना परमधर्म मानती रही है। आपके सुपुत्र श्री रमेशकान्त जैन बी० ए०, श्री महेशकान्त जैन एवं सुशीला एम० ए०, बेबी, मुन्नी आदि सभी शिक्षाप्रिय एवं शुद्ध सात्विक जीवन के परिजन है। सभी आपकी भाँति सन्तोषी, सेवाभावी मिलनसार तथा परिश्रमी हैं।

स्व० श्री बाबूलालजी जैन, कोटकी

आपका जन्म सन् १८८२ ई० में हुआ था। आपके पिताश्री का नाम था श्री रामप्रसादजी जैन। आपकी जन्मभूमि जिला आगरा अन्तर्गत कोटकी है। आपकी शिक्षा-साधारण रूप में हुई थी। आपका झुकाव धर्म की ओर विशेष था। अतः बाल्यावस्था से ही आप धर्मग्रन्थों का अध्ययन करने लगे थे। आपका धर्मज्ञान इतना गहन और पुष्ट हो गया था कि बड़े-बड़े विद्वान् लोग आपकी बात को समझने की चेष्टा करते थे। आपने न्यायतीर्थ एवं शास्त्री पाठ्यक्रम का अध्ययन विधिवत् किया था।

आपके यहाँ सर्राफा तथा जमींदारी का प्रमुख व्यवसाय था। आप सच्चे व्यापारी तथा ईमानदार व्यवसायी थे। आपका विश्वास दान प्रणाली में विशेष था। अतः आपने भारी मात्रा में गुप्तदान किया है। आप गद्दी पर शास्त्र प्रवचन करते थे। "जैन-तिथि दर्पण" के प्रकाशन की नींव डाली, जो अवागढ़ में आज भी विकसित अवस्था में चली आ रही है। कोटकी मे आपने रथयात्रा कराकर धर्म-प्रचार में भारी योग दिया है। आप श्री वीर जयन्ती-उत्सव के प्रेसीडेन्ट भी रहे। आपने अपने जीवन में प्रमुख तीर्थों की यात्रायें भी की थी। श्रीमान् राजा साहेब के सत्संग की अध्यक्षता आप ही किया करते थे। इस पद पर आप द्वारा अहिंसा का विस्तृत रूप से प्रचार हुआ है। एक रूप मे आप जैनधर्म के कर्मठ प्रचारक तथा उत्तम प्रसारक थे।

अक्टूबर १९४२ ई० में अवागढ में आपका देहावसान हो गया। आपके निधन का शोक सारे ही समाज को सन्ताप देने वाला था। अतः समाज का प्रत्येक बालक आपके वियोग में शोक-सन्तप्त होगया था।

आपकी श्रीमती चिटोला देवी जैन भी धर्मबुद्धि की महिला थीं। आपके सुपुत्र श्री कमलकुमार जी जैन भी आपकी भाँति ही धर्म एवं समाज-सेवी भावना के मिलनसार सुधारवादी महानुभाव है।

●

स्व० श्री गुलजारीलालजी जैन, कोटकी

आपके पिताजी का नाम श्री रामप्रसादजी जैन था। आपका जन्म कोटकी में सन् १८८४ में हुआ था। आप धर्मशास्त्रों में रुचि रखते थे। आपने अपनी ज्ञानवृद्धि के लिए बहुत से ग्रन्थों का अध्ययन किया था।

आपको रथ-यात्रा करवाने का बहुत शौक था। आपने एक विशाल धर्मशाला का निर्माण भी कराया है। यह धर्मशाला बहुत ही सुविधा पूर्ण एवं साधन-सम्पन्न है। आपने इस धर्मशाला के साथ कुछ जमीन भी लगा दी है। ५०) सालाना स्थाई रूप से कोटकी-दिगम्बर जैन मन्दिरजी को वहीं के आम के बाग की आमदनी से दान दिया जाता है।

आप बड़े ही दयालु स्वभाव के दूसरों की विपत्ति में काम आनेवाले सेवा-भावी महानुभाव थे। आप कांग्रेस के भी सक्रिय सदस्य थे। आपको कई बार मुखिया बनाया गया, किन्तु आपने त्याग-पत्र दे दिया।

आपको तीर्थयात्रा का बड़ा शौक था। सम्मेदशिखरजी की यात्रा आपने कई बार की थी। जैनबद्री तथा मूडबद्री की यात्रा भी आपने की थी।

आगस्त सन् १९५१ में अवागढ़ में आपका स्वर्गवास हो गया। आपके देहावसान से समस्त समाज को एक अभाव-सा प्रतीत हुआ।

आपकी श्रमती श्रीदेवी जैन भी सुन्दर विचार धारा युक्त महिलारत्न थीं। इनके विचार सदैव आपके अनुकूल रहे। आपके कमलकुमार, श्रवणकुमार, धन्यकुमार, प्रद्युम्न-कुमार तथा नन्नीदेवी और ज्ञानदेवी आदि सुपुत्र एवं सुपुत्रियाँ हैं। यह सब पूर्ण रूप से स्वधर्मानुयायी हैं।

स्व० श्री रामस्वरूपजी जैन, कोटकी

आप स्वर्गीय श्री सुखलालजी जैन के सुपुत्र थे। आपका जन्म सन् १८५६ में हुआ था। आपकी शिक्षा केवल चार कक्षा तक ही हुई थी, किन्तु आपका धर्म-ज्ञान एक विद्वान् के तुल्य था। आपके धर्म सम्बन्धी उपदेशों से तथा साहित्य प्रसार से समाज को महान् लाभ हुआ है। धर्म के विषय में आपकी जानकारी असीम थी। आपने कोटकी के मन्दिरजी में एक प्रतिमा विराजमान कराने में सबसे अधिक योग दिया था। आप बैलगाड़ियों द्वारा श्री सिद्धक्षेत्र सम्मेदशिखरजी की संघ ले गये जो छ मास में वापिस आया। वहीं पहुँचकर रथ-यात्रा महोत्सव कराया तथा प्रीतिभोज भी दिया था। आपको यात्रिओं से बड़ा आनन्द मिलता था। यात्रा में आपके साथ पूरा संघ चलता था। आप तीर्थ स्थानों में पूरे नियम एवं मर्यादाओं का पालन करते थे। आपकी प्रत्येक तीर्थयात्रा धर्म-प्रचार का सुअवसर होती थी।

आप डिस्ट्रिक बोर्ड आगरा के सदस्य भी थे। आपको एक बार मुखिया भी चुना गया, किन्तु आपने शीघ्र ही त्यागपत्र दे दिया। आपके द्वारा धर्म-सेवा के साथ ही साथ समाज-सेवा भी हो चुकी है। समाज का उत्थान एवं निर्माण यही विषय आपको सर्वभावेन प्रसन्न रखता था। आपने बचपन से ही नियमित पूजन स्वाध्याय अपना लिया था। आपने जैनबिद्री, मूडबिद्री की यात्रायें भी की थीं। आप धार्मिक स्वभाव युक्त धनधान्य पूर्ण जीवन के समाज के आदर्श रत्न थे।

जून १९४१ में आपका स्वर्गवास हो गया। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती लाडोदेवी भी आपके साथ प्रत्येक तीर्थ पर जाती थीं। यह धार्मिक स्वभाव की सुलक्षणा महिला थीं। श्री बाबूलालजी, श्री गुलजारीलालजी, श्री मुन्शीलालजी आपके तीनों ही पुत्र समाज के अग्रगण्य पुरुष माने जाते हैं।

श्री रामस्वरूपजी जैन, एत्मादपुर

आपका जन्म सम्वत् १९७२ में हिम्मतपुर में हुआ। आपके पिता जी का नाम श्री हुण्डीलालजी जैन है। जब आप लगभग ८ वर्ष के थे उस समय आपके पिताजी का स्वर्गवास हो गया था। आपका शिक्षा क्रम यथावत् आरम्भ रहा। आपको प्रारम्भिक शिक्षा हिम्मतपुर में हुई और इसके पश्चात् ब्यावर आदि स्थानों से विशारद तक शिक्षा का संग्रह किया। अध्ययन समाप्त कर आपने गॉव में ही व्यापारिक कार्य किया। कुछ समय पश्चात् आप गुड़ और चावल के थोक व्यापारियों में गिने जाने लगे। बाद में पीतल के बरतन व हार्ड-वेयर का कार्य आरम्भ किया और यह कार्य अभी भी अच्छे पैमाने पर चल रहा है।

आरम्भ काल से ही आप सामाजिक व राजनैतिक कार्यों में रुचि लेते आ रहे हैं। एत्माद-पुर में जैन युवक परिषद् का संगठन कर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में योग देते रहें और इसके सभापति पद को संभाले इसका सफल संचालन करते रहे। आप सदैव राष्ट्रीय विचार-धारा को अपनाते रहे हैं। स्वतन्त्रता के पश्चात् कांग्रेस से आपका सैद्धान्तिक मतभेद होगया और आपने जनसंघ की सदस्यता ग्रहण करली। इसके साथ ही आप जनता विद्यालय एत्मादपुर के कोषाध्यक्ष तथा नगर-कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष और पशुवध निषेध समितिके प्रधान हैं। स्थानीय श्मशान घाट पर बरसात से रक्षा के लिए सार्वजनिक हितार्थ अपने अर्थ से एक बिल्डिंग बनवाई है। अपनी जन्म भूमि में एक कन्या पाठशाला के निर्माण का संकल्प भी है। पूजन से शान्ति प्राप्त करने के लिये आपने दो हजार की लागत से विशाल पार्श्वनाथ जी की प्रतिमा एत्मादपुर के पंचायती मन्दिर में स्थापित करवाई है।

इधर तीन साल से जब से आपको एक मात्र पुत्र का शोक सहन करना पड़ा है, तब से आप धर्म की ओर और भी अधिक लगन से बढ़े है। आपकी धर्मपत्नी का पुत्र शोक में स्वर्गवास हो गया। अतः आप समाज के विरक्त पुरुषों में से एक हैं। आपका विचार उच्च एवं धार्मिकता से परिपूर्ण है। सभी के प्रति आपके हृदय में प्रेम भाव बना रहता है। सत्य शब्द और शुद्ध वाणी आपका आभूषण है। आप त्याग वृत्ति के उत्तम जाति रत्न हैं।

डॉ० महावीरप्रसादजी जैन, मेरठ

आयुर्वेदाचार्य डॉ० महावीरप्रसाद जैन, संचालक सुखदा फार्मेसी सदर मेरठ का जन्म चरित्रचक्रचूड़ामणि श्री १०८ महावीरकीर्तिजी महाराज वालों के यहाँ मेवाड़ प्रान्तस्थ ऋषभदेव श्री केसरिया जी में हुआ।

यह वाल्यकाल से ही विद्याव्यसनी वालक थे। दो-दो कक्षाओं की एक साथ ही परीक्षायें देते हुए थोड़े समय में ही वाराणसी से संस्कृत प्रथमा, मैट्रिक, एम० ए० और आयुर्वेदाचार्य, वी० आई० एम० एस० आदि परीक्षाएं मेरठ, पीलीभीत, हरिद्वार और लखनऊ आदि स्थानों से उच्च श्रेणी में पास की और गवर्नमेन्ट रजिस्टर्ड होकर सुखदा फार्मेसी की स्थापना की। इस प्रतिष्ठान द्वारा आप जनता को लागत मूल्य पर औषधियां देकर लोक सेवा करते आ रहे हैं।

आप साधु, सन्त, महात्माओं की सेवा में सदैव तत्पर रहते है। आपके माता-पिता दोनों ही विद्वान है। आपकी माता जी श्री प्रेमकान्तादेवीभूषण, विशारद है और पिता जी भिषगाचार्य, सिद्धान्त आयुर्वेदाचार्य, रत्नभूषण पंडित धर्मेन्द्र नाथ जी वैद्य हैं। सुखदा फार्मेसी आपकी देन है, जो कि एक कल्याणकारी संस्था के रुप में लोकालय की सेवा कर रही है।

गवर्नमेन्ट ने कोढ़ जैसी कठिन वीमारी की चिकित्सा के लिए ८ चिकित्सकों में छठा नम्बर आपका लिखा है। आप नेशनल मेडिकल एसोसियेशन आफ इण्डिया के मेम्बर भी हैं। आप परोपकारमूलक कार्यों में सर्वदा तत्पर रहते है। मेरठ की विम्वप्रतिष्ठा में आपने जनता जनार्दन की अच्छी सेवा की थी। आप एक कुशल लेखक भी हैं और अच्छे पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं। स्वास्थ्य सुधार, नारी सुधार तथा समाज सम्वन्धी अनेक लेख आपने लिखे है। ल्यूकोडरमा नामक चर्मरोग सम्बन्धी परमोपयोगी पुस्तक आपही के प्रयास का प्रतिफल है।

स्व० श्री हुण्डीलालजी जैन, [भगतजी] अवागढ़

आपका जन्म सं० १९५३ में हुआ था। आपके पिता जी का नाम श्री श्रीपाल जी जैन था। आप भी पूर्ण धर्मनिष्ठ महानुभाव थे। स्वर्गीय श्री हुन्डीलाल जी जैन की भावभरी भक्ति से प्रभावित समाज ने आपको "भगत" जी की सुमान्य उपाधि से सम्बोधित करना आरम्भ कर दिया और आपको मृत्यु पर्यन्त इसी नाम से जाना जाता रहा है।

आप के पिताश्री का स्वर्गवास आपकी बाल्यावस्था के समय ही हो गया था। आप ने अपने ही पुरुषार्थ से अपना निर्माण किया। आप कठोर परिश्रमी तथा उच्च विचार वाले महानुभाव थे। आप कार्य के पूर्वापर को विचार कर ही उसे आरम्भ करते थे। आप प्रायः अपनी योजनाओं एवं कार्यों में सफल ही होते थे। आपके दो विवाह हुए और दोनों ही पत्नियाँ निःसन्तान् स्वर्गगामी हो गई। अतः इन दारुण वियोगों ने आपके जीवन की धारा को ही मोड़ दिया और आप "वसुधैव कुटुम्बकम्" के सिद्धान्त को अपनाते हुए समाज-सेवा में जुट गए। आप अत्यन्त निर्भिमानी, सरल तथा शान्त स्वभाव के महानुभाव थे। किसी भी दीन-दुःखी का कार्य आप पूरी लगन तथा उत्साह के साथ वात्सल्य भावनापूर्वक ऐसी गुप्त रीति से करते थे कि जैसे इन्हें कुछ पता ही न हो। आप मन्दिर जी में प्रातः काल ही पहुँच जाते थे तथा जैसे भी लोगों को सुविधा पहुँच सके वह साधन जुटाते रहते थे। आपने स्थानीय जैन-बड़े मन्दिर जी में एक वेदी का निर्माण भी कराया है। आपकी दिन चर्या का अधिक भाग आत्म-कल्याण एवं धर्म-ग्रन्थों के मनन में व्यतीत होता था।

आपको पूर्व कर्म के उदय से जीवन के अन्तिम भाग में अत्यन्त भयंकर कैन्सर रोग का सामना करना पड़ा। इस रोग पीडा को सहन करने का आपका ढंग भी निराला ही था। जो व्यक्ति आपका हाल पूछने आता था उसे आप बड़े प्रेम से कहते थे कि—"भैया मेरे तो कहीं रोग और पीड़ा है नहीं, केवल इस शरीर को रोग है-सो श्मशान में जल जायेगा। मेरी आत्मा में तो महान् शान्ति तथा सुख विद्यमान है"। आनेवाला व्यक्ति कुछ ज्ञान लेकर ही लौटता था। आप अन्त समय में बड़े मंदिर जी के ध्रुवफण्ड में २००० रुपया भी देगये हैं।

आपका स्वर्गवास सम्वत् २०१७ में अवागढ में हो गया। आपके समान त्यागी तथा सेवा-भावी व्यक्ति कम ही अवतरित होते है।

श्री सुरेशचन्द्रजी जैन, जलसेर

आप समाज के सुशिक्षित कार्यकर्ता हैं। आप बाल्यावस्था से ही शिक्षा की ओर विशेष आकर्षित हैं। अतः आपने बहुत ही शीघ्रता से M.A., B.ED. तक उच्च शिक्षा प्राप्त कर ली।

आपके स्व० पिताश्री श्रीलाल जी जैन भी सम्माननीय जनसेवक थे। आप भी समाज-सेवा में अपने जीवन का अधिकतर भाग लगा रहे हैं।

श्री सुरेशचन्द्र जी वर्तमान में राजकीय उच्चतर माध्यमिक पाठशाला ... (... मण्डल) मध्यप्रदेश में अध्यापक हैं। आप सर्विस करते हुए भी अपने समाज की उन्नति एवं निर्माण में भारी योग देते रहते हैं। आप उच्चभावना के विचारवान तथा जैन धर्म-ग्रन्थों के सुविज्ञपाठक तथा स्वधर्मानुयायी पुरुष हैं। आप शिक्षा को राष्ट्र की परमावश्यकता समझ अपने विद्यार्थियों को किताबी शिक्षा के साथ साथ जीवन-सम्बन्धी शिक्षा भी देते रहते हैं। आप शिक्षा को जीवन के लिए मान कर चलते हैं। आप जीवन में वास्तविकता एवं सत्यता को स्थान देकर चलते हैं। आपकी भावना स्तुत्य एवं ज्ञान प्रशंसनीय है। आप समाज के निर्माताओं में से एक हैं।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पादेवी भी आदर्श विचारधारा की, सुशील स्वभाव युक्त महिला हैं। आपके तीन पुत्र एवं दो पुत्रियाँ हैं।

श्री फूलचन्दजी जैन, मौमदी

आप श्री हुण्डीलालजी जैन के सुपुत्र हैं। आपका जन्म सन् १९२२ में हुआ। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा अपनी जन्मभूमि मौमदी में ही हुई। आप मिडिल तक शिक्षा प्राप्त हैं। शिक्षा समाप्त कर आपने व्यापार में प्रवेश किया। आप विशेष कर ईंटों के निर्माता हैं। व्यापारी जगत् में आपकी भारी प्रतिष्ठा है। आप अपनी ईमानदारी के कारण बड़े लोकप्रिय हैं।

आप सामाजिक कार्योंमें भारी रुचि लेते हैं। तीर्थक्षेत्र कमेटी के सदस्य तथा कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता और भारत-सेवक-समाज के ब्लाक संयोजक हैं। जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्य हैं। मौमदी पंचायत के सरपंच भी रहे हैं।

आपका सार्वजनिक जीवन अत्यन्त सम्माननीय तथा सफल रहा है। आप में कार्य करने की अद्भुत क्षमता तथा अपूर्व कर्मठता है। आपका जीवन अत्यन्त शुद्ध तथा सात्त्विक है। जन-जीवन में आपको पूर्ण सम्मान का स्थान प्राप्त है। आप सरलस्वभावी, धार्मिक आचार-विचारयुक्त सादे एवं शान्त जीवन के पुरुष हैं।

आपके जीवन का बहुत बड़ा भाग सार्वजनिक सेवा में बीता है। आप समाज के संगठन एवं जागृति की पूरी-पूरी चेष्टा करते रहते हैं। आप उच्च विचारयुक्त समाज के कुशल कार्यकर्ता हैं।

श्री सेठलालजी जैन, मोमदाबाद

आपका जन्म सन् १९०० के लगभग का है। आपके पिता का नाम स्वर्गीय श्री जवाहरलालजी जैन था। यह भी अपने समय के आदर्श जन-सेवक थे।

श्री सेठलालजी भी अपने पिताजी की भाँति ही सर्व प्रिय एवं कर्मठ समाज-सेवक हैं। आप अपने धर्म के प्रचार एवं प्रसार की भरसक चेष्टा करते रहते हैं। आपको धर्म-स्थान स्थापन की रुचि बनी रहती है। इसी भावना से एक मन्दिर चौराहा पर निर्माण करवाया है। मन्दिर की व्यवस्था एवं प्रबन्ध के प्रति आप जागरुक रहते हैं। समाज की सेवा-सम्बन्धी योजनाओं मे आपका प्रमुख स्थान रहता है। आपने धर्मार्थ औषधालय को भूमि भी दान दी है। सार्वजनिक भलाई के कार्य को आप अपने निजी कार्यो से अधिक मानते हैं।

आपको भवन-निर्माण का अत्यधिक शोक है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है चौराहा का पुनरुत्थान, भवन-निर्माण कला में आपका सद् परामर्श लेने के लिये अच्छे-अच्छे बुद्धिमान आते हैं। आपकी योजना एवं कल्पनानुसार निर्मित भवन उपयोग एवं कला की दृष्टि से उत्तम तथा आकर्षक होते हैं।

आपकी श्रीमती चन्द्रप्रभादेवी भी धर्म बुद्धि की उदारमना तथा सेवा भावी महिला है। आपके तीन पुत्र एव तीन पुत्रियाँ हैं। सभी परिजन धर्मबुद्धि तथा उदार प्रकृति के हैं।

●

श्री शिवकुमारजी जैन, जसराना

आपका जन्म श्री होतीलालजी जैन जसराना के घर हुआ है। आपके पितामह स्व० श्री दिलसुखरायजी जैन अपने समयके प्रख्यात समाजसेवी तथा उत्तम व्यवसायी थे। आपके पिता श्री होतीलालजी जैन, श्री दरबारीलालजी जैन तथा श्री श्रीलालजी जैन तीन भ्राता है। आपके परिवार में जमींदारी प्रथा के अतिरिक्त वस्त्र-व्यवसाय भी बड़े रूप में होता रहा है।

आपके सहोदर श्री महेन्द्रकुमार जी जैन बी. ए., बी. टी वर्तमान मे भी अपने निवास स्थान जसराना मे कपड़े का व्यवसाय कर रहे है।

श्री शिवकुमार जी ने इण्टर तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात राजकीय (पुलिस) विभाग में सर्विस कर ली और अपनी लगन तथा चातुर्य के कारण इस विभाग में अच्छी प्रतिष्ठा प्राप्त की है। वर्तमान में आप स्पेशल ब्रांच मे कार्य कर रहे हैं। आप उत्साही तथा निर्भिमानी और मिलनसार प्रकृति के युवक हैं। आपका स्वभाव अत्यन्त नम्र तथा सात्विक है।

श्री राजकुमारजी जैन शास्त्री, निवाई

श्री शास्त्री जी राजस्थान के जाने-माने नेता तथा सफल चिकित्सक है। लगभग ३० वर्षों से आप राजस्थान की राजनीति और समाज-सेवा मे सक्रिय भाग ले रहे हैं। आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली और वक्तव्य ओज पूर्ण है। आप महात्मा गान्धी जी के कट्टर अनुयायियो मे से हैं। कॉग्रेस के पूर्ण समर्थक तथा इस क्षेत्र मे काग्रेस के प्राण माने जाते हैं। कॉग्रेस संगठन के सम्मानित पदो को आप बराबर सुशोभित करते रहे हैं। नगरपालिका निवाई के कई वर्ष तक अध्यक्ष पद पर आसीन रहे।

आप साहित्यसेवी भी हैं। अभी तक आप दर्जनों पुस्तकों का स. म्पादन कर चुके हैं। अहिंसावाणी, अलीगंज, और अहिंसा नामक साहित्य ने तो बहुत लोकप्रियता प्राप्त की है। आप जैन-धर्म में पूर्ण आस्था एवं विश्वास रखते हैं। विश्व-जैन मिशन की राजस्थान शाखा के मुख्य संयोजक के रूप मे आपको प्रतिष्ठित किया गया है। जैन विद्यालय के प्रधानाचार्य, छात्रावास के प्रमुख संचालक एवं वीर-मण्डल के संस्थापक के रूप मे आपका समादर है। आपकी सेवाओ के उपलक्ष्य मे एक विशाल मेले का आयोजन कर जैन समाज द्वारा आपका अभिनन्दन किया जा चुका है। इस अवसर पर आपको एक सम्मान-पत्र भी भेंट किया था। "आप सादा जीवन उच्च विचार" के समर्थक और सुधारवादी नेता है।

आपके दो सुपुत्र क्रमशः श्री प्रकाशचन्द्र जैन तथा श्री रमेशचन्द्र जैन आपके सदृश ही विनम्र और सज्जन प्रकृति के युवक हैं। आपके ज्येष्ठ सुपुत्र श्री प्रकाशचन्द्र जैन तो हास्यरस के सुन्दर कवि एवं लेखक है। कनिष्ठ पुत्र श्री रमेशचन्द्र जैन एम० एस० सी० एवं बी० जे० ए० एम० एस० तक शिक्षा प्राप्त हैं और नेत्र विशेषज्ञ है। आप दोनो युवक मिलनसार तथा होनहार हैं। समाज-सेवा की भावना एवं साहित्य-साधना की लगन आपमे प्रचुर मात्रा में समाई हुई है।

श्री नेमीचन्दजी जैन, अवागढ़

श्री नेमीचन्द जी का जन्म वि० स० १९५१ मे कस्बा अवागढ जिला एटा में हुआ था। आपके पिता खेरी निवासी स्व० श्री श्रीपालजी जैन थे। श्री नेमीचन्दजी बाल्यावस्था से ही अत्यन्त धार्मिक विचार-धारा के है। निःसन्देह आपकी शिक्षा साधारण था, किन्तु जैन ग्रन्थों के स्वाध्याय से आपको अच्छा ज्ञान प्राप्त हो गया है। आप जैनधर्म के परम श्रद्धालुओ मे से है। धार्मिक और सामाजिक कार्य मे आप सदैव भाग लेते रहते हैं। आप दान मे विशेप रुचि रखते है। आपने सन १९३६ ई० मे धार्मिक प्रभावना के निमित्त एक विशाल रथोत्सव कराया था। इस उत्सव मेले का सारा व्यय आपने स्वयं ही वहन किया

था और मेले द्वारा जो आय हुई वह सब श्री दि० जैन पंचायती पाश्वंनाथ मन्दिर अटारी को प्रदान कर दी थी। इस विशाल मेले में समाज ने आपकी सेवाओं के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए आपको "जाति-भूषण" की सम्मानित उपाधि से विभूषित किया था।

वीर सं० २४६८ में आपने श्री दि० जैन पंचायती पाश्वंनाथ मन्दिर अटारी की संगमरमर की विशाल वेदी को स्वर्ण-चित्रों से चित्रित करवाया। आपकी धर्मपत्नी स्व० श्री शिवदेवी ने भी मन्दिर में प्रशंसनीय सेवा की हैं।

आपने अपनी धर्मपत्नी की पूण्य स्मृति में एक विशाल धर्मशाला तथा वाचनालय का निर्माण कराकर उसके पूर्ण अधिकार स्थानीय जैन-समाज को सौंप दिये। आपने अपने द्रव्य का अधिक भाग पूण्य कार्य में लगाया है। आपके दत्तक पुत्र श्री प्रेमचन्द जैन भी आपके सदृश ही धर्मवृत्ति एवं सेवाभावी युवक है।

स्व० श्री रत्नेन्दुजी जैन शास्त्री, फरिहा

आप ज्योतिर्विद पं० जोखीराम जी जैन शास्त्री के एकमात्र सुपुत्र थे। आपका जन्म विक्रमीय सं० १९७१ में और सं० २००६ में स्वर्गारोहण समाधिपूर्वक हुआ था। आपमें विशेषता यह थी कि आपने किसी भी विद्यालय में ज्ञानार्जन नहीं किया था। अपने पिता जी से ही विद्या प्राप्त की थी। ज्ञानावर्णी कर्म के क्षयोपशम के कारण ही आपकी बुद्धि बड़ी प्रखर हो गयी थी। अतः आप जिस ग्रन्थ को दो-चार बार ध्यानपूर्वक पढ लेते थे, वह पूर्ण याद हो जाता था। आप जैन दर्शन के साथ-साथ षट्दर्शन के भी विद्वान् थे। ज्योतिषविद्या के तो आप धनी थे ही, प्रतिष्ठाचार्य भी थे। आप कपड़े का स्वतन्त्र व्यापार करते थे और ग्राहक से एक ही दाम कहते थे। कॉंग्रेस मण्डल के प्रमुख भी थे। अनेक अजैन विद्वान भी आपसे तत्व चर्चा करने आते थे और सुन्दर समाधान पाते थे। कस्बा फरिहा की समस्त जनता ने आपको निर्विरोध टाउन एरिया का चेयरमैन चुना था।

आपने यह कहकर उसे ठुकरा दिया था कि—किसी पद पर रहकर कोई भी मनुष्य जनता की पर्याप्त सेवा नहीं कर सकता। मरसलगंज अतिशय क्षेत्र के प्रति आपकी महती सेवाएँ हैं।

स्व० श्री बाबूरामजी जैन, सराय नूरमहल

आपका जन्म आलमपुर निवासी श्री ला० जोहरीलाल जी जैन के परिवार में हुआ है। आपने साधारण शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात्, व्यापार में रूचि लेना आरम्भ कर दिया था और युवावस्था में आपने अच्छे व्यापारियों में अपना स्थान बना लिया था व्यापार में आपकी चतुर बुद्धि खूब चलती थी। आपने अपना व्यापार केन्द्र सरायनूरमहल ही बनाया। जब आप व्यापार में दिनोंदिन मान प्रतिष्ठा एवं अर्थ में वृद्धि प्राप्त करते हुए जा रहे थे, तभी आप पर पुत्र शोक का वज्रघात हुआ। अपने इकलौते होनहार सुपुत्र के इस प्रकार बिछड़ जाने पर आप को संसार से भारी निराशा हो गई। फलस्वरूप आप व्यापार के प्रति भी उदास हो गए और जीवन में वैराग्य भावनाओं का आह्वान करना आरम्भ कर दिया।

आप बहुत ही नम्र स्वभाव के तथा सारे ही समाज को अपनी आत्मा तुल्य देख कर चलनेवाले श्रद्धेय पुरुष थे, आपने अपनी मधुर और सन्तुलित वाणी से सारे ही समाज को प्रेम-पास में बाध लिया था। आपने अपना सारा ही जीवन सादगी एवं शान्ति के साथ व्यतीत किया। सभी धर्मकार्यों में आप बराबर भाग लेते थे। आपने नूरमहल स्थित मन्दिर को विशेष योग दिया है। धर्म कार्य के प्रति आप बड़े ही उदार एवं कर्मठ कार्यकर्ता थे आपका स्वर्गवास ७५ वर्ष की आयु में हुआ था।

●

स्व० श्री रामप्रसादजी जैन, वाराशमसपुर

श्री रामप्रसाद जी जैन का जन्म सन् १९७० में हुआ था। आप के पिता श्री का नाम श्री गुलजारीलाल जी जैन था। आप की शिक्षा मिडिल तक हुई थी। आप संस्कृत तथा हिन्दी के अच्छे ज्ञाता थे। जैन ग्रन्थों का आपने पर्याप्त मात्रा में अध्ययन किया था और थोड़े ही समय में आपने अपने धर्म का बहुत कुछ सार समझ लिया था। आप जीवन पर्यन्त स्वधर्म के प्रसार का प्रयास करते रहे।

आपने व्यापारिक क्षेत्र में अच्छी प्रगति की थी। कलकत्ता भी आपका व्यापारिक-क्षेत्र था। आपके ही नाम से वाराशमसपुर में दि० जैन मन्दिर का निर्माण किया गया है। स्थानीय दि० जैन पंचायत के आप मन्त्री भी रहे थे। आप बड़े ही श्रमशील स्वभाव के तथा कर्मठ पुरुष थे आप जीवन भर समाज-सेवा में लगे रहे। सामाजिक कार्यों में आप सदैव अग्रसर रहते थे। आपकी दुःखद् मृत्यु सन् १९६४ में हुई।

●

श्री मनीरामजी जैन, एत्मादपुर

आपका जन्म वि० स० १९४९ में अगहन सुदी १३ को हुआ। आप के पिता जी का नाम श्री ला० कल्लूमल जी जैन है। आपका विवाह फिरोजाबाद निवासी श्री नन्नूमल जी जैन की सुपुत्री श्रीमती विटोलादेवी के साथ हुआ है। आप सात भाई और दो बहिनों के बीच द्वितीय सन्तान है। आपके पिता जी ने एत्मादपुर में एक शिखरबन्द मन्दिर का निर्माण करवाया है। आपका परिवार सदैव से धार्मिक वृत्ति का और शास्त्रानुकूल चलने वाला है। आपके तीन पुत्र और तीन पुत्रियों ने जन्म लिया—इनमें सबसे बड़े थे स्वर्गीय श्री भगवतस्वरूप जी। भगवतस्वरूप जी से समाज कहानीकार और नाटककार के रूप में भली प्रकार परिचित है।

आपने स्कूल आदि में विशेष शिक्षा प्राप्त नहीं की। घर में ही हिन्दी व संस्कृत का अध्ययन किया है। आपकी धर्मशास्त्र स्वाध्याय में विशेष रूचि है। अब भी आपका विशेष समय अध्ययन में ही व्यतीत होता है। अनेकों जैन-धर्म-ग्रन्थों का आपने पठन-पाठन एवं मनन किया है।

आपने अपना व्यवसायिक जीवन वस्त्र व्यवसाय से आरम्भ किया और व्यापार में ईमानदारी ही आपका नियम है। घी, गल्ला, कपड़ा एवं कपास, गुड़, तेल आदि का व्यवसाय भी आपके यहाँ होता रहा है। आपके भ्राता श्री जुगलकिशोर जी अपने समय के सफल व्यवसायी थे।

श्री किरोड़ीमलजी जैन, खंडोत्रा

आपका जन्म ५ जनवरी १९२८ में हुआ। आपकी शिक्षा खंडोआ में ही आरम्भ हुई। आप शिक्षा ग्रहण में अत्यन्त कुशल रहे हैं। बाल्यावस्था में आप की रुचि शिक्षा-संग्रह की ओर पूरे रूप से बनी रही। फलस्वरूप आपने शीघ्र ही आगरा युनिवर्सिटी से बी. एस० सी० एवं एम० ए० पास कर लिया। शिक्षा प्राप्त करलेने के पश्चात् आप कार्य क्षेत्र में उतरे और सरकारी सेवाकाल में कार्यकुशलता एवं निपुणता के कारण दस साल के अल्पकाल में चार बार पदोन्नति प्राप्त की है।

आप मध्यप्रान्तगंत शुजालपुर ब्लाक में डवलपमेन्ट आफिसर के पद पर आये और लगभग तीन साल तक यहाँ कार्य किया। इस कार्यकाल में आपने अपनी सज्जनता एवं माधुर्यता के कारण यहाँ के समाज में सम्मान का स्थान बना लिया। आप अपने कार्य में पूर्ण निपुण एवं दक्ष हैं। शुजालपुर के पश्चात् एग्रीकल्चर उप डायरेक्टर के पद पर आपका भोपाल में स्थानान्तर हो गया। यहाँ की जनता भी आपको बड़े ही प्रेमकी दृष्टि से देखती है। आप अपने कार्य में पूर्ण ईमानदारी तथा सचाई बरतते है। आप अपना कार्य राष्ट्र-सेवा की भावना से करते है। आप अत्यन्त विनम्रभाव के तथा समाज-सेवा की इच्छा रखने वाले दयालु प्रकृति के पुरुष है। उच्च शिक्षा तथा उच्चपद प्राप्त करने के पश्चात् भी आपकी प्रकृति में किसी प्रकार का अभिमान नहीं आया। आशा है आप शीघ्र ही और भी उन्नति कर लेगें।

स्व० श्री संतीशचन्द्रजी जैन, मोरेना

आप श्री बा० नेमीचन्द जी जैन मोरेना निवासी के सुपुत्र थे। आपका जन्म चैत्र सुदी १५, सन् १९२९ मे हुआ था। बाल्यावस्था से ही आप चतुर एवं उन्नतिशील स्वभाव के कलाप्रिय थे। चित्रकला में आपकी विशेष रुचि थी। अतः मोरेना मे आपने अपना स्वतन्त्र स्टूडियो स्थापित किया और चित्रकला की साधना में दत्तचित्त हो गए। शिक्षा की दृष्टि से आपने इन्टर तक शिक्षा प्राप्त की थी। आप समाजिक कार्यों में भी बड़े उत्साह एवं लगन के साथ भाग लेते रहे और स्थानीय युवक-मण्डली आपको अपने नायक के रूप मे देखती थी। आप ३६ साल की तरूणाई में प्रवेश पाही रहे थे कि क्रूरकाल की कठोर नजर आपकी होन हारिता पर ईर्ष्या करने लगी और २७ अप्रैल १९६५ को उसने आपको अपनी बाहुपाश में बांध लिया। आपके इस असामयिक वियोग ने समाज के हृदय को हिला डाला।

आप अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी एवं एक सुपुत्र चि० वसन्तकुमार तथा दो कन्यायें छोड़ गए हैं।

●

स्व० श्री जगतिलकरावजी जैन, जिरसमी

आपका जन्म सम्वत् १९७३ भादवा सुदी ८ बुधवार को श्री जिनेश्वरदास जी जैन के यहाँ हुआ था। आपके जन्म की खुशी मे सारे ही गाँव ने उत्सव-सा मनाया था। गरीब एवं इच्छुक व्यक्तियों को दान आदि भी दिये गये थे। आपकी शिक्षा एफ० ए० तक हुई थी। पढने लिखने मे आपकी बुद्धि अत्यन्त तीक्ष्ण थी।

आपका परिवार सदैव ही सम्मानित रहा है। मुखिया एवं पंचायत के प्रधान पद लम्बे अर्से से आपके परिवार के पास रहते आए हैं।

आपका शुभ विवाह श्रीमती जैनमति जैन के साथ हुआ था। आपके तीन पुत्र तथा तीन पुत्रियाँ हैं। एक पुत्र सर्विस कर रहा है और दूसरा मैट्रिक में शिक्षा प्राप्त कर रहा हैं।

आप गरीबों के सच्चे साथी तथा उनकी मुसीबतों के समय आप अपनी पूरी शक्ति के साथ उनकी रक्षा करते थे गरीब आदमियों पर अत्याचार करनेवाले से आप सदैव घृणा करते थे और उनका खुला विरोध करते थे।

आपका स्वर्गवास ता०२५-११-५९ को विशेष दुर्घटना में हो गया।

●

स्व० श्री लक्ष्मणस्वरूपजी जैन, फरिहा

इनका जन्म फरिहा के श्री लाला चौबेलाल जी जैन के यहाँ विक्रमीय सं० १९७२ में हुआ था और स्वर्गारोहण वि० सं० १९९९ में हुआ। आचार्य शान्तिसागर जी महाराज के फरिहा पधारने पर सं० १९८७ में आपने शूद्रजल, अभक्ष्य भक्षण और सप्त व्यसन का त्याग अल्प वय में ही किया था। आप बच्चों के इलाज में विशेष दक्ष थे। श्री भगवतस्वरूप जैन के आप कनिष्ठ सहोदर थे। आप एक होनहार, कर्मठ पुरुष थे जो दुर्भाग्य से अल्पवयस में ही स्वर्गवासी हो गये।

●

स्व० श्री बृन्दाबनदासजी जैन, फरिहा

लाला बृन्दाबनदास जी यहाँ की पंचायत के मान्य पुरुष थे। आपकी बात छोटे-बड़े सभी लोग मानते थे। इस अतिशय क्षेत्र मरसलगंज का निकास स्व० लाला हीरालाल जैन सर्राफ एटा, स्व० लाला गोपालदास जी जैन बजाज एटा, स्व० लाला चेतराम जी जैन जरानी तथा लाला वृन्दावनदास जी इसी चतुष्ट्य के एक सर्वमान्य विशिष्ट व्यक्ति थे। लाला वृन्दावनदास जी के परोपकारी धार्मिक गुणों की आज भी सब लोग प्रशंसा किया करते हैं।

आज भी इनके पुत्र-प्रपौत्र गुजरात के पालेज नामक शहर में निवास करते हैं। और श्री बनारसीदास राजकुमार प्रसिद्ध फर्म है।

●

श्री सोहनलालजी जैन, नगलासिकन्दर

आपका जन्म जनवरी सन् १९३७ को ग्राम नगलासिकन्दर में हुआ। आपके पिता श्री गौरीशंकर जी जैन हैं। आपका लालन-पालन बड़े चाव से हुआ है। आपके ऊपर आपके धार्मिक माता-पिता के सुसंस्कार अमिट रूप से पड़े है। अतः धर्म में आपकी अगाध श्रद्धा है। आपने प्राइमरी तक शिक्षा अपने गाँव के स्कूल में प्राप्त की और हाई स्कूल की परीक्षा सन् १९५३ में श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज फिरोजाबाद से पास की है। आप पढ़ने में भी रुचि रखते थे।

समाज की उन्नति की पावन भावना तथा समाज-सेवा की अनूठी लगन के परिणाम-स्वरूप आपका समाज में भी सम्मान है। जिन भक्ति के आप पक्के पुजारी हैं।

वर्तमान में आप नगलासिकन्दर में ही अपना व्यापार व्यवसाय करते हैं। व्यापारी वर्ग भी आपकी ईमानदारी तथा सज्जनता के कारण आपका सम्मान करता है। आप धार्मिकता में जितने कट्टर हैं, व्यवहारिकता में भी उतने ही पटु है।

आपका विवाह एटा निवासी माननीय श्री सुखदेवप्रसाद जी जैन की सुपुत्री के साथ हुआ है। यह धार्मिक विचारधारा की सुमति महिला हैं।

●

श्री सेतीलालजी जैन, वाराशमसपुर

आपका जन्म सन् १९२० के लगभग श्री लाला लालाराम जी जैन के यहाँ वाराशमसपुर में हुआ। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा साधारण रूप में अपने गाँव मे ही हुई। हिन्दी और संस्कृत का ज्ञान प्राप्त कर लेने के पश्चात् आप व्यापार व्यवसाय में रुचि लेने लगे। आप अपने निजी व्यवसाय में दिनों-दिन उन्नति करते रहे और शीघ्र ही आपकी गणना अच्छे व्यवसाइयों में होने लगी। व्यापारिक सफलता का प्रमुख कारण था आपकी सत्यप्रियता। आपका जन-सम्पर्क सराहनीय एवं सम्मोहक है।

आप साहित्य क्षेत्र में भी रुचि लेते रहते है। मन्दिर आदि निर्माण मे आप सदैव भाग लेते रहते है। धर्म-कार्यों मे आप बराबर योगदान करते रहते है। श्री दि० जैन पंचायत वाराशमसपुर के माननीय सभापति तथा साधन सहकारी समिति लि० वाराशमसपुर के सरपंच हैं।

आपकी श्रीमती श्रीगुणमालादेवी भी धर्मशीला महिला है। आपके चार पुत्र एवं तीन पुत्रियाँ है। आपकी भावना राष्ट्र के प्रति भक्तिपूर्ण है।

●

श्री चन्द्रसेनजी जैन, वाराशमसपुर

आपका जन्म १ जनवरी १९४३ में हुआ। आप श्री सेतीलाल जी जैन के सुपुत्र हैं। आपने हाईस्कूल तक शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में आप अध्यापन का कार्य करते हैं। आपको आदर्श अध्यापक के रूप में देखा जाता है। आप केवल शिक्षक ही नहीं है, अपितु आप आदर्श मानव भी है। आप अपने छात्रों में पुस्तक-ज्ञान के साथ साथ आत्म-विश्वास तथा उच्चमनोबल का संचार भी करते हैं।

आप स्थानीय श्री दि० जैन पंचायत के मन्त्री एवं दि० जैन-मन्दिर के व्यवस्थापक है। आप पूजन-पाठ आदि कर्मों में पूरा समय देते हैं। स्वधर्म के प्रति आपकी भावना परिपुष्ट एवं प्रशंसनीय है। आपकी विचारधारा बहुत ऊँची तथा राष्ट्रभक्ति पूर्ण हैं। आप कर्तव्यनिष्ठ मानव हैं। आपका जीवन राष्ट्र सेवी, समाज सेवी तथा धर्म सेवी है। सामाजिक कार्यों में आप पूरा-पूरा सहयोग देते है।

●

श्री बिहारीलालजी जैन शास्त्री, खुर्जा

आपका जन्म वि० सम्वत् १९६३ में खेरी जिला आगरा में हुआ। आपके पिता का नाम श्री मोहनलाल जी जैन था। आपने श्री ऋषभ ब्रह्मचर्याश्रम हस्तिनापुर, स्याद्वाद महाविद्यालय बनारस तथा जम्बू विद्यालय सहारनपुर एवं कलकत्ता, इन्दौर आदि नगरों में शिक्षार्जन किया। इसके पश्चात् अलीगढ़ अम्बाला छावनी, मेरठ, बम्बई आदि नगरों में अध्यापन का कार्य किया। सहजानन्द शास्त्र माला में पुस्तक सम्पादन का कार्य भी किया है। आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी महाराज के मुनिसंघ में त्यागियों के अध्यापन का कार्य भी किया है।

आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी महाराज से सन् १९६० में छठी प्रतिमा तथा ब्रह्मचर्य का व्रत लिया।

आपके सम्पन्न परिवार में आपकी माता जी, श्री मती जी एवं दो सुपुत्री और एक सुपुत्र है। आपकी एक सुपुत्री बालब्रह्मचारिणी एवं चिन्तन शील महिला है।

आप में जितनी विद्वत्ता है उतनी ही नम्रता है। आप समाज कल्याण में समय समय पर वैज्ञानिक सहयोग प्रदान करते रहते है। आप स्वधर्म ग्रन्थों पर अच्छा लिखते हैं। आपका ज्ञान एवं अध्ययन प्रशंसनीय और संग्रहणीय है।

•

श्री प्रकाशचन्द्रजी जैन, निवाई

श्री प्रकाशचन्द्र जी समाज के श्रेष्ठ साहित्यकारों में से है। आप हास्य रस के सफल कवि हैं। प्रत्येक साहित्य-गोष्ठी में आपको सादर आमन्त्रित किया जाता है। आप जिस सभा में सम्मलित हो जाते हैं-वहाँ प्रसन्नता एवं हास्य की एक लहर-सी दौड़ जाती है। आप ग्रेजुएट है और एकाउन्ट-विशेषज्ञ माने जाते है। वर्तमान में आप आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर आसीन है। समाज आपको अपने प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में देखता है।

•

श्री रमेशचन्द्रजी जैन, निवाई

आप मेडिकल-ग्रेजुएट और नेत्र विशेषज्ञ हैं। आप जहाँ चिकित्सा क्षेत्र में अपना सम्माननीय स्थान रखते हैं, वहाँ राजनीति में भी आपका विशेष स्थान है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता के आप अनन्यतम उपासक तथा उसकी साधन में संलग्न है। स्थानीय जन संघ के प्रधान पद पर प्रतिष्ठित है। आप स्वभाव से बड़े सभ्य एवं विनम्र हैं। आपकी विचारधारा बहुत ऊँची एवं ग्रहणीय है। आप गरीब एवं दीन-समाज की हृदय से सेवा करनेवाले प्रशंसनीय युवक है।

•

स्व० श्री छेदालालजी जैन, मरसलगंज

स्व० श्री लाला छेदालाल जी जैन मरसलगंज (आगरा) के निवासी थे। आप यहाँ के प्राचीन निवासी थे। लाला जी नियमित रूप से बड़ी श्रद्धाभक्ति पूर्वक मन्दिर जी की सेवा किया करते थे। इस क्षेत्र का सारा भार आप ही पर न्यस्त था और किसी को क्षेत्र की चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं होती थी। आप प्रत्येक यात्री का अच्छा स्वागत समादर किया करते थे। आपकी उम्र जब ७० वर्ष की हुई और शरीर अशक्त हुआ, तो समाज के नाम आपने एक मुद्रित अपील निकाली, जिसे ध्यान में रखकर एक विधिवत कमेटी का निर्माण सन् १९४० मे हुआ। कमेटी निर्माण हो जाने के कुछ ही काल बाद आपका स्वर्गवास हो गया।

●

श्री उल्फतरायजी जैन, सरनऊ

आप इस क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कार्यकर्ता हैं। आपने लगभग ३० साल तक उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा में लेखपाल रहकर कार्य किया है। आप अपनी ईमानदारी एवं सज्जनता के लिए प्रसिद्ध हैं। वर्तमान में आप स्थाई अवकाश प्राप्त हैं। अपनी बुद्धि द्वारा जनता को आज भी आप आवश्यक एवं उपयोगी सुझाव देते रहते हैं। आपका अधिक समय धर्म-ध्यान में ही व्यतीत होता है। समाज एवं जाति जी भलाई के लिए आप प्रतिक्षण तैयार रहते हैं। आपने छोटी-सी नौकरी मे अपने परिवार को सुशिक्षित बनाकर प्रशंसनीय कार्य किया है।

●

श्री अमरचन्दजी जैन, सरनऊ

आप श्री उल्फतराय जी जैन के ज्येष्ठ सुपुत्र हैं। आपने अपने पिताश्री के कर्मठ जीवन से प्रेरणा प्राप्त करते हुए बड़े श्रम से शिक्षा-सम्रह किया है। आप इन्टर मीडिएट एवं आयुर्वेद भिषग तक शिक्षा प्राप्त हैं। आप एक कुशल चिकित्सक तथा सत्यनिष्ठ राजनीतिज्ञ है। अपने क्षेत्र की न्याय पंचायत के वैच अध्यक्ष पद पर आपने कुशलतापूर्वक कार्य किया है। राजनीति में आपने अच्छी सफलता प्राप्त की है। समाज-सेवा में भी आप बराबर भाग लेते रहते हैं। समाज के उत्साही एवं कार्यशील युवकों में आपका स्थान है।

●

श्री दयाचन्दजी जैन, सरनऊ

आप भी श्री उल्फतराय जी जैन के सुपुत्र है। आप आयुर्वेद की ए० एस०, बी० एस० तक की शिक्षा से सुशोभित है। आप तीक्ष्ण बुद्धि के व्यवहार निपुण तथा सहृदयी व्यक्ति हैं। वर्तमान में आप अकोली जिला जालौर में राजकीय औषधालय में अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित है। आपकी सेवा भावनाओं से वहाँ का समाज पूर्ण प्रभावित तथा सन्तुष्ट है। आपको आदर मान की दृष्टि से देखा जाता है। आप भी अपने कार्य में मन लगा कर दयाभाव युक्त मन से जन सेवा में संलग्न हैं। समाज के प्रति आपकी सेवा-भावना सराहनीय एवं आदरणीय है।

•

श्री जयसैनजी जैन, आगरा

आप आगरा समाज के उत्साही कार्यकर्ताओं में से हैं। आपने मरसल गंज में होने वाले पंच कल्याणक मेले के अवसर पर एक कर्मठ कार्यकर्त्ता के रूप में भाग लिया था। आपको आगरा समाज ने इस अवसर पर श्री दि० जैन पद्मावती पुरवाल सेवक-संघ के सेनापति (कैप्टिन) के रूप में भेजा था। मेले की प्रवन्ध व्यवस्था एवं साज सज्जा में आपका भी प्रमुख भाग था। आने वाले यात्रियों की सेवा-सुश्रुषा में आपने अथक परिश्रम कर सम्मान का स्थान प्राप्त किया है। आप कर्तव्य परायण, लगनशील, उत्साही और साहसी प्रकृति के प्रशंसनीय व्यक्ति हैं।

•

श्री निर्मलचन्द्रजी जैन, एम. ए., एल. एल. बी.

आप श्री रामशरण जी जैन पंसारी के सुपुत्र हैं। आप बाल्य-काल से ही तीक्ष्ण बुद्धि एवं शिक्षा के प्रति आकर्षित रहे है। फल-स्वरूप आपने थोड़े समय में ही एल. एल. बी. जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त कर ली है। अभी आप २५ वर्ष के ही हैं। आप सरल प्रकृति एवं परिश्रमी स्वभाव के सीधे सादे युवक है। आप निर्भिमानी, बनावट से दूर रहने वाले उत्तम प्रकृति के व्यक्ति हैं। आप वकालत के अभ्यास के साथ ही साथ अपने पिता श्री के कार्य में भी सहयोग देते रहते हैं। आप समाज के होनहारों में से एक नक्षत्र हैं।

•

श्री महिपालजी जैन, ऋषभनगर मरसलगंज

आप गढ़ीकल्याण जिला आगरा के निवासी हैं और वहाँ की ग्राम पंचायत के प्रधान हैं। सहकारी समिति के सरपंच भी है। आप श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र ऋषभनगर मरसलगंज के प्रवन्धक मैनेजर पद पर सफलता पूर्वक सेवा कर रहे हैं। आप रजिस्टर्ड वैद्य हैं। अतः इस दिशा में भी अच्छी प्रगति की है। आप समाज के सेवा-भावी युवकों में माने जाते हैं।

●

श्री महेशकुमारजी जैन, फरिहा

आप फरिहा जिला मैनपुरी के निवासी हैं। श्री दि० जैन पंचायत फरिहा के सहायक मन्त्री है। श्री ऋषभ नगर ग्रामोद्योग विकास परिषद रजिस्टर्ड कमेटी के सदस्य हैं। आप स्वसमाज एवं इतर समाज-सेवा के कार्यों मे वरावर भाग लेते रहते हैं। आप उत्साही तथा लगन शील शुद्ध विचार धारा के युवक हैं। समाज मे आपको स्नेह से "महेश" नाम से पुकारा जाता है।

●

श्री अविनाशचन्द्रजी जैन, बी. एस. सी.

आप श्री श्रीचन्द जी जैन बाहा के सुपुत्र हैं। श्री नरेन्द्रकुमार जी जैन आपके ज्येष्ठ भ्राता हैं। आपके विचार अत्यन्त सराहनीय एवं समाज के लिये हितकारी हैं। समाज के स्वस्थ एवं सुन्दर व्यक्तित्व वाले युवकों मे आपका स्थान अग्रगणी है। आप तीक्ष्ण बुद्धि के विचारशील तथा शान्त प्रकृति के उत्साही सज्जन है। आपका शिक्षा के प्रतिभारी अनुराग है।

●

श्री राजकुमारजी जैन, भदाना

आप भदाना के सम्मानित महानुभाव है। जोधपुर में आपकी "जैन साईकिल कम्पनी" है। आपका समाज सेवा की ओर काफी ध्यान है। जोधपुर श्री दि० जैन मन्दिर एवं काटर कमेटी आदि संस्थाओं के आप सम्माननीय पदाधिकारी हैं। आपने अपनी जाति के अनेकों भाइयों को कार्य में लगाया है। आप वड़े परिश्रमी तथा होशियार व्यक्ति हैं।

●

श्री जिनेन्द्रप्रकाशजी जैन, एटा

आप स्वर्गीय श्री दयाशंकर जी जैन एटा निवासी के सुपुत्र हैं। आप समाज के मेधावी पुरुषों में से एक हैं। शिक्षा के प्रति आप सदैव अनुरागी रहे हैं। अतः अल्प समय में ही आपने बी० ए०, एल० एल० बी० तक शिक्षा प्राप्त कर ली। आप उच्च शिक्षा से विभूषित अत्यन्त नम्र युवक हैं। समाज की प्रगति एवं संगठन के लिए आप सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यों में आपका बराबर योग रहता है।

●

स्व० श्री मुरारीलालजी जैन, शिकोहाबाद

स्व० श्री ला० मुरारीलाल जी जैन शिकोहाबाद समाज के मान्य पुरुषों में से थे। आपका जीवन जहाँ व्यापारिक क्षेत्र में सफल रहा, वहाँ आप समाज-सेवा में भी पीछे नहीं थे। आप निरभिमानी मृदुभाषी तथा प्रसन्न प्रकृति के पुरुष थे। आप "सादा जीवन और उच्च विचार" के दर्शनीय उदाहरण थे। आप सम्पन्न उद्योगपति तथा पूर्ण सम्मान युक्त होने पर भी अभिमान से कोसों दूर थे। आप स्वधर्म के प्रति पूर्ण आस्थावान और धर्म प्रसारक माने जाते थे। आपके स्वास्थ्य ने जब तक साथ दिया तब तक आप देव पूजन तथा स्वाध्याय आदि नित्यकर्म बराबर करते रहे।

आपका निधन गत ३० दिसम्बर १९६५ को हो गया। आपका वियोग सारे ही समाज के लिए कष्ट प्रद एवं दुःख पूर्ण है।

●

श्री डा० त्रिलोकचन्दजी जैन, लखनऊ

आपके पिता श्री का नाम श्री सुनहरीलाल जी जैन है। आप लखनऊ के निवासी हैं। डा० त्रिलोकचन्द्र जी साहित्य शास्त्री (वाराणसी) तथा सिद्धान्तशास्त्री (बम्बई) से हैं। आप ए० एम० एम० एस० (बी० एच० यू०) प्रधान चिकित्सक तथा आप शरीर आयुर्वेदान्वेषण एवं प्रशिक्षण केन्द्र जामनगर के प्रोफेसर तथा विभागीय प्रधान हैं। आपकी आयु वर्तमान में ४१वें वर्ष में चल रही है। आपके २ बालिका तथा ४ बालक हैं। आपमें धार्मिक और सामाजिक भावनाएँ हैं। शिक्षा क्षेत्र में आपने सराहनीय प्रगति की है। तथा सार्वजनिक सेवा-क्षेत्र मे भी आप पूर्ण मनोयोग से भाग लेते हैं। आपका मूल निवास स्थान एटा है।

●

श्री अंगरेजीलाल जी जैन, मैदामई

आपका जन्म श्री बद्रीप्रसाद जी जैन के घर सन् १९०५ में हुआ। आपके पितामह श्री रामजी साहू समाज के आदरणीय पुरुष हो चुके है। इन्होंने मथुरा के मेले के समय माल की बोली दस हजार की ली थी और बैलगाड़ियों मे शिखर जी की यात्रा की थी, वापिस आने पर मेला भी करवाया था। इसी मेले मे आपने १। सेर का लड्डू बाटा था।

श्री अंगरेजीलाल जी की शिक्षा हिन्दी मिडिल तक ही हुई है, वैसे आपने साहित्य में अच्छी सफलता प्राप्त की है। फारसी एवं ऊर्दू के भी अच्छे ज्ञाता है। आप पुस्तैनी जमीदार थे, किसी समय आपका घराना बहुत धनी एवं सम्मानपूर्ण था। आज भी आपके परिवार की अच्छी प्रतिष्ठा एवं मान है और कार्य भी मुख्यतया कृषि का ही हैं। स्थानीय दि० जैन मन्दिर का जो कि आपके पूर्वजों द्वारा बनवाया गया था आपने जीर्णोद्धार करवाया है। आपकी धर्म-भावना एवं समाज-प्रेम प्रशंसनीय है।

आपकी धर्म पत्नी श्री सूर्यकान्तादेवी जैन भी आपके अनुरूप ही धर्म-भावना की श्रेष्ठ महिला हैं। आपके पॉच पुत्र हैं। यह सब उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न विभागों मे कार्य कर रहे हैं। टूण्डला में आपकी दो किराने की दुकानें भी हैं।

आपका पूरा परिवार धर्म-भावना से युक्त तथा सुसंगठित और और आदर्श परिवार है। आप वर्तमान में अपना समय धर्म चिन्तन एवं समाज सेवा तथा धर्म ग्रन्थों के अवलोकन में लगा रहे हैं। समाज में आपको वयोवृद्ध अनुभवी के रूप में देखा जाता है।

●

श्री गौरीशंकरजी जैन, कुतकपुर

श्रीमान् लाला गौरीशंकरजी कुतकपुर (आगरा) के लब्ध प्रतिष्ठित स्व० श्री० लाला लाहोरीमलजी के भतीजे एवं श्री० लाला गुलजारीलाल जी के सुपुत्र हैं।

गॉव में आपके घर पर घी एवं गल्ले का अच्छा व्यवसाय होता था और आप जमीदार भी थे। व्यापार में आप बड़े दक्ष एवं कार्यकुशल व्यक्ति हैं। देवपूजा एवं स्वाध्याय में आप सदैव से प्रेम रखते आये हैं और गाँव मे आप सदैव गरीबों के शुभ चिंतक रहे। कॉग्रेस सरकार ने जब से जमींदारी प्रथा उठा दी है तभी से आप गॉव (कुतकपुर) का सारा अपना कारोबार बन्द करके फीरोजाबाद में आकर रहने लगे हैं। आपके सुपुत्र श्री निरंजनलालजी भी आपके पास ही काम कर रहे हैं। आप भी धार्मिक एवं सरल परिणामी है प्रतिदिन 'चन्द्रप्रभ मंदिर' में श्री भगवंत का पूजन करते हैं। और समय समय पर धार्मिक कार्यों मे भाग लेते रहते हैं।

वर्तमान में आपके एक पुत्र तथा एक सुपुत्री एवं पुत्रवधू और एक पोता (नाती) व दो पोतियाँ (नातिन) हैं।

●

श्रीमती कुन्तीदेवी जैन, नगलास्वरूप

आपका जन्म सन् १९०४ का है। आप स्वर्गीय श्री गुलजारीलाल जी जैन की सुपुत्री तथा स्वर्गीय श्री श्रीलालजी जैन नगलास्वरूप की धर्मपत्नी हैं। आपका जन्म स्थान मझराऊ जिला एटा है। आपकी गणना समाज की शिक्षित महिलाओं में की जाती है। आप प्रभाकर जैसी हिन्दी की उच्च शिक्षा प्राप्त है। हाई स्कूल भी आपने पास किया है। आपका धर्मज्ञान भी बहुत हैं। धार्मिक परीक्षाओं में भी आप सदैव सम्मान का स्थान प्राप्त करती रही है। आपका जीवन सदैव स्वावलम्बी रहा है। श्री दि० जैन कन्या पाठशाला में आप गत वर्ष तक प्रधानाध्यापिका के पद पर सेवा करती थी। आपकी शिक्षा देने की शैली अपने आपमें निराली थी। आप द्वारा अनेकों कन्याओं ने किताबी शिक्षा के साथ-साथ गृहस्थ जीवन की भी आदर्श शिक्षा ग्रहण की है। आप शुद्ध जीवन की धर्मनिष्ठ तथा सात्विक महिला है।

आप स्वधर्म के प्रति पूर्ण आस्थावान रहती हुई सभी धर्माज्ञाओं का विधिवत पालन करती रही हैं। अभी आपका छठी प्रतिमा का व्रत चल रहा है। आप त्यागपूर्ण जीवन की महिला रत्न है।

कुमारी तारादेवी जैन, एम० ए० मेरठ

कुमारी तारादेवी का स्थान समाज की शिक्षित महिलाओं में है। आप मेरठ निवासी भिषगाचार्य श्री पं धर्मेन्द्रनाथ जी वैद्य शास्त्री की सुपुत्री हैं। आपने छोटी आयु में ही एम० ए० तक शिक्षा प्राप्त कर समाज की बालिकाओं के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण रखा है। बनारस से संस्कृत प्रथमा, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट आदि परीक्षायें द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण की। आपकी प्रखर बुद्धि जिस विषय का एक बार अध्ययन कर गई, मानो वह विषय आपको सदैव के लिए कण्ठस्थ हो गया। मिडिल कक्षा में आप विद्यालय भर में सर्व प्रथम रही थी। इसके पश्चात् तो आपने एक वर्ष में दो-दो कक्षायें तय की और इसी क्रम से आप एम० ए० तक प्रगति करती रही। आपने एम० ए० संस्कृत विषय से की है। संस्कृत का आपको अच्छा ज्ञान है। आपने संस्कृत के उत्तमोत्तम ग्रन्थों का अध्ययन किया है, जिसका प्रमाण आपका ज्ञान-भण्डार एवं संस्कृत साहित्य पर विवेचन करने की आपकी प्रभावशाली शैली है।

आप पद्मावती-पुरवाल समाज की व्युत्पत्ति एवं इसके प्रामाणिक इतिहास की जानकारी के प्रति भारी इच्छुक है। जैनधर्म को आप सदैव श्रद्धा की दृष्टि से देखती रही हैं। आपमें अभिमान नाम मात्र को भी नहीं है। "विद्याददाति विनयम्" की आप प्रतिमूर्ति है। आपका जीवन मर्यादा पूर्ण और भारतीय संस्कृति का अनुयायी है। समाज को आप जैसी सुशिक्षित और विनम्र ललनाओं पर गौरव है। साथ ही आशा है कि—आप आगे आकर अपनी इस उच्च शिक्षा द्वारा समाज की महती सेवा कर पायेगी।

श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज, फिरोजाबाद

शिक्षा संस्था के रूप में श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज का नाम समस्त पद्मावती पुरवाल समाज के लिए सर्वाधिक प्रतिष्ठा का विषय है। इस शिक्षा-संस्था की गणना उत्तर-प्रदेश के प्रथम पंक्ति के कालेजों में की जाती है।

स्वनाम धन्य स्वर्गीय पण्डित पन्नालाल जी न्यायदिवाकर की पुण्य स्मृति को स्थायित्व प्रदान करने के लिए जैन समाज के कुछ उत्साही बन्धुओं ने जारखी नामक ग्राम में आज से ३९ वर्ष पूर्व श्री पन्नालाल दिगम्बर जैन विद्यालय की स्थापना की थी, किन्तु दो-चार वर्ष बाद आर्थिक विपमता ने संस्था को लड़खड़ा दिया। कुछ समय पश्चात् फिरोजाबाद के कुछ उत्साही बन्धुओं ने—जिनमें स्वर्गीय ला० ज्योतिप्रसाद जी, मा० सन्तलालजी, पाण्डेय श्रीनिवासजी बाबू चुन्नीलाल जी मुख्तार, ला० रामशरण जी एवं ला० धनपाल आदि प्रमुख थे—उक्त विद्यालय को फिरोजाबाद में पुनः संस्थापित किया। प्रारम्भ में धार्मिक शिक्षा के साथ साथ प्राइमरी कक्षाओं तक शिक्षा देने का कार्यक्रम अपनाया गया और इसी रूप में यह विद्यालय लगभग बीस वर्षों तक कार्य करता रहा। इस प्रसंग में स्व० मास्टर हरिप्रसाद जी की सेवायें विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं, जिन्होंने अनेक बाधायें उपस्थित होने पर भी अपनी लगन और उत्साह से इस संस्था को जीवित रक्खा है।

स्थानीय दि० जैन समाज संस्था के इस रूप से सन्तुष्ट न था। फलतः उनके उत्साह वर्धक प्रयत्नों से जुलाई १९५० में उत्तरप्रदेश प्रशासन द्वारा इसे जूनियर हाईस्कूल के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इसकी आशातीत उन्नति से प्रभावित होकर १९५२ में हायर सैकेण्डरी स्कूल और १९५५ में इण्टर मीडिएट कालेज के रूप में इसे मान्यता प्राप्त हुई। आज यह विद्यालय लगभग १७०० विद्यार्थी और ४५ अध्यापकों के सम्मिलित परिवार के रूप में चल रहा है। राज्य की अग्रगण्य संस्थाओं में इसका विशिष्ट स्थान है। लगभग डेढ़ लाख का अपना भवन और ५० बीघा अपनी भूमि विद्यालय के पास है। इस भूमि पर कई बार ऐतिहासिक मेले और सभायें सम्पन्न हो चुकी हैं। परम पूज्य आचार्य श्री १०८ महावीरकीर्ति जी महाराज, परम पूज्य आचार्य श्री १०८ विमलसागर जी महाराज, स्वनामधन्य परम पूज्य श्री वर्णी जी महाराज आदि अनेक महान् विभूतियों की चरण-रज से यह प्रतिष्ठान पवित्र हो चुका है।

प्राइमरी स्कूल से इण्टर मीडिएट कालेज तक के विकास की कहानी में श्रीमान् पण्डित श्यामसुन्दरलाल जी शास्त्री का नाम शीर्षस्थ स्थान पर है। कालेज के सुयोग्य मन्त्री के रूप में प्रारम्भ से लेकर आजतक वे संस्था की उल्लेखनीय सेवा करते आ रहे हैं।

जैन आगम और संस्कृत वाङ्मय के अपने प्रखर पाण्डित्य, सुमधुर एवं ओजपूर्ण वक्तृत्व शक्ति तथा प्रभावपूर्ण कार्य-कौशल के कारण तो वे समाज मे सुविख्यात हैं ही, कालेज के प्रति किए गये अपने कार्यों के माध्यम से अब वे स्वयं इस संस्था के पर्यायवाची भी बन गये हैं। दि० जैन समाज के सुप्रतिष्ठित गणमान्य श्रीसम्पन्न सेठ साहूकारो से हजारो लाखों का दान ले आना हर किसी के वश का नहीं था। आज भी वे कालेज के काम के लिए अपना सब कार्य व्यापार छोड़कर रात-दिन जुटे रहते है। निश्चय ही संस्था को आप पर स्वाभिमान

शीतलनाथ जी की अतिभव्य सातिशय पद्मासन मूर्ति के अन्तः आलोक को सदैव जाग्रत रखती है।

संस्था निरन्तर विकासोन्मुख है। स्थान व कमरों आदिका विस्तार होता जा रहा है। शासकीय सहायता मे आशातीत वृद्धि हो रही है। वह दिन दूर नहीं जब यह आदर्श संस्था डिग्री कालेज के रूप में मान्यता प्राप्त कर देश और समाज की सेवा करते हुए नये-नये कीर्तिमान निर्माण करेगी।

●

प्राचीनतम अतिशय क्षेत्र ऋषभ नगर [मरसलगंज]

यह महामनोहर पाँचसौ वर्ष प्राचीन चमत्कारी अतिशय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के एटा, आगरा और मैनपुरी, इन तीनों मण्डलों (जिलों) की अभिसंधि भूमि पर स्थित है। इन्हीं तीनों जिलों में विशेषतया पद्मावती पुरवाल जाति के सज्जन पुराकाल मे बसते थे और वर्तमान समय में भी हैं। आज जो गुजरात, बंगाल, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्यभारत और राजस्थानादि सुदूर क्षेत्रों में पद्मावती पुरवाल जातीय बन्धुओं का निवास है, वह प्रायः इन्हीं जिलों के निवासी हैं, जो अपनी-अपनी सुविधानुसार आजीविका हेतु यत्र तत्र जा बसे हैं। आज से सौ सवासौ वर्ष पूर्व इस मरसलगंज ग्राम में एक सौ से अधिक घर जैन जातीय बन्धुओं के थे। यहाँ नील, कपास और रुई का व्यापार था और अभी नील की पक्की कोठियों के अवशेष हैं, जिनपर अब इण्टर कालेज बन गया है। यहाँ से दो फलांग के फासले पर कस्बा फरिहा है, जो कि किसी समय में जिला मैनपुरी का सबसे बड़ा कस्बा था। सौ वर्ष पहले यहाँ भी पाँच सौ घर पद्मावती पुरवालों के और पच्चीस घर अग्रवाल जैनों के थे। यहाँ का विशाल जिनालय दर्शनीय है।

इस मरसलगंज अतिशय क्षेत्र के निर्माता दक्षिण दिशावासी विप्रवर्ण दि० जैन धर्मानुयायी, महान तपस्वी यन्त्र, तन्त्र, मन्त्र विद्या के ज्ञाता क्षुल्लकवेषधारी पूज्य श्री १०५ बाबा ऋषभदास जी एक पुरुष पुंगव थे। वह अनेक नगरों मे विहार करते हुए इस पुण्य भूमि पर पधारे थे। आप उक्त गाँव स्थित जिनालय में ठहर गए। कुछ ही समय में उनके तपोबल का प्रकाश प्रकाशित हो उठा। वह एक खण्ड वस्त्र और लंगोटी मात्र परिग्रहधारी थे। अनेक चमत्कारपूर्ण घटनाओं द्वारा आपने इस क्षेत्र का निर्माण कराया। इस विशाल जिनालय के निर्माण में जो चमत्कार हुए इन सब में बड़ा चमत्कार निर्माणकारी श्रमिकों के वेतन का था, जो उन्हें अनायास ही प्राप्त होता था। वह कमण्डल से ही धन निकाल कर देते थे लेकिन जब लोग कमण्डल को उलट-पलट कर देखते तो उसमें कुछ न मिलता। मन्दिर निर्माण के बाद बाबा जी न जाने कहाँ से एक हजार वर्ष प्राचीन महामनोहर अतिशय युक्त चमत्कारी श्री महेवाधिदेव श्री ऋषभदेव जी की प्रतिमा ले आये और विधिवत् प्रस्थापना की। स्थापना के समय भी जनता को अनेक चमत्कार देखने को मिले।

मन्दिर जी छोटी ईंट और कंकड़ के चूने से पुराने ढंग का बना हुआ है। बाबा जी

की गुफा एक शान्तिप्रद निराकुल स्थान है। यहाँ प्रायः चमत्कार होते ही रहते हैं। श्री १०८ आचार्य शान्तिसागर जी को, स्व० श्री लाला मुन्नीलाल जी एटा वालों को प्रत्यक्ष चमत्कार दिखाई दिया और उन्होंने यहाँ एक कमरा निर्माण कराया। यहाँ आने वाले असंख्य व्यक्तियों का साक्षात् चमत्कार हुआ है। मन्दिरजी की सांकल धो कर पी लेने से व्यंतर बाधा दूर हो जाती है। यहाँ के कुएँ का जल औषध का काम करता है। कुआँ बाबा ऋषभदास जी के मन्त्र बल से मन्त्रपूत है। इस क्षेत्र पर पाँच महान् उत्तुंग गेट बने हुए हैं। क्षेत्र का प्रबन्ध सरकार द्वारा एक रजिस्टर्ड कमेटी के हाथों में है। यह क्षेत्र आगरा से ४० मील, मैनपुरी से ४० मील, शिकोहाबाद से २४ मील, टूण्डला से २४ मील, फिरोजाबाद से १४ मील और फरिहा से दो फर्लांग के फासले पर है। यहाँ आने वाले यात्री को उत्तर प्रदेशीय शिकोहाबाद जंकशन पर उतरकर मोटर बस द्वारा शिकोहाबाद-एटा रोड से चलकर जसराना नामक स्थान पर उतरना चाहिये और वहाँ से दूसरी बस फरिहा को मिलती है, उस पर आना चाहिए। फरिहा से दो फर्लांग अतिशय क्षेत्र है। सब समय सवारियाँ मिला करती है। धर्मभावापन्न जनो को अवश्य दर्शन करना चाहिये।

श्री ऋषभ-छाया-सदन टूण्डला

समाज के रचनात्मक कार्य करने वालों में "ऋषभ छाया सदन" का अपना एक प्रमुख स्थान है। इस आदर्श संस्था के माध्यम से समाज के महान् पुरुषों के जीवन चरित्र सदैव प्रेरणापूर्ण प्रकार से प्रदर्शित किये जाते रहे हैं।

संस्था का जन्म सन् १९५० के अक्टूबर मास में टूण्डला में हुआ था। यहाँ लगने वाले विशाल मेले के अवसर पर समाज के कतिपय नवयुवकों के मन में इस प्रकार की संस्था के निर्माण की प्रेरणा जगी थी और श्री ला० श्योप्रसाद जी जैन की अध्यक्षता में इसकी स्थापना कर दी गई। इस संस्था के माध्यम से प्रथम बार जैन छाया चित्र प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी का छोर "विराग की ओर" छाया चित्र से आरम्भ होता है। इस चित्र में श्री भगवान् नेमीनाथ जी के विवाह तथा वैराग्य के कथानक पर आधारित अनेकों चित्रों का प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन इतना भव्य था-कि दर्शकगण मन्त्रमुग्ध हो देखते ही रह गये। इसके सफल प्रदर्शन के पश्चात् तो सदन ने अनेक छाया-चित्रों जैसे—"शान्ति दूत", "अग्नि परीक्षा", "भगवान् महावीर" तथा "भारत माँ की लोरी" आदि के प्रदर्शन कर समाज को नवीनतम पाठ पढ़ाया।

प्रायः देखा जाता है कि नाटकों में कोई एक-दो दृश्य ही छाया चित्र पर दिखाये जाते हैं, पर सम्पूर्ण कथानक को छायाचित्रों पर चलाना ऋषभ-छाया सदन का ही प्रशंसनीय प्रयास था। इस संस्था की उन्नति एवं समृद्धि का श्रेय मुख्यतः श्री सोमप्रकाश जी जैन एम० ए० तथा श्री जिनेन्द्रप्रसाद जी जैन एम० एस० सी० को ही है, जिन्होंने उन दिनों रात-दिन परिश्रम करके इस अभिनव प्रणाली को सफल बनाया।

छाया नाट्य लेखन तथा टैकनीक निर्देशन श्री जिनेन्द्र प्रसाद जी करते रहे है। संगीत तथा कांमेन्ट्री श्री सोमप्रकाश जी के जिम्मे है। निर्देशक हैं—श्री परमेश्वरी प्रसाद जी वेल्फेयर इन्सपेक्टर। स्टूडियो व्यवस्थापक श्री रतनप्रकाश जी जैन है। सैट्स तथा दृश्यों का कार्य श्री कन्हैयालाल जी जैन के द्वारा सम्पूर्ण होता है। इसकी सफलता के प्रमुख आधार पात्र वर्ग में सर्वश्री सनतकुमार जी, सूर्यप्रकाश जी, प्रद्युम्नकुमार जी, नरेन्द्रकुमार जी आदि का नाम उल्लेखनीय है।

श्री दि० जैन नेमनाथ अतिशय क्षेत्र राजमल

यह क्षेत्र श्री १००८ नेमनाथ भगवान् की मूर्ति के चमत्कारपूर्ण अतिशय के कारण प्रसिद्ध है। यह मूर्ति पद्मासन ढाई फुट ऊँची, श्यामवर्ण, अतिशय संयुक्त है। इस मूर्ति के सम्बन्ध में यह प्रसिद्ध है कि एक बार बालाबाई को एक स्वप्न हुआ कि नेमनाथ भगवान की रथयात्रा होनी चाहिये। उन्हें वह स्वप्न तद्वत याद रहा और प्रातः उन्होंने सभी स्थानीय जैनी भाइयों से कहा। बालाबाई ने यह भी कहा कि भादों सुदी १५ की रथयात्रा प्राचीनकाल से होती चली आई है। उसी समय भगवान की रथयात्रा हो जायगी। सबने इस बात को स्वीकार कर लिया। कुछ दिन बाद १५ का दिन आया। रथ सजाया गया और उसपर पधारने के लिए भगवान नेमनाथ जी की मूर्ति को चार पुजारी मिल कर उठाने लगे किन्तु मूर्ति नहीं उठी। यह घटना तत्काल चारों ओर फैल गई। कुछ और पुजारी मिलकर मूर्ति को उठाने लगे। तथापि मूर्ति टस से मस न हुई। यह देख कर सबको महान आश्चर्य हुआ और भगवान नेमनाथ की जय-जयकार के साथ सभी जैन बन्धु लगे प्रार्थना करने। बालाबाई ने एक छत्र चढाने की मान्यता की। भक्ति के प्रभाव से अबकी बार दो ही पुजारियों ने मूर्ति को फूल के समान उठाकर रथ में विराजमान करा दिया।

तभी से सबको इस बात का पता चला कि मूर्ति अतिशय संयुक्त है। तभी से स्थानीय तथा बाहर के जैन भाई इस मूर्ति की श्रद्धा व पूजा बड़े प्रेम से करने लगे। बाहर के भी अनेक व्यक्ति इस क्षेत्र में आकर नेमप्रभु के दर्शन करके पुण्य लाभ करते हैं। अन्य एक घटना इस प्रकार है कि विक्रमीय संवत् १९९३ के मगसर बदी में एक रात को एक स्वप्न दिखाई दिया कि मन्दिर का आदमी नेम प्रभु की ओर पैर करके सोता है। प्रातः उस व्यक्ति को देखा गया बात सत्य निकली। उस व्यक्ति को बतलाया गया कि तुम बहुत बड़ा अपराध करते हो। उस व्यक्ति ने नेम प्रभु की बड़ी प्रार्थना की और अपनी भूल के लिए प्रभु से क्षमा मांगी। यह घटना भी दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो गई। इसके बाद संवत् १९९७ में बैसाख बदी १४ से लेकर सुदी ३ तक श्री जिन बिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ, जिसमें बहुत दूर-दूर के कई हजार यात्री एकत्र हुए थे। इस क्षेत्र पर प्रति वर्ष दीपावली के बाद तीन दिन का मेला होता है, जिसमें दूर-दूर के यात्री एकत्र होकर अतिशय संयुक्त श्री नेम प्रभु के दर्शन कर पुण्य अर्जित करते है। ऐसे इस क्षेत्र पर सभी अवसरों पर यात्री अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और अपना मनोरथ प्राप्त करते हैं।

माह सुदी ७ में २०१३ में श्री १०८ आचार्य महावीरकीर्ति जी महाराज ससंघ पधारे। क्षेत्र पर संघ छह दिन ठहरा। आचार्य जी नेम प्रभु के दर्शन कर विशेष प्रभावित हुए। उपदेश के समय उन्होंने जैन समाज को आदेश दिया कि जिस प्रकार चांदनपुर के श्री १००८ महावीर जी के दर्शन करने से पुण्य होता है, उसी प्रकार यहाँ पर नेम प्रभु के दर्शन व पूजन करने से पुण्य होता है। अतः अधिक से अधिक लोगों को पुण्यार्जन करते हुए इस क्षेत्र की उन्नति करनी चाहिये।

आचार्यश्री पर नेम प्रभु का ऐसा प्रभाव पड़ा कि दूसरी बार फाल्गुण वदी११संवत्२०१३ को पुनः क्षेत्र पर पधारे। दर्शन करने के बाद आचार्य श्री की इच्छा हुई कि यहाँ केशलोंच करेंगे। किन्तु किसी कारण से यहाँ केशलोंच न हो सका। इस पर उन्होंने कहा कि मेरी दो वन्दनाएँ हो चुकी हैं। यदि आयु रही तो तीसरी वन्दना फिर करूँगा। यहाँ से आप ससंघ टूण्डला को चले गए और वहीं केशलोंच हुआ। उसी रात को श्री १०८ आचार्य वर्द्धमानसागर जी को स्वप्न हुआ कि तुम राजमल जाकर श्री नेमनाथ भगवान के दर्शन करो अन्यथा बीमार हो जाओगे। वह दर्शन को नहीं आ सके और बीमार हो गए।

संवत् २०१७ के मगसर वदी ११ को श्री १०८ आचार्य विमल सागर जी महाराज ससंघ क्षेत्र पधारे। उन्होंने नेम प्रभु के सामने अखण्ड दीपक और ऊपरी शिखर निर्माण के लिए आदेश दिया। तब से अखण्ड दीपक जलता है और शिखर भी बनकर पूर्ण हो गया है। केवल कलश चढ़ना बाकी है। इसके लिए द्रव्य की आवश्यकता है। इस मूर्ति का ऐसा ही प्रभाव है कि जो कोई नर नारी सच्चे हृदय से पूजन, वन्दन करता है, उसके लौकिक कार्य ठीक हो जाते हैं। प्रभु की वन्दना से रोगी रोग मुक्त हो जाते हैं, भूत प्रेत की बाधा नहीं रहती है। अन्य प्रकार के जो भी क्लेश होते हैं,उनसे भी मुक्ति मिल जाती है। इस प्रकार के अनेक चमत्कार देखने को मिले हैं।

जिनेन्द्र कला-केन्द्र, टूण्डला

संस्थापक—श्री वासुदेव सहाय जी जैन।

संरक्षक—

(१) श्री ब्र० सुरेन्द्रनाथ जी, ईसरी बाजार,
(२) श्री बा० नेमीचन्द जी एडवोकेट मौरेना,
(३) श्री सुनहरीलाल जी जैन, आगरा,
(४) श्रीमती रमा जैन, कलकत्ता,
(५) श्री छदामीलाल जी जैन, फिरोजाबाद,
(६) श्री जुगमंदिरदास जैन, कलकत्ता।

"जिनेन्द्रकला केन्द्र" समाज की गौरवशाली संस्था है। इस संस्था द्वारा अपनी अभिनय कला के माध्यम से जैन तीर्थंकरों तथा महान पुरुषों के कल्याणकारी पावन चरित्र

जनसाधारण तक बड़े ही सरलतापूर्वक पहुँचाये जाते हैं। काव्य के दृश्य-काव्य और श्रव्य काव्य यह दो रूप हैं। अतः इस संस्था ने दोनों ही रूपों से अपने उद्देश्य में सफलता प्राप्त की है। संस्था के स्थापन तथा नामकरण का भी एक रहस्य है।

९ जुलाई १९६३ को जैन जाति का एक उज्ज्वल नक्षत्र एक अनोखी झलक दिखाकर सदैव के लिए अनन्त में विलीन हो गया—नाम था जिनेन्द्र। श्री सुनहरीलाल जी जैन की दुलारभरी गोद का आनन्द प्राप्त करते हुए इस प्रतिभावान किशोर ने जब बीसवें वर्ष में प्रवेश किया, तो मृत्यु इस पर दृष्टि करने लगी और देखते ही देखते कराल काल ने इस युवक को अपनी कठोर बाहुओं में कस लिया। टूण्डला के सारे ही समाज ने इस कठोर वज्राघात को सहन करते हुए—जिनेन्द्र की भावनाओं को ही उसका शरीर मानकर धैर्य धारण किया और उस बाल-कलाकार की कलाओं एवं इच्छाओं को मूर्तरूप देने के लिए २९ सितम्बर १९६३ को "जिनेन्द्र कला-केन्द्र" की स्थापना कर दी। देश और विदेशों में जैन-धर्म के प्रसार और प्रचार की इच्छा की जो ज्योति जिनेन्द्र के हृदय में अखण्ड रूप से प्रज्वलित थी वही ज्योति इस संस्था के प्रधान उद्देश्यों में प्रकाशित है।

इसका उद्घाटन श्री परमेश्वरीप्रसाद जी जैन (वेलफेयर इन्सपेक्टर उत्तर रेलवे) द्वारा किया गया। यह संस्था धन-संग्रह तथा किसी प्रकार के व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य को लेकर जीवित नहीं है। अपितु इसका लक्ष्य महान् और उद्देश्य उत्तम है। इसकी मान्य कलाकार कला के व्यवसायी नहीं, अपितु कला के साधक हैं। कला की इस साधना में धर्म-प्रभावना भी एक संकल्प है। संस्था के कलाकारों का समूह उच्च शिक्षा से विभूषित तथा कुलीन बन्धुओं का एक आनन्दपूर्ण मण्डल है। सभी कलाकार जहाँ अपनी कला में निपुण एवं पारंगत हैं वहाँ चरित्र भी इनकी अपनी मूल पूँजी है। संस्था की उन्नति एवं प्रगति के लिए प्रत्येक कलाकार तन-मन-धन से प्रतिक्षण तैयार रहता है।

संस्था ने हस्तिनागपुर, आगरा, जुनिहई, श्री सम्मेदशिखर, मरसलगंज, फिरोजाबाद, देहली, सरधना, देहरादून, श्री महावीर जी, केकड़ी (अजमेर), बड़ौत, गाजियाबाद, कासा, जयपुर, रोहतक (पञ्जाब), गोहाटी (आसाम), मुजफ्फरनगर तथा अयोध्या आदि प्रमुख स्थानों पर अपनी प्रभावशाली कला का सफल प्रदर्शन किया है। अनेकों स्थानों पर इन कलाकारों का हार्दिक स्वागत तथा अभिनन्दन किया गया है।

अतः संस्था द्वारा जैन-धर्म एवं सिद्धान्तों का आशातीत प्रसार हो रहा है। समाज का धर्मानुरागी कलाप्रिय वर्ग संस्था की प्रगति की कामना करता है।

"जिनेन्द्र कला-केन्द्र टूण्डला" के नियम

(१) हम सिर्फ आने-जाने का मार्ग-व्यय ही लेते है।
(२) हमारे अभिनय मे जो न्यौछावर व धन प्राप्त होता है, वह अभिनय के स्थान के मन्दिर जी को भेंट स्वरूप दे दिया जाता है।
(३) हमारे ठहरने आदि की उचित व्यवस्था।
(४) हम केवल १६ कलाकार है, सब व्यवसायी प्रोफेसर तथा विद्यार्थी हैं।

(५) बैठक में निणय होने पर हम आपके यहाँ केवल दो दिन ही अभिनय दें सकेंगे।
(६) हमारा उद्देश्य धर्मप्रचार है।
(७) हमको दो मास पूर्व सूचित करना अनिवार्य है।

श्री पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन पंचायत देहली

भारतवर्ष की राजधानी देहली में निवास करने वाले स्व जाति जन अपने समाज-संगठन एवं कर्तव्य पालन के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक हैं। धर्मसेवा तथा समाज-प्रगति की महती भावनाओं की ध्वनि ही है 'श्री पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन पंचायत देहली'। इस संस्था का पंजीकरण हो चुका है। इस संस्था का स्थापन एवं जन्म बड़े उत्साह के साथ किया गया है। संस्था अपने आप में स्वावलम्बी है। संस्था अपने मन्दिर एवं धर्मशाला की पूर्ण व्यवस्था वनाये हुए है। उपरोक्त स्थानों की उन्नति तथा समृद्धि के लिए संस्था प्रयत्नशील रहती है। सेवा-फण्ड, बर्तन-भण्डार आदि विषयों पर भी संस्था में विचार किया है। संस्था के विचारशील पदाधिकारी तथा उत्साही सदस्य पुस्तकालय एवं औषधालय आदि की स्थापना का भी प्रयास कर रहे है।

सस्था के सभी सदस्य पूर्णरूप से संगठित तथा समाज-सेवा के प्रति दृढप्रतिज्ञ हैं। सामयिक समस्याओं पर विचार-विमर्ष करने के लिए पचायत मासिक सभाओं का आयोजन करती रहती है। धर्म-प्रभावना भी संस्था के मुख्य उद्देश्यों में है। सस्था की अब तक की प्रगति सन्तोषजनक तथा प्रेरणापूर्ण है। संस्था द्वारा जहाँ सामाजिक कार्यों की पूर्ति होती है वहाँ वह राष्ट्र-हितैषी कार्यों में भी एक देशभक्त संगठन की भाँति योगदान देती रहती है। संस्था का कार्यालय २१४५ धर्मपुरा देहली ६ में स्थापित है।

ी पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर, धर्मपुरा देहली

श्री पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन पंचायती धर्मशाला, धर्मपुरा देहली

श्री जिनेन्द्र कला केन्द्र टूण्डला के कलाकार

श्री पी० डी० जैन इण्टर कालेज, फिरोजाबाद

समाजोपयोगी

स्मरणीय

संकेत

स्व० श्रीमती फूलमालादेवी जैन, टूण्डला

श्रीमती मोतीमालादेवी जैन, टूण्डला

श्रीमती इन्दुमती जैन, कलकत्ता

सुश्री सुशीलादेवी जैन, 'विदुषी'

सुश्री निम्मीदेवी जैन, देहली

समाज की आदर्श मर्यादायें

एवं

प्रचलित प्रथाएँ

[लेखक—पाण्डे कंचनलाल जैन, टूण्डला]

भारतवर्ष के विशाल भू-मण्डल पर कोटिशः जन-निवास करते हैं। विभिन्न संस्कृति एवं सभ्यता वाले इस प्राचीन देश में आरम्भ काल से ही आत्म-कल्याण एवं मानव जीवन को सभ्य और सुव्यवस्थित बनाने के प्रयास किये जाते रहे हैं। भारतवर्ष की पावन भूमि पर अनेक अवतारों का अवतरण हुआ है। इन्हीं पवित्र आत्माओं ने धर्म संस्थापनार्थ व्यथित और अव्यवस्थित मानव समूह के चारों ओर मर्यादा एवं सभ्यता की रेखाएँ खींचते हुए अपने आत्म ज्ञान से उन्हें प्रकाशित किया है। तत्वदर्शी इन महात्माओं के सदुपदेशों एवं सांकेतिक मार्गों (धर्मों) को जिस समाज ने धारण किया—वह पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन्हीं के अनुयायी कहलाता आ रहा है।

सभी भारतीय-धर्म अपने में कुछ न कुछ विशेषता लिये हुए हैं। किन्तु मानव जीवन को चिर शान्ति एवं सह-अस्तित्व का जितना सुखद और आनन्दपूर्ण पाठ जैनधर्म पढ़ाता है, वह उसकी अपनी मौलिकता है। सत्य, अहिंसा, उदारता और संयम का जितना मण्डन जैन-शास्त्रों में किया गया है, उतना अन्यत्र नहीं। जैन धर्म की एक-एक धारा में निश्चल शान्ति हिलोरें लेती है। इसका बृहत् दृष्टिकोण प्राणीमात्र को स्नेह और समता की समान दृष्टि से निहारता हुआ चलता है। एक रूप में भगवान् महावीर जी सहित चौबीसों तीर्थंकरों ने जैन धर्म को किसी एक समूह के लिए नहीं, अपितु जीव मात्र के कल्याण की भावना से प्रचारित किया है।

जैन धर्म का अनुयायी पद्मावती पुरवाल समाज जहाँ आज आध्यात्मिक प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है—वहाँ वह सांसारिक जीवन का अनुसंधान कर अपनी सामाजिक मर्यादायें भी निर्माण करता जा रहा है। इन मर्यादाओं में प्राचीन और अर्वाचीन विचार-धाराओं का समन्वय भी देखा जा रहा है। समय और सदियों के साथ समाज को भी करवटें बदलनी पड़ती हैं। जो समाज समय की गति के साथ नहीं चल सकता, वह पिछड़ जाया करता है, किन्तु उस समाज का तो अस्तित्व ही मिट जाता है, जो 'प्रगति' और 'क्रान्ति' के नाम पर अपने मूल धर्म की हत्या कर बैठता है। समय और कर्तव्य दोनों का समादर कर बढ़ने वाला समाज ही अजर, अमर तथा शाश्वत कहलाता है।

हमारे पद्मावती पुरवाल समाज के विद्वानों, समाज-सेवियो तथा धर्मात्माओं ने स्वधर्मानुरूप जन्म, विवाह तथा मृत संस्कारों का शास्त्रोक्त-रूप ग्रहण करते हुए समय-समय पर कुछ नियमों को स्वीकार किया है। देश-काल एवं परिस्थितियों के अनुसार नीचे लिखे रीति-रिवाजों मे कुछ अन्तर होना स्वाभाविक है, किन्तु समाज का एक बड़ा भाग इन्ही मर्यादाओं के अन्तर्गत अपने जातीय संस्कार सम्पूर्ण करता है।

संस्कार सोलह माने जाते हैं। इनमें प्रथम है जन्म-संस्कार। जैन जाति में सूतक का अर्थ शुद्धि से है न कि खाने से। अन्य मतों में तो यह रिवाज है कि जब पण्डित जी धागा बाँध गये, जब चाहे दस दिन बाद या सात दिन बाद आकर खा गये और शुद्धि हो गई। परन्तु अपने यहाँ प्रसूता स्त्री ४५ दिन में शुद्ध होकर मन्दिरजी में धर्म, पूजन, दान करसकती है। पुरुष दस दिन में पूजन-दानादि करने के योग्य हो जाता है। दस इसीलिए वह दस ठोन आदि के कार्य जुटाकर दस ठोन कर सकता है।

जन्म के समय चरूया (सतिया) रखे जाते है। यह सतिया स्वस्ति का चिह्न माना जाता है। इसका अर्थ है—अपना अस्तित्व बना रहे। शास्त्रानुसार संसार का जब प्रलयकाल आता है, तब पुण्यात्मा जीवों को देव ले जाते हैं। जब देव अयोध्या नगरी या सिद्धभूमियों की रचना करते हैं, तब पृथ्वी पर जहाँ स्वाभाविक सतिये बने रहते हैं, वहाँ वह पुण्य स्थानों की रचना करते हैं। अतः हमारे वंश का अस्तित्व बना रहे, इसी उद्देश्य से हम सतिये का चिह्न बनाते हैं। हमें सतिया कभी नहीं भूलना चाहिए।

स्वसमाज के कुछ उपयोगी नियमः—

१—रात्रि भोजन तथा बिना छाना जल ग्रहण न करना और जिन दर्शन के उपरान्त अन्न ग्रहण करना।
२—मांस, मधु, मदिरा और सप्त व्यसन का त्याग।
३—जिन शास्त्र स्वाध्याय, सामायिक करना।
४—स्वजाति में ही विवाह आदि सम्बन्ध स्थापित करना।
५—प्रत्येक को अपनी आय के अनुरूप धर्मार्थ में दान देना।
६—पुत्र न होने पर दत्तक पुत्र ले लेना।
७—विवाह आदि मांगलिक कार्यों में व्यर्थ खर्च न करना और विवाह संस्कार से पूर्व मन्दिर में दान प्रथा को बनाये रखना।
८—धर्म में दृढ़ रखने एवं रहने के लिए प्रायश्चित्त दण्ड विधान निश्चित करना।
९—५० वर्ष से ऊपर आयु वाले की तेरहवीं करना। त्रयोदशाह शुद्धि अनिवार्य है।

जन्म-सूतकः—

गृह में नव शिशु के जन्म के साथ ही सूतक आरम्भ हो जाता है। सूतक काल में देव, शास्त्र तथा गुरु की पूजा-प्रक्षालादि और मन्दिरजी के शास्त्र आदि वस्तुओं का स्पर्श वर्जित है।

१—जन्म का सूतक दश दिन तक माना जाता है।
२—यदि स्त्री का गर्भपात पाँच या ६ महीने का हो, तो जितने माह का गर्भ हो, उतने ही दिन का सूतक माना जाता है।
३—प्रसूत स्त्री को पैतालीस या चालीस दिन के पश्चात् ही शुद्ध माना जाता है।
४—प्रसूत स्थान भी एक मास तक पवित्र नहीं माना जाता।

५—गौ, भैंस आदि घरेलू पशु घर में बच्चा जनें, तो एक दिन का सूतक माना जाता है और घर के बाहर जने तो सूतक नहीं माना जाता।

छठी उत्सवः—

यह छः दिन या सात दिन का होता है। इस दिन शुभ घड़ी में एक नवीन प्राणी को नवीन वस्त्र पहना, आखों में काजल लगाया जाता है। हाथों और पावों में नीले धागों की करधनी पहनाई जाती है। प्रसव स्थान में एक कोने में अग्नि अवश्य रखनी चाहिए ताकि वायु मण्डल स्वच्छ रहे।

स्त्री को अपने शरीर को साधकर निकलना चाहिये। किसी दीवार आदि का सहारा न लेकर चलना चाहिए। छठी के दिन ही संसार के काम में उसका पहला पदार्पण समझा जाता है। बालक का मुँह कौर छठवें महीने होना चाहिए—छठे महीने से पहले दांत भी नहीं निकलते।

प्रसव से ४५ दिन बाद पति-पत्नी दोनों को घर में हवन करना चाहिए। दोनों हाथों में कलावे का सूत्र कोई न हो तो कुंवारी कन्या से भी बंधवाया जा सकता है। इसके पश्चात् मन्दिरजी जावे, दर्शन, दान तथा पूजादि करे।

मासिक धर्मः—

रजस्वला स्त्री चौथे दिन पति भोजन आदि कर्म के लिए शुद्ध मानी जाती है तथा देव-पूजन, पात्र दान आदि के लिए पाँचवे दिन शुद्ध मानी जाती है। रजस्वला काल में स्त्री को घर के भोजन आदि शुद्ध पदार्थों को स्पर्श नहीं करना चाहिए एवं अबोध बालकों के अलावा अन्यों को स्पर्श भी नहीं करना चाहिए। देव दर्शन के लिए दूर से जिनमंदिर की टोंक को देखकर दर्शन की पुष्टि करे।

मृत्यु-पातकः—

परिवार के प्राणी की मृत्यु के साथ ही पातक आरम्भ हो जाता है। पातक तीन पीढ़ी में बारह दिन, चौथी पीढ़ी तक छ दिन, पाँचवी व छठी पीढ़ी तक चार दिन, सात तक तीन दिन, आठवीं पीढ़ी में एक दिन-एक रात और नवमी में स्नान-मात्र से पातक दूर हो जाता है। सूतक दोष गोत्र के मनुष्य को पांच दिन का माना जाता है।

१—अपने कुल का कोई व्यक्ति देशान्तर में मरण करे और बारह दिन से पूर्व खबर मिले, तो शेष दिन का ही पातक मानना चाहिए। बारह दिन पूरे हो जाने पर स्नान मात्र से शुद्ध हो जाता है।

२—कुल के किसी गृह त्यागी व संन्यासी का मरण हो जाये या कोई कुटुम्बी संग्राम में मारा जाये, तो एक दिन का ही पातक माना जाता है। पातक काल में मन्दिरजी की किसी पवित्र वस्तु को न छुए और न ही इस अवधि में कोई शुभ कार्य आरम्भ करे।

परम्परानुगत वैवाहिक पद्धति एवं मांगलिक द्रव्य प्रसाधन

सभ्य सुशिक्षित समाजों की तो बात ही कुछ और है, वनवासी कोल-भील आदि जातियों में भी वैवाहिक प्रथायें हैं और वह भी अपनी प्राचीन मर्यादाओं के अनुसार ही विवाहादि मांगलिक कार्यों में अपने पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलते हैं। जैन एक विशेष धर्म-प्रभावना सम्पन्न समाज है और पूर्वाचार्यों द्वारा बाँधी हुई मर्यादाओं के अनुसार ही खान-पान से लेकर मरणपर्यन्त प्रत्येक कार्य में गतानुगत परिपाटी का दृढ़ता के साथ परिपालन का अभ्यासी है। यहाँ कुछ वैवाहिक प्रथा पर इस आशय से प्रकाश डाला जा रहा है कि जिससे सर्वसाधारण वैवाहिक आवश्यकताओं से अवगत हो जाय और कार्य के पूर्व ही उन वस्तुओं का संग्रह कर ले और सरलतापूर्वक उन कार्यों का सम्पादन करता जाय। इस लेख में वर और कन्या दोनों पक्षों के निमित्त संक्षिप्त संकेत दिये जा रहे हैं।

यह बात अवश्य है कि जैन-धर्म का विपुल साहित्य है और धर्म के प्रत्येक विषय पर बड़े-बड़े ग्रन्थ भी हैं। किन्तु सब समय, सभी स्थानों पर सबको न तो वह ग्रन्थ ही उपलब्ध होते हैं और कदाच ग्रन्थ भी प्राप्य हुए तो उन्हें समझने की सर्वसाधारण में न क्षमता ही होती है। इसीलिए गृहस्थाचार्यों की अपेक्षा की जाती है। क्योंकि वह उस पद्धति, परिपाटी के पंडित होते हैं। अथच सरल हिन्दी में यदि यह अनिवार्य बातें आ जाती हैं तो इसके संकेतानुसार साधारण गृहस्थ भी अपनी पूर्व की तैयारी तो कर ही सकता है। एतदर्थ ही यहाँ उन बातों को लिपिबद्ध किया जा रहा है।

वैवाहिक समारोह के लिए कन्या और वर, दोनों ही पक्ष वाले गृहस्थ अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार सामग्री संग्रह करते हैं। इसलिए उभय पक्ष के हेतु निर्देश होना उचित है। प्रथम कन्या पक्ष के लिए और फिर वर पक्ष के निमित्त वर्णन किया जा रहा है।

कन्या पक्ष के लिए—

सर्व प्रथम भगवान के मंगल गीत होते हैं।

(१) प्रथम बात नोंग लेने की आती है।

(अ) नोंग में सद्गृहस्थ खाद्यपदार्थ आदि आवश्यक द्रव्य संग्रह करता है और उनका शुद्धि संस्कार करता है। जैसे साफ करना, पिसवाना आदि।

(आ) नोंग लेने की क्रिया को विवाह का आरम्भ समझा जाता है। इसमें नाम उतरवाया जाता है और अपने कौटुम्बिकों को पत्र आदि भेजे जाते हैं। इससे यह पता चल जाता है कि विवाह पक्का हो गया है।

(२) (अ) पीत-पत्रिका भेजना। इसमें विवाह की मिति निश्चित होती है। यह पत्रिका लगन के साथ भी भेजी जाती है।

(आ) लगन को लिखवाना। एक संकेत के लिए भेज देना और एक नारियल १) रुपया तथा उसमें संकेत बनाने के पूर्व लिखित भेजना =), ।), ॥) रुपया आदि पीत-पत्रिका के साथ भेजे तो भेजे नहीं तो लगन के साथ नहीं।

गुण रखनाः—

(३) भ्रात न्योतने जावे तो ४) रुपया नगद २४ पान गुण वताशे ले जावे और वह कन्या के मामा के यहाँ दे आवे। जिससे वह भी यथाशक्ति तैयारी करेगा।

(४) निमन्त्रण अपने सम्बन्धियों को यथाशक्ति भेजवावे।

(५) लिखित समय तेल, कंकण बँधवाना। उस समय एक कलश जल भर कर स्थापित करवावे। मँड़वा गड़वावे और मँड़वे में ५ सुपारी, ५ हल्दी की गाँठें और ५ पैसा भी डालना चाहिये। तेल चढवावे, दो पटुली बनवाके रखे, घण्टी बैठावे। इस क्रिया को स्त्रियाँ जानती हैं। काजल लगवावे, आरती करवावे। सम्पूर्ण अङ्ग में तेल स्वयं मर्दन करना चाहिये।

(६) वर-आगमन व मण्डप लगन।

चार साड़ी, ब्लाउज, एक थान, एक नारियल और उसके साथ मट्ठे-मिष्टान्न व नमकीन एक वरोलिया, जौ एक लोटा में चावल ।।) या १) रुपया डालकर पीले कपड़े से बाँध दे। मट्ठों पर पीले चावल, घी और दो पैसा रख दे और जितने रुपये देने हों दे। रुपया १) रुपये से ५५) रुपये तक ही दे सकता है जो लगन संकेत से जाने। फिर भ्रात के लाए हुए वस्त्र व जेवर आदि लेवे। उसके अनुसार जिसको जो वस्त्रादि दे। वहिन भाई का टीका गोला और मिष्टान्न देकर करे। उस समय भाई बहिन को एक वस्त्र अवश्य दे और चाहे कुछ दे या न दे।

दरवाजाः—

(७) जेवर अपनी सामर्थ्य के अनुसार दे। एक जंजीर, अँगूठी और नगद रुपया ४१) ही दे। वर को पहिनने के लिये एक पट्टी व रूमाल अवश्य हो। जो ज्यादा से ज्यादा है, कम से कम १) तक दे सकता है और उस समय एक अँगूठी भी देता है। वर्तनों में कलश या कोठी भी दे सकता है जो चार ही होनें चाहिये। वैसे पूरा सूट दे सकता है। समय के अनुसार जैसी सामर्थ्य हो दे। आवश्यकतानुसार दरवाजे पर आगन्तुकों के लिए पेय पदार्थ प्रस्तुत करे।

सम्प्रदानः—

(८) जल, दूध, चाय आदि पेय पदार्थ देवे। मण्डप में चाँदनी आदि लगवा दे। एक गृहस्थाचार्य वरपक्ष के गृहस्थाचार्य के समक्ष दोनों पक्ष के बुजुर्ग साखोचार के लिए कहे और उसके अनुसार दोनों पक्ष के बुजुर्ग एक स्थान पर बैठकर साथ-साथ नमस्कार मन्त्र पढ़ें। सात सुपारी, सात हल्दी की गाँठें लेकर बैठे। मन्त्र पूर्ण होने पर उसे माली को दे देवे। सात जोग यहाँ इसलिए हैं कि हमारी भगवान् सात साख तक इज्जत बनाये रखे। तब कन्या को जेवर पहनवावे।

(९) प्रातः सचेतना संकेत के वाजे वजते ही वाराल के स्वागत समादर के कार्यों में जुट जाना चाहिये।

(१०) देवदर्शन—देवदर्शन के बाद जलपान का नम्बर आता ही है। इसलिए दो थाली तैयार रखे। वारात के माँगने पर तत्काल ही जलपान पहुँचा दे।

(११) सज्जन-मिलाप—सज्जन-मिलाप में १ वस्त्र, १ वर्तन और २१) नगद से अधिक नहीं होवे। यह सामान लेकर साथ में भतेत, सवासी, सम्बन्धी, रिश्तेदार और परिवारवालों को लेकर वारात मे जावे और दावत का निमन्त्रण देवे। वारात न्योतनी करे। दो थाली तैयार करके वारात को भेज देवे। वारात के आने पर उसे उचित स्थान पर बैठावे और इत्र व पान सुपारी आदि से उसका सम्मान करे। अपनी तैयारी कर ले। उसके वाद सव लोगों को अन्दर ले जावे। प्रीति पूर्वक भोजन करावे। वर को एक अँगूठी या रूमाल, गोला, फेटा, टोपी, वस्त्र आदि देवे और वर को टीका करके सम्मान करे। भोजन के पश्चात् पान आदि दे।

पाणिग्रहण संस्कार (कन्यादान):-

(१२) वर पक्ष वाले सात वर्तन खाली मँगावें तो उन्हें दे देवें, जिसमें कि वह पूर्ववत् सतपुर का सामान तथा कोरे वस्त्र रखकर लावेंगे। यह वस्त्र विवाह के समय कन्या को पहनाये जावेंगे। पीली मिट्टी, एक लोटा शुद्ध जल, चावल साफ चुने हुए, गुड़, रुई, दियासलाई, चौमुख दीपक, पटला ३, काठ की पटली २, चौकी १, शुद्ध घी, १ चम्मच, तेल १ तोला, लड्डू ४, कलावा, चकला व वेदी का पात्र (परात) आदि। आम्र के पत्तों को झालर अवश्य लगवा देवे। कन्यादान में केवल १७) रुपये)॥ पैसा ही दे सकते हैं। सामाजिक पद्धति के अनुसार नियम इतना ही देने का है। इसके वाद अपनी-अपनी इच्छा।

रहस्य बधावा (कोरा कागज):-

(१३) वर-कन्या वारात में जावें और वहाँ से शीघ्र ही मय शुष्क मेवा या मिष्टान्न के वापस आवें और आते ही कोरा कागज लेकर वारात में भेज देवे। (विदायगी संदेश)।

पलंग:-

(१४) विदाई के लिए आये हुए वारातीजनों को यथास्थान बैठावे। अपने घर में लड़के को पैरावनी वागा आदि पलंग पर रखे। ओढ़ने-बिछाने के कपड़े, देने के वर्तन जिसे पंचहड़ कहते हैं, वह भी रखे। एक सूप व धान आदि वस्तुओं को यथारीति सँजो ले। फिर वर को घर के अन्दर बुलाकर गृहस्थाचार्य तथा वयोवृद्धों द्वारा आशीर्वाद दिलावे। लड़की लड़के का मुँह जुठरवा दे अर्थात् दोनों को कुछ खिला दे और फिर वर को सीक परसने का दस्तूर करायाजाये वह सासू का जमाई को आशीर्वाद देना है उसमें वर को कुछ दे।

वरपक्ष के लिए पालनीय नियम

भगवान् के मंगलमय गीत:-

(१) नौग लेना—खाद्य-पदार्थ एकत्र करना और उन्हें साफ शुद्ध करके यथाविधि पिसवाना और एतत्सम्बन्धी सामग्री संग्रह करने को नौग लेना कहते हैं।

(२) कन्या पक्ष से आए हुए पत्र के अनुसार कृष्णपक्ष में वंश के नाम उतार कर भेजना चाहिए, जिससे किसी प्रकार का संशय न रहे। अर्थात् अपनी स्वीकृति देना।

(३) शुभ दिन में आई हुई लगन-पत्रिका को अपने व्यवहारी, कुटुम्बियों और पंचायतियों के समक्ष पढ़वावे। लाने वाले को संकेत के अनुसार वस्त्र व रुपया देवे और उसका मुख मीठा करा देवे और आगन्तुकों को यथाशक्ति पान, बताशे आदि वितरण करे।

(४) पीत पत्रिका वाला रुपया संकेत के मुताबिक उसी को देवे। तेल, कंकण बन्धन और गीत मंगल आदि करावे।

(५) भात न्योतने में—वर के मामा के यहाँ २४ पान, ४) रुपया नगद, गुड़, बताशे आदि दे आवे, जिससे कि वह भी यथाशक्ति तैयारी करे।

(६) यथाशक्ति अपने सम्बन्धियों को निमन्त्रित करे। निमन्त्रण-पत्र भिजवाये।

(७) लगनानुसार तेल, कंकण बँधवाये। मँड़वा गड़वाये और एक कलश जल भर घट की स्थापना करे। उसमें ५ सुपारी, ५ हल्दी और ५ पैसा डलवाये। पटुली तैयार करवाये। कड़ा आदि डालकर घंटी आदि बनवाये। काजल लगवाये, आरती करवाये, पूर्ण अंग पर तेल मर्दन करवाये।

भात, वरयात्रा :–

(८) भात के लाए हुए कपड़े व जेवर लेना और वर के कुल वागा आदि पहनने के वस्त्र बनवाये। एक पनत्थ भी बनाये, जिसमें वर-वधू की गांठ जोड़ी जाती है वह लाल या पीले वस्त्र। अपने गृहस्थाचार्य के लिए भी वस्त्र बनवाये और सुपारी, पान, कलावा के साथ भेंट करे। स्वेत लगुन-आई हुई लगुन वर के हाथ पर रखे। जिस पात्र मे लगुन आई हो उसमें २४ पान और २४ सुपारी रखे। एक लाल वस्त्र कन्या को भेजे और आई हुई वस्तु द्रव्य संभाल कर ले लेवे।

दरवाजा:–

(९) दरवाजे के लिए वर की सवारी और रोशनी का पूरा साधन रखे। तसवीरे २ होनी चाहिए, जो घोड़ों पर सवार होवें। नगदी पुरस्कार स्वरुप वितरण करे। समयानुसार पेय वस्तु ही लेवे, अन्य नही।

(१०) सम्प्रदान—कन्या के लिए जो जेवर लाये हों, वह कन्या को पहनावे। मंडप पर चाँदनी के रुप मे लगाने के लिए एक वस्त्र ले जावे। धोती और सतपुर सात थालियों मे जो

कि नियत हैं मांगलिक द्रव्य तथा (झोरी) के लिए कुछ सूखा हुआ मिष्ठान्न बाँध कर (चमैनी) कन्या को देवे। मान्य से आरता करवावे। आरता में २ रु० से अधिक नहीं और आठ आने से कम नहीं देवे, जिस स्थिति का विवाह हो, उसी के अनुसार कार्य करें। कन्या पक्ष के बुजुर्ग आचार्य के समक्ष शाखोच्चार नमस्कार मंत्र पढ़े। वर पक्ष के साथ बैठ कर उच्चारण करें।

(११) प्रातः बाजेवालों को भेज कर कन्या पक्ष के दरवाजे पर बाजे बजवावे, जिससे कि उत्साह चेतना और शुभ सूचना फैले।

जिन देव-दर्शनः–

(१२) धर्मार्थ दान और लगुन दरवाजे से अधिक ही होना चाहिए नगदी से कम नहीं। जो लगुन दरवाजे पर मिले, अधिक की छूट है। इसके साथ पुजारी के लिए धोती, दुपट्टा, बेसन, छन्ना सामग्री देना अति आवश्यक है और फिर अपनी इच्छानुसार जैसा चाहे दान देना चाहिये।

(१३) सज्जन मिलाप—इसमें कन्या पक्षवालों को सम्मानपूर्वक स्थान दें और पाण्डे जी के कथनानुसार यथावत सब से मिले मिलावे, इत्र पान से सत्कार करे। पाण्डे जी उभय पक्ष का पारस्परिक परिचय करावें। बरात में चमैनी बंटवा देवें। कन्या पक्ष के भी बच्चे बुला लेवे और उन्हें भी चमैनी देवे।

(१४) कन्या पक्ष से दो पात्र आए हुए को बुलावा समझ कर दावत को जावे। उन पात्रों में चावल लड्डू ४ खूजा २ रखकर ले जावे फिर वहां नियत स्थान पर बैठे। जब भोजन के लिए प्रार्थना की जावे तो यथा स्थान पर बैठ कर भोजन करे। पान आने पर दावत समाप्त समझ कर चले आवे। वर को वहाँ थोड़ा ठहर कर अपना टीका करवाना चाहिए। वस्त्रादि जो सामान मिले, लेकर जनवासे चले आवे।

पाणिग्रहण संस्कार (विवाह):–

(१५) कन्या पक्ष से मगाई गई सतपुर की सात थाली जिसमें पूर्ववत सामान कन्या के कपड़े, मुहरी, किमोरी आदि शामिल हैं लेकर के लगुन के समय को देखते हुए, वर को साथ लेकर बेटी वाले के यहाँ जावे। कन्या पक्ष के निवेदन करने पर गृह में प्रवेश करे। गृहस्थाचार्य द्वारा निर्देशित विधि से आरतापूर्वक विवाह संस्कार करावे। कार्य पूर्ण होने पर अपने स्थान पर वापस आवे।

स्व० श्रीमती उमादेवी जैन, टूण्डला

श्रीमती करुणादेवी जैन, फिरोजावाद

कुमारी शीला जैन, कलकत्ता

वाग्दान (सगाई)

[ले० पाण्डे उग्रसैन जैन शास्त्री, टूण्डला]

पद्मावती पुरवाल जाति सदैव से सच्चरित्र एव कट्टर -धार्मिक रही है। देवदर्शन, छानकर पानी पीना, रात्रि-भोजनत्याग, अष्टमूलगुणपालन, शुद्धतापूर्वक चौके में भोजन करना तथा अतिथि सत्कार को भी धर्म का ही एक अङ्ग मानना इसका लक्ष्य रहा है। धार्मिक विचारों के साथ-साथ यह जाति अपने पूर्वजों द्वारा निःस्वार्थ निर्मित व्यावहारिक नियमों पर भी दृढ़ता से चलती रही है।

षोडश संस्कारों में विवाह संस्कार को ही मुख्यता देना इस जाति के लिये विशेष महत्व की बात है। क्योंकि सद्गृहस्थ के भले प्रकार निर्माण किये बिना चतुर्थ मोक्ष असंभव है। सुसंस्कृत सच्चरित्र माता-पिता की सन्तान ही इस दुर्गम मार्ग पर दृढ़ता से बढ़ सकती है। सुसंस्कार बिना योग्य माता-पिता के दुर्लभ है। अच्छे संस्कारों से युक्त सन्तान की प्राप्ति हो, धर्म कर्म चले इस हेतु विवाह-संस्कार के अङ्गों की ओर ध्यान देना अत्यावश्यक है। विवाह के लिए लड़का लड़की में स्वस्थता, सुन्दरता ही होना जरूरी नहीं है अपितु लड़का लड़की का अच्छे घराने का होना भी आवश्यक है।

विवाह के अङ्गों में 'मुख्य वाग्दान (सगाई) है। अच्छे घराने के सुन्दर स्वस्थ लड़का लड़की का योग्य चुनाव करके सम्बन्ध पक्के का वचन देना "वाग्दान" कहलाता है। इसके पाँच अङ्ग हैं—देहरी, स्वस्थता, सुन्दरता, शिक्षा चातुर्य, धन-सम्पन्नता। इन पाँचों बातों का होना वर और कन्या में आवश्यक है। किन्तु प्रथम देहरी और पञ्चम धन-वैभव (दहेज) युक्तपना इसका क्रम भङ्ग न होगा तभी इन दोनों का जीवन स्वर्ग बनेगा। अच्छी देहरी में हुआ और अच्छी देहरी का हुआ सम्बन्ध वाग्दान होने पर दस वर्ष में भी नहीं छूटेगा।

देहरी—सज्जन, सुशील दुर्व्यसन रहित धार्मिक घराने की चौखट को कहते हैं। ददसार, ननसाल की देहरी शुद्ध होना सबसे पहले आवश्यक है। अच्छी देहरी की बहू बनकर आई लड़की सास-स्वसुर एवं पति-सेवा से घर को स्वर्ग बना देती है और अच्छी देहरी में ब्याही लड़की कभी दुःख नहीं पाती। मै करीब २० वर्ष का था, तब एक दिन फिरोजाबाद में स्वर्गीय हकीम श्री बाबूराम जी से बातें हुई थीं तब उन्होंने मुझे ये पाँच बातें बताई और इनमें देहरी की मुख्यता को तो उन्होंने स्वानुभूत पुरानी सच्ची घटनाओं के

कथानकों द्वारा सिद्ध कर दिया था कि इसके बिना, अन्य सभी बातें रहते हुए भी जीवन सुखी नहीं बन सकता और कहा था धन-वैभव का दहेज की दृष्टि से देखना अथवा लड़की सुखी रहने के लिए धनी परिवार में बिना देहरी देखे कन्या देना भी मूर्खता है। लड़का लड़की अच्छी देहरी के हों, स्वस्थ और कार्य-कुशल हों तो लक्ष्मी सदैव बनी रहेगी और यदि योग्य परिवार के सुशिक्षित, धनी घर के वर-कन्या हों तो कहना ही क्या है।

दहेज उसे कहते है जो हेज अर्थात् हृदय से दिया जावे। लड़की वाले दहेज सदैव से देते आये है, देते है और शक्ति के अनुसार देते भी रहेंगे। कन्या देने वाला कभी भी दहेज की इच्छा का संवरण नहीं कर सकता। पैसा होते हुए खूब देता है किन्तु लड़के वालों के दिल में से माँगने की भावना निकल जानी चाहिये, माँगना ही पाप है। दहेज देना पाप नहीं लोभ की वासना पाप है।

जब आप छाया की तरफ दौड़ेंगे तो छाया आगे भागेगी और जब आप छाया को पीछे छोड़ेंगे तो छाया पीछे पड़ेगी। वर-पक्ष अपनी माँग पर कभी-कभी टोटे में भी रहता है। योग्य सज्जन परिवार के माता-पिता माँग नहीं करते जो भी कन्या-पक्ष से मिलता है उसे आदरपूर्वक स्वीकार कर सवाया-ड्यौढा बखान करते हैं। इस दैन दहेज के कुचक्र में फँसकर लड़के वाले घर को सुखद बनाने वाली योग्य कन्याओ से हाथ धो बैठते हैं। शुभोदय के बिना न कुछ मिलता है और न टिक ही पाता है।

अतः अपने पूर्वजों के वाग्दान के क्रम में मुख्य देहरी देखे। दान-दहेज को विशेष महत्त्व न दें। अच्छे घर के स्वस्थ, सुन्दर, शिक्षित लड़का लड़की का चुनाव करे और वंश-परम्परा के अनुसार दान की प्रथा को न मेटे तभी जाति परम्परागत महान् जाति रहेगी क्योंकि सोम श्रेयांस ने प्रथम आदिनाथ भगवान् को दान देकर ही प्रधानता ली है।

पद्मावती पुरवाल जैन भाइयों का इन्दौर प्रवेश

[ले० राजकुमार जैन]

इन्दौर के पद्मावती पुरवाल जैन भाइयों की खोज करने से ज्ञात हुआ कि यहाँ सबसे पहिले स्व० श्री श्रीनिवास जी व उनकी माता जी आये थे, उनका निश्चित समय ज्ञात नहीं हो सका और अब उनका स्वर्गवास हो चुका है। पं० अमोलकचन्द जी.उड़ेसरीय यहाँ १९१३ में स्वर्गीय सर सेठ हुकुमचन्द जी की पारमार्थिक संस्थाओं के अन्तर्गत छात्रावास के सुप्रिटेन्डेन्ट होकर आये और इस स्थान पर लगभग ४० वर्ष तक आसीन रहे। अब वयोवृद्ध पंडित जी अवकाश प्राप्त कर विश्राम ले रहे है।

तत् पश्चात् बाबू सांवलदास जी जैन कुतुकपुर (आगरा) निवासी को लाला हजारीलाल जी मंत्री, पारमार्थिक संस्था पं० गौरीलाल जी सिद्धान्तशास्त्री द्वारा हीरालाल जैन विद्यालय से संस्थाओं के मैनेजर के पद पर सन् १९१७ में लाये—उक्त बाबू साहब ने मैनेजर के पद पर १२ वर्ष बड़ी योग्यता से संस्थाओं की सेवा की। इस अवधि में बाबू साहब ने पं० अमोलकचन्द जी के सहयोग से उत्तर प्रान्त के पद्मावती पुरवाल विद्यार्थियों को संस्थाओं की शिक्षा की दिशा में प्रेरणा देकर अनेक विद्यार्थियों को छात्रावास में आश्रय दिलाया जिनमें से स्वर्गीय रामस्वरूप जी, श्री बाबू देवचन्द जी श्री अशर्फीलाल जी उल्लेखनीय हैं।

मास्टर रामस्वरूप जी ने कानून की परीक्षा पास करके स्वर्गीय सेठ साहब के यहाँ सर्विस करली, अपना निजी पुस्तकों और स्टेशनरी का व्यापार जमाया। अपने सब भाइयों को एटा से लाकर व्यापार में लगाया और इन्दौर के स्थाई निवासी बन गये—इन सब भाइयों का मुख्य व्यवसाय पुस्तक विक्रय, प्रकाशन और मुद्रण है।

बाबू देवचन्द जी ने एम० ए० तक अध्ययन के बाद कल्याणमल मिल में सर्विस की। आजकल आप मिल में लेवर आफिसर और इन्दौर निगम के कांउसिलर हैं। बाबू अशर्फीलाल जी भी मिल में महत्त्वपूर्ण पद पर काम कर रहे हैं। इनका निजी सराफे का व्यवसाय भी है जिसे इनके पुत्र संभाल रहे हैं।

शोलापुर निवासी, (मूल निवासी बेरनी, एटा) के पं० बंशीधर जी शास्त्री के सुपुत्र श्री पं० श्रीधर जी शास्त्री ने १९४४ में इन्दौर में अपना निजी प्रेस "चिन्तामणि प्रिंटिंग प्रेस" के नाम से चालू किया, जिसमें बहुधा मध्य प्रदेश गवर्नमेंट का ही काम छपता है—पं० जी

ने अपने पाँचों पुत्रों को उच्च शिक्षा दी है जिनमें एक इंजीनियर हैं और एक मेडिकल कोर्स में चौथे वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं। पं० श्रीधर जी अब इन्दौर के स्थाई निवासियों में हैं।

बाबू साँवलदास जी के सन् १९२८ से निधन के बाद भाई जयकुमार जी जो उस समय तिलोकचन्द जैन हाई स्कूल में अध्यापक थे स्वर्गीय बाबू जी के स्थान पर संस्थाओं में नियुक्त हुए। जब से अब तक उसी पद पर लगन के साथ संस्थाओं की सेवा कर रहे हैं। आपके तीन पुत्र हैं—सबसे बड़े स्टेट बैंक इण्डिया में कैशियर हैं, अन्य छोटे कालेज में अध्ययन कर रहे हैं।

बाबू जयकुमार जी के छोटे भाई श्री रामकुमार जैन रेलवे सर्विस से अवकाश प्राप्त कर स्थाई रूप से इन्दौर में ही रह रहे है।

श्री देवेन्द्रकुमार जी जैन स्वर्गीय पं० खूबचन्द जी शास्त्री की सुपुत्री के साथ विवाह होने के बाद सन् १९४५ के लगभग इन्दौर में आ गये थे। शुरू में अपना निजी व्यापार किया, बाद में पारमार्थिक संस्थाओं में सर्विस कर ली, जिसे वह सुचारु रूप से निबाह रहे हैं। आपके दो पुत्रों में बड़ा मिलिटरी सर्विस में है, छोटा हाई स्कूल में अध्ययन कर रहा है।

पं० लालबहादुर जी शास्त्री को सन् १९५० के लगभग जैन सिद्धान्त के अध्ययन और शास्त्र प्रवचन के लिये सर सेठ हुकुमचन्द जी ने नियुक्त किया—तत् पश्चात् लगभग ३ वर्ष दिल्ली में संस्कृत विद्यालय के प्रधान के स्थान पर काम कर पुनः इन्दौर में पारमार्थिक संस्थाओं के उपमंत्री नियुक्त हुए—इस पर २ वर्ष कार्य करके अब अपना स्वतन्त्र प्रिंटिंग प्रेस चला रहे हैं। पं० जी का एक लड़का यहाँ एक स्थानीय बैंक में है।

इस प्रकार और भी कुछ सज्जन है जो निजी व्यापार या बैंक और मिलों में सर्विस करते हैं।

इन्दौर में घर-संख्या लगभग २० और जन-संख्या ६० के आस-पास है।

●

विदर्भ का पद्मावती पुरवाल समाज

[ले० पानाचन्द्र गुलाबसाव रोडे, बी० ए० वर्धा]

विदर्भ के वर्धा, नागपुर तथा भंडारा जिलों में पद्मावती पुरवाल समाज के लगभग चालीस या पचास परिवार है। समाज की जनसंख्या २ से ३ सौ तक है। विदर्भ में इस समाज के लोग कब और कैसे तथा किन परिस्थितियों आये, यह निश्चित रूप से नहीं बताया जा सकता। अनुमान से देखने पर यह लोग ३ सौ वर्ष पूर्व ही यहाँ आगए थे समाज के लोगों की संख्या कम होने के कारण शादी-विवाह आदि में कठिनाइयां आने लगी। इस समस्या के हल के लिए भी प्रयत्न किये जा रहे हैं।

सर्व प्रथम स्व० श्री बकाराम जी रोडे वर्धा निवासी ने उत्तर प्रदेशीय पद्मावती पुरवाल समाज से सम्पर्क स्थापित किया और वह ४-५ बार पद्मावती पुरवाल समाज एटा के सम्मेलनों में भी सम्मिलित हुए थे। इनके पश्चात् स्व० श्री रामासाव जी बकाराम जी रोडे और बाजीराव जी नाकाडे ने इस दिशा में प्रयत्न किये और उत्तर प्रदेश पद्मावती पुरवाल समाज से विवाह आदि प्रत्यक्ष सम्बन्ध तथा सम्पर्क बढ़ाया। श्री पं० मक्खनलाल जी शास्त्री (मोरेना) का विवाह स्व० श्री बाजीराव जी नाकाई (भंडारा) की सुपुत्री के साथ हुआ तथा सरनौ निवासी स्व० पं० रघुनाथदास जी की सुपुत्री पुण्यभागा का विवाह स्व० देवचन्द जी बाजीराव जी नाकाई के साथ हुआ। स्व० श्री रामासाव जी रोडे वर्धा निवासी की सुपुत्री का विवाह जयपुर निवासी श्री श्रीलाल जी जैन जोहरी (पं० मक्खनलाल जी शास्त्री मोरेना के भाई) के साथ हुआ।

समाज की विपम आर्थिक समस्या तथा भिन्न भाषा, आचार तथा विचार के कारण साधारण मध्यम कुटुम्ब के लोगों के लिए सम्बन्ध तथा सम्पर्क जारी रखना असम्भव हो गया और विवाह की समस्या भी दिनवदिन बढ़ती ही गई, इस लिए स्व० श्री रखबलाल जी बदनोरे, स्व० श्री गंगासाव जी गंगवाल और स्व० श्री रामसावजी रोडे आदि के प्रयत्नों से पद्मावती पुरवाल, गंगलिवास और बदनोरे समाज में रोटी-बेटी का व्यवहार होने लगा और विवाह की समस्या कुछ अंश में हल हुई। इन दोनों समाजों में विधवा विवाह की प्रथा नहीं है और आचार-विचार एवं भाषा एक हैं।

बदनोरे तथा गंगलिवास समाज की संख्या कम होने के कारण आज भी पद्मावती पुरवाल समाज की विवाह समस्या पूर्ण रूप से हल नहीं हो पाई है। स्व० श्री हीरासाव जी

श्रीमती ज्योतिर्माला जैन 'विशारद'
जयपुर

श्रीमती लक्ष्मीदेवी गुप्ता
मोरेना

श्रीमती सुनन्दा जैन
फिरोजाबाद

श्रीमती शैलकुमारी जैन विशारद बी.ए.
लखनऊ

श्रीमती होतीलाल जैन, जसराना

सुश्री रानीदेवी जैन, एटा

सुश्री श्यामादेवी जैन, कलकत्ता